आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.2 °c | 13.7 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.38 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.27 बजे |



### रामगढ़ में दूसरे दिन भी निकली राहुल गांधी की न्याय यात्रा, बच्चों ने फूल देकर उनकी यात्रा का किया स्वागत

# राहुल ने कोयला लेकर जानेवालों का बांटा दर्द

**राहुल की यात्रा का स्कूली बच्चों ने गुलाब का फूल देकर किया स्वागत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा दूसरे दिन भी रामगढ़ जिले में निकली। सोमवार की सुबह शहर के बाजार टांड़ स्थित सिदो-कान्हू मैदान से राहुल गांधी अपने काफिले के साथ निकले और चट्टी बाजार होते हुए गांधी चौक पहुंचे। यहां स्कूली बच्चों ने गुलाब का फूल देकर उनकी यात्रा का स्वागत किया। बच्चों को देखकर राहुल गांधी भी मंत्र मुक्त हो गये। वे न सिर्फ गाड़ी से उतरे बल्कि अपनी जीप के बोनट पर बैठकर बच्चों के साथ तस्वीर खिंचवायी। बच्चों से बात करते-करते राहुल गांधी भी बच्चे बन गये। एक बच्चे ने तो अपने स्वेटर का बाजू उठाकर अपना डोले शोले भी उन्हें दिखाये। इस दौरान बच्चे खूब हंसे और राहुल गांधी ने भी इस मौके का खूब फायदा उठाया। कुछ स्कूली बच्चियां परंपरागत परिधान में नृत्य भी प्रस्तुत कर रही थीं। राहुल गांधी ने उन बच्चों का भी हौसला बढ़ाया। गांधी चौक से सुभाष चौक की तरफ जब राहुल गांधी का काफिला बढ़ा, तो वह खुद खुली जीप पर खड़े होकर लोगों का अभिवादन कर रहे थे।

**शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमरांव सिंह को राहुल ने दी श्रद्धांजलिः** रामगढ़ से रांची जाने के क्रम में चुटूपालू घाटी में स्वतंत्रता सेनानी शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह की शहादत स्थल पर राहुल गांधी का काफिला रुका। यहां राहुल गांधी ने उन दोनों महान स्वतंत्रता



सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की। उन्होंने कहा कि झारखंड की माटी ने हमेशा वीर सपूत पैदा किये हैं। उन दोनों वीर योद्धाओं ने लोगों के अधिकारों और स्वतंत्रता के लिए अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ी। देश के लिए अपनी जान हंसते हंसते कुर्बान करने वाले ऐसे वीरों को नमन।

**न्याय यात्रा में ये थे शामिल :** न्याय यात्रा में झारखंड कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजयलाल पासवान, पूर्व विधायक ममता देवी, प्रदेश महासचिव बलजीत बेदी, जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान सहित कई नेता व कार्यकर्ता शामिल थे।

## राहुल ने कोयला मजदूरों का बांटा दर्द

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान पिछले दो दिनों से राहुल गांधी कोयलांचल से होकर गुजर रहे हैं। सोमवार को रामगढ़ से रांची जाने के क्रम में चुटूपालू घाटी में कोयला ढो रहे मजदूरों को देखकर राहुल गांधी ने अपने काफिले को रोक दिया। इस दौरान उन्होंने कोयला मजदूरों का दर्द बांटा और उनसे उनकी हालत के बारे में चर्चा की। राहुल गांधी ने कोयले से लदे साइकिल को भी कुछ दूर तक ले जाने में उनकी मदद की। न्याय यात्रा के दौरान रविवार की शाम भी गोला डीवीसी चौक पर मजदूरों के दर्द पर राहुल गांधी ने चर्चा की थी। उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं को रोजगार के रास्ते से दूर कर दिया है। देश के सारे संसाधनों को निजी उद्योगपतियों के हाथों में देकर ठेका पर मजदूर बहाल किया जा रहे हैं। इस व्यवस्था के खिलाफ में लगातार आंदोलन कर रहे हैं।



झारखंड में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान मोरहाबादी मैदान में झारखंड के कांग्रेसी नेताओं के साथ राहुल गांधी।

## आखिर क्यों अपने बनाये कानून पर ईमानदारी डोल गयी : सुदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधानसभा के चतुर्दश (विशेष) सत्र में पांच फरवरी को पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने सदन में जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले की जांच और कार्रवाई को लेकर विधानसभा में प्रस्ताव लाने की मांग की। इस दौरान उन्होंने पेपर लीक से जुड़े कानून की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट काराया। उन्होंने इस कानून के बारे में बताते हुए कहा कि इस कानून में पेपर लीक होने और नकल से जुड़े मामलों पर बगैर प्रारंभिक जांच के एफआईआर और गिरफ्तार करने का प्रावधान किया गया है, लेकिन आज इतने दिन बीत जाने के बाद भी पेपर लीक मामले पर सरकार ने कोई भी एक्शन नहीं लिया है। दरअसल अपने बनाए कानून पर ही सरकार की ईमानदारी पूरी तरह से डोल गयी है। उन्होंने कहा कि राज्य में बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है फिर भी सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। सिर्फ हाथ पर हाथ धरे बैठी है। उन्होंने कहा कि आज सभी सदस्य एकमत होकर पेपर लीक मामले की जांच का प्रस्ताव लाएं। युवाओं के हक,अधिकार,सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिये प्रस्ताव पारित कर मुख्यमंत्री इतिहास बनाएं। सुदेश महतो ने कहा कि आज सदन में सरकार ने बहुमत साबित किया है। यह विश्वासमत सदस्यों के संख्या आधार पर हुआ, सवालों पर नहीं। जिस सवाल पर सरकार के अंदर यह परिस्थिति उत्पन्न हुई उसका जवाब उनके पास नहीं है। सदन में सरकार का भ्रष्टाचार के आरोपों पर मौन रहना यह जाहिर करता है। हम सभी संविधान के दायरे में काम करते हैं। संविधान के तहत गठित एजेंसियों का आदर होना चाहिए और उन्हें निष्पक्ष जांच करने का अधिकार है।

## राज्यपाल के अभिभाषण के समय सत्ता पक्ष के विधायकों का हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सरकार के फ्लोर टेस्ट के पहले दिन सोमवार को विशेष सत्र की शुरूआत राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के अभिभाषण से हुई। अभिभाषण के दौरान सदन में शोर-गुल होता रहा। राज्यपाल विधानसभा में अभिभाषण के दौरान हंगामा मचाए जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण सत्ता पक्ष के द्वारा तैयार रहता है, जिसे समझना चाहिए। राजभवन अपनी भूमिका का निर्वहन करते रहेंगे।

राज्यपाल ने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि हमारी सरकार झारखंड के लोगों को एक स्वच्छ और साफ सुथरी सरकार देने को वचनबद्ध है। विधि व्यवस्था और लॉ एंड ऑर्डर में सुधार हुआ है। एक साल से सरकार ने कई ऐसी काम किये जिसका फायदा जनता को मिल रहा है। हमारा राज्य हर एरिया में विकास के नये आयाम तय कर रहा है। उद्योग के क्षेत्र में भी कई काम हुए। राज्यपाल के अभिभाषण के बीच



सत्ता पक्ष के विधायकों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सबसे पहले विधायक प्रदीप यादव अपनी जगह से खड़े होकर हंगामा करने लगे। वो हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को गलत बता रहे थे। सत्ता पक्ष के कई सारे विधायक हाय-हाय का नारा लगाने लगे। राज्य सरकार को अस्थिर करने और हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को गलत बताया। विधायकों ने इडी अपना केस वापस लो की नारेबाजी की। सत्ता पक्ष के विधायक शिबू सोरेन जिंदाबाद और हेमंत सोरेन जिंदाबाद के नारे लगाये। शोर गुल के बीच राज्यपाल ने राज्य सरकार के काम की सराहना की। राज्यपाल ने अपना अभिभाषण जोहार के साथ समाप्त किया।

## हेमंत सरकार के लूट की जांच का इंतजार करें, सच्चाई सामने आ जायेगी : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को निशाने पर लिया। झारखंड विधानसभा में चंपाई सरकार के विश्वास प्रस्ताव के बाद मीडिया के बीच अपनी प्रतिक्रिया दी। कहा कि हेमंत सरकार के लूट की जांच का इंतजार करें, सब दूध का दूध, पानी का पानी सामने आ जाएगा। बिना कार्रवाई हुए कोई चोर नहीं बोलता कि उसने चोरी की है। जो चोरी करेगा, उसे दंडित कराना जांच एजेंसियों का काम है। इसलिए भ्रष्टाचारी का कानून की नजर से बच पाना मुश्किल है। सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट जाने से वही होगा जो विधि सम्मत होगा, बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र को दुकान नहीं बनाती, जो परिवार और पैसे की राजनीति करते हैं, वे ही ऐसा बोलते हैं। आज सत्ताधारी विधायकों की पहरेदारी की जा रही। इससे स्पष्ट है कि सत्ता पक्ष में अंतर्विरोध है भ्रष्टाचार के आरोपी निवर्तमान मुख्यमंत्री की भाषा विधानसभा में भी धमकी भरी है। ये चोरी के बाद सीनाजोरी की भाषा है। राज्य की जनता इनके चरित्र को पूरी तरह समझ चुकी है। बाबूलाल ने हेमंत सोरेन को भाजपा के कहने पर फसाने के आरोप को निराधार बताया। कहा कि राज्य की जनता को पता है कि शिबू सोरेन को कांग्रेस के शासन में तिहाड़ जेल भेजा गया, मधु कोड़ा को जेल कांग्रेस ने भेजा।

## हेमंत को शी-ऑफ करते मिथिलेश-अनूप हुए भावुक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा में सोमवार को चंपाई सोरेन सरकार की विश्वासमत के दौरान एक नजारा ऐसा भी दिखा। सदन की कार्यवाही में शामिल होने के बाद जब पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन वापस लौटने लगे तो सत्तापक्ष के विधायक रोने लगे। बहुत भावुक कर देने वाला नजारा था। विधायक हेमंत सोरेन जिंदाबाद के नारे तो लगा रहे थे लेकिन उनका गला रुंधा हुआ था। आंखों में आंसू थे। अपने नेता को विदा करते समय क्या झामुमो और क्या कांग्रेस, सभी विधायकों की पलकें भीगी थीं। विधानसभा में आज फ्लोर टेस्ट था। कोर्ट की अनुमति से हेमंत सोरेन इसमें शामिल हुए।

सदन की कार्यवाही खत्म होने के बाद हेमंत सोरेन को लेकर जब इडी के अधिकारी जाने लगे तो समर्थकों का हुजूम गाड़ी के सामने आ गया और जिंदाबाद के नारे लगाने लगा। एक ओर जहां इडी की गाड़ी के सामने खड़े समर्थक समर्थन में नारेबाजी कर रहे थे तो वहीं गढ़वा विधायक मिथिलेश ठाकुर और बेरमो विधायक अनूप सिंह हेमंत सोरेन को शी-ऑफ करते हुए भावुक हो गये।

मिथिलेश ठाकुर और अनूप सिंह हेमंत सोरेन की बाहें थामे उनको शी-ऑफ करने विधानसभा भवन के मुख्य द्वार तक आये। यहां इडी अधिकारी कार लेकर तैयार थे। हेमंत सोरेन कभी अपने साथियों तो कभी समर्थकों को समझाते हुए गाड़ी में बैठे। इसके बाद उन्होंने हाथ जोड़ कर सबका अभिवादन स्वीकार किया। यह नजारा काफी भावुक कर देने वाला था। जैसे ही हेमंत सोरेन को लेकर गाड़ी आगे बढ़ी, बेरमो विधायक अनूप सिंह छोटे बच्चे की तरह फूट-फूटकर रोने लगे। इस दौरान मीडियाकर्मियों ने उनसे बात करने की कोशिश की। उनकी प्रतिक्रिया चाही, लेकिन भीगी पलकों से गालों पर गिरे आंसू पोंछ रहे अनूप सिंह ने कुछ नहीं कहा। बस रोते रहे। यही हाल मिथिलेश ठाकुर सहित अन्य विधायकों का भी था। अनूप सिंह तो रोते-रोते ही अपनी गाड़ी में सवार हुए और विधानसभा परिसर से चले गये। गाड़ी में भी उनकी आंखों से अविरल आंसू बह रहे थे।

## डीएसपीएमयू का प्रथम दीक्षांत समारोह 21 और तृतीय डिग्री वितरण समारोह 23 को



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के लोकप्रिय प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय रांची शहर के मोराबादी में स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची का प्रथम दीक्षांत समारोह 21 फरवरी और तृतीय डिग्री वितरण समारोह 23 फरवरी को होने जा रहा है। सोमवार को डीएसपीएमयू, रांची के कुलपति प्रो (डॉ) तपन कुमार शांडिल्य की अध्यक्षता में प्रेस कॉन्फ्रेंस की बैठक हुई, इसके दौरान प्रथम दीक्षांत समारोह के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन होंगे। यह अब तक का पहला अवसर होगा जब एक साथ 198 स्टूडेंट्स गोल्ड मेडलिस्ट से सम्मानित होंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कुलपति प्रो ( डॉ) तपन कुमार शांडिल्य ने कहा की आगे से प्रत्येक वर्ष यह कन्वोकेशन करने की योजना है। स्नातक में 4260 और स्नातकोत्तर में 4540 स्टूडेंट्स को डिग्री प्रमाण पत्र दिए जायेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, डीएसडब्लू डॉ एसएम अब्बास, परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष गुप्ता, डॉ नलिन कुमार और इतिहास विभागाध्यक्ष सह जनसंपर्क अधिकारी राजेश कुमार सिंह उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर ने किया।

## आस्था स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखायी



रांची (आजाद सिपाही)। सोमवार को बोकारो रेलवे स्टेशन से अयोध्या जाने वाली आस्था स्पेशल ट्रेन को प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय के साथ हरी झंडी दिखा कर रवाना करने का सौभाग्य हम सबों को प्राप्त हुआ। इस ट्रेन से 1300 से अधिक रामभक्त अयोध्या पहुंचकर श्री रामलला का दर्शन करेंगे। आस्था स्पेशल ट्रेन के संचालन हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, सांसद पीएन सिंह एवं विधायक बिरंची नारायण के प्रति सभी रामभक्तों ने इतनी अच्छी व्यवस्था करने के लिए आभार व्यक्त किया।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि। |
| वृष | समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे। |
| मिथुन | आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी। |
| कर्क | काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना। |
| सिंह | कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा। |
| कन्या | बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता। |
| तुला | कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी। |
| वृश्चिक | चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे। |
| धनु | आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा। |
| मकर | नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा। |
| कुंभ | रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क। |
| मीन | किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय। |

## राहुल गांधी से नहीं मिलने पर मन दुखीः जयसवाल

**रांची (आजाद सिपाही)।** स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल रहे जयसवाल परिवार के राय साहब लक्ष्मी नारायण जायसवाल के पोते आदित्य विक्रम जयसवाल रांची पहुंचे। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी से मुलाकात नहीं कर पाने पर काफी दुःखी हैं। आदित्य जयसवाल ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस की बेतहर प्लान नहीं रहने के कारण कांग्रेसजन काफी निराश हुए हैं। राहुल गांधी सबों के चहेते हैं। सबों की इच्छा राहुल गांधी से मिलने की रहती है। राहुल गांधी के स्वागत के लिए दीनदयाल प्रतिमा के समक्ष 1940 के रामगढ़ अधिवेशन में महात्मा गांधी के द्वारा सवारी की हुई कार रखी गयी थी। प्रदेश कांग्रेस के सही दिशा-निर्देश नहीं रहने के कारण राहुल गांधी अवलोकन नहीं पर पायें।

## एमएसीपी पर शिक्षा सचिव से वार्ता 13 को

**रांची (आजाद सिपाही)।** एमएसीपी संघर्ष मोर्चा में शामिल शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक मोर्चा के संयोजक अमरनाथ झा की अध्यक्षता में अशोक विहार में संपन्न हुई। बैठक में संयुक्त शिक्षक मोर्चा के प्रदेश संयोजक अमीन अहमद, प्रवक्ता अरुण कुमार दास, आशुतोष कुमार, विजय बहादुर सिंह, मकसूद जफर हादी, राम कुमार झा आदि उपस्थित थे। मोर्चा के संयोजक अमीन अहमद ने इस संबंध में राज्य के सभी शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों से 13 फरवरी को मिलकर बात कर कार्ययोजना बनाने की बात कही है।

पेज 1 का शेष

## हेमंत सोरेन के भाषण का अंश...

### मैं आंसू नहीं बहाऊंगा

अध्यक्ष महोदय, जब राजनीतिक रूप से ये लोग नहीं सकते हैं तो ऐसे ही बैक डोर से ये लोग हमला करते हैं। पीठ पर हमला करते हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आंसू नहीं बहाऊंगा। आंसू बाद के लिए रखूंगा। आप लोगों के लिए आंसू का कोई मतलब नहीं। आदिवासी, दलितों और पिछड़ों के आंसुओं का कोई मिल नहीं। वक्त आने पर हम इनके एक एक सवाल का जवाब और एक-एक षडयंत्र का जवाब वक़्त आने पर बड़े माकूल तरीके से दिया जायेगा। यह दुर्भाग्य है इस राज्य का कि तथाकथित हमारे राज्य के ये लोग, जो ऐसे सामंती विचार वालों के चरणों में झुक कर उनकी सेवा और उनकी पूजा अर्चना मैं लगे हैं। नहीं तो इस राज्य की इतनी दुर्दशा नहीं होती। राज्य अलग हुए 24 साल हो गये अध्यक्ष महोदय, किसने सबसे अधिक राज किया इस राज्य में। यह मुझे बोलने की जरूरत नहीं है। किसी को बताने की भी जरूरत नहीं है। सब अपने गिरेबां में देखें। सबको पता चलेगा, किसने क्या काम किया। घोटाले इनको 2000 से नजर नहीं आ रहे। 2019 से ही नजर आ रहे हैं।

### नहीं चाहते आदिवासी सर्वोच्च स्थान पर पहुंचे

आज ये नहीं चाहते अध्यक्ष महोदय कि देश का आदिवासी, दलित, पिछड़ा अल्पसंख्यक, देश के सर्वोच्च स्थान पर पहुंचे। ये नहीं चाहते कि ये जज बनें, आइएएस, आइपीएस बनें, ये नहीं चाहते ये राजनेता बनें। इन लोगों ने भी आदिवासी नेता को बनाया था मुख्यमंत्री। बताइये कितने आदिवासियों ने पांच साल पूरे किये। यह मुझे पता था कि मुझे भी पांच साल पूरा होने में रोड़े अटकायेंगे। नतीजा ये हुआ। आखिरी सांस तक कुछ भी करो, पांच साल पूरा नहीं होना चाहिए। रिकॉर्ड में नहीं दिखना चाहिए, रजिस्टर में नाम नहीं आना चाहिए। सच यही है। सच यही है कि हम लोगों ने सर झुका कर चलना नहीं सीखा। यही खासियत है आदिवासियों की। लेकिन कहते हैं न कि सरसों में ही भूत हो, तो भूत भागेगा कहां से। कुछ भूत ऐसे भी हैं, जिनकी वजह से ऐसी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। बहुत प्रयास हुआ, जब-जब हम लोगों ने अलग राज्य की परिकल्पना की, तब भी इन लोगों ने हंसी उड़ायी किआदिवासी अलग राज्य लेगा! जब हम सत्ता में आये, तो इन्हें लगा आदिवासी सत्ता चला पायेगा! कुछ दिनों में ही गिर जायेगा। मैं हवाई जहाजों में चलता तो उसमें भी इनको तकलीफ। मैं फाइव स्टार होटलों में रूकता था उसमें भी इनको तकलीफ। मैं बीएमडब्लू कार में घूमता हूं तो उसमे भी इनको तकलीफ। क्या कहावत है न कि हम करें तो गुनाह, ये करे तो खैर छोड़िये क्या बोलें। बड़ी विचित्र स्थिति है। अब जो स्थिति दिखायी दे रही है अध्यक्ष महोदय, कुल मिला कर झारखंड के परिप्रेक्ष्य के अलावा पूरे देश के पैमाने पर अब आदिवासी, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक सुरक्षित नहीं है। विशेषकर झारखंड की खनिज संपदा, जिस पर लोगों की गिद्ध नजर है, वह भी सुरक्षित नहीं है। यह तो हम थे अध्यक्ष महोदय कि इन्हें फूंक-फूंक कर कदम रखना पड़ा। जो इनके सामने आसेगा उसका अंजाम वही होगा, जो मेरा हो रहा है। इनको लगता है कि झारखंड के लोग ऐसे अंजाम से घबरा जायेंगे तो यह आप लोगों की बहुत बड़ी भूल है। इतनी बड़ी यह भूल होगी कि झारखंड का इतिहास आप लोगों को कभी माफ नहीं करेगा।

### मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा

आज तो षडयंत्र का यह पैमाना है, यह दायरा है कि कानून के अंदर रह कर गैर कानूनी काम कैसे करना हो, यह अगर सीखना हो तो यह इन्हीं लोगों से सीखिए और इनकी संस्थाओं से सीखिए। मैं तो कहता हूं कि आप लोग दस्तावेज लाइये, इडी सीबीआई कोर्ट में सबूत पेश करे, एक भी अगर दस्तावेज आप लोग निकाल कर दिखा दें कि हमने साढ़े आठ एकड़ जमीन हड़पी है, मैं उसी दिन राजनीति से संन्यास क्या, झारखंड छोड़ कर चला जाऊंगा। अब इनको नहीं मिला तो हमारे बीवी-बच्चों और परिवारजनों का खाता-बही ढूंढ़ने में लगे हैं। ये पैसा कहां से, वो पैसा कहां से आया, ये आया वो आया। अध्यक्ष महोदय असामनता देखिये इस सदन के अंदर सरकार के द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे ऋण में कि यहां के आदिवासी विधायकों को कितने वर्षों के लिए मिलता है और गैर आदिवासियों को कितने सालों के लिए मिलता है। इस विषय पर गंभीरता से सोचने की आवश्यकता है। यह बहुत लंबी लड़ाई है। आज जिस तरीके से बड़ी मछली छोटी मछली को खा जाती है, सामजिक व्यवस्था में भी यही है। कहानी है कि हर बड़ी व्यवस्था छोटी व्यवस्था को खाने की कोशिश करती है।

### झामुमो का उदय झारखंड के मान सम्मान स्वाभिमान को बचाने के लिए हुआ

प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा हुई 22 जनवरी को। राम राज आ गया। पहला कदम बिहार में पड़ा। वहां पिछड़ा वर्ग के व्यक्ति का क्या हश्र हुआ ,यह आप जानते हैं। दूसरा कदम झारखंड पर पड़ा। एक आदिवासी मुख्यमंत्री को निगलने का प्रयास हुआ। चूंकि इस आदिवासी मुख्यमंत्री के शरीर में हड्डियां कुछ अधिक हं, इसलिए उस हड्डी को निकालने के लिए इडी उसका विश्लेषण करने में लगी हुई है, ताकि कैसे हम इसको निगल जायें। लेकिन इतना आसान नहीं है। गलती से गले में फंस गयी तो पूरा का पूरा अतड़ी बाहर आ जायेगा। इसलिए संभल कर खाने का कोशिश कीजिएगा। इसलिए अध्यक्ष महोदय मुझे कोई गम नहीं कि आज मुझे इडी ने पकड़ा है। जिस तरह से बंधू दा की सदस्यता ली कि आप चुनाव नहीं लड़ सकते हैं, तो मेरा भी यही हश्र करें। सत्ता लोलुपता के लिए कभी हम लोग नहीं आये हैं अध्यक्ष महोदय। एक बात मैं सदन में कहना चाहूंगा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा का उदय झारखंड के मान सम्मान स्वाभिमान को बचाने के लिए हुआ है। इस मान सम्मान स्वाभिमान के प्रति जो भी बुरी नजर डालेगा, उसको हम मुंहतोड़ जवाब देंगे, चाहे राजनीतिक रूप से हो, चाहे कानूनी रूप से हो या चाहे किसी भी जंगे मैदान में हो, यह हमारा संकल्प है। न हम पीछे हटे हैं, न हम लोगों ने पीठ दिखायी है।

### सदन में भी नहीं बोलें, इडी ने कहा

मुझे तो कोर्ट काआदेश है कि मीडिया के सामने या बाहर वक्तव्य नहीं देना है। तो हमने इडी वाले से पूछा कि क्या सदन में भी बात नहीं रखनी है, तो उन्होंने यह भी कहा कि आप सदन में भी नहीं रख सकते हैं। हम बोले वाह। तो आइये आप स्पीकर साहब के चेंबर में खड़े हो जाइये। आदेश जारी कीजिए तो हम चुप हो जायेंगे। यह स्थिति है अध्यक्ष महोदय। अब उस दिन का इंतजार है, अभी तो गवर्नर हाउस का कोरम पूरा हो गया, अब विधानसभा से ये लोग कब अरेस्ट होंगे, राष्ट्रपति भवन से ये लोग कब अरेस्ट होंगे, लोकसभा राज्यसभा से ये लोग कब अरेस्ट होंगे। डेढ़ दो सौ सांसदों का संसद से निलंबन क्या ये इतिहास के सुनहरे अक्षरों में लिखा जायेगा। बड़ी विचित्र स्थिति है देश की। मैं यह कहना चाहूंगा अध्यक्ष महोदय, विशेषकर आदिवासी दलित पिछड़े भाइयों से कि आप तैयार हो जायें, अब शोषण की नयी परिभाषा गढ़ी जा रही है। अगर आपने अपने को कमजोर किया, तो आनेवाली पीढ़ी कभी माफ नहीं करेगी। राज्यपाल महोदय आये और 32 पन्नों का इन्होंने अभिभाषण पढ़ा। हम लोग लाख चिल्लाते रहें, अभिभाषण पढ.कर क्या होगा, जब देश में लोकतंत्र ही नहीं बचेगा। आज हर चीज पिछले दरवाजे से हो रही है। खैर, इतना तो हम लोगों के पास बुद्धि ज्ञान है नहीं ,लेकिन समय ऐसा भी नहीं है, समय से ज्यादा बलवान धरती पर कोई नहीं है और वक्त फिर घूमेगा और फिर हम आपके सामने उपस्थित होंगे और इतनी मजबूती के साथ उपस्थित होंगे कि जो षडयंत्र आप कर रहे हैं वह धरे के धरे रह जायेंगे और इस देश के, राज्य के आदिवासी दलित पिछड़ों के लिए जो संघर्ष करना होगा, वो करते रहेंगे, करते रहेंगे, करते रहेंगे, धन्यवाद।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 06 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in


# कैंसर को लेकर ठोस नीति बनाने की जरूरत: हरिवंश

## कैंसर वाला कैमरा के तहत दिल्ली में लगी फोटो प्रदर्शनी

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** कैंसर वाला कैमरा सीजन-2 के तहत सीनियर जर्नलिस्ट रविप्रकाश के द्वारा फोटो प्रदर्शनी दिल्ली में लगायी गयी। रविप्रकाश लंग के फोर्थ स्टेज में कैंसर की लड़ाई लड़ रहे हैं। अब तक पचास से अधिक कीमो हो चुका है। प्रदर्शनी का आरंभ राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश के द्वारा हुआ। साथ ही सांसद संजय सेठ भी मौजूद रहे। हरिवंश ने कहा कि आज कैंसर को लेकर गंभीरता पूर्वक सोचने की जरूरत है। आज रविप्रकाश लाखों-करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणास्रोत्र बन चुके हैं, जो इस स्टेज में होने के बावजूद कैंसर के विरुद्ध तनकर खड़े हैं। पत्रकारिता करते हुए अपने सामाजिक दायित्वों का भी निर्वाह कर रहे हैं। कैंसर को लेकर सरकार को ठोस नीति बनाने की जरूरत है। सांसद संजय सेठ ने कहा कि कैंसर जीवन का अंत नहीं है। यह रविप्रकाश को देखकर सीखा जा सकता है। उन्होंने कैंसर की दवाओं के दाम कम करने को लेकर सरकार और फार्मा कंपनियों के प्रयास करने पर बल दिया। दिल्ली में इस कैंसर वाला कैमरा फोटो प्रदर्शनी के प्रायोजक सर्वोदय हॉस्पिटल एफरीदाबाद और ला.बेला मोंडे होटल थे, जबकि कार्यक्रम के दूसरे दिन कैंसर को लेकर मीडिया की भूमिका विषय पर परिचर्चा आयोजित थी। इसमें नभाटा के पत्रकार नरेंद्रनाथ मिश्र, एनडीटीवी के परिमल कुमार और मुकेश केजरीवाल ने बातचीत की। कैंसर को लेकर तंबाकू की भूमिका पर दिल्ली एम्स की डॉ उमा कुमार ने भी गंभीरता पूर्वक सचेत किया।

# गांवा देवती पूजा संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चडरी सरना समिति की ओर से सोमवार को चडरी के मुख्य पाहन गुड्डू पाहन की अगुवाई में गांवा देवती पूजा संपन्न हुई। मुख्य पहान ने कहा कि हर तीन वर्षों में गांवा देवती पूजा में पूर्वजों द्वारा परंपरागत व्यवस्था को देखते काला रंग के भेड़ा की बलि दी गयी। साथ ही साथ रंगवा मुर्गा, चरका मुर्गा, करिया मुर्गी, तांबी मुर्गी, देसी अंडा की बलि देकर ग्राम देवता और पूर्वजों को याद किया गया। केंद्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि हर मौजा के हर एक गांव में इस पूजा की व्यवस्था आदि काल से की जाती रही है। इसमें बबलू मुंडा, प्रधान महासचिव सुरेंद्र लिंडा, मुख्य सलाहकार कुमोद कुमार वर्मा, समिति अध्यक्ष सबलू मुंडा, जयराम पाहन, छोटू पाहन, बिल्टू पाहन, राहुल पाहन, विकास पाहन समेत अन्य उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में स्कूल प्रबंधकों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य शिक्षा परियोजना द्वारा संचालित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में पठन-पाठन और शिक्षण गतिविधियों के बेहतर प्रबंधन के लिए कुशल और दक्ष स्कूल प्रबंधकों की नियुक्ति की जा रही है। यह प्रबंधक अपने बेहतर संचार कौशल, प्रबंधन में दक्षता और प्रभावशीलता से स्कूल के संचालन की सभी पहलुओं की देखरेख करेंगे।स्कूल प्रबंधक प्रशासनिक कार्यों के साथ-साथ स्कूल की सफलता के लिए स्कूल बोर्ड और समुदाय के प्रति जवाबदेह होंगे। शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों के बीच संचार और सहयोग को बेहतर बनाने में भी यह अपना योगदान सुनिश्चित करेंगे। प्रारंभिक चरण में सात मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में सात स्कूल प्रबंधकों की नियुक्ति कर ली गयी थी। अब दूसरे चरण में 73 पदों पर नियुक्तियों के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन मांगा गया है। राज्य शिक्षा परियोजना ने अधिसूचना जारी कर इन पदों पर नियुक्ति के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। वर्तमान में राज्य शिक्षा परियोजना द्वारा 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। इन विद्यालयों में उत्कृष्ट शिक्षा सेवा और सुविधाएं बच्चों को दी जा रही हैं।

# योजनाओं को तेजी से धरातल पर उतारना प्राथमिकता: सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आइएएस अधिकारी अरवा राजकमल ने सोमवार को नगर विकास एवं आवास, उत्पाद एवं मद्य निषेध, अनुसूचित जनजाति-अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के प्रभारी सचिव पद का पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात सचिव राजकमल ने सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने संबंधित विभागों के प्रशासनिक ढांचे की भी जानकारी ली। इस अवसर पर सुडा के निदेशक अमित कुमार, अपर सचिव ज्ञानेंद्र कुमार, अपर सचिव मनोहर मरांडी, जुडको के परियोजना निदेशक तकनीकी गोपाल, परियोजना निदेशक प्रशासन अरविंद कुमार मिश्र, परियोजना निदेशक वित्त अमित चक्रवर्ती, रांची स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक राकेश कुमार नंद कुलियार सहित कई अन्य पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने सचिव को बुके देकर स्वागत किया। सचिव अरवा राजकमल ने कहा कि उनके विभाग से संबंधित राज्य सरकार की जो भी योजनाएं हैं, उनको तेजी से धरातल पर उतारना उनकी प्राथमिकता होगी। साथ ही पूर्व प्रधान सचिव द्वारा शुरू की योजनाओं को भी जल्द पूरा कराने का काम करेंगे।

# साईं नाथ विश्वविद्यालय में क्रिकेट प्रतियोगिता

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** साईं नाथ विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा एक फरवरी से तीन फरवरी तक किया गया। कुलपति प्रो डॉ एसपी अग्रवाल ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी खेल प्रतिभा के स्वाभाविक रूप से धनी है। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों की खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए हर प्रकार से कृतसंकल्पित है।

फाइनल के रोमांचक मुकाबले में पुरूष वर्ग में विजेता फार्मेसी विभाग और उपविजेता टीम बीसीए विभाग की टीम रही। महिला वर्ग में विजेता शारीरिक शिक्षा विभाग और उपविजेता शिक्षा विभाग रहा। महिला वर्ग में मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार अंशु कच्छप को मिला। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार सुनिता तिर्की को मिला।

पुरूष वर्ग में मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार हरीश कुमार, प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार अमलेष गौतम को दिया गया। मौके पर प्रो साजिद अंसारी, खिरोधर महतो, नितेश कुमार, पायल प्रिया, अरूण साव ने सराहनीय भूमिका निभायी।

# इंडियन बैंक बरियातू रोड शाखा के नये परिसर का हुआ उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बड़गाईं में चित्रगुप्त नगर चित्रांश एन्क्लेव के बगल में इंडियन बैंक के नये परिसर का उद्घाटन किया गया। इस नये परिसर का उद्घाटन सोमवार को मुख्य अतिथि निदेशक बालमुकुंद सहाय, अंचल प्रबंधक एफआर बोखारी की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर उप अंचल प्रबंधक प्रभाकर कुमार, सहायक महाप्रबंधक कुमार दिग्विजय, परिसर मालिक एसएन वर्मा, मुख्य प्रबंधक बीएन बिस्वाल, शाखा प्रबंधक माधव पांडेय सहित विभिन्न शाखाओं के शाखा प्रबंधक और अन्य उपस्थित रहे।

# आर्यभट्ट गणित चैलेंज प्रतियोगिता में सरला बिरला स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्र कक्षा 10वीं के लाल रूपक नाथ शाहदेव ने आर्यभट्ट गणित चैलेंज प्रतियोगिता में अभूतपूर्व प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। उन्हें देश के शीर्ष 100 छात्रों में चुना गया। सीबीएसइ ने मान्यता प्राप्त स्कूलों में आठवीं से दसवीं कक्षा के छात्रों के लिए आर्यभट्ट गणित चैलेंज की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य समस्या-समाधान कौशल, तार्किकता, गणितीय विश्लेषणात्मक सोच, सटीकता और समय प्रबंधन सहित आवश्यक दक्षताओं के विकास को बढ़ावा देना है। मूल्यांकन पद्धति को भी ऐसा स्वरूप दिया गया है, जिससे दैनिक जीवन में गणित की उपयोगिता से छात्रों में प्रसन्नता हो। इस वर्ष प्रतियोगिता में स्कूल स्तर पर लगभग 5000 स्कूलों से 5,50 लाख और दूसरे चरण में 8590 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दूसरे चरण के सफल समापन पर शीर्ष 100 छात्रों को मेरिट प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया।

विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में छात्रों की उपलब्धि की सराहना की। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों की गौरवपूर्ण उपलब्धि की सराहना की।

# मारवाड़ी कॉलेज में गंगा प्रसाद बुधिया की 120वीं जयंती मनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मारवाड़ी महाविद्यालय प्रांगण में कॉलेज के संस्थापक गंगा प्रसाद बुधिया की 120वी जयंती मनायी गयी। सर्वप्रथम उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए मारवाड़ी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने कहा कि आज के समय में गंगा बाबू के जीवन से शिक्षा लेकर काम करने की प्रेरणा लेने के लिए ही जयंती मना रहे हैं। सदा जीवन, उच्च विचार की भावना से उन्होंने इस कॉलेज का निर्माण कराया। कॉलेज में झारखंड के सब से अधिक नामांकन के आवेदन आते हैं। यहां से पढ़े लोग पूरे विश्व में कॉलेज का नाम रोशन कर रहे हैं। ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद कुमार बंका, कन्या पाठशाला के सचिव वेद प्रकाश बागला, विश्वनाथ नरसरिया, प्रोफेसर इंचार्ज डॉक्टर आरआर शर्मा, डॉ रोनाल्ड खालखो, डॉ उमेश कुमार, डॉ राजीव रजक, डॉ एम षाड़ंगी, अनुभव चक्रवर्ती समेत अन्य ने गंगा बाबू के कार्यों की चर्चा की। सचिव शुभम मंत्री, उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता, बसंत मित्तल, पवन मंत्री, कृपाल सिंह, हरबिंदर सलूजा, सुरेश जैन, मनोज चौधरी, पवन शर्मा, सतपाल सलूजा उर्फ गुड्डी, शिवशंकर साबू, नरेंद्र लखोटिया, विष्णु कांत खेमका समेत अन्य उपस्थित थे।

# जब्त बोल्डर की हुई चोरी, जिप अध्यक्ष जूली हेंब्रम ने लगाया राजस्व चोरी करने का आरोप

कार्तिक कुमार



**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स की टीम द्वारा पिछले दो ढाई माह पूर्व खकसा पहाड़, पाकुड़िया में अवैध तरीके से पत्थर खनन कर डंप कर रखी गई 25 हजार सीएफटी बोल्डर को जप्त करने के कुछ ही दिनों बाद पत्थर माफिया के द्वारा उठाकर बेचे जाने का मामला सामने आया है। पाकुड़ जिला परिषद की अध्यक्ष जूली हेंब्रम ने स्थल जॉच कर आरोप लगाया है कि टास्क फोर्स टीम द्वारा जब्त पत्थर को जब्त स्थल से पत्थर माफिया द्वारा चोरी किये जाने का सीधे तौर पर आरोप लगाया है। जिप अध्यक्ष का आरोप है की जप्त बोल्डर को स्थानीय प्रशासन की मिली भगत से जब्त स्थल से उठाकर पत्थर माफिया अपने क्रेशर अन गाड़िया मौजा में ले जाकर चिप्स तैयार कर बेच दिया है। जो सरासर कानूनन अपराध है, जिला परिषद अध्यक्ष का आरोप है कि कोई गोरा नामक आदमी और उसका एक पार्टनर द्वारा संचालित क्रेशर में क्षमता से अधिक प्रतिदिन चिप्स तैयार कर मानक से ज्यादा स्टॉक कर प्रतिदिन शाम 7 से 8 बजे रात में 20 से 25 ट्रक चिप्स बगैर माइनिंग के ले जाया जाता है। जिससे सरकार को प्रतिदिन लाखों का राजस्व का नुकसान हो रहा है, गोरा के क्रेशर से महज दो से ढाई किलोमीटर बंगाल सीमा पड़ता है और उसी का बेजा लाभ उठाते हुए उस रास्ते में कोई माइनिंग चेक नाका न रहने के कारण प्रतिदिन लाखों का की राजस्व की चोरी स्थानीय प्रशासन की मिली से करने का आरोप लगाया है। कहा कि ऐसे में कहीं ना कहीं स्थानीय प्रशासन राजस्व कि चोरी कराकर सरकार की छवि धूमिल करने का काम किया है, इन पर त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए और बंगाल सीमा पर तुरंत माइनिंग विभाग का चेक नाका लगना चाहिए, ताकि सरकार कि राजस्व की चोरी पर लगाम लगायी जा सके। इस संबंध में माइनिंग अफसर का कहना है इस मामले में केस दर्ज भी की गयी है और लोकल थाने को जब्त बोल्डर जिम्मे में दी गयी थी। बरहाल यह जांच का विषय कि जब्त बोल्डर को आखिर किसने और किसके संरक्षण में चोरी कर बेचने का काम किया।

# आइबीपीएस बैंकिग साक्षात्कार का विशेष बैच एनआइबीएम में




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री साईं टावर सर्कुलर रोड स्थित एनआइबीएम संस्थान में 2024 में अनेकों विद्यार्थियों का आइबीपीएस पीओ में चयन हुआ, जिसके साक्षात्कार के लिए विशेष बैच प्रारंभ किया जा रहा है। निदेशक एम के गुप्ता ने अंतिम रूप से चयनित अमर को सम्मानित किया। इस वर्ष लाखों की संख्या में वैकेंसी आने वाली है, जिसको देखते हुए 2024 में नया बैच 9 और 12 फरवरी से प्रारंभ किया जा रहा है।

इच्छुक विद्यार्थी संस्थान कार्यालय में आकर या इसके वेबसाइट, यूट्यूब पर विशेष जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। 9334726278 पर संपर्क स्थापित कर सकते हैं।

## महत्वपूर्ण खबरें

### रांची पहुंची अयोध्या आस्था स्पेशल ट्रेन

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड आस्था स्पेशल ट्रेन अयोध्याधाम रामजन्म भूमि मंदिर से दर्शन कर सोमवार को वापस रांची पहुंची। ट्रेन के पहुंचते ही पूरा स्टेशन परिसर जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। दो फरवरी को 1500 लोग आस्था स्पेशल ट्रेन से श्री अयोध्याधाम रामजन्मभूमि मंदिर तीर्थ के लिए रांची से गये थे। तीन फरवरी को ट्रेन श्री अयोध्या धाम पहुंची थी। तीन और चार फरवरी को वहां सभी लोग सरयू नदी, हनुमान गढ़ी, श्रीरामजन्म भूमि दर्शन किये और अयोध्या क्षेत्र भ्रमण कर वापस रांची लौटे। यात्रा प्रमुख सह विहिप प्रांत सह मंत्री रंगनाथ महतो ने सोमवार को बताया की ट्रेन के अंदर भी कोई जय जय श्रीराम के जयकारे लगा रहा था, तो कोई हनुमान चालीसा का पाठ पढ़ रहा था। सभी लोग श्रीराम जन्मभूमि मंदिर दर्शन के उत्सव के साथ इस तीर्थ क्षेत्र भ्रमण में गये थे। राम भक्तों की टोली में महिला, पुरुष, बुजुर्ग सभी शामिल थे। महतो ने बताया कि यह सफर बहुत अच्छा रहा। अयोध्या पहुंचने के लिए रेलवे ने ये बहुत अच्छी सुविधा दी है। यहां से लेकर अयोध्या तक स्वागत देखकर मन प्रफुल्लित है। प्रान्त सामाजिक समरसता प्रमुख मिथलेश्वर मिश्र ने बताया कि प्रभु राम के दर्शन से जीवन धन्य हो गया। हमारे जीवन में यह अमृत पल आया और हम मंदिर का दर्शन कर पाये। इस यात्रा में विश्व हिंदू परिषद्, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भारतीय मजदूर संघ, अधिवक्ता परिषद, लघु उद्योग, वनवासी कल्याण केंद्र, विद्या भारती, दुर्गा वाहिनी, मातृ शक्ति एवं अन्य आयाम के लोग इस दर्शन में शामिल हुए। विहिप प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव, प्रांत कार्यवाह संजय कुमार, क्षेत्रीय कार्य समिति सदस्य राकेश लाल, सेवा प्रमुख अजय अग्रवाल, प्रांत प्रचार प्रसार सह प्रमुख प्रकाश रंजन, अरविंद सिंह, कमलेश सिंह, मनोज चंद्रवंशी, रेणु अग्रवाल, विभाग मंत्री कृष्ण कुमार झा, रवि शंकर राय, कैलाश केसरी, चंद्रदीप दुबे, अमर प्रसाद सहित अन्य कार्यकर्ता इस यात्रा में शामिल थे।

### अरुण राय ने हाइकोर्ट के जज के रूप में ली शपथ



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट में सोमवार को ज्यूडिशियल कमिश्नर अरुण कुमार राय ने हाइकोर्ट के जज के रूप में शपथ ली। हाइकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। इस मौके पर हाइकोर्ट के सभी जज, रजिस्ट्रार जनरल, महाधिवक्ता राजीव रंजन समेत अन्य उपस्थित थे।

### पत्थर कारोबारी कृष्णा साहा की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज, अब आरोप गठित होगा

रांची (आजाद सिपाही)। साहिबगंज के पत्थर कारोबारी कृष्णा कुमार साहा की ओर से दायर डिस्चार्ज पिटीशन को इडी कोर्ट ने सोमवार को खारिज कर दी। पूर्व में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। बता दें कि मामले में कृष्णा साहा को हाइकोर्ट से 7 दिसंबर 2023 को जमानत मिल चुकी है। उनके खिलाफ अब इडी कोर्ट में आरोप गठन होना है। दरअसल 5 जुलाई 2023 को 10 घंटे की पूछताछ के बाद इडी ने उसे देर रात गिरफ्तार कर लिया था। इडी समन भेजकर 5 जुलाई को रांची स्थित इडी के जोनल कार्यालय बुलाया था। 1250 करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले में मनी लॉड्रिंग के तहत जांच कर रही इडी कृष्णा कुमार के ठिकाने पर जुलाई 2022 में छापेमारी की थी। साहिबगंज जिले के बड़हरवा निवासी कृष्णा कुमार साहा को सीएम के बरहेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा का खास सहयोगी माना जाता है। कृष्णा साहा के अवैध पत्थर खदान में दो मजदूरों की दुर्घटना में मौत हो गयी थी। जांच के क्रम में इडी ने पूर्व में कृष्णा साहा के बड़हरवा के चंपाडे मौजा के पत्थर खदान की ड्रोन से मापी ली थी। वहां के कर्मियों के मोबाइल और कागजात भी जब्त किये गये थे। छानबीन में जानकारी मिली थी कि लीज एरिया से कई गुणा अधिक खनन किया गया है। इडी की कार्रवाई के बावजूद कृष्णा साहा के खान में अवैध खनन जारी था। इसकी जानकारी इडी को मिली है, जिसके बाद ही इडी ने उसे गिरफ्तार किया था।

### पीपीके कॉलेज बुंडू में गुरु सम्मान समारोह




बुंडू (आजाद सिपाही)। पांच परगना किसान कॉलेज बुंडू में यूजी और पीजी के नये छात्रों का स्वागत सह गुरु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह का शुभारंभ शिक्षकों के स्वागत और परछन से किया गया। स्वागत भाषण सहायक प्राध्यापक लखिन्द्र मुंडा के द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्राध्यापक प्रो भूतनाथ प्रमाणिक, प्रो हंस कुमार, डॉ दीनबंधु महतो, प्रो विनोद कुमार केसरी, सहदेव महतो, काजल कृष्णा, नितिश कुमार महतो, नितेश कुमार, शिवलोचन कुमार आदि को सम्मानित किया गया।

## शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. - 3630 दिनांक 05.02.2024 मैं शशि तारिक मिंज पिता- स्व0 अल्बिनुस मिंज उम्र करीब -44 वर्ष, जाति-उराँव, धर्म-ईसाई, पेशा- आर्मी में कार्यरत, ग्राम-चैनपुर, पत्रालय-चैनपुर, थाना - महुआडाँड़, जिला- लातेहार, राज्य झारखण्ड, राष्ट्रीयता भारतीय शपथ पूर्वक निम्न करता हुँ -

1. यह कि मै उपरोक्त ग्राम व पता का स्थायी निवासी हुँ । 2. यह कि मुझे Recored the mahar Regiment में आपकी पत्नी पुनम बड़ा का अंग्रेजी नाम के Spelling एवं जन्म तिथि में सुधार कराने हेतु विज्ञापन प्रकाशित कराना है।

3. यह कि मेरी पत्नी पुनम बड़ा के अंग्रेजी Spelling "PUNAM BARA" तथा सही जन्म तिथि **28.03.1979** (Twenty Eight March Nineteen Seventy Nine) है 4. यह कि शपथ पत्र मै उक्त आधार पर मेरी पत्नी पुनम बड़ा के नाम के Spelling में सुधार एवं जन्म तिथि में सुधार हेतु कर रहा हूँ।

## शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. - 3631 दिनांक 05.02.2024 मैं शशि तारिक मिंज पिता- स्व0 अल्बिनुस मिंज उम्र करीब -44 वर्ष, जाति-उराँव, धर्म ईसाई, पेशा- आर्मी में कार्यरत, ग्राम चैनपुर, पत्रालय, थाना -महुआडाँड़, जिला- लातेहार, राज्य झारखण्ड, राष्ट्रीयता भारतीय शपथ पूर्वक निम्न करता हुँ -

1. यह कि मै उपरोक्त ग्राम व पता का स्थायी निवासी हुँ । 2. यह कि मुझे Recored the mahar Regiment में आपकी पुत्री Ani Shakshi Minj का नाम का Spelling एवं जन्म तिथि में सुधार कराने हेतु विज्ञापन प्रकाशित कराना है।

3. यह कि मेरी उक्त पुत्री का अंग्रेजी Spelling "Ani shakshi Minj" एवं सही जन्म तिथि **11.05.2011** (Eleventh May Two Thousand Eleven) है 4. यह कि शपथ पत्र मै उक्त आधार पर मेरी पुत्री के नाम के Spelling में सुधार एवं जन्म तिथि में सुधार हेतु कर रहा हूँ।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में नये सत्र का नामांकन



तमाड़ (आजाद सिपाही)। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सलगाडीह तमाड में नये सत्र के नामांकन के लिए दिये गये आवेदन की स्थल जांच शुरू की गयी है। आज वाडेन रीता बडाईक ने मानकीडीह पंचायत से दिये गये आवेदन की स्थल जांच की गयी यहां से दस आवेदन विधालय मे जमा किये गये थे। जाचोपरांत समिति निर्णय लेगी तब नामांकन किया जायेगा बच्ची के घर का फोटो पारिवारिक स्थिति मकान कच्चा या पक्का देखा जा रहा है। एक घर से दो बच्ची न हो मा पिताजी की अगर मृत्यु हो गयी हैं, तो ऐसे आवेदन को प्राथमिकता दी जायेगी अनाथ व अति गरीब को भी इसमें जोड़ा जायेगा। उसके बाद विधालय के कागजों और आधार कार्ड को भी देखा जायेगा। 0001

## कूप निर्माण के दौरान मिट्टी धंसने से मजदूर की मौत



मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। लपरा पंचायत अंतर्गत बड़का टोली झखराटांड में मनरेगा कूप निर्माण के दौरान मिट्टी धंसने से एक 57 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान बड़का टोली लपरा निवासी बैजनाथ महतो के रूप में हुई है। घटना सोमवार दिन के लगभग 3 बजे की बतायी जाती है। घटना की सूचना मिलते ही मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह, खलारी प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार,बीपीओ विनय कुमार, लपरा मुखिया पुतुल देवी घटना स्थल पर पहुंचे। आनन फानन में जेसीबी मसीन लाया गया और मृतक को ग्रामीणों की सहायता से निकालने का प्रयास किया गया। नहीं निकलने पर मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी स्वयं जवानों के साथ कुंए में उतर गए और कड़ी मसक्कत के बाद मृतक को मिट्टी से निकाला गया। थाना प्रभारी ने बताया कि झखरा टांड में लगे आम बागवानी के लिए मरेगा के तहत लाभुक बिनोद महतो के जमीन पर मनरेगा मेठ प्रभात गिरि द्वारा कूप निर्माण कराया जा रहा था। इसी दौरान मिट्टी धंसने से मनरेगा मजदूर बैजनाथ चपेट में आ गया और उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। पुलिस कुंए से शव को निकाल कर थाना ले आयी व पंचनामा तैयार किया गया। मंगलवार को मृतक का शव पोस्ट मार्टम के लिए रिम्स भेजा जाएगा। घटना की जानकारी होते ही मृतक के पत्नी सीता देवी व पुत्रों रो रो कर बुरा हाल है। प्रखंड विकास पदाधिकारी शोक संतप्त परिजनों से मिलकर ढाढस बंधाया और नीजी तौर पर अर्थिक सहयोग किया व सरकारी प्रावधान के तहत मिलने वाली सुविधाओं को जल्द दिलाने की बात कही।

## पिपरवार के झुलनडीहा में ग्रामीणों ने बीएस एनएल टावर निर्माण कार्य को कराया बंद



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेती पंचायत के झुलनडीहा गांव में निमार्णाधीन बीएसएनएल टावर निर्माण का कार्य को ग्रामीणों ने बंद करा दिया। ज्ञात है कि झुलनडीहा गांव के दिलीप उरांव के घर के समीप बीएसएनल टावर निर्माण का कार्य विगत एक सप्ताह से किया जा रहा था। इसी बीच 60-70 की संख्या में पहुंचे गांव के ग्रामीणों ने निर्माण कार्य स्थल पर पहुंच कर कार्य कर रहे संवेदक के मुंशी को यह कहते हुए कार्य बंद करने का निर्देश दिया कि किसके आदेश से इस स्थल पर टावर निर्माण का कार्य किया जा रहा है, जबकि टावर निर्माण की अनुमति बिना ग्रामसभा में प्रस्ताव पारित किए ही निर्माण कार्य किये जाने की बात कहते हुए कार्य को बंद करने और अधिकारियों के आदेश की प्रतिलिपि ग्रामसभा को उपलब्ध कराने की बात कही गयी। इस संबंध में गांव के समाजसेवी सह वन अधिकार समिति के सचिव सुशील टोप्पो ने बताया कि बीएसएनएल टावर लगाये जाने के संबंध में ग्रामसभा में प्रस्ताव पारित नही किया गया है, वहीं संवेदक और मुंशी द्वारा निर्माण कार्य की आदेश कॉपी उपलब्ध कराने में असमर्थता जाहिर की है, जिसके करण ग्रामीणों ने निर्माण कार्य बंद करा दिया।इस मौके पर रीना देवी, सगीता देवी,अनिता देवी, गंगिया देवी,रीता देवी, फुलमनिया देवी, आनंद उरांव, अशोक उरांव, आशिष उरांव, सुमित उरांव, बिलास उरांव, बिनोद उरांव, ईश्वर उरांव,महाबीर उरांव, राजकुमार उरांव सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष मौजुद थे। फोटो-2.निर्माण कार्य को बंद कराते ग्रामीण।

## तेल टैंकर की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक मौत, एक घायल



सिल्ली (आजाद सिपाही)। सिल्ली बुंडू मार्ग लोवादाग के समीप तेल टैंकर के चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की घटना स्थल पर मौत एक घायल हो गये। घायल का सिल्ली अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए सिंगपुर नर्सिंग होम ले गये। जानकारी के मुताबिक मुरी ओपी क्षेत्र मारदु निवासी जुगनू महतो के पुत्र अजय महतो अपने जीजाजी काटाडीह सिंगपुर निवासी अनिल महतो के पुत्र संतोष महतो अपने मोटरसाइकिल 01 बीएम 7439 से सिल्ली से किसी काम को लेकर पतराहातू जा रहे थे। इसी क्रम में लोवादाग के समीप (पहाड़ माच) में विपरीत दिशा से जमशेदपुर से रामगढ़ जा रहे हैं तेल टैंकर के चपेट में आने से घटनास्थल पर ही संतोष महतो की मौत हो गयी। घायल अजय महतो को प्रशासन की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के बाद भाग रहे तेल टैंकर को थाना प्रभारी लालजी ने तवरित कार्रवाई करते हुए उसे पीछा कर गोला रोड में पकड़ कर थाना में जप्त कर लिया। इधर मृतक संतोष महतो के शव को सिल्ली पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया। संतोष महतो हिंडालको कंपनी में ठेकेदार लेबर था।

### तोरपा में तीन दिवसीय पूर्वी क्षेत्र किसान मेला का समापन

# कृषि के साथ आय के वैकल्पिक स्रोतों को अपनायें किसान: राज्यपाल

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की धरती पर आयोजित पूर्वी क्षेत्र किसान मेला किसानों के हित में की गयी एक उल्लेखनीय पहल है। इस मेले में किसानों को नयी कृषि तकनीकों के साथ ही आधुनिक कृषि पद्धति और उन्नत ऑर्गेनिक फार्मिंग का प्रशिक्षण प्राप्त हुआ और विभिन्न स्थलों से आए प्रगतिशील किसानों ने अपना अनुभव भी साझा किया। इससे निश्चित ही उनकी उत्पादकता के साथ-साथ आमदनी भी बढ़ेगी। राज्यपाल सोमवार कों तोरपा प्रखंड के दियांकल स्थित कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में आयोजित तीन दिवसीय पूर्वी क्षेत्र किसान मेला के समापन समोराह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इसके पूर्व समापन समारोह का उद्घाटन राज्यपाल के राधाकृष्णन, डॉ अभिजीत कर, निदेशक, आइसीएआर-एनआइएसए, बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ एससी दुबे, डॉ निर्मल कुमार, उपायुक्त लोकेश मिश्रा और पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने संयुक्त रूप से द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मेला में लगभग डेढ़ सौ स्टॉल लगाये गये थे। राज्यपाल के साथ बड़ी संख्या में किसानों ने इनका अवलोकन किया व कृषि संबंधी नवाचारों की जानकारी ली। निदेशक डॉ. अभिजीत कर ने स्वागत भाषण दिया। मेले में कृषि संबंधी विभिन्न विषयों (उन्नत कृषि पद्धति, बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन, लाख और तसर उत्पादन आदि) पर गोष्ठियों का आयोजन किया गया और प्रगतिशील कृषकों और कृषि-उद्यमियों को कई श्रेणियों में पुरस्कार भी दिए गए। राज्यपाल ने कृषि मेले के दौरान लगाए गए स्टॉल में से चयनित 10 स्टॉल को सांत्वना पुरस्कार प्रदान कियाा। तृतीय स्थान पर कृषि विज्ञान केंद्र, जामताड़ा और जेएसएलपीएस, द्वितीय आइएसीआर निंफेट कोलकाता, नंदी ग्रीन सॉल्यूशंस और प्रथम पुरस्कार स्टेपपिफाई लेप्स प्रालि को प्रदान किया गया। मेले में टाटा ट्रस्ट द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया है। मेले की थीम थी सतत और चक्रीय जैव अर्थव्यवस्था: आत्मनिर्भर और विकसित भारत का उत्प्रेरक। किसानों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने किसानों के कल्याण के लिए 'पीएम किसान सम्मान निधि योजना' और 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' शुरू की। उन्होंने 15 नवंबर, 2023 (भगवान बिरसा मुंडा की जन्म तिथि) को जनजातीय गौरव दिवस मनाने का निर्णय लिया। राज्यपाल ने कहा कि अर्जुन मुडा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री का पदभार ग्रहण करने से पूर्वी क्षेत्र के किसान जागरूक होंगे और इस क्षेत्र की जलवायु के अनुसार कृषि को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि यहां की मिट्टी के लिए कौन सी फसल श्रेयस्कर है, इसकी जानकारी किसानों को मिलेगी। इससे कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आ सकता है।

उन्होंने किसानों को कृषि के साथ आय के अन्य वैकल्पिक स्त्रोतों जैसे बागवानी, सब्जी उत्पादन, फूल उत्पादन, बकरी पालन, गौ पालन आदि अपनाने का भी आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि यह किसान मेला किसानों के लिए वरदान साबित होगा और वे उन्नत कृषि कें लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने किसानों को सम्मानित करते हुए कहा, 'अन्नदाता सुखी भव'।

# जनता मजदूर संघ ने पूर्व अध्यक्ष हरिशंकर सिंह को दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपही संवाददाता




**पिपरवार।** श्रमिक संगठन जनता मजदुर संघ के बचरा स्थित पिपरवार क्षेत्रीय कार्यालय मे शोकसभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता युनियन के सीसीएल सचिव सह सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य रविन्द्रनाथ सिंह और संचालन निर्मल सिंह ने किया। इस कार्यक्रम मे यूनियन के पूर्व अध्यक्ष और जेसीएससी सदस्य हरिशंकर सिंह के निधन पर शोक संवेदना प्रकट किया गया। इस मौके पर पिपरवार, एनके एरिया, मगध संघमित्रा, आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र के सभी सदस्य और पदाधिकारी मौजुद थे। कार्यक्रम मे उपस्थित लोगो ने स्व. हरिशंकर सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित किया। साथ ही दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोकसभा को संबोधित करते हुए वक्ताओ ने कहा कि स्व. हरिशंकर सिंह सीसीएल में जनता मजदूर संघ के स्थापना काल से ही संगठन को उचाई पर ले जाने का काम किया है। वह समाजवादी विचारधारा को मानते थे। यूनियन के सचिव सह सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य रविंद्रनाथ सिंह ने स्व. हरिशंकर सिंह को जेपी आंदोलन का उपज बताते हुए उनका जनता मजदूर संघ के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि यूनियन के प्रति उनके द्वारा किये गये कार्य को जनता मजदूर संघ परिवार में हमेशा याद किया जायेगा। इस मौके पर रविंद्रनाथ सिंह, निर्मल सिंह, बालेश्वर सिंह, बिजेंद्र सिंह, अजीत सिंह, निर्मल उरांव, मगध संघमित्रा, आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्रीय सचिव आशीष दुबे, विजय प्रसाद, राजेश नायक, मुकेश, राकेश सिंह, नंददेव राम, रमेश राम, केके शर्मा, धीरेंद्र शर्मा, विकाश कुमार, प्रेम कुमार,रंजित बनर्जी, राम प्रसाद, इंद्रदेव गोप, मोतीलाल मांझी, नंदलाल नोनिया, सुका सहित संघ के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# मैट्रिक और इंटर की परीक्षा आज से शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** आज से शुरू होने वाली मैट्रिक और इंटर की परीक्षा को लेकर बुडू अनुमंडल प्रशासन की ओर से तैयारी पूरी कर ली गयी है। मैट्रिक में कुल 4261 परीक्षार्थी शामिल होंगे जिसके लिए 15 विद्यालय पर परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जबकि इंटर के परीक्षार्थियों के लिए बुंडू में पांच परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। अनुमंडल पदाधिकारी संदीप अनुराग टोपनो ने बताया कि परीक्षा केंद्र के आसपास में धारा 144 लागू किया जायेगा और कदाचार मुक्त परीक्षा लेने के लिए सभी परीक्षा केदो में मजिस्ट्रेट तैनात कर दिये गये हैं। अनुमंडल कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक संत जेवियर उच्च विद्यालय बुंडू में 436 रमेश सिंह मुंडा स्मारक उच्च विद्यालय में 427 बालिका उच्च विद्यालय 318 अमानत अली इंटर कॉलेज 346 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। राहे प्रखंड में दो परीक्षा केंद्र बनाया गया है। हाई स्कूल राहे में 369, मध्य विद्यालय रहे में 247, सोनाहातु प्रखंड में चार परीक्षा केंद्र हाई स्कूल जमुदाग में 237 एसएस हाई स्कूल सोनाहातू 318 मिडिल स्कूल बाजारटाड 223 बालिका उच्च विद्यालय सोनाहातू 239 और तमाड प्रखंड में पांच परीक्षा केंद्र बनाया गया है एकलव्य मॉडल स्कूल सलगाडीह तमाड़ 271 मिडिल स्कूल तमाड़ 263 सी स्कूल तमाड़ 238 गवर्नमेंट बालिका स्कूल 268 और संत जॉन हाई स्कूल डोरिया तमाड़ में 277 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे इसके अलावा इंटर के लिए एकलव्य मॉडल स्कूल सालगाडीह तमाड, पांच परगना किसान कॉलेज बुंडू, संत जेवियर इंटर कॉलेज बुंडू, अमानत अली इंटर कॉलेज बुंडू, रमेश सिंह मुंडा स्मारक प्लस टू विद्यालय बुंडू, और बालिका उच्च विद्यालय बुंडू में परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

# राहुल गांधी पहुंचे खूंटी, नहीं हुआ रोड शो, समर्थक निराश

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** कांग्रेस के दिग्गज नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के स्वागत के लिए खूंटी के कांग्रेस कार्यकतोओं ने काफी तैयारी की थी। राहुल गांधी के रोड शो को लेकर गावं से भी लोग सोमवार कों खूंटी पहुंचे थे, लेकिन राहुल को रोड शो हुआ ही नहीं, इससे कांगेस कार्यकर्ता और समर्थक निराश हो गये। कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार शाम लगभग 4.30 बजे खूंटी पहुंचे, लेकिन खूंटी में किसी प्रकार का कोई रोड शो न करते हुए कार में सवार होकर वे सीधे कचहरी मैदान में बनाये गये विश्राम स्थल के अस्थायी कैंप में चले गये। इस स्थिति में उनकी एक झलक पाने और अभिवादन के लिए जगह-जगह रोड किनारे खड़े पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक निराश हो गये। अस्थायी कैंप में राहुल गांधी के प्रवेश करते ही वहां अन्य किसी को प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा था। इस स्थिति में कैंप के गेट के पास ही पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक घंटों जमे रहे। ज्ञात हो कि स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने बताया था कि राहुल गांधी पिपराटोली से कचहरी मैदान तक रोड शो करेंगे। इसको लेकर पिपराटोली, नेताजी चौक, भगत सिंह चौक आदि शहर के प्रमुख चौराहों पर सड़क किनारे लोग खड़े होकर उनके आने का इंतजार कर रहे थे। इतना ही नहीं, जिले के प्रवेश द्वार कालामाटी, झारंक्षंड चौक और हटार चौक में भी कार्यकर्ता बेसब्री से उनका इंतजार कर रहे थे, लेकिन कार्यकर्ताओं की भावनाओं की अनदेखी करते हुए राहुल गांधी कार में सवार होकर सीधे विश्राम स्थल के अस्थायी कैंप पहुंच गए।

**डीसी-एसपी को भी कैंप परिसर में घुसने से रोका गया:** राहुल गांधी के विश्राम स्थल के अस्थायी कैंप परिसर के अंदर किसी को प्रवेश की अनुमति नहीं थी। इसी बीच खूंटी के उपायुक्त लोकेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमन कुमार अन्य अधिकारियों के साथ कैंप परिसर पहुंचे, लेकिन गेट पर तैनात सुरक्षा अधिकारियों और जवानों ने उन्हें कैंप परिसर में प्रवेश से रोक दिया। जिले के आला पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अपना परिचय देने पर गेट में तैनात सिक्युरिटी इंचार्ज ने वॉकी-टॉकी से कैंप परिसर के अंदर अपने आलाधिकारी से बात की। कुछ मिनट बाद कैंप परिसर के अंदर से सुरक्षा व्यवस्था में तैनात एक अधिकारी बाहर निकलकर डीसी-एसपी को कैंप परिसर में प्रवेश कराया, जबकि साथ गये एसडीओ सहित अन्य अधिकारियों को वहीं रोक दिया गया।

## रसिक पीठाधीश्वर ने खूंटी के विहिप कार्यकर्ताओं को अयोध्या में किया सम्मानित



खूंटी (आजाद सिपाही)। रामलला की नगरी अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए अयोध्या गये खूंटी जिले के विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओ को रसिक पीठाधीश्वर जानकी मठ के महंत जन्मेजय शरण ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव और अक्षत वितरण में सराहनीय भूमिका निभाने वाले विश्व हिंदू परिषद के जिन सक्रिय कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया, उनमें विहिप के खूंटी जिला मंत्री विशाल चंद्र, जिला कोषाध्यक्ष प्रवीण जायसवाल, विभाग सह संगठन मंत्री श्रीराम साहू और खूंटी के प्रखंड अध्यक्ष एमपी सिंह शामिल हैं। ज्ञात हो कि खूंटी और तोरपा के विश्व हिंदू परिषद के कई कार्यकर्ता दो फरवरी को श्रीरामलला के दर्शन के लिए अयोध्या गए थे। सोमवार को सभी कार्यकर्ता अयोध्या नगरी का दर्शन कर वापस खूंटी लौट आये।

## इटकी में मैट्रिक परीक्षा की तैयारी पूरी, चार परीक्षा केंद्रों में 1159 परीक्षार्थी लिखेंगे परीक्षा

इटकी (आजाद सिपाही)। इटकी में झारखंड अदिविदय परिषद द्वारा छह फरवरी से आयोजित मैट्रीक परीक्षा की सभी प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गयी है। इटकी में मैट्रीक के 2024 के परीक्षा को सफल रूप से संचालन के लिए विभाग द्वारा चार परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। इन परीक्षा केन्द्रों में कुल 1,159 मेट्रीक परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। जिसमें शंकरी उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र में 349, राजकीय वालिका उच्च विद्यालय में 226, संत एग्नेश वालिका उच्च विद्यालय में 418 जबकि संत एग्नेश वालिका मध्य विद्यालय में 166 परीक्षार्थी परीक्षा लिखेगें। प्रशासन द्वारा कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण महौल में परीक्षा संचालन को लेकर बड़ी तैयारी की गयी है। विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए दंडाधिकारी, पुलिस अधिकारी के साथ शस्त्र बल तैनात रहेंगे। केंद्रों में सीसी कैमरा लगाये जा चुकें है। बीडीओ गौतम प्रसाद साहू ने जानकारी दी कि मैट्रिक की सैद्धातिंक परीक्षा छह फरवरी से 26 फरवरी तक प्रथम पाली पूर्वाहन 9.45 बजे से अपराह 1.00 बजे तक ली जायेगी । परीक्षा केन्द्र में किसी प्रकार का इलेक्ट्रानिक समान जैसे कैलकुलेटर, पेजर, ब्लू टूथ, ट्रांसमीटर, स्कैनर और मोबाईल आदि ले जाना वर्जित रहेगा। नियम का पालन नही करने वालों पर न्याय संगत कड़ी कानूनी कारवाई की जायेगी।

## बुंडू में नेत्र जांच शिविर का आयोजन

बुंडू(आजाद सिपाही)। सोहनलाल पाटनी सेवा संस्था बुंडू और भगवान महावीर ऑई केयर राची के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल बुंडू में नेत्र जांच शिविर लगाया गया। शिविर में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों की जांच की गयी मरीजों को संस्था ने नि:शुल्क आई ड्रॉप और दवाइयों का वितरण किया। इस शिविर के दौरान विद्यालय के प्राचार्य सुभाष कुमार पाटनी ने कहा कि नेत्र की जांच कराते रहने से गंभीर समस्या उत्पन्न नहीं होती है, इसी उद्देश्य के साथ विद्यालय में इस नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के दौरान भगवान महावीर ऑई केयर के चिकित्सक और सहयोगी उपस्थित थें।बच्चों ने भी इस कैंप में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हुए अपने आंखों का उपचार कराया।

## नये छात्रों का स्वागत सह गुरु सम्मान समारोह का आयोजन

बुंडू (आजाद सिपाही)। पांच परगना किसान कॉलेज बुंडू में सोमवार को नये छात्रों का स्वागत सह गुरु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह का प्रारंभ शिक्षकों का स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में सेवानिवृत शिक्षक प्रो. भूतनाथ प्रमाणिक, प्रो. हंस कुमार डॉ दीनबंधु महतो, प्रो. विनोद कुमार केशरी को सम्मानित किया गया साथ ही जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा के नये छात्रों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में डॉ. वासुदेव महतो ने सेवानिवृत शिक्षकों के योगदान को संक्षिप्त रूप में बताया। पांच परगना किसान कॉलेज बुंडू के प्राचार्य मुकुल कुमार ने सेवानिवृत शिक्षक के योगदान को बताया और नये छात्रों को आशीर्वचन और छात्रों के हर समस्या को निराकरण करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन पो सबरन सिंह मुंडा ने और धन्यवाद ज्ञापन पो कृष्ण सिंह मुंडा ने किया। इस दौरान महाविद्यालय के पो महावीर सिंह मुंडा, पो सुषमा उरांव, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए।

## मैट्रिक परीक्षा आज से शुरू, सोनाहातू में 4 और राहे में 2 केंद्र बनाये गये

सोनाहातू/राहे (आजाद सिपाही)। मैट्रिक परीक्षा 2024 को लेकर प्रखंड के शिक्षा विभाग और प्रखंड प्रशासन ने तैयारी पूरी कर लिया है। सोनाहातू प्रखंड से 1045 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे तथा रहे प्रखंड से 616 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। सोनाहातू के 4 केंद्र, एसएस हाई स्कूल सोनाहातू में हाई स्कूल जामुदाग और हाई स्कूल बारेंदा के 318 परीक्षार्थी शामिल होंगे ।बालक मध्य विद्यालय सोनाहातू में हाई स्कूल लांदुपडीह और कस्तूरबा स्कूल के 239 परीक्षार्थी शामिल होंगे। हाई स्कूल जामुदाग में हाई स्कूल बारेडीह, हाई स्कूल बारेंदा, हाई स्कूल दुलमी के 265 बच्चे शामिल होंगे। बाजारटांड़ मिडिल स्कूल में एसएस हाई स्कूल के 223 बच्चे शामिल होंगे। राहे प्रखंड में दो परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं मिडिल स्कूल राहे में 247 तथा हाई स्कूल राहे में 369 बच्चे शामिल होंगे। पहले दिन मंगलवार को वोकेशनल की परीक्षा होगी। 10 फरवरी तक एक्षिक विषय की परीक्षा होगी।12 फरवरी से सामान्य परीक्षा प्रारंभ होगी, जिसमें सभी बच्चे सम्मिलित होंगे।

# जैक की मैट्रिक और इंटर की परीक्षा आज से शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी ।** जैक की मैट्रिक और इंटर परीक्षा मंगलवार से शुरू हो जायेगी। इसको लेकर खलारी प्रखंड में भी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। खलारी प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार ने मैट्रिक सेंटर एसीसी हाई स्कूल का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया।वही सभी केंद्र अधीक्षक जोनल दंडाधिकारी और स्टेटिक दंडाधिकारी को चयन कर लिया गया है। मैट्रिक की परीक्षा सुबह 9:45 बजे से दोपहर 01:05 बजे तक और इंटर की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम 05:20 बजे तक चलेगी। सभी परीक्षा केंद्र में पर सीसीटीवी सहित स्टेटिक व जोनल दंडाधिकारियों की निगरानी में परीक्षा होगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस जवान मौजूद रहेंगे।

# राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल हुए रांची ग्रामीण युवा कांग्रेसी



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान सोमवार को रामगढ़, चुटूपालू व इरबा होते हुए रांची पहुंचे। इस क्रम में रांची ग्रामीण युवा कांग्रेस के बैनर तले अध्यक्ष अमरनाथ मुंडा एवं रिषु कुजूर के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता राहुल गांधी का स्वागत करने रांची स्थित धुर्वा शहीद मौदान पहुंचे थे। जिसमें सुरेश कुमार, श्याम मुंडा, रामभजन सिंह मुंडा, शशिकांत कुमार, अमित खलखो, विनित सिंह, हशिब अंसारी, अल्ताफ अंसारी, असणा मिंज, तौकीर खान, हशिब शाह, नदीम राही, नितीश पांडे, इनामूल अंसारी आदि शामिल थे।

# राहुल गांधी की भारत जोड़ा न्याय यात्रा में शामिल हुए नगड़ी के कांग्रेसी



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा में नगड़ी प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष सहाबीर लोहरा के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए। इसमें अख्तर अंसारी, कलीम अंसारी, शक्ति महतो, शाहनवाज अंसारी, महावीर नायक, नीलम तिग्गा, निरुपमा तिग्गा, अनीता तिग्गा, शकील अंसारी, परवेज अंसारी, गुलशन टोप्पो, रश्मि तिर्की, कविता मिंज, चमरू उरांव, अशरफुल अंसारी, माहिर अंसारी, विश्व तिर्की, अनमोल तिर्की, अर्चना देवी, उषा देवी, रमजान अंसारी आदि शामिल थे।

# दो स्कूलों में ताला तोड़कर चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिठोरिया।** उमेडंडा डॉ राम मनोहर लोहिया प्लस टू उच्च विद्यालय में स्मार्ट क्लास के ग्रिल को तोड़कर रविवार की रात चोरों ने चोरी कर लिया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ अमरेंद्र कुमार ने इस बाबत बुढमू थाना में प्राथमिक दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। इस घटना से स्कूल की सुरक्षा को लेकर शिक्षक खासे चिंतित हैं। दूसरी ओर, पिठोरिया के प्रेम मंजरी उच्च विद्यालय में भी रविवार की रात को चोरों की ओर से कार्यालय का दरवाजा खोलकर इंवर्टर, इंडेक्सन और शैक्षणिक कागजातों की चोरी की गई है। इस संबंध में पिठोरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

# डॉ आशा रानी लकड़ा का विद्यार्थियों ने किया स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** करमचंद भगत महाविद्यालय के नए बरसर डॉ आशा रानी लकड़ा को सोमवार को इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं ने पुष्प गुच्छा देकर स्वागत किया। मौके पर मानू टोपनो, सिमरन, जय, मुन्नी, सुनैना, आकृति, रीता कुमारी, अनूप, कालंद्री कुमारी, आराधना कुमारी, प्रियंका कुमारी, बिना कुमारी, निर्मला कुमारी, महिमा खलखो, विमला कुमारी, भाग्यश्री कुमारी और फूलमानी कुमारी आदि उपस्थित थे।

# आजमीने हज के 17 लोगों का की गयी मेडिकल जांच



आजाद सिपाही संवाददाता

**चान्हो।** मरकजी तबियत्ती शिविर बलसोकरा की ओर से चान्हो के बीजूपाड़ा खलारी रोड स्थित मेडीकाना हॉस्पिटल में सोमवार को हज में जाने वाले 17 लोगों का मेडिकल जांच किया गया। डॉक्टर हनीफ, डॉक्टर ताल्हा और डॉक्टर लाल स्वाती ने जांच किया। हज में जाने वाले लोग कुडू, लोहरदगा, चान्हो, मांडर, इटकी आदि जगहों से आए थे। हज में जाने वाले की खातिरदारी में तबियत्ती मरकज बलसोकरा के सचिव मास्टर साजिद, हाजी सरफराज, हाजी एहसान, हाजी इमरान, समाजसेवी जावेद अख्तर और जामिया अरबिया मदीनतुल उलूम कस्बा टांगर के छात्र मौजूद थे। मौलाना अबुल कलाम आजाद ने हजयात्रियों से इस देश में अमन व शांति के लिए दुआ करने की अपील की।

## बालू की किल्लत से सबसे ज्यादा ठेकेदारों को नुकसान

# बालू की किल्लत से विकास कार्य पूरी तरह ठप: अनुप सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** राज्य सरकार द्वारा बालू घाटों पर खुदाई, उठाव एवं ढुलाई पर प्रतिबंध लगाने से रांची जिले में संचालित सरकारी, गैर सरकारी एवं रेलवे विकास योजनाएं पूरी तरह से ठप है। *आजाद सिपाही* से बात करते हुए टाटीसिलवे निवासी बालू व्यवसाई अनूप सिंह ने बताया कि बालू की किल्लत से सबसे ज्यादा ठेकेदारों को नुकसान हो रहा है। ठेकेदारों पर योजनाओं को समय पर पूरा करने की बाध्यता होती है। लेकिन बालू की किल्लत के कारण वे कुच नहीं कर पा रहे हैं। कहीं-कहीं चोरी छिपे बालू मिल भी रही है तो पूर्व की दरों से चार गुना ज्यादा कीमत पर मिल रही है। बालू नहीं मिलने के कारण मजदूर पलायन कर रहे हैं। सीमेंट, ईट एवं छड़ की बिक्री भी नहीं के बराबर हो रही है। ट्रैक्टर, टर्बो चालक एवं मजदूरों के समक्ष विकट स्थिति उत्पन्न हो गयी है। वहीं, पीसीसी सड़क, अपार्टमेंट, निजी भवन निर्माण आदि कार्यों पर ग्रहण सा लग गया है।



बालू घाट पर ट्रैक्टर से बालू उठाव की तस्वीर।

# भाजपा सिद्धांतों और आदर्शों पर चलने वाली पार्टी : सुरेंद्र महतो

**भाजपा नेता ने किया परिचय सह सम्मान समारोह का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** नामकुम प्रखंड के जिप सदस्य सह भाजपा नेता रामअवतार केरकेट्टा ने सोमवार को गोंदलीपोखर स्थित होटल बाबा पैलेस में परिचय सह सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें विशेष रूप से नवनियुक्त भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, वरिष्ठ नेता अजय महतो, नरेश साहू, प्रमोद सिंह, जिप सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा, अनुराधा मुंडा, आजसू के सज्जाद आलम, फिरोज खान सहित क्षेत्र के पत्रकार व समाजसेवी उपस्थित हुए। भाजपा नेता रामअवतार केरकेट्टा ने नवनियुक्त भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो के अलावा उपस्थित सभी भाजपा नेताओं, पत्रकारों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र एवं डायरी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सुरेंद्र महतो ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जहां चाय बेचने वाला प्रधानमंत्री बन सकता है। यह सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित दल है। यह किसी परिवार, जाति या वर्ग विशेष की पार्टी नहीं है। इस दल में बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं का भी काफी मान-सम्मान और महत्व है। रामअवतार केरकेट्टा ने कहा कि पार्टी संगठन के माध्यम से जनता की सेवा करना ही उनका मुख्य उदेश्य है। संचालन मनोज कुमार चौधरी ने किया। मौके पर रामनाथ महतो, रामसाय मुंडा, राजेंद्र महतो, गोरखनाथ सिंह आदि मौजूद थे।



# लापुंग प्रखंड संसाधन केंद्र में 3 शिक्षकों को दी गयी विदाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** प्रखंड संसाधन केंद्र में अजप्टा लापुंग प्रखंड कमेटी व अन्य शिक्षकों के संयुक्त तत्वावधान में सेवानिवृत्त होने वाले तीन सरकारी शिक्षकों को समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। इस अवसर पर लापुंग के बीडीओ इमानुएल जयवीरस लकड़ा ने कहा कि सरकारी नौकरी करना और बेदाग रहकर सेवानिवृत होना किसी चुनौती से कम नहीं है। कहा कि सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों द्वारा निभाए गए कर्तव्यों का अनुशरण बाकि सभी शिक्षकों को करने की जरूरत है। सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों में राजेंद्र प्रसाद, नागेश प्रसाद एवं ज्योति कुमार शामिल हैं, जिन्हें मोमेंटो और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बीपीओ लीलावती तिर्की, बीआरपी रेशम शाहदेव, सीआरपी मनोज कुमार, सुनील कुमार गुप्ता, अजीत कुमार सिंह, मंटू कुमार साहू, सहायक अध्यापक संघ के अध्यक्ष लाल दिलीप कुमार सिंह, भुवंजय साहू, बुधनाथ मुंडा, मो समीउल्लाह हक, राणा जितेंद्र, जुबैर अंसारी, उपेंद्र सिंह, संजय कुमार सिंह, उदय कुमार, प्रकाश उरांव आदि शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजप्टा लापुंग प्रखंड के अध्यक्ष अरुण कुमार नायक और संचालन अजय कुमार सिंह ने किया।

# जंगली हाथी ने खिरदा स्कूल का दरवाजा तोड़ा, खाया चावल



खिरदा राजकीय प्राथमिक विद्यालय में हाथी द्वारा छीटा गया चावल।

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली हाथियों का उत्पात जारी है। हाथी लगातार तबाही मचा रहे हैं। रविवार की देर रात करीब दो बजे एक जंगली हाथी ने खिरदा राजकीय प्राथमिक विद्यालय का दरवाजा तोड़ दिया और स्कूल में रखे मध्याह्न भोजन का चावल खाकर व छींटकर बर्बाद कर दिया। प्रधानाध्यापक सुधीर वेक ने बताया कि हाथी ने स्कूल के दरवाजे को तोड़ दिया और दो बोरा चावल खा गया। वहीं, किसान पंकज कुजूर ने बताया कि एक हाथी पूरे प्रखंड के गांवों में उत्पात मचा रहा है। वन विभाग द्वारा अभी तक जंगली हाथियों से ग्रामीणों को निजात दिलाने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

## सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई

# सकारात्मक सोच के साथ नदी की धार की तरह आगे बढ़ें, सफलता जरूर मिलेगी: मनोज चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** गेतलसूद सरस्वती विद्या मंदिर में सोमवार को समारोह आयोजित कर 10वीं के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। समारोह के भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी बतौर मुख्य अतिति के रूप में शामिल हुए। इससे पहले कार्यक्रम की शुरूआत मनोज कुमार चौधरी एवं प्राचार्य सेवाराम महतो ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर 9वीं के विद्यार्थियों ने विदाई गीत एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वहीं 10वीं के विद्यार्थियों ने स्कूल में बिताए अपने खट्टे-मीठे अनुभवों को साझा करते हुए हंसी ठिठौली के पल को याद किया। मनोज कुमार चौधरी ने विद्यार्थियों को बेहतर करने की शुभकामनाएं दी। कहा कि छात्र जीवन के लिए 10वीं की परीक्षा काफी अहम होती है। इस परीक्षा में बेहतर सफलता मिलने पर ही कैरियर को सवांरनें में मदद मिलती है। इस विद्यालय के छात्र-छात्राएं अव्वल हैं। सकारात्मक सोंच और लक्ष्य के साथ नदी की धार की तरह आगे बढ़ें सफलता कदम चुमेगी। समय की पाबंदी को महत्व देते हुए जिसने भी समय को पकड़ लिया वह आगे बढ़ जाता है। प्राचार्य सेवाराम महतो ने कहा कि आपके कंधों पर देश का भविष्य है। कठिन परिश्रमी बनें और हमेशा अच्छा करने की सोंच रखें। मौके पर आचार्य रामचंद्र महतो, विरेंद्र कुमार यादव, सुखदेव महतो, रंजीत महतो, बेबी रानी महतो, सुधा गोस्वामी, राधा महतो, शिवशंकर महतो आदि मौजूद थे।



विदाई समारोह में उपस्थित 10वीं की छात्राएं, शिक्षक व अन्य।

# शहीद वीर बुधू भगत स्मारक समिति की बैठक में लिये गये कई निर्णय



आजाद सिपाही संवाददाता

**चान्हो।** प्रखंड अंतर्गत सिलागाई में शहीद वीर बुधु भगत की जयंती समारोह पर 17 फरवरी को लगने वाले मेले की तैयारी को लेकर सोमवार को वीर बुधु भगत स्मारक समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता शिवपूजन भगत और समाज सेवी डॉ परमेश्वर भगत ने किया। बैठक में जयंती समारोह सह विकास मेले की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। स्मारक समिति की ओर से स्मारक स्थल के सुंदरीकरण करने, समारोह का प्रचार प्रसार करने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत ने कहा कि वीर बुधू भगत देश के पहले स्वतंत्रता सेनानी थे, जिनपर अंग्रेजों ने 1000 रुपए ईनाम रखे थे। वीर बुधू भगत की पहचान राष्ट्रीय स्तर तक दिलाने की जरूरत है। मौके पर शहीद वीर बुधू भगत स्मारक समिति के मुख्य संरक्षक डॉ परमेश्वर भगत, अध्यक्ष शिवपूजन भगत, महासचिव गोपाल भगत, रघुनाथपुर पूर्व मुखिया सुनील उरांव, पूर्व सरपंच अब्दुल गफ्फार, प्रवीण गोप, अनामुल अंसारी, रामधनी भगत, अल्फ्रेड मिंज एवं स्मारक स्थल के सभी पदाधिकारी-ग्रामीण उपस्थित हुए।

# झारखंड में केंद्र सरकार चला रही है नि:शुल्क डायलिसिस केंद्र : केंद्रीय मंत्री

**रांची (आजाद सिपाही)।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की ओर से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम आरंभ किया गया है। इसका उद्देश्य देश के सभी जिला अस्पतालों में बीपीएल लाभार्थियों को निःशुल्क डायलिसिस सेवा उपलब्ध कराना है। इसके माध्यम से किडनी के ऐसे मरीज जो डायलिसिस की राशि का वहन नहीं कर सकते, उन्हें निःशुल्क डायलिसिस कराया जाता है। इस आशय की जानकारी केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री प्रो एसपी सिंह बघेल ने लोकसभा में सोमवार को दी। लोकसभा में रांची के सांसद संजय सेठ ने यह सवाल पूछा था कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के लक्ष्य और उद्देश्य क्या है और झारखंड में इस कार्यक्रम को कहां लागू किया गया है। कितने लोगों ने इसका लाभ लिया है। सांसद ने यह भी पूछा था कि इसके लाभार्थियों की संख्या क्या है और योजना के संचालन में झारखंड में सरकार के द्वारा अब तक कितनी राशि खर्च की गयी है। इसके जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि वर्ष 2020 से पेरीटोनियल डायलिसिस को भी इसमें शामिल किया गया है। वन नेशन वन डायलिसिस कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम का एक पोर्टल भी विकसित किया गया है, जो देश के सभी राज्यों में कार्यशील है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि झारखंड में इस योजना का क्रियान्वयन पीपीपी मोड में किया गया है और राज्य के सभी 24 जिलों में 24 डायलिसिस केंद्र आरंभ किये गये हैं। इन 24 डायलिसिस केंद्रों में 88 हीमोडायलिसिस मशीन के जरिये बीपीएल परिवारों को निःशुल्क डायलिसिस उपलब्ध कराया जा रहा है। झारखंड में अब तक 14701 लोगों को मुफ्त डायलिसिस की सुविधा प्रदान की गयी है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान झारखंड में प्रधानमंत्री डायलिसिस कार्यक्रम के तहत तीन करोड़ 24 लाख खर्च किये गये हैं। सांसद ने इस योजना के झारखंड में क्रियान्वयन को लेकर भारत सरकार के प्रति आभार जताया और यह भी आग्रह किया कि मरीजों की बढ़ती संख्या के अनुपात में इसका क्रियान्वयन और बेहतर तरीके से हो सके। इसके लिए राज्य सरकार को निर्देशित किया जाये।

# अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

**रांची (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक अरगोड़ा स्थित लेक गार्डन में राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर मेहता की अध्यक्षता में संपंन हुयी। बैठक में कुशवाहा समाज के सर्वांगीण विकास के साथ कइ मुद्दों पर चर्चा की गयी। इसमें कुशवाहा समाज के संगठनात्मक विस्तार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्य सत्ता प्राप्ति के लिये रणनीति बनाने के संबंध में चर्चा की गयी। राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर मेहता ने कहा कि कुशवाहा समाज के गौरवशाली इतिहास को पुनः स्थापित करने के लिये राष्ट्रीय स्तर एवं राज्य स्तर पर संगठन के स्वरूप को मजबूत किया जायेगा। साथ ही जन जागृति की दिशा में ठोस पहल किया जायेगा। राष्ट्रीय स्तर पर सदस्यता अभियान चलाकर पूरे देश में एक-एक कुशवाहा को जोड़ा जायेगा। प्रदेश अध्यक्ष राजू मेंहता ने कहा कि झारखंड में कुशवाहा समाज का संगठन में बिखराव है। इसे संगठित करने का कठिन दायित्व है। यहां लोगों को जागृत कर संगठित किया जायेगा। राज्य के जनसंख्यात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये कुशवाहा महासभा दृढ संकल्प होगा। श्री महतो ने कहा कि राजनीतिक दलों द्वारा कुशवाहा समाज की उपेक्षा करने पर कुशवाहा महासभा अपना उम्मीदवार भी खड़ा करेगी। कार्यक्रम में बिहार प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा, राजस्थान के अध्यक्ष गजानन सैनी, पश्चिम बंगाल के अध्यक्ष उदय कुमार, मध्य प्रदेश के अध्यक्ष बैजनाथ पटेल, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष यशोदा देवी, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष अमन कुशवाहा, पिछड़ा आयोग वर्ग के नंदकिशोर मेहता, प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र मेहता, जमशेदपुर के ओमप्रकाश छत्रधारी, राजीव रंजन, सुबोध कुशवाहा, अमनजीत कुशवाहा, कमलकांत वर्मा, महिला अध्यक्ष सुषमा देवी, राजीव लोचन महतो, मंजू राज मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय महासचिव नीरज कुशवाहा और धन्यवाद का ज्ञापन कार्यालय सचिव अनिल कुशवाहा ने किया।

# नौ को रिजील होनेवाली एक अनोखी फिल्म है मिर्ग, जरूर देखें : अनूप सोनी

**रांची (आजाद सिपाही)।** बॉलीवुड फिल्म मिर्ग को लेकर रांची के अमेटी यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अभिनेता अनूप सोनी, एक्टर और प्रोड्यूसर श्वेताभ सिंह, डायरेक्टर तरुण शर्मा और प्रोड्यूसर ऋषि आनंद ने छात्रों के साथ संवाद किया। इस अवसर पर अभिनेता अनूप सोनी ने कहा कि इस फिल्म के हर एक किरदार की अपनी एक कहानी है उन्होंने कहा ये हमने नहीं सोचा था कि इस फिल्म को थिएटर में रिलीज करेंगे, पर आज हमें मौका मिला है कि आज हम इस फिल्म को थिएटर में रिलीज कर पा रहे हैं। किसी भी फिल्म को बड़े पर्दे पर देखने का एक मजा ही अलग होता है। हम कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह एक रूटीन फिल्म नहीं है, क्योंकि इसमें गाने नहीं है। मगर उसकी कमी आपको फिल्म में महसूस नहीं होगी, क्योंकि फिल्म एक अलग तरह की कहानी कहती है।

*
ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

06 फरवरी, 2024
माघ, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 107

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही







# चंपाई पर विश्वास, फ्लोर टेस्ट पास

**विधायक**
**47 पक्ष में**
**29 विरोध में**

- भाजपा, झामुमो और निर्दलीय से एक-एक सदस्य गैरहाजिर
- निर्दलीय सरयू राय ने वोट नहीं डाला

आजा सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में चंपाई सोरेन सरकार ने विश्वास मत जीत लिया। चंपाई सोरेन के मुख्यमंत्री पद पर शपथ लेने के बाद विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र बुलाया गया था। विश्वास मत के दौरान गठबंधन दल (झामुमो, कांग्रेस, राजद) के विधायकों ने एकजुटता दिखायी। माले भी इनके साथ रहा। चंपाई सरकार के पक्ष में 47 वोट पड़े, वहीं विपक्ष की एनडीए (भाजपा और आजसू) की तरफ से 29 वोट पड़े। भाजपा, झामुमो का एक-एक विधायक बीमारी की वजह से और एक निर्दलीय विधायक अमित कुमार गैरहाजिर रहे। वहीं निर्दलीय सरयू राय सदन में थे, लेकिन वोटिंग नहीं की।

गौरतलब है कि हेमंत सोरेन ने 31 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) द्वारा हिरासत में लेने के बाद इस्तीफा दे दिया था। गठबंधन दल ने चंपाई सोरेन को नेता चुना और राज्यपाल के पास सरकार बनाने का दावा पेश किया। राज्यपाल ने 2 फरवरी को चंपाई सोरेन को मुख्यमंत्री और आलमगीर आलम और सत्यानंद भोक्ता को मंत्री पद की शपथ दिलायी। सरकार को 10 दिन के अंदर विश्वास मत हासिल करना था। इसके लिए 5 और 6 फरवरी को विशेष सत्र बुलाया गया।

सत्र का पहला दिन राज्यपाल सीपीराधाकृष्णन के अभिभाषण से शुरू हुआ। राज्यपाल के अभिभाषण के बाद मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने अपनी सरकार पर विश्वास मत प्रस्ताव रखा। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने इस पर चर्चा के लिए 1 घंटा 10 मिनट का समय निर्धारित किया। सदन में दलगत स्थिति के आधार पर बोलने के लिए दलों के नेताओं का समय निर्धारित किया। सबसे पहले मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने विश्वास मत पर अपना विचार रखा। इसके बाद झामुमो से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, भाजपा से (नेता प्रतिपक्ष) अमर बाउरी, कांग्रेस से आलमगीर आलम, आजसू के सुदेश महतो, माले से विनोद सिंह, झाविमो से प्रदीप यादव (चूंकि सदन में झाविमो नेता ही मान्य हैं) ने अपनी बात रखी। इसके बाद दोपहर दो बजे वोटिंग हुई।



### विधानसभा में वोटिंग का गणित

विधानसभा में कुल 81 सीटे हैं। बहुमत के लिए 41 सीट की जरूरत होती है। एक सीट गांडेय विधानसभा क्षेत्र की खाली है। भाजपा के इंद्रजीत महतो और झामुमो के रामदास सोरेन इलाजरत हैं। इसलिए वे वोटिंग में शामिल नहीं हुए। वहीं, निर्दलीय विधायक अमित यादव गैरहाजिर रहे, तो निर्दलीय सरयू राय तटस्थ रहे। उन्होंने वोट नहीं डाला। कुल 76 सदस्य वोटिंग में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष ने सरकार पर विश्वास के पक्ष में सदस्यों को खड़ा कर गिनती करायी, फिर विपक्ष के सदस्यों की गिनती हुई। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने 47 वोट पाकर सदन का विश्वास सरकार के प्रति जीत लिया।

## हेमंत बाबू है, तो हिम्मत है : चंपाई सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने अपने विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा हेमंत सोरेन के नाम से शुरू की। उन्होंने कहा कि हेमंत बाबू है, तो हिम्मत है। वर्ष 2019 में हेमंत सोरेन की सरकार बनने के बाद से ही उसे गिराने की साजिशें शुरू हो गयी थीं। उनके नेतृत्व को कुशल नेतृत्व करार दिया। उन्होंने कहा कि जब कोरोना वायरस ने दस्तक दी, तो पूरी दुनिया थम गयी थी। भारत में भी लॉकडाउन लगा दिया गया। लोग जहां थे, वहीं रह गये। हमारे युवा नेता हेमंत सोरेन ने किसी प्रवासी मजदूर को कोई तकलीफ नहीं होने दी। किसी को भूख से नहीं मरने दिया। बस से, ट्रेन से उन्हें अन्य राज्यों से झारखंड लाये। ऐसे मजदूर जो हवाई चप्पल और लुंगी पहनते थे, उनके लिए भी हेमंत बाबू ने हवाई जहाज की व्यवस्था की। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश के खनिज का इस्तेमाल देश के अलग-अलग हिस्से में हुआ। यहां की संपदा ने गुजरात, महाराष्ट्र जैसे राज्यों को समृद्ध किया। वहीं, हमारे आदिवासी-मूलवासी विस्थापित हुए। हेमंत सोरेन ने इसकी चिंता की। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने हमें संघर्ष करना सिखाया। वही मेरे आदर्श हैं। उन्होंने केंद्र की वर्तमान सरकार को 'महाराज' की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि 2019 में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार झारखंड में बनी। मुख्यमंत्री रहते जमीन घोटाला मामले में उनको गिरफ्तार कर लिया गया। किसी खाते में उनका नाम नहीं है, फिर भी उनको जेल जाना पड़ा। उन्होंने कहा कि जब-जब झारखंड के आदिवासी नेतृत्व की क्षमता बढ़ती है, उन पर शिकंजा कसने की कोशिश शुरू हो जाती है। बाबा तिलका माझी का इतिहास हो या सिदो-कान्हू, चांद-भैरव, फूलो-झानो का इतिहास हो। पोटो हो का इतिहास हो या भगवान बिरसा मुंडा का इतिहास। आदिवासियों की सामाजिक व्यवस्था जल-जंगल-जमीन को बचाने की कोशिश की, तो पूरी दुनिया ने देखा कि उनके साथ क्या हो रहा है। चंपाई सोरेन ने कहा कि एक आदिवासी नेता बंधु तिर्की को पांच लाख रुपये के नाम पर सदस्यता गंवानी पड़ी। वहीं, भानु प्रताप शाही के सात करोड़ रुपये इडी ने जब्त किये, लेकिन वह यहां हैं। भानु प्रताप भाजपा में चले गये, इसलिए उन्हें नहीं पकड़ा गया। वहीं, हमारे हेमंत बाबू के खिलाफ कोई केस न होते हुए भी, उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उनकी गलती यही थी कि वह झारखंड को और झारखंड के आदिवासियों-मूलवासियों को आत्मनिर्भर बनाना चाहते थे। म्रुयमंत्री ने इडी, सीबीआइ और आइटी पर भी गंभीर आरोप लगाये। उन्होंने कहा कि ये केंद्रीय एजेंसियां केंद्र की सरकार के इशारे पर काम करतीं हैं। यह लोकतंत्र के लिए खतरा है। बाबा भीमराव आंबेडकर और जयपाल सिंह मुंडा ने जो संविधान बनाया था, उसकी रक्षा के लिए, लोकतंत्र को बचाने के लिए हमें आपके समर्थन की जरूरत है।

### हेमंत सोरेन आदिवासी लीडर आदिवासियों के नहीं : बाउरी

रांची (आजाद सिपाही)। प्रतिपक्ष के नेता अमर हाउरी ने सदन में सरकार पर विश्वास के विपक्ष में बात रखी। उन्होंने कहा कि इन्हें नहीं पता है कि राज्यपाल का अभिभाषण केंद्र सरकार लिख कर नहीं देती है, राज्य सरकार लिख कर देती है। राज्यपाल के भाषण के दौरान सत्ता पक्ष के विधायकों की हूटिंग सही नहीं है। हेमंत सोरेन आदिवासी लीडर हो सकते हैं, लेकिन आदिवासियों, दलित और पिछड़े वर्ग के लीडर नहीं हो सकते हैं। केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद कहीं भी राष्ट्रपति शासन नहीं लगा। उन्होंने सरकार पर जम कर निशाना साधा।

## 8.5 एकड़ जमीन का कागज दिखा दे, तो राजनीति क्या, झारखंड छोड़ कर चला जाऊंगा: हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विधानसभा में चंपाई सोरेन सरकार के विश्वासमत में शामिल हुए। विश्वास मत के प्रस्ताव पर अपनी बात रखते हुए उन्होंने जो कुछ कहा, उसे हूबहू यहां रखा जा रहा है।

### हेमंत सोरेन ने 23 मिनट दिया भाषण



### करोड़ों डकारने वाले का बाल बांका करने की औकात नहीं

इडी, सीबीआइ, इनकम टैक्स, जिन्हें देश की संवेदनशील व्यवस्थाएं कहा जाता है, जहां करोड़ों करोड़ रुपये इनके सहयोगी डकार कर विदेश में जाकर बैठे हैं, उनका एक बाल भी बांका करने की इनकी औकात नहीं है। इनके पास औकात है देश के आदिवासी, दलित, पिछड़ों के ऊपर और बेगुनाह लोगों पर अत्याचार करना। आज मुझे किसलिए अरेस्ट किया गया साढ़े आठ एकड़ जमीन के घोटाले में। अगर है हिम्मत तो सदन में कागज पटक कर दिखायें कि साढ़े आठ एकड़ की जमीन हेमंत सोरेन के पास है। अगर होगी, तो उस दिन से मैं राजनीति से इस्तीफा दे दूंगा।

### 31 तारीख की रात लिखा गया काला अध्याय, राजभवन भी शामिल रहा

अध्यक्ष महोदय, मैं आज इस सदन में आदरणीय चंपाई सोरेन जी के विश्वास मत का हिस्सा बन रहा हूं और हमारी पूरी पार्टी और पूरा गठबंधन दल आदरणीय चंपाई सोरेन जी को समर्थन करता है। मैं कहना चाहूंगा कि 31 जनवरी की काली रात, काला अध्याय देश के लोकतंत्र में नये तरीके से जुड़ा है। 31 तारीख की रात को देश में पहली बार किसी मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी हुई हो, ऐसा मेरे संज्ञान में नहीं है। मुझे लगता है कि यह पहली घटना है... और मुझे लगता है इस घटना को अंजाम देने में कहीं ना कहीं राजभवन भी शामिल रहा है। जिस तरीके से यह घटना घटित हुई है, मैं बहुत आश्चर्यचकित हूं। इसलिए कि मैं एक आदिवासी वर्ग से आता हूं, नियम कायदे कानून की जानकारी का थोड़ा अभाव रहता है। बौद्धिक क्षमताएं अभी हमारे विपक्ष के बराबर हम लोगों की नहीं हैं। लेकिन सही गलत की समझ तो हर इंसान भी रखता है, हर जानवर भी रखता है। अध्यक्ष महोदय, बड़े सुनियोजित तरीके से, बड़े लंबे समय से, 2022 से 31 तारीख को दिये गये अंजाम की पटकथा लिखी जा रही थी। बड़े तरीके से उस पकवान को बहुत धीमी आंच में पकाया जा रहा था। लेकिन यह इनकी जो पकवान है, यह पकने को तैयार नहीं। लेकिन येन केन प्रकारेण इन्होंने इस आधे अधूरे पकवान को अपने लिए परोसा और बड़े सुनियोजित तरीके से मुझे अपनी गिरफ्त में लिया है।

### आदिवासियों-दलितों के प्रति इतनी घृणा!

कहीं ना कहीं ऐसा लगता है अध्यक्ष महोदय कि बाबा भीमराव अंबेडकर जी का जो सपना था कि सभी जात धर्म के लोग एक समान प्लेटफार्म पर आयें और बराबरी से साथ चलें। मुझे लगता है कि जिस तरीके से बाबा भीमराव अंबेडकर जी को भी अपना समाज छोड़ कर बौद्ध धर्म अपनाना पड़ा, ऐसे ही आदिवासी, दलितों के साथ भी आनेवाले भविष्य में करने की तैयारी हो रही है। बड़े सुनियोजित तरीके से अनेकों कालखंड को देखें अध्यक्ष महोदय, इन आदिवासी, दलित, गरीब, पिछड़े, अल्पसंखयक के ऊपर अत्याचार हुए हैं। वह अत्याचार नये-नये चेहरे, नयी-नयी शक्ल में दीखते रहे हैं। आज उसी का जीता जागता उदाहरण 31 जनवरी की रात को देखने को मिला है। आज कहीं न कहीं इन वर्गों के प्रति, जो हमारी सत्ता पक्ष के प्रति, इतनी घृणाएं हैं, न जाने इतनी घृणा इन्हें कहां से मिलती है, यह हमारी समझ से परे है। इतनी घृणा, इतना द्वेष आदिवासी, दलितों के प्रति। आपको अंदाजा होगा इन्हीं के पाले हुए तंत्र यह कहते शर्माते नहीं कि ये जंगल में थे, तो जंगल में ही इन्हें रहना चाहिए। हम जंगल से बाहर आ गये, इनके बराबर बैठ गये, तो इनके कपड़े मैले होने लगते हैं। ये हमें अछूत समझते हैं। इसी विडंबना को तोड़ने के लिए हमने प्रयास किया था अध्यक्ष महोदय। झारखंड आदिवासी, दलितों, पिछड़ों का राज्य है। इन सभी वर्गों को आगे बढ़ने का, इनका मार्ग प्रशस्त करने में हमने कोई कमी नहीं की।

### उन्हें समझना चाहिए, यह झारखंड है

इनका बस चले तो हम अभी भी जंगल में जाकर के वहीं 50-100 साल पुरानी जिंदगी को जीयें। मुझे इसका आभास था अध्यक्ष महोदय। जो इनके अंदर छुपी कुंठा है वह आये दिन यह बयां करती थी। इनके बयानों से, इनके आक्रमणों से, लेकिन हमने हार नहीं मानी है। इन्हें लगता है कि मुझे जेल की सलाखों के अंदर डाल कर, ये अपने मंसूबों में सफल हो जायेंगे, तो उन्हें यह समझ लेना चाहिए कि यह झारखंड है, यह देश का ऐसा राज्य है, जहां हर कोने से आदिवासी, दलित, पिछड़े वर्गों के अनगिनत सिपाहियों ने अपनी कुर्बानी देकर यहां के आदिवासी, दलितों की जान बचायी है। देश की आजादी के सपने भी ये लोग नहीं देखते थे, तब से झारखंड के आदिवासी अपने अधिकार की लड़ाई लड़ रहा है। ये तो बहुत बाद में आये। लेकिन बौद्धिक संपन्नता, आर्थिक संपन्नता! आज तक इन लोगों ने देश की गांधी टोपी नहीं पहनी अध्यक्ष महोदय। **(भाषण का बाकी अंश पेज-4 पर)**

## न्यूज रील्स

### बीमार पत्नी से हफ्ते में एक बार मिलेंगे मनीष सिसोदिया

नयी दिल्ली। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को आप नेता मनीष सिसोदिया को कस्टडी पैरोल में सप्ताह में एक बार अपनी बीमार पत्नी से मिलने की अनुमति दे दी है। इस दौरान डॉक्टर भी उसने मिल सकेंगे। यह व्यवस्था कोर्ट के अगले आदेश तक जारी रहेगी। कोर्ट ने कहा कि सिसोदिया की नियमित जमानत पर अगली सुनवाई 12 फरवरी को दोपहर 2 की जायेगी। दिल्ली के शराब नीति घोटाले में मनीष सिसोदिया को उड़कने 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था। सिसोदिया ने 1 मार्च 2023 को दिल्ली के डिप्टी सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्हें तिहाड़ जेल में कैद हुए 341 दिन हो चुके हैं।

### एसबीआइ ने चुनावी बांड जारी किये

नयी दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआइ) ने 2018 से लेकर अब तक 30 किश्तों में करीब 16 हजार 518 करोड़ रुपये के चुनावी बांड जारी किये हैं। यह जानकारी सोमवार को वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी में दी। चौधरी के मुताबिक भारतीय स्टेट बैंक से खरीदे गए चुनावी बांड की टोटल वैल्यू लगभग 16518 करोड़ रुपए है। चुनावी बांड की खरीद पर खरीदार से कोई जीएसटीया दूसरा टैक्स नहीं लिया जाता है। चुनावी बांड जारी करने और भुनाने के लिए भारत सरकार ने एसबीआइ को लगभग 8.57 करोड़ रुपये कमीशन दिया है।

### तेजस्वी यादव मामले में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

नयी दिल्ली। तेजस्वी यादव के खिलाफ मानहानि केस गुजरात की अहमदाबाद कोर्ट में चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट से उन्होंने मामले को गुजरात से बाहर ट्रांसफर करने की मांग की थी। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर सुनवाई की और फैसला सुरक्षित रख लिया है। तेजस्वी यादव ने मार्च 2023 में पटना में मीडिया से बात करते हुए बयान दिया था कि आज की दुनिया में सिर्फ गुजराती ही ठग हो सकते हैं। इसे लेकर अहमदाबाद के बिजनेसमेन हर्ष मेहता ने उनके खिलाफ मानहानि का केस किया था।

### मिड डे मील से 150 बच्चों की तबीयत बिगड़ी

पटना। बेतिया में मध्याह्न भोजन (मिड डे मील) खाने से 150 बच्चों की तबीयत बिगड़ गयी है। दो बच्चों की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है। जानकारी मिलने के बाद अभिभावकों में अफरातफरी का माहौल है। घटना बगहा पुलिस जिला के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय टोला परसौनी की है। फिलहाल छात्र-छात्राओं को अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

## कांग्रेस की न्याय यात्रा पहुंची रांची

# एचइसी को अडाणी के हाथों में नहीं जाने दिया जायेगा: राहुल

- जाति जनगणना कराने का वादा, तो सरना कोड देने की मांग रखी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस की न्याय यात्रा सोमवार दोपहर रांची पहुंची। एचइसी के शहीद मैदान में राहुल ने एक सभा को संबोधित किया। राहुल ने अपने भाषण में मोदी सरकार पर हमला किया, तो अडाणी पर निशाना साधा। एचइसी का जिक्र किया, तो जाति जनगणना कराने का वादा किया। साथ ही सरना कोड देने की मांग रखी। राहुल ने कहा कि मोदी सरकार किसी भी आदिवासी को झारखंड में मुख्यमंत्री के तौर पर नहीं देखना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने झारखंड में झामुमो-कांग्रेस-राजद की गठबंधन सरकार को गिराने का प्रयास किया, क्योंकि मुख्यमंत्री एक आदिवासी थे। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे जांच एजेंसियों और धनबल के माध्यम से विपक्ष शासित सभी राज्यों में ऐसा करते हैं। वे लोकतंत्र, संविधान पर हमला कर रहे हैं और लोगों की आवाज दबाना चाहते हैं। आइएनडीआइए गठबंधन लोकतंत्र की आवाज को दबाने नहीं देगा। उन्होंने कहा कि गठबंधन के सभी विधायकों, चंपाई सोरेन जी को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने भाजपा-आरएसएस की साजिश को रोक दिया और गरीबों की सरकार की रक्षा की।



राहुल गांधी ने दावा किया कि दलितों, आदिवासियों, अन्य पिछड़ा वर्गों (ओबीसी) को बंधुआ मजदूर बनाया गया और बड़ी कंपनियों, अस्पतालों, विद्यालयों, महाविद्यालयों और अदालतों में उनकी भागीदारी नहीं है। यह भारत के सामने सबसे बड़ा सवाल है। हमारा पहला कदम देश में जाति आधारित जनगणना कराना होगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा प्रावधानों के तहत 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण नहीं दिया जा सकता। उन्होंने वादा किया कि आइएनडीआइए की सरकार आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा को हटा देगी। राहुल ने यह भी कहा कि एचइसी को अडाणी के हाथों में नहीं जाने दिया जायेगा और सरना कोड देना होगा।

**समाज के पिछड़े वर्गों को उनका अधिकार मिलेगा:** राहुल ने कहा कि दलितों और आदिवासियों के आरक्षण में कोई कटौती नहीं होगी। मैं आपको गारंटी दे रहा हूं कि समाज के पिछड़े वर्गों को उनका अधिकार मिलेगा। यह सबसे बड़ा मुद्दा है- सामाजिक और आर्थिक अन्याय। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि वह ओबीसी हैं, लेकिन जब जातीय जनगणना की मांग की गयी तो उन्होंने कहा कि यहां केवल दो जातियां हैं, अमीर और गरीब। राहुल गांधी ने दावा किया कि जब ओबीसी, दलितों, आदिवासियों को अधिकार देने का समय आया, तो मोदी जी कहते हैं कि कोई जाति नहीं है और जब वोट लेने का समय आता है, तो वह कहते हैं कि वह ओबीसी हैं।

### खूंटी पहुंचे राहुल, आज उलिहातू जायेंगे

कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मणिपुर से शुरू हुई थी। यह यात्रा 67 दिनों में 6,713 किलोमीटर की दूरी तय करेगी और 15 राज्यों के 110 जिलों से गुजरेगी। सोमवार को रांची में सभा को संबोधित करने के बाद यात्रा खूंटी के लिए बढ़ी। रात में राहुल खूंटी पहुंचे। यहां उनका भव्य स्वागत किया गया। कचहरी मैदान में उनके रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गयी है। वह मंगलवार की सुबह उलिहातू के लिए रवाना होंगे। इससे पहले खूंटी में रोड शो करेंगे। इसके बाद सिमडेगा जायेंगे। फिर यहां से यात्रा आगे बढ़ते हुए उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़ होते हुए होते हुए 20 मार्च को मुंबई में समाप्त होगी।

### कल्पना सोरेन से मिले राहुल गांधी



रांची (आजाद सिपाही)। राहुल गांधी ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की। राहुल गांधी ने कल्पना सोरेन से करीब 20 मिनट तक बात की। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि हम सभी एकजुट होकर न्याय की लड़ाई जारी रखेंगे और जनता की आवाज बुलंद करेंगे। नफरत हारेगी, जीतेगा इंडिया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी मौजूद रहे।

# आजाद सिपाही






# चंपाई पर विश्वास, फ्लोर टेस्ट पास



हेमंत बाबू हैं, तो हिम्मत है - चंपाई सोरेन



# एचइसी को अडाणी के हाथों में नहीं जाने दिया जायेगा: राहुल





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 57,900 रु./10 ग्राम
चांदी 75,000 रु./प्रति किलो



# चंपाई सोरेन का 'असली समय' शुरू होता है अब

## हेमंत सोरेन सरकार के काम को उसी गति से आगे बढ़ाने की है बड़ी चुनौती

आजाद सिपाही विशेष

**विरोधियों द्वारा व्यक्त की जा रही आशंकाओं और अटकलों को सिरे से खारिज करते हुए झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने शक्ति परीक्षण की पहली बड़ी चुनौती को सफलतापूर्वक पार कर लिया है। विधानसभा में उनके पक्ष में 47 और विरोध में सिर्फ 29 मत पड़े। इससे साफ हो गया कि दो दिन पुरानी झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार के सामने किसी तरह का राजनीतिक अवरोध नहीं है, लेकिन जहां तक मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का सवाल है, तो उनकी असली अग्निपरीक्षा अब शुरू होगी। राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर उन्हें अलग-अलग तरह की चुनौतियों से निबटना होगा। इसमें पहली चुनौती तो गठबंधन को बरकरार रखते हुए कैबिनेट विस्तार की है। सत्ता में लगभग बराबर की साझीदार कांग्रेस की भीतरी स्थिति को देखते हुए मंत्रियों और विभागों के बंटवारे को अंतिम रूप देना बड़ा काम है। इसके अलावा मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के सामने बड़ी चुनौती पूर्ववर्ती हेमंत सोरेन सरकार द्वारा शुरू किये गये विकास के कामों को उसी गति से आगे बढ़ाने की होगी। यह बात हर कोई मानता है कि चाहे हेमंत सोरेन सरकार पर कितने भी आरोप लगे, झारखंड के हितों के सवाल पर उनकी सरकार ने कभी समझौता नहीं किया। इस लोकप्रिय धारणा को बरकरार रखना आसान नहीं होगा। सिर पर लोकसभा और उसके बाद विधानसभा चुनाव है। चंपाई सोरेन झामुमो के दिग्गज नेता हैं और राजनीति में लंबी पारी खेल चुके हैं, इसलिए उनके लिए चुनौतियां बहुत कठिन साबित नहीं होंगी, यह उम्मीद हर किसी को है। क्या हैं मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के सामने चुनौतियां और वह इनका सामना कैसे करेंगे, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

23 साल पुराने झारखंड राज्य के 12वें मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने विधानसभा में शक्ति परीक्षण के दौरान उन तमाम भविष्यवाणियों और अटकलों को गलत साबित कर दिया है, जो सोमवार सुबह तक फिजाओं में तैर रहे थे। 81 सदस्यीय विधानसभा में 47 विधायकों का समर्थन हासिल कर चंपाई सोरेन ने साबित कर दिया कि फिलहाल उनकी सरकार को कोई खतरा नहीं है। इतना ही नहीं, इस शक्ति परीक्षण ने झारखंड में राजनीतिक अस्थिरता या खरीद-फरोख्त की तमाम आशंकाओं को भी सिरे से खारिज कर दिया है। लेकिन शक्ति परीक्षण के रूप में पहली चुनौती को सफलतापूर्वक पार कर लेने के बाद अब मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की आगे की राह और चुनौतीपूर्ण होनेवाली है।

### कैबिनेट विस्तार है पहली चुनौती

बहुमत साबित करने के बाद मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की पहली और असली चुनौती कैबिनेट विस्तार की होगी। यह चुनौती झामुमो की तरफ से कम और सरकार में लगभग बराबर की हिस्सेदार कांग्रेस की तरफ से अधिक होनेवाली है। वैसे तो कयास यही है कि सभी पुराने मंत्रियों को फिर से जगह मिलेगी, लेकिन इसमें कुछ पेंच है। कांग्रेस की अंदरूनी स्थिति को देखते हुए ऐसी संभावना है कि इस बार उसके तीन नये चेहरों को मौका दिया जा सकता है। इसके अलावा झामुमो से दो नये चेहरों की कैबिनेट में इंट्री हो सकती है।

जहां तक कांग्रेस का सवाल है, तो मंत्री पद के लिए वहां खींचतान हो सकती है। हालांकि कौन मंत्री बनेगा, इसका फैसला कांग्रेस पार्टी आलाकमान करता है, लेकिन विधायकों के काम का फीडबैक प्रदेश नेतृत्व ही देता है। पिछली कैबिनेट में उत्तरी छोटानागपुर और पलामू प्रमंडल से कांग्रेस की भागीदारी नहीं हो सकी थी। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि इस बार मौका मिल सकेगा। कांग्रेस में दीपिका पांडेय सिंह, पूर्णिमा नीरज सिंह, अंबा प्रसाद और शिल्पी नेहा तिर्की चार महिला विधायक हैं। ऐसे में कांग्रेस कोटे से कम से कम एक महिला विधायक मंत्रिमंडल में नजर आ सकती हैं। वहीं भूषण बाड़ा, रामचंद्र सिंह और कुमार जयमंगल में से एक या दो को मौका मिल सकता है। झारखंड में कांग्रेस के मंत्रियों पर उनके विधायक से लेकर पार्टी कार्यकर्ता सवाल उठाते रहे हैं। कभी काम नहीं करने, कभी फोन नहीं उठाने, तो कभी कार्यकर्ताओं को तरजीह नहीं देने की बात उठी। ऐसे में गठबंधन के भीतर संतुलन साधने की बाजीगरी तो मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को दिखानी ही होगी।



चंपाई सोरेन को हेमंत सरकार द्वारा शुरू किये विकास के कामों को आगे बढ़ाने के साथ-साथ ऐसे फैसले भी लेने होंगे, जो अब तक नहीं लिये गये हैं। शक्ति परीक्षण से पहले चंपाई सोरेन ने कहा भी है कि वह हेमंत सोरेन सरकार के कामों को आगे बढ़ायेंगे और काम के प्रति अपना नजरिया साफ भी रखेंगे। उन्हें कुछ ऐसे काम भी करने होंगे, जिनके लिए वह याद रखे जायेंगे।

### पार्टी और गठबंधन को एकजुट रखने की चुनौती

चंपाई सोरेन ने ऐसे समय में कमान संभाली है, जब लोकसभा चुनाव सिर पर आ है। इसलिए उनको संभलने का मौका नहीं मिलने वाला। सीट शेयरिंग से लेकर प्रत्याशी चयन और चुनाव प्रचार से लेकर चुनाव प्रबंधन तक की जिम्मेवारी अब चंपाई सोरेन के कंधों पर आ गयी है। चंपाई सोरेन आंदोलन से उपजे एक अनुभवी नेता हैं और झारखंड आंदोलन में भी अहम भूमिका निभा चुके हैं, लेकिन चौतरफा संकट के इस दौर में पार्टी और सरकार का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी उन पर अचानक आन पड़ी है। इस चुनौती से वह कैसे निबटते हैं, यह देखना वाकई दिलचस्प होगा। इसके बाद इसी साल झारखंड में विधानसभा चुनाव भी होने हैं। चुनाव से पहले अगर हेमंत सोरेन बाहर आ जाते हैं, तब तो कोई परेशानी नहीं होगी, लेकिन उनकी अनुपस्थिति में झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन को सत्ता में वापस आने की चुनौती होगी और नेता होने के नाते चंपाई सोरेन पर ही इस मझधार को पार लगाने की जिम्मेवारी होगी।

### पार्टी को एकजुट रखना होगा

चंपाई सोरेन ने ऐसे समय कमान संभाली है, जब कानूनी स्तर पर पार्टी संकटों से जूझ रही है। पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन स्वास्थ्य कारणों से सक्रिय नहीं हैं, तो पार्टी के दूसरे सबसे बड़े नेता हेमंत सोरेन जेल में हैं। ऐसे समय में पार्टी और परिवार में संतुलन साधने के लिए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को एक महफूज रास्ते की तलाश करनी होगी। चंपाई सोरेन को सभी विधायकों और संगठन के नेताओं से अच्छा तालमेल बनाना होगा, ताकि उनके समक्ष कोई दूसरी चुनौती नहीं आये। कारण, विपक्ष चुप नहीं बैठेगा और वह इस फिराक में रहेगा कि सरकार हिलती-डुलती रहे।

कुल मिला कर चंपाई सोरेन अब ड्राइविंग सीट पर हैं। हेमंत सोरेन के उत्तराधिकारी के रूप में वह हेमंत सोरेन सरकार के कामकाज को किस गति से आगे बढ़ाते हैं, यह भी देखने लायक होगा। साथ ही हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद बड़ी मुश्किल से संभल चुकी महागठबंधन सरकार की इस बस के 47 सहयोगी विधायकों के साथ चंपाई सोरेन कितनी दूर ले जाते हैं, यह देखना वाकई दिलचस्प होगा। कहते हैं, चुनौती और संघर्ष से ही मंजिल मिलती है। राह अगर कंटक नहीं हो, तो आगे का रास्ता नहीं सूझता। चूंकि चंपाई सोरेन राजनीति में नये नहीं हैं। उन्हें शिबू सोरेन परिवार का पूरा वरदहस्त है, ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि वह तमाम विपक्षी अवरोधों से पार पाते हुए आगे की राह को बगैर विचलित हुए साध लेंगे। उनके पक्ष में एक बात और जाती है कि वह झामुमो के पुराने सिपाही हैं और झामुमो कार्यकर्ताओं में उनकी जगह पहले से बनी हुई है, ऐसे में जिस आशा और विश्वास के साथ सोरेन परिवार ने उन्हें राजनीतिक विरासत सौंपी है, उसे वह संभाल कर रखेंगे।

---

# 'टाइगर' ने दहाड़ा, हेमंत ने 'फुंफकारा'

## दोनों के निशाने पर विपक्ष

प्रशांत झा

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर लिया। विश्वास मत हासिल करने में किंतु-परंतु की गुंजाइश नहीं थी। इसलिए यह तो होना ही था। देखनेवाली बात रही विधानसभा सदन की कार्यवाही। 'टाइगर' यानी मुख्यमंत्री चपाई सोरेन की दहाड़ पर पूरा सदन शांत रहा। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की 'फुंफकार' भी कम नहीं रही। हेमंत पर पांच दिन से प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की हिरासत का असर या आत्मविश्वास में कमी नहीं दिखी।



विधानसभा का विशेष सत्र सुबह 11 बजे शुरू हुआ। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के अभिभाषण के बाद मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने अपने मंत्रिमंडल पर विश्वास का प्रस्ताव रखा। विश्वास प्रस्ताव पर बोलते हुए उनके केंद्र बिंदु में हेमंत रहे। पूरे भाषण में दर्जनों बार हेमंत सोरेन का नाम लिया और तारीफ की। बहुत ही शालीन तरीके से हेमंत सरकार की उपलब्धियों को गिनाया, तो झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन से मिले संस्कार का भी जिक्र किया। विपक्ष यानी भाजपा के नेताओं द्वारा हेमंत सोरेन सरकार पार्ट-2 बनने की बात का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने शिक्षा, आवास, पेंशन आदि क्षेत्र में जनहित का जो काम किया, अगर उसके लिए हेमंत सोरेन सरकार पार्ट-2 बनना पड़े तो बनूंगा। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री का बचाव और विपक्ष पर प्रहार करने से नहीं चूके। चंपाई ने कहा कि केंद्र सरकार एजेंसियों का दुरूपयोग कैसे कर रही, उसके कई नमूने हैं। बेचारे बंधु तिर्की ने पांच लाख रुपये के लिए सदस्यता गवां दी, वहीं भानू प्रताप शाही करोड़ों की संपत्ति जब्त होने के बाद भी यहां बैठे हैं। केंद्र सरकार जो कर रही, वह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। भाषण के बीच में वह भावुक भी दिखे। कहा, बोलने की इच्छा तो नहीं है, लेकिन बात रखनी होगी। हेमंत सोरेन को इडी ने जिन आरोपों में हिरासत में लिया है, सभी जानते हैं, उस जमीन के खाता-बही में उनका नाम ही नहीं है।

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पिछले सत्र तक सत्ता पक्ष की पहली सीट पर बेठते थे। आज पहली लाइन में छठी सीट उनके लिए निर्धारित थी। राज्यपाल के पूरे भाषण के दौरान वह सत्ता पक्ष के अन्य विधायकों के साथ अन्याय होने की बात पर खड़े होकर नारा लगाते रहे। सरकार के समर्थन में बोलते हुए केंद्र बिंदु आदिवासी रहा। विपक्ष पर बड़े तरीके से हेमंत सोरेन ने प्रहार किया। यह भी कहा कि आदिवासियों को कायदे-कानून का ज्ञान बहुत अधिक नहीं होता, बौद्धिक क्षमता भी कम होती है, लेकिन सही गलत का ज्ञान तो होता ही है। उन्होंने सदन में अपनी मंशा भी साफ कर दी। पूरे आत्मविश्वास के साथ कहा कि जो हुआ उस पर आंसू नहीं बहाऊंगा। वक्त आने पर इस षडयंत्र का जवाब दूंगा। पूरे सदन को चुनौती भी दे डाली कि कोई साबित कर दे कि जिस 8.5 एकड़ जमीन को मेरे होने का आरोप लगाया जा रहा, उसका एक कागज दिखा दें, तो राजनीति ही नहीं, राज्य भी छोड़ दूंगा। विशेष सत्र के दौरान खास बात यह रही कि सदन में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन बोल रहे हों, या पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कार्यवाही के दौरान पिन ड्राप साइलेंस यानी पूर्ण शांति रही। विश्वास मत जीतने के बाद हेमंत अपनी सीट से उठे और चंपाई सोरेन के पास पहुंचे। उनका चरण छूआ और बधाई दी।

# सरकार के विश्वास प्रस्ताव पर सदस्यों ने रखी बात

## हेमंत गलत नहीं हैं तो कोर्ट को बतायें, मगर कोई कानून से ऊपर नहीं : अमर बाउरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा में सोमवार को विपक्ष के नेता अमर बाउरी ने कहा कि हेमंत गलत नहीं हैं तो कोर्ट को बतायें, मगर कोई कानून से ऊपर नहीं है। हेमंत सोरेन की सरकार भ्रष्टाचार के संगीन आरोपों की वजह से गयी है।



विपक्ष के नेता अमर बाउरी ने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं के दुरूपयोग की बात करें तो कांग्रेस के शासनकाल में विभिन्न राज्यों में करीब 90 बार से अधिक राष्ट्रपति शासन लगाया गया। इंदिरा गांधी के कार्यकाल में सबसे अधिक 50 बार लगाया गया।

**भाजपा ने आदिवासियों को आगे बढ़ाया :** अमर बाउरी ने कहा कि भाजपा ने आदिवासियों को आगे बढ़ाने का काम किया। शिबू सोरेन को पहली बार बाबूलाल मरांडी ने राज्यसभा भेजा। एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति भाजपा ने बनाया। बाउरी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस का आदिवासी प्रेम केवल ढोंग है। उसने मधुकोड़ा को मुख्यमंत्री बना कर जेल भेजने का काम किया। शिबू सोरेन को भी जेल भेजने का काम कांग्रेस ने किया। कांग्रेस की सरकार रहती तो हेमंत सोरेन इतने दिन तक मुख्यमंत्री नहीं रहते। कांग्रेस कभी नहीं चाहती है कि यहां के आदिवासी, दलित और पिछड़ों का विकास हो। उन्होंने कहा कि इनका सरकार पर विश्वास नहीं है।

उन्होंने कहा कि कई आदिवासियों को पद्मश्री किसने दिया। गौरव दिवस मना कर आदिवासियों को किसने पहचान दिलायी। ये सभी काम भाजपा ने किये। कांग्रेस जिसके साथ रही है, उसे दीमक की तरह खाने का काम करती हैं। इसके कई उदाहरण हैं।

## आप गलत नहीं हैं तो सामना करें, भाग क्यों रहे थे : सुदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सदन में आजसू विधायक सुदेश कुमार महतो ने अपनी बात को रखते हुए कहा कि परिस्थिति कुछ भी हो, लेकिन वर्तमान और झारखंड के आंदोलनकारी मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि इस बात की खुशी है कि आज एक झारखंड आंदोलनकारी चंपाई दा मुख्यमंत्री बने हैं।



व्यक्तिगत तौर पर हेमंत सोरेन के प्रति मेरी संवेदना है, मगर हेमंत सोरेन ने झारखंड आंदोलन में प्रत्यक्ष तौर पर हिस्सा नहीं लिया।

इसलिए वह झारखंड आंदोलन की बात न करे। सुदेश महतो ने कहा कि जब आप गलत नहीं हैं, तो सामना करें। भाग क्यों रहे थे। देश के प्रधानमंत्री और कांग्रेस के बड़े नेता भी एजेंसी के पास गये हैं। मगर इसके लिए किसी पार्टी को दोष देना या किसी सरकार को दोष देना उचित नहीं है।

## विधायकों को बाहर ले जाने की परंपरा 2005 में आपने शुरू की : आलमगीर

**रांची (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि आप लोग अपने बाप-दादा के कामों को भूलने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हवाई जहाज से लेकर रेल तक, आज देश में जो भी है, वह कांग्रेस के कामों के कारण है। आलमगीर आलम ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि सबसे पहले 2005 में आपने यहां से विधायकों को बाहर ले जाने का रास्ता दिखाया। यह परंपरा आपने शुरू की है। कांग्रेस ने देश की आजादी की लड़ाई लड़ी और देश को आजाद किया। भाजपा के एक नेता ने भी देश की आजादी की लड़ाई में हिस्सा नहीं लिया। ये लोग पूरे देश में ऑपरेशन लोटस चला रहे हैं, जो भाजपा के साथ नहीं जायेगा, वह जेल जायेगा। मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि 2019 में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनी। कोरोना महामारी आयी। अखबार, मीडिया उस समय का देख लें कि उन्होंने क्या-क्या कर दिखाया। जनता ने हमें पांच सालों के लिए चुना है। भाजपा अपने गिरेबां में झांके। हेमंत सरकार गरीबों के लिए सर्वजन पेंशन लायी, इसमें क्या गलत किया। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने कई बार केंद्र से आवास के लिए मदद मांगी। अंततः हम लोगों ने अबुआ आवास योजना शुरू की। इसके लिए 30 लाख आवेदन आये। हम भरोसा दिलाते हैं कि आनेवाले दिनों में सभी 30 लाख आवेदकों को अबुआ आवास का लाभ देंगे।



## रघुवर कार्यकाल में सबसे अधिक जमीन घोटाले हुए : विनोद सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** माले के विधायक विनोद सिंह ने कहा कि पूरा सदन भाजपा के खिलाफ खड़ा है। इसमें कोई शक नहीं है कि हेमंत सोरेन को साजिश के तहत जेल भेजा गया। प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल सहित कई ऐसे उदाहरण हैं। भ्रष्टाचार की बात अगर झारखंड में आयी तो पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास भी नहीं बच सकते हैं।



उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि रघुवर दास भी जमीन घोटाले के आरोपित रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के समय में सबसे अधिक जमीन घोटाले हुए। भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करनी है तो पूरे देश में की जाये। भाजपा शासित राज्यों में भी जांच एजेंसियां जायें और जांच करें।

www.epaper.azadsipahi.in

06 फरवरी, 2024
माघ, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 107

काशी और मथुरा भाईचारे से दे दें : देव गिरि महाराज



जैसा देखा-सुना

# ...और हाथों को निहारता रहा सुनील

## ■ हाथ मिलाने और सेल्फी की होड़ ■ पारंपरिक अंदाज में राहुल का हुआ स्वागत

राजीव

**रांची (आजाद सिपाही)।** दिन-सोमवार। समय-1.52 बजे। राहुल गांधी काले रंग की इनोवा (सीजी 10 बीपी-2800) पर सवार होकर विकास पहुंचते हैं। यहां पहले ही अलर्ट किया जा चुका है कि राहुल गांधी का काफिला आ रहा है। कुछ सेकेंड ही बीते होंगे कि सायरन की आवाज आती है। सभी लोग अलर्ट हो जाते हैं। 12वें नंबर पर काले रंग की इनोवा कार में राहुल गांधी सवार थे। उनके देखते ही लोग राहुल गांधी जिंदाबाद। न्याय योद्धा आया है, अब मिलेगा न्याय...के नारे लगाने लगते हैं। लोगों के उत्साह और गर्मजोशी के साथ स्वागत की तैयारी को देख राहुल की कार का ब्रेक थोड़ी देर के लिए लगता है। देखते ही देखते लोग कार के समीप पहुंचकर उन्हें फूल-माला से लाद देते हैं। इसी बीच एक 55 वर्षीय सुनील प्रमाणिक जो सब्जी बेचते हैं, उनकी भी हसरत राहुल गांधी से हाथ मिलाने की होती है। कारण सोमवार को विकास में बाजार लगा था। वह राहुल की ओर लपकते हैं। भीड़ में जैसे-तैसे कर वह राहुल के करीब पहुंच जाते हैं। उनसे हाथ मिलाते हैं और दिल से दुआ भी देते हैं। राहुल गांधी से हाथ मिलाते वक्त ऐसा लगता है कि मानो उनके अरमानों को पंख लग गया हो। इसके बाद राहुल का काफिला निकल जाता है। उसके कुछ मिनट तक प्रमाणिक वहीं खड़े रहते हैं। उन्हें सहसा यह विश्वास नहीं हो रहा है कि राहुल गांधी से हाथ मिलाया हूं। उनसे अपने दिल की बात कही है। इसके बाद वह अपनी दुकान पर पहुंच जाता है। उसका मन अब भी खुशियों से झूम रहा है। सबसे अपनी सालों पुरानी हसरतें पूरी होने की खुशी बयां कर रहा है। कहता है-कभी सोचा नहीं था कि राहुल गांधी से हाथ मिलाने का मौका मिलेगा। उसकी निगाहें बार-बार अपने हाथ की ओर ही जा रही थीं। उस वक्त उसे अपनी दुकानदारी से ज्यादा राहुल से हाथ मिलाने की खुशी दिखायी दे रही थी। वह कहता है-टीवी पर कई बार देखा था, तब सोचता था कि ये लोग कितने बड़े आदमी होंगे। आज जब कार में आम आदमी की तरह देखा तो लगा नहीं कि वह इतने बड़े आदमी हैं। बड़ी सादगी के साथ हाथ मिलाया। आज ही मेरे लिए होली-दिवाली है। मन में इतनी खुशी मिली है कि समेटे नहीं समेटा जा रहा है। इसके बाद बरियातू में भी कुछ इसी तरह का नजारा देखने को मिला। पार्टी ऑफिस के बाद काफी संख्या में समर्थक फूल-माला लेकर खड़े थे। राहुल का काफिला देख जिंदाबाद के नारे लगाने लगे। तभी राहुल ने गाड़ी रोकने का इशारा किया। बस फिर क्या था, समर्थकों में स्वागत की होड़ मच गयी। करीब चार मिनट तक काफिला यहां रूका रहा। इसके बाद गंतव्य की निकल पड़ा।



## मोहब्बत की लुटायी दुकान, राहुल का जीता दिल



राजधानी के लोगों की बेकरारी उस वक्त खत्म हुई, जब राहुल गांधी की न्याय यात्रा चुटुपालू में प्रवेश कर गयी। इसके बाद पग-पग पर राहुल गांधी का स्वागत पारंपरिक अंदाज में किया गया। राहुल गांधी से हाथ मिलाने और सेल्फी लेने की होड़ मची रही। राहुल गांधी के इंतजार में सड़क किनारे खड़े चाहनेवालों ने मोहब्बत की दुकान लूटा दी। रांचीवासियों के स्वागत के इस अंदाज को देख कर राहुल गांधी का दिल जीत लिया। राहुल गांधी भी कहां पीछे रहनेवाले थे। जहां तक हो सका, सबकी तमन्ना को पूरी करने का प्रयास करते दिखे। हाथ मिलाने और सेल्फी लेनेवालों को निराश नहीं किया।

## स्वागत में बनाया गया संसद भवन का रथ

रांची में राहुल गांधी के स्वागत के लिए चौक-चौराहों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और लोगों की भीड़ जुटी रही। सड़क किनारे और डिवाइडर पर होर्डिंग लगी थी। वहीं संसद भवन का रथ भी बनाया गया था। इसमें एक पोस्टर के जरिये अंबेडकर के साथ राहुल गांधी की तस्वीर थी। रथ के ऊपर संसद भवन लिखा था। वहीं नीचे झारखंड प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग लिखा था। राहुल की झलक पाने के लिए लोगों में खासा उत्साह देखते बन रहा था। महिलाएं



पारंपरिक परिधान में हाथों में फूल की थाली और कांग्रेस का झंडा लेकर राहुल के स्वागत के लिए खड़ी थीं। साथ ही सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी गयी थी। शहर में यातायात पुलिस इस बात का जायजा ले रही थी कि जिस रूट से राहुल गांधी की यात्रा निकलेगी, वहां जाम की स्थिति ना बने।

### चुट्टूपालू घाटी के शहीद स्थल पर रुके राहुल

रामगढ़ से रांची आने के दौरान राहुल गांधी की भारत जोड़ो नया यात्रा चुट्टूपालू घाटी के शहीद स्थल पर रुकी। यहां राहुल गांधी ने शहीद टिकैट उमराव सिंह और शाहिद शेख भिखारी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने दोनों शहीदों को माल्यार्पण किया और हाथ जोड़कर उन्हें नमन किया। इनके साथ जयराम रमेश, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर भी थे।

### नेवरी-विकास-बरियातू में भी दिखी बेकरारी

राहुल गांधी के स्वागत को लेकर नेवरी, विकास और बरियातू में भी बेकरारी दिखी। आलम यह रहा कि उनके आने सूचना के साथ ही दुकान के शटर धड़ाधड़ गिरने लगे। लोग हाथ में फूल-माला लेकर सड़क किनारे खड़े हो गये। यहां स्वागत को देखकर राहुल गांधी का दिल बाग-बाग हो गया। राहुल ने सभी का अभिवादन स्वीकार किया और कार्यक्रम स्थल शहीद मैदान धुर्वा के लिए निकल गये।

### पीएसयू के कर्मी हाथों में पोस्टर लिये खड़े दिखे

राहुल गांधी ने रांची के शहीद मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। कहा कि मैं जहां भी जाता हूं। मुझे पीएसयू के लोग हाथों में पोस्टर लेकर खड़े दिखते हैं। चाहे बीएचइएल हो, एचएएल हो या एचइसी। सभी को धीरे-धीरे अदाणी को सौंपा जा रहा है। कहा कि केंद्र सरकार चाहती है कि एचइसी काम न करे। वे इसका निजीकरण करना चाहते हैं।

### रिंग रोड होते हुए निकल गये जयराम

नेवरी में कार्यक्रम के बाद जयराम रमेश रिंग रोड होते हुए कार्यक्रम स्थल की ओर रवाना हो गये। जबकि राहुल गांधी तय रूट के अनुसार ही कार्यक्रम स्थल पहुंचे।

## गुंजन सिंह ने यात्रा की सफलता पर दी बधाई

**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह ने झारखंड में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता पर बधाई दी। उन्होंने सोमवार को झारखंड महिला कांग्रेस के जरिये यात्रा के क्रम में दमदार उपस्थिति दर्ज कराने के लिए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि आने वाला



समय महिलाओं का है और महिलाएं सशक्त होकर लोकसभा और विधानसभा पहुंचे, इसे सुनिश्चित करने के लिए वह प्रयास करेंगी। इस भारत जोड़ो न्याय यात्रा में झारखंड महिला कांग्रेस अध्यक्ष के साथ उनकी टीम में महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं भारत जोड़ो यात्रा की ऑब्जर्वर प्रतिभा रघुवंशी, पिंकी सिंह, पुनीता चौधरी, रीता सिंह और सुंदरी तिर्की सहित अन्य उनके साथ शामिल थीं।

### प्रधानमंत्री ने संसद में विपक्ष की चुटकी ली

## अगले चुनाव में दर्शक दीर्घा में दिखेगा विपक्ष : मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को संसद में विपक्ष की चुटकी ली। पीएम मोदी ने कहाकि विपक्ष ने जो संकल्प लिया है, उसकी बदौलत वह लंबे समय तक वहीं रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोल रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहाकि मैं विपक्ष के संकल्प की सराहना करता हूं। उनके भाषण के एक-एक बात से मेरा और देश का विश्वास पक्का हो गया है कि इन्होंने लंबे अरसे तक वहां (विपक्ष में) रहने का संकल्प ले लिया है... आपलोग जिस तरह इन दिनों मेहनत कर रहे हैं, मैं पक्का



मानता हूं कि जनता जनार्दन आपको जरूर आशीर्वाद देगी और आप जिस ऊंचाई पर है, उससे भी अधिक ऊंचाई पर पहुंचेंगे और अगले चुनाव में दर्शक दीर्घा में दिखेंगे।

**कांग्रेस पर हमला :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहीं नहीं रुके। उन्होंने आगे कांग्रेस पर भी जम कर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि वे विपक्ष के तौर पर अपनी जिम्मेदारी निभाने में नाकाम रहे... मैंने हमेशा कहा है कि देश को एक अच्छे विपक्ष की जरूरत है। पीएम मोदी ने कहा कि चुनावी साल है कुछ सीखते। आज देश की हालत के लिए कांग्रेस जिम्मेदार है। उन्होंने कहाकि यह लोग खुद तो विपक्ष के तौर पर नाकाम रहे ,तो अन्य होनहारों को भी उभरने नहीं दिया। किसी एक की छवि चमकाने के लिए ऐसा किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं देख रहा हूं कि आपमें (विपक्ष) से बहुत लोग चुनाव लड़ने का हौसला भी खो चुके हैं। मैंने सुना है बहुत लोग सीट बदलने की फिराक में हैं। बहुत लोग लोकसभा के बदले अब राज्य सभा में जाना चाहते हैं।

### सीजेआइ डीवाइ चंद्रचूड़ ने लगायी फटकार, कहा

## चंडीगढ़ मेयर चुनाव में लोकतंत्र की हत्या हुई

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ मेयर चुनाव को लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। चुनाव अधिकारी अनिल मसीह को सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगायी। सीजेआइ डीवाइ चंद्रचूड़ ने कहा- यह स्पष्ट है कि उन्होंने (चुनाव अधिकारी) बैलट पेपरों को डिफेस्ड (खराब) किया। क्या वह इसी तरह चुनाव आयोजित करते हैं? यह लोकतंत्र का मजाक है। यह लोकतंत्र की हत्या है। इस अफसर पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि मेयर चुनाव के पूरे रिकॉर्ड को जब्त कर पंजाब एवं हरियाणा हाइकोर्ट रजिस्ट्रार जनरल के पास रखा जाये। बैलट पेपर और वीडियोग्राफी को संभाल कर रखा जाये। इसके साथ कोर्ट ने निर्देश दिया कि चंडीगढ़ निगम की आगामी बैठक स्थगित रहेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमारी चेतना को संतुष्ट करना होगा, नहीं तो नये सिरे से चुनाव कराने होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने मेयर चुनाव के चुनाव अधिकारी अनिल मसीह को कहा है कि वह 19 फरवरी को सुनवाई में मौजूद रहें। चुनाव अधिकारी सुप्रीम कोर्ट को वीडियो में दिख रही अपनी कारगुजारी पर जवाब दें। आइएनडीआइए यानी आप-कांग्रेस के संयुक्त कैंडिडेट कुलदीप कुमार ने यह याचिका दायर की है। इसमें उन्होंने भाजपा के नये चुने मेयर मनोज सोनकर को हटाकर दोबारा चुनाव की मांग की गयी है।

याचिका में दलील दी गई कि चुनाव अधिकारी अनिल मसीह ने वोटों की गिनती में हेराफेरी की है। उनकी तरफ से कांग्रेस नेता और सीनियर वकील अभिषेक मनु सिंघवी दलीलें रखीं। मेयर के चुनाव 28 जनवरी को हुए थे।

## मोदी ने बंद की बुनकरों की सब्सिडी: बुनकर

इरबा में राहुल ने बुनकरों संग स्थापित किया संवाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के क्रम में इरबा में अब्दुल कयूम अंसारी मिडिल स्कूल मैदान में बुनकर संवाद कार्यक्रम में राहुल गांधी शामिल हुए। उन्होंने बुनकरों से संवाद स्थापित कर समस्याओं को जाना। मौलाना साबिर, शरीफ अंसारी, राहेला सदफ ने बताया कि कपड़ों का उत्पादन तो करते हैं, परंतु सरकार द्वारा उसकी ठोस मार्केटिंग नहीं है। यूपीए सरकार में उत्पादन में बुनकरों को सब्सिडी मिलती थी, मोदी सरकार में इसे बंद कर दिया गया है। सूत में भी अधिक जीएसटी लिया जाता है। पूंजी के अभाव में अधिक बुनकरों को रोजगार नहीं मिलता है। बुनकरों की समस्या सुनने के बाद राहुल गांधी ने कहा कि जो हाथ से काम करते हैं। एक प्रकार से ये सरकार कुचलने और दबाने का काम करती है। नोटबंदी और जीएसटी छोटे व्यापारियों और बुनकरों को खत्म करने का हथियार है। हमारी सरकार आयी, तो जीएसटी को बदलेंगे। नुकसान नहीं होने देंगे। स्किल की कमी नहीं, सिर्फ बाजार की कमी है। बुनकर संवाद में अनवर अहमद अंसारी, मंजूर अहमद अंसारी, सईद अहमद अंसारी, फुरकान अंसारी, इकबाल अंसारी, नसीम अहमद अंसारी, जमील अख्तर, फिरोज अहमद अंसारी आदि शामिल थे।

## यूपी के इतिहास का सबसे बड़ा बजट

आजाद सिपाही संवाददाता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2024-25 का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया। सोमवार को विधानसभा में प्रस्तुत बजट प्रदेश के इतिहास में अबतक का सबसे बड़ा बजट है। बजट का आकार 7 लाख 36 हजार 437 करोड 71 लाख रुपये (7,36,437.71 करोड़ रुपये) है। बजट में 24 हजार 863 करोड़ 57 लाख रुपये (24,863.57 करोड़ रुपये) की नयी योजनाएं भी शामिल की गई हैं। प्रदेश सरकार के बजट में महिला, युवा, किसान और रोजगार सृजन पर सर्वाधिक जोर दिया गया है।

योगी सरकार के बजट में 6 लाख 6 हजार 802 करोड़ 40 लाख रुपये (6,06,802.40 करोड़ रुपये) की राजस्व प्राप्तियां तथा 1 लाख 14 हजार 531 करोड़ 42 लाख रुपये (1,14,531.42 करोड़ रुपये) की पूंजीगत प्राप्तियां शामिल हैं। इसके



अलावा राजस्व प्राप्तियों में कर राजस्व का अंश 4 लाख 88 हजार 902 करोड़ 84 लाख रुपये (4,88,902.84 करोड़ रुपये) है। इसमें स्वयं का कर राजस्व 2 लाख 70 हजार 86 करोड रुपये (2,70,086 करोड़ रुपये) तथा केंद्रीय करों में राज्य का अंश 2 लाख 18 हजार 816 करोड़ 84 लाख रुपये (2.18,816.84 करोड़ रुपये) शामिल है।

यूपी के इस वित्तीय वर्ष के बजट में 5 लाख 32 हजार 655 करोड़ 33 लाख रुपये (5.32,655.33 करोड़ रुपये) राजस्व लेखे का व्यय है, जबकि 2 लाख 3 हजार 782 करोड़ 38 लाख रुपये (2.03.782.38 करोड़ रुपये) पूंजी लेखे का व्यय है। वहीं समेकित निधि की प्राप्तियों से कुल व्यय घटाने के बाद 15 हजार 103 करोड़ 89 लाख रुपये (15,103.89 करोड़ रुपये) का घाटा अनुमानित है। इसके अलावा लोक लेखा से 5 हजार 500 करोड़ रुपये (5,500 करोड़ रुपये) की शुद्ध प्राप्तियां भी अनुमानित हैं। साथ ही समस्त लेन-देन का शुद्ध परिणाम 9 हजार 603 करोड 89 लाख रुपये (9.603.89 करोड़ रुपये) ऋणात्मक अनुमानित है। प्रारंभिक शेष 38 हजार 189 करोड़ 66 लाख रुपये (38,189.66 करोड़ रुपये) को हिसाब में लेते हुए अंतिम शेष 28 हजार 585 करोड़ 77 लाख रुपये (28,585.77 करोड़ रुपये) अनुमानित है।

बजट में राजस्य बचत 74 हजार 147 करोड़ 07 लाख रुपये (74.147.07 करोड़ रुपये) अनुमानित है। राजकोषीय घाटा 86 हजार 530 करोड़ 51 लाख रुपये (86,530.51 करोड़ रुपये) अनुमानित है, जो वर्ष के लिए अनुमानित सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 3.46 प्रतिशत है।

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं. 51-SBP-TRD-OT-2023-24, दिनांक : 30.01.2024

**कार्य का नाम :** 02 वर्ष की समयावधि हेतु सम्बलपुर मण्डल में कनिष्ठ अभियंता / TRD / रेंगाली और वरिष्ठ सेक्शन अभियंता / TRD / बरगढ़ रोड के अधिकार क्षेत्र के अधीन OHE रखरखाव गतिविधियां और अन्य OHE संबंधित कार्य।

**अनुमानित लागत (₹):** 1,98,72,343.67, EMD (₹) : 2,49,400/-, निविदा दस्तावेज की लागत (₹): 5,900/-, पूरा होने की अवधि: 24 महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** 21.02.2024 को 1530 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक / कूरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

दृष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन: अवलोकन करें।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (TRD), सम्बलपुर

PR-1050/O/23-24

# शिखर को सम्मान

भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न प्रदान करना राजनीति की उस परंपरा को सम्मानित करना है, जो हर जरूरी मौके पर दलगत सीमाओं से ऊपर उठती रही है, जो विरोधियों का सम्मान करने और उनसे सम्मान पाने की क्षमता से ताकत पाती रही है। निश्चित रूप से यह एक बड़ा फैसला है और इसके कई पहलू हैं। यह फैसला ऐसे समय किया गया है, जब अयोध्या के राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ है। अगर रामजन्मभूमि आंदोलन को परवान चढ़ाने का श्रेय किसी एक राजनीतिक नेता को दिया जा सकता है, तो वह आडवाणी ही हैं। नब्बे के दशक की शुरूआत में की गयी उनकी रथयात्रा ने इस मुद्दे को जितनी मजबूती दी, उतनी शायद ही किसी एक घटना ने दी हो। बावजूद इसके, हाल के दिनों में ऐसी आवाजें उठ रही थीं कि आडवाणी को उतना श्रेय नहीं मिला जितना मिलना चाहिए था। भारत रत्न देने का यह फैसला ऐसी तमाम आलोचनाओं की गुंजाइश समाप्त कर देता है। पिछले महीने ही केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा की थी। हालांकि उस फैसले का राजनीति की सभी धाराओं ने समर्थन किया, लेकिन फिर भी कहीं न कहीं यह बात भी दर्ज हो ही गयी थी कि सरकार ने उस समाजवादी धारा को सम्मानित किया, जो वैचारिक तौर पर मौजूदा राष्ट्रवादी धारा के खिलाफ मानी जाती है। ऐसे में जाने-अनजाने इस फैसले ने राजनीतिक संतुलन की जरूरत को भी पूरा कर दिया है। मगर आडवाणी को भारत रत्न देने के फैसले का बड़ा संदेश है, जो इन छोटी-मोटी जरूरतों से काफी आगे जाता है। आडवाणी की राजनीति में भले ही एक तरह की वैचारिक आक्रामकता रही हो और इस वजह से उसके समर्थन और विरोध में तीव्र भावनाएं देखने को मिलती हों, जहां तक उनके व्यक्तिगत आचरण की बात है, तो उन्होंने हमेशा शुचिता बनाये रखी और यह बात उनके कट्टर विरोधी भी स्वीकार करते हैं। हवाला घोटाला में नाम आते ही आडवाणी ने न सिर्फ संसद की सदस्यता छोड़ दी, बल्कि यह भी कहा कि जब तक बेदाग नहीं साबित हो जाते तब तक न तो चुनाव लड़ेंगे और न ही कोई सार्वजनिक पद स्वीकार करेंगे। उनके राजनीतिक जीवन का जो नेगेटिव बिंदु कहा जा सकता है, वह है उनकी अगुआई वाले आंदोलन के दौरान बाबरी मस्जिद का तोड़ा जाना, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने भी अपराध करार दिया है, लेकिन यहां खास बात यह रही कि उन्होंने कभी उस घटना का समर्थन नहीं किया। वह हमेशा मंदिर आंदोलन की रचनात्मक विशिष्टता को रेखांकित करते हुए उसे देश की गौरवशाली आध्यात्मिक परंपरा से जोड़े रखने पर जोर देते रहे। उन्हें भारत रत्न देने का फैसला निस्संदेह स्वागत योग्य है।

**आडवाणी की राजनीति में भले ही एक तरह की वैचारिक आक्रामकता रही हो और इस वजह से उसके समर्थन और विरोध में तीव्र भावनाएं देखने को मिलती हों, जहां तक उनके व्यक्तिगत आचरण की बात है, तो उन्होंने हमेशा शुचिता बनाये रखी और यह बात उनके कट्टर विरोधी भी स्वीकार करते हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**1963 ई. में जब झारखंड पार्टी का कांग्रेस में विलय हुआ, तब लाल रणविजय नाथ शाहदेव ने दिल्ली में पंडित जवाहर लाल नेहरू के समक्ष विरोध किया था। उनके नेतृत्व में 21 जलाई 1963 ई. में बहुबाजार में विशाल सभा आयोजित की गयी। इस सभा में झारखंड पार्टी को बनाये रखने का निर्णय लिया गया। लाल रणविजय नाथ शाहदेव के नेतृत्व में ही 27, 28 एवं 29 सितंबर 1963 को वीरमित्रापुर में विशाल जुलूस निकाला गया। अलग राज्य के लिए आंदोलन करने के कारण उन्हें 3 जून 1968 ई. में जेल भी जाना पड़ा।**

# अलग झारखंड राज्य के अटल-आंदोलनकारी लाल रणविजय नाथ शाहदेव



डॉ कोरनेलियुस मिंज

लालरण विजयनाथ शाहदेव की जयंती पर विशेष



स्वतंत्रता तेहें चाही लाल लहूक धार जैसी देश-भक्ति से ओत-प्रोत कविता रचने वाले नागपुरी कवि, गीतकार और आंदोलनकारी लालरण विजयनाथ शाहदेव ने झारखंड राज्य के पुनर्गठन में सक्रिय भूमिका निभायी थी। उनके मन में अलग राज्य के लिए आंदोलन करने की प्रबल इच्छा खरसावां की शहादत भूमि से जागृत हुई थी। जब वे अपने पिताजी पालकोटगढ़ के राजा छोटेलाल लक्ष्मीनाथ शाहदेव के साथ 1952 ई. में सरायकेला खरसावां शहीद स्थल देखने गये थे। वहीं पर शहीद स्थल की पावन माटी को मुट्ठी में लेकर कसम खायी कि झारखंडियों के लिए अलग राज्य की लड़ाई लडेंगे। इस बीच मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा, छोटेलाल लक्ष्मीनाथ शाहदेव के घर अक्सर राजाडेरा करमटोली आया करते थे। अंततः उनसे प्रभावित होकर औपचारिक रूप से झारखंड पार्टी में 1957 ई. में शामिल हुए और झारखंड आंदोलन में कूद पड़े। वे इसके लिए वीर रस के नागपुरी गीतों और कविताओं की रचनाएं करने लगे। उनकी रचनाएं लोगों के रोंगटे खड़े कर देने वाली होती थीं। हास्य कविता और व्यंग्य कविता लेखन में पकड़ अच्छी थी। एक बार रांची के टैगोर हिल में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने व्यंग्य हास्य कविता गांधीक नाम बेइच के आपन पेट भरू प्रस्तुत किया था, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया। उनकी जागरण कविता - नरसिंघा बाजी आब फिर नागपुर देस में आमजनों के बीच खूब लोकप्रिय हुआ। उन्होंने 500 से अधिक गीत और कविताओं की रचना की हैं, जिनमें 250 से अधिक आकाशवाणी रांची से प्रसारित हुई हैं। लाल रणविजय नाथ शाहदेव हिंदी फिल्मी गाना भी गाते थे। उनकी पत्नी श्यामा देवी को नागपुरी गीत उतने पसंद नहीं थे। इसलिए प्रारंभ में वे अपनी धर्म पत्नी को हिंदी फिल्मी गाना गाकर सुनाते थे। उन्होंने बकायदा शास्त्रीय संगीत की शिक्षा भी प्राप्त की थी। आरंभ में वे नागपुरी में नहीं अपितु हिंदी में गायन करके अपने दोस्तों का मनोरंजन करते थे। गजल में उनकी पकड़ थी। पुराने हिंदी फिल्मी गीतों के भी शौकीन थे। गीत-गोविंद के साथ-साथ उनका मन अलग राज्य के लिए रमा हुआ था। इसी में रत रहते थे।

1963 ई. में जब झारखंड पार्टी का कांग्रेस में विलय हुआ, तब लाल रणविजय नाथ शाहदेव ने दिल्ली में पंडित जवाहर लाल नेहरू के समक्ष विरोध किया था। उनके नेतृत्व में 21 जलाई 1963 ई. में बहुबाजार में विशाल सभा आयोजित की गयी। इस सभा में झारखंड पार्टी को बनाये रखने का निर्णय लिया गया। लाल रणविजय नाथ शाहदेव के नेतृत्व में ही 27, 28 एवं 29 सितंबर 1963 को वीरमित्रापुर में विशाल जुलूस निकाला गया। अलग राज्य के लिए आंदोलन करने के कारण उन्हें 3 जून 1968 ई. में जेल भी जाना पड़ा। झारखंड पार्टी का कांग्रेस में विलय करने के बाद जब जयपाल सिंह मुंडा पुनः झारखंड पार्टी में आना चाहते थे, तब लाल रणविजय नाथ शाहदेव ने उनसे कहा था - आगे गुरू रहंय, आब गरू बटे गेलंय। इसे सुनकर मरांग गोमके भी ठहाका लगाकर हंस पड़े थे और लाल रणविजय नाथ से वादा किया था - मोंय घुरत हों, मोंय आवत हों। आब दोहरायके आंदोलन खड़ा करब। हालांकि इस वचन को देने के बाद जयपाल सिंह मुंडा की अचानक मृत्यु हो गयी। लाल रण विजय नाथ शाहदेव अलग राज्य के लिए 1977 ई. में तात्कालीन गृहमंत्री चैधरी चरण सिंह से अलग राज्य पर हुई वार्ता में शामिल हुए। उसके बाद 1999 ई. में प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और गृहमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी के साथ हुई अलग राज्य वार्ता में भी शरीक थे। लाल रणविजय नाथ शाहदेव ने अलग राज्य झारखंड नाम के लिए उनके समक्ष मजबूती से तर्कपूर्ण विचार रखा और इसी नाम से अलग राज्य का गठन भी हुआ।

लाल रणविजय नाथ शाहदेव नागपुरी कला संगम के निदेशक और नागपुरी प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने पझरा और नागपुरी पत्रिका का संपादन किया। उनकी कुछ प्रकाशित पुस्तकें और पत्रिकाएं हैं, जिनमें पूजा कर फूल 1984, खोता नागपुरी काव्य 1985, खुखड़ी रूगड़ा संपादन 1985, पझरा पत्रिका 1985, जागी जवानी चमकी बिजुरी 1986 शामिल हैं। लाल रणविजय नाथ शाहदेव को कई सम्मानों से सम्मानित भी किया गया। इन सम्मानों में झारखंड विधान सभा स्थापना दिवस के अवसर पर 22 नवंबर 2017 को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। दूरदर्शन सम्मान 2011, नागपुरी संस्थान पिठोरिया से 2014 में स्वर्ण सम्मान, 2014 में प्रफुल्ल सम्मान, 2015 में लोक सेवा समिति से झारखंड रत्न सम्मान मुख्य रूप से शामिल है।

ऐसे अलग राज्य के आंदोलन में अटल रहने वाले वीर माटी पुत्र लाल रणविजय नाथ शाहदेव का जन्म 5 फरवरी 1940 ई. में हुआ था। उनके पिता का नाम छोटेलाल लक्ष्मीनाथ शाहदेव और माता का नाम सीता देवी था। उनका विवाह श्यामा देवी से 1959 ई. में हुआ। उनके तीन बच्चे हैं निर्मला देवी, अजय नाथ शाहदेव और राजश्री सिंहदेव। भले ही लाल रणविजय नाथ शाहदेव अलग राज्य का सपना साकार कर इस धराधाम से 18 मार्च 2019 को विदा हो गये, किंतु हमारे लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे।

**(लेखक : गोस्सनर कॉलेज रांची में सहायक प्राध्यापक हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### टेंट हाउस गोदाम मे लगी आग



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** शहर के सीतारामडेरा थाना अंतर्गत छाया नगर के एक बंद पड़े टेंट हाउस के गोदाम में सोमवार सुबह लगभग 8.30 बजे शार्ट शर्किट से लगी आग लग गई। आगजनी की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगो ने अग्निशामक विभाग और पुलिस को सूचना दी। मौके पर मानगो और गोलमुरी अग्निशामक विभाग के दो दमकल पहुंच कर कड़ी मस्कत के बाद आग में काबू पाया। घटना के दौरान टेंट हाउस के मालिक प्रभात कुमार ने बताया 50 से 60 हजार रुपये का नुकसान होने की अनुमान लगाया जा रहा है। समय पर अग्निशामक विभाग के सहयोग से आग में काबू पाया गया। फिलहाल जांच की जारही है।

### भाजपा महानगर महिला मोर्चा की कार्यशाला 10 को, आत्मनिर्भर बनाने के लिए करेंगे प्रोत्साहित

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी ने महिलाओं को जोड़ने का अभियान तेज कर दी गई। पार्टी के शक्ति वंदन अभियान के माध्यम से स्वयं सहायता समूह, एनजीओ और मातृशक्ति से संपर्क स्थापित कर केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं उपलब्धियों को आधी आबादी के बीच ले जाएगी। उन्हें योजनाओं से जोड़ेगी। सोमवार को साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में अभियान की सफलता को लेकर बैठक की गई। बैठक में 10 फरवरी को कदमा के गीतांजलि क्लब कार्यशाला आयोजित करने पर रूपरेखा तैयार की गई। मोर्चा जिलाध्यक्ष ज्योति अधिकारी के नेतृत्व में आयोजित बैठक में भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा एवं कार्यक्रम के संयोजक अनिल मोदी एवं प्रभारी सीमा मुंडा मुख्यरूप से शामिल हुए। भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने बताया कार्यशाला के माध्यम से केंद्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों पर सेल्फ हेल्प ग्रुप के सदस्यों को प्रशिक्षण मिलेगा। प्रशिक्षण प्राप्त महिला सदस्यगण विभिन्न क्षेत्रों के महिलाओं से मिलकर उन्हें सरकार के कार्यों की जानकारी देंगे व उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ज्योति अधिकारी ने कहा कार्यशाला के पश्चात सभी मिलकर केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का काम करेंगे।

### बाथरूम में गिरने से परिवार के मुखिया की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा थाना अंतर्गत 10 नंबर बस्ती के रहने वाले 40 वर्षीय प्रवीण कुमार का बाथरूम में गिरने से मौत हो गई। बताया जारहा है कि जब प्रवीण घर के बाथरूम में गिर गया, उस बक्त परिवार के सभी सदस्य घर में सो रहे थे। परिजनों का नींद खुलते ही घटना की जानकारी मिली। उन्होंने तत्काल बाथरूम में पड़े प्रवीण को एमजीएम अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां ईलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। वैसे प्रवीण ठेका मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करने वाले अकेला व्यक्ति था। उनके दो बच्चे भी हैं। उधर घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आगे की कारवाई में जुट गई है। फिलहाल घर के मुखिया का अचानक देहांत होने से परिवार का रो रो कर बुरा हाल है।

### गठबंधन की सरकार को बहुमत मिलने पर झामुमो संपर्क कार्यालय में लड्डू वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड विधानसभा में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के द्वारा बहुमत हासिल करने पर जमशेदपुर में झामुमो जिला समिति ने खुशी जाहिर की। सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमिटी की ओर से संपर्क कार्यालय से प्रदर्शन करते हुए लड्डू का वितरण किया गया। इस अवसर पर झामुमो नेता व कार्यकताओं ने ढिशुम गुरु शिबू सोरेन जिन्दावाद,पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिन्दावाद, मुख्यमंत्री चंपई सोरेन जिंदावाद का जमकर नारा लगाया। मौके पर झामुमो के वरिष्ट नेता प्रमोद लाल ने बताया कि झारखंड में भाजपा के द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार को गिराया गया, लेकिन मुख्यमंत्री चंपई सोरेन 47 विधायक के समर्थन ने बहुमत हासिल की। जबकि भाजपा के पास 29 विधायक का समर्थन है।झारखंड में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के नेतृत में गठबंधन की सरकार में बहुमत हासिल होने पर लोगों के बीच लड्डू का वितरण कर खुशियां मनायी गयी। झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के सदस्य प्रमोद लाल ने कहा, जिस तरीके से भाजपा की सरकार ने हेमंत सोरेन को बदनाम करने और जेल भेजने का काम किया है। आज यह साबित हो गया है भाजपा किस तरीके का षड्यंत्र करती है। झारखंड की जनता आने वाले चुनाव में इसका जवाब देगी। इस अवसर पर झामुम के वरिष्ठ नेता शेख बदरुद्दीन ,वीर सिंह सुरेन,कालू गोराई,जिला उपाध्यक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा पूर्वी सिंहभूम अरुण प्रसाद, वरिष्ठ नेता श्यामल सरकार, विक्टर सोरेन, झारखंड मुक्ति मोर्चा मानगो नगर अध्यक्ष फतेहचंद टुडू ,राजा सिंह, पूर्वी सिंहभूम जिला कार्यालय सचिव प्रीतम हेंब्रम, कालू गोराई, राज लकड़ा, हरदेव सिंह, अब्दुल बारी अंसारी, हरदेव सिंह ,रानू मंडल ,श्रीनिवास राव, उमेश गिरी, मोहम्मद समद, चंदन महतो ,पिंटू लाल सहित काफी संख्या में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मानगो राजा कुमार हत्या कांड में 6 आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बीते दिनों मानगो पोस्ट ऑफिस रोड में राजा कुमार हत्या कांड में एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया। सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत के दिशा निर्देश पर पुलिस टीम में कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल छह आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में सुनील ठाकुर, बलविंदर सिंह उर्फ गोलू बच्चा, अभिषेक उर्फ लाढ़, आकाश उर्फ बाबा बच्चा सहित इंद्रजीत सिंह उर्फ इंदर व मोलाय संतरा शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक बाइक,एक स्कूटी,6 मोबाइल,एक पिलेट सहित एक खोखा बरामद कर लिया। बताया जारहा है सभी आरोपी हत्या में शामिल रहे। फिलहाल पुलिस के द्वारा गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जारही है।

### हरिशंकर सिंह सदैव रहेंगे मजदूरों के दिल मे: उदय

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरकाकाना।** जनता मजदूर संघ द्वारा केंद्रीय धर्मशाला बरकाकाना के प्रांगण में मजदूर नेता स्वर्गीय हरिशंकर सिंह के निधन पर शोक सभा आयोजित की गई। शोकसभा का नेतृत्व जनता मजदूर संघ के क्षेत्रीय सचिव उदय प्रताप नारायण सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित यूनियन प्रतिनिधियों ने दो मिनट का मौन धारण कर एवम दिवंगत हरिशंकर सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।मौके पर उपस्थित जनता मजदूर संघ के क्षेत्रीय सचिव उदय प्रताप नारायण सिंह ने कहा दिवंगत मजदूर नेता अपने कार्यो के बदौलत सदैव मजदूरों के दिल मे निवास करेंगे, उनके द्वारा किया गया मजदूर हित का कार्य कई दशकों तक मजदूरों के जुबान पर होगा।शोक सभा में मुख्य रूप से केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना महाप्रबंधक एस के सिंह,टी एस आलोक सिंह, चीफ मैनेजर जनार्दन प्रसाद, कार्मिक प्रबंधक सरत मंगल, एजेकेएसएस के अध्यक्ष हरिरत्नम साहू, आरकेएमयु क्षेत्रीय सचिव महाकान्त मिश्रा, सीएमयु क्षेत्रीय सचिव रतन कुमार,जनता मधुर संघ के रणविजय विश्वकर्मा, संदीप झा,दीपक शर्मा, अजय मिश्रा, तारकनाथ सिंह,नरेंद्र शर्मा, विजय महतो, विक्रम स्वशि, संतोष,राजू कालिंदी, उपेंद्र प्रजापति, मघवा ओरांव,प्रकाश पासवान, देवराज तिवारी, प्रदीप तिवारी, एसएन दुबे,उदय बेदिया, महेंद्र साहू, मालती, प्रीति,अंजू,ममता मिश्रा, सरिता,सुगंध, विशाल, इंद्रदेव, मनोज, वीरेंद्र, राखी, रविंदर, उपेंद्र दुबे, जुबैद हसन सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### सरकार गिराने का ख्वाब देख रहे हैं षड्यंत्र कारियो के गाल पे तमाचा : लाल मोती शाहदेव



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार जेएमएम के जिला अध्यक्ष भावी लोकसभा प्रत्यासी मोती लाल नाथ शाहदेव ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर विधानसभा में चंपई सोरेन को प्रचंड बहुमत से विश्वास मत हासिल करने पर बधाई दी है। वहीं मोती लाल नाथ शाहदेव ने कहा कि यह बहुमत इस बात का प्रमाण है कि केंद्र की भाजपा सरकार ने , जिस तरीके से विपक्ष की निर्वाचित सरकार को गिराने का गंदा खेल खेलने की कोशिश कर रही है झारखंड की जनता सब देख रही है। आने वाले लोकसभा चुनाव में सबक सिखायेगी। भाजपा की गंदी साजिश को झारखंड सरकार ने बेनकाब कर दिया है। झारखंड की जनता देख रही है कि किस तरह आदिवासी सरकार को केंद्र सरकार की इशारे पर ईडी विपक्ष के सभी मुख्यमंत्री को परेशान कर रही है। लगातार विपक्ष झारखंड सरकार को गिराने की कोशिश कर रही है । पर अपने मनसूबे में कामयाब नहीं हो पा रही है औंधे मुंह गिर रही है।

# संतोष कश्यप ने एक यूनिट रक्त दान कर मरीज की जान बचायी




गढ़वा (आजाद सिपाही)। कसौधन वैश्य समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप से नगर वंशीधर निवासी भाजपा नेता ओम प्रकाश गुप्ता के द्वारा एक यूनिट ओ पॉजिटिव रक्त (मरीज जयमतिया देवी, नगर निवासी) को उपलब्ध कराने के लिए आग्रह किया गया, जिसके बाद उमेश कश्यप के द्वारा समाज के कार्यकारिणी सदस्य संतोष कश्यप से संपर्क किया गया और उन्होंने तुरंत रक्त देने के लिए तैयार हो गये। उन्होंने कहा कि आज अपने शादी के 17वे सालगिरह पर रक्तदान कर रहा हूं और यह मेरा 11वां रक्तदान है। अध्यक्ष उमेश कश्यप के द्वारा में कहा गया की जरूरतमंद को अभिलंब रक्त उपलब्ध करने का कार्य समाज के द्वारा हर समय किया जाता है। मौके पर समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप, सचिव संतोष कश्यप भाजपा नेता ओम प्रकाश गुप्ता और मरीज के परिजन उपस्थित थे।

# परीक्षा को लेकर बीडीओ ने की बैठक

मेराल (आजाद सिपाही)। झारखंड वार्षिक माध्यमिक और इंटर परीक्षा के स्वच्छ, शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त संचालन को लेकर सोमवार को प्रखंड सभागार में बीडीओ जागो महतो ने सभी केंद्राधीक्षक और पुलिस पदाधिकारी, बैंक के शाखा प्रबंधक तथा शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि बैठक में 6 फरवरी से 26 फरवरी तक चलने वाली मैट्रिक तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा को कदाचार मुक्त संपन्न कराने, सभी परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों को बैठने के लिए समुचित व्यवस्था कराने, शौचालय सहित परीक्षा केंद्रों की साफ सफाई, सीसीटीवी कैमरा को ठीक करने आदि को लेकर चर्चा की गयी। उन्होंने बताया कि प्रथम पाली में 9:45 से लेकर अपराह्न 1:5 बजे तक मैट्रिक का तथा अपराह्न 2:00 बजे से 5:20 तक इंटरमीडिएट की परीक्षा का समय निर्धारित है।

# शक्ति परीक्षण में जीत के बाद कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** विधानसभा में सोमवार को शक्ति परीक्षण में जीत के बाद झामुमो प्रखंड कमेटी के बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने विश्वास मत हासिल करने की खुशी मनाते हुए मेराल बस स्टैंड में जुलूस निकाला। झारखंड के नये मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन द्वारा विश्वास मत हासिल करने के साथ ही नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा जमकर आतिशबाजी की गयी तथा एक दूसरे को अबीर, गुलाल लगाकर तथा मिठाइयां बांट कर खुशी का इजहार किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने चंपाई सोरेन जिंदाबाद, झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद, शिबू सोरेन, हेमंत सोरेन, मिथिलेश ठाकुर जिंदाबाद के जमकर नारे लगायें। जुलूस में प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष सूर्य प्रकाश, कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शंभू प्रसाद, व्यवसाय प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष ज्ञान रंजन मिश्रा, राजेश बैठा, अशोक राम, नवीन जायसवाल, समीम रंगसाज, जहुर रंगसाज, अभिषेक कुमार मेहता, छोटन कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

# संवेदक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार करने की मांग पर अड़े ग्रामीण

**पुल बनाने के लिए खोदे गये गड्ढे में गिर जाने से घटना स्थल पर ही जय प्रकाश साह की हो गयी मौत**

**अपनी मांगों को लेकर पांच घंटे तक घटनास्थल पर जमे रहे ग्रामीण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सगमा।** धुरकी थाना क्षेत्र के सगमा निवासी मुरली साह के पुत्र जय प्रकाश साह की रविवार की 9बजे रात्रि में को सड़क दुघर्टना में मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार जय प्रकाश साह नगर उटारी में बन रहे बाईपास रोड़ में मजदुरी का कार्य कर अपने घर सगमा वापस लौट रहा था, इसी बिच नगर उटारी-धुरकी मुख्य पथ स्थित बरडीहा गांव के नहर पास संवेदक द्वारा पुल बनाने के लिए खोदे गये गड्ढे में गिर जाने से घटना स्थल पर ही जय प्रकाश साह की दर्दनाक मौत हो गयी। मौके पर पहुंच नगर उटारी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया।

**परिजनों ने शव को लेकर की सड़क जाम :** सड़क दुघर्टना में जयप्रकाश की मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने मृतक का शव लेकर दोपहर 12 बजे से नगर उटारी - धुरकी मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। परिजनों का कहना था कि रोड़ के संवेदक द्वारा पुल बनाने के लिए खोदे गये गड्ढे में दिन प्रतिदिन कुछ ना कुछ घटना होते रहता है, मगर संवेदक द्वारा खोदे गये गड्ढे में कहीं भी बैरिकेडिंग या लाल रिबन तक नहीं लगाया गया है। जिससे लोग फूल पुलिया में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो जा रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से संवेदक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार करने की मांग पर अड़े हुए हैं

**घटना स्थल पर मुस्तैद रहे प्रशासन :** मृतक के परिजनों के द्वारा नगर उटारी - घुरकी मुख्य मार्ग को जाम करने के बाद नगर उटारी के अंचल अधिकारी जुल्फिकार अंसारी पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह नगर उटारी थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह धुरकी थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक के परिजनों को समझाने बुझाने का काफी प्रयास किया और काफी मसक्कत से 5 घंटे के बाद मृतक के परिजनों को आश्वासन के बाद सड़क जाम हटाया गया। इस मौके पर झामुमो नेता ताहिर अंसारी सगमा प्रखंड के पूर्व जिप सदस्य नंद गोपाल यादव, उप प्रमुख अर्जुन पासवान सगमा मुखिया, तेजलाल राम, उप मुखिया मंगलेश यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप यादव विधायक प्रतिनिधि बबलू ठाकुर नगर उटारी भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास पांडे मंगलेश यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# गढ़वा जिला कानू वैश्य संघ का पारिवारिक मिलन समारोह 18 को

**समारोह में कानू वैश्य संघ की स्मारिका 'अरुणोदय' का किया जायेगा विमोचन**

**समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाले को किया जायेगा सम्मानित: अध्यक्ष**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** शहर के टंडवा भगलपुर मुहल्ला स्थित छठ घाट निगरानी मंच के भवन में सोमवार को गढ़वा जिला कानू वैश्य संघ की जिलास्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विशेष रूप से कानू समाज का चौथा पारिवारिक मिलन समारोह आयोजित करने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गयी। समारोह के आयोजन हेतु आगामी 18 फरवरी की तिथि सर्वसम्मति से निर्धारित की गयी। यह भी निर्णय लिया गया कि उक्त तिथि को आयोजित होनेवाले समारोह में ही ₹अरुणोदय₹ नामक कानू समाज के स्मारिका का विमोचन और समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कानू जाति के व्यक्तियों को सम्मानित भी किया जायेगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कानू समाज के राज्य अध्यक्ष और सचिव को आमंत्रित किया जायेगा। इस समारोह में झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों से विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज के सम्मानित व्यक्ति भी शिरकत करेंगे। आयोजन को भव्य और सफल बनाने के लिए कोष संग्रह पर बल देते हुए ग्रामीण क्षेत्रों से आए समाज के लोगों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए कहा गया। मौके पर गढ़वा जिला कानू वैश्य संघ के जिला अध्यक्ष राम बहादुर शाह ने कहा कि गढ़वा जिला कानू वैश्य संघ लगातार अपने समाज के हर व्यक्ति को एक पहचान दिलाने के लिए क्रमबद्ध है। और हर साल की तरह इस साल भी नये साल के मौके पर अपने समाज के साथ पारिवारिक मिलन समारोह मनाने जा रही है, जिसमें सभी लोगों को आमंत्रित भी करती है। बैठक में जिला अध्यक्ष राम बहादुर साह संरक्षक सुनील कुमार कानू तिलदाग ग्राम समिति के सचिव देवलाल साह बघौता ग्राम समिति के उपाध्यक्ष लल्लू साव तथा सचिव राजीव प्रसाद, रमना प्रखंड स्तरीय समिति के अध्यक्ष रविन्द्र साह मझिआंव प्रखंड स्तरीय समिति के अध्यक्ष ललन साह मझिगांवा ग्राम समिति के सचिव अमित कुमार डंडई प्रखंड स्तरीय समिति के अध्यक्ष गोरे लाल साह जाटा ग्राम समिति के अध्यक्ष धनंजय साह इसके अतिरिक्त भगलपुर टंडवा के विजय साह, रोहित, महिपाल, सुनील वार्ड पार्षद प्रतिनिधि तथा नवादा मोड़ निवासी मनदीप प्रसाद और शशि कुमार साह उपस्थित थे।

# वार्षिक माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर सभी परीक्षा केंद्रों के 50 मीटर की दूरी तक धारा 144 लागू




गढ़वा (आजाद सिपाही)। झारखंड अधिविद्य परिषद् रांची और उपायुक्त, गढ़वा शेखर जमुआर के संयुक्त आदेश के आलोक में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा तथा इंटरमीडिएट परीक्षा 06 फरवरी से 26 फरवरी तक विभिन्न तिथियों को प्रथम पाली में पूर्वाह्न 09.45 से अपराह्न 01.00 बजे तक तथा द्वितीय पाली में अपराहून 02.00 बजे से 05.15 अपराहन तक सम्पन्न होगी। इस हेतु गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत कुल 21 परीक्षा केंद्र बनाये गये है। उक्त के आलोक में अनुमंडल दंडाधिकारी, गढ़वा द्वारा भारतीय दंड प्रकिया संहिता 1973 के तहत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखंड परीक्षा संचालन अधिनियम 2001 के तहत परीक्षा को शांतिपूर्ण, कदाचार मुक्त और परीक्षा केंद्रों के आस-पास अवांछनीय तत्व एकत्र न हो, के लिए गढ़वा अनुमण्डल क्षेत्र अंतर्गत उक्त परीक्षा के निमित सभी परीक्षा केंद्र के चहारदिवारी से 50 मीटर की चर्तुदिक दूरी तक दंड प्रकिया संहिता की धारा 144 लागू किया गया है। यह निषेधाज्ञा निर्धारित परीक्षा तिथियों को पूर्वाहन 08.45 बजे से अपराहन 05.45 तक निम्न रुप से लागू रहेगी: 01. परीक्षा केंद्र के चहारदिवारी से 50 मीटर की चर्तुदिक दूरी में कहीं भी अनाधिकृत रूप से कोई भी व्यक्ति प्रवेश नहीं करेंगे। 02. परीक्षा केंद्र के आस-पास किसी प्रकार का शोरगुल की अनुमति नहीं होगी। 03. परीक्षा केन्द्र के आस-पास लाउडस्पीकर का उपयोग नहीं किया जायेगा। किसी प्रकार का चार-प्रसार / ढोल-नगाड़ा आदि वाद्य यंत्रों का प्रयोग नही किया जायेगा। 04. परीक्षा केंद्र और आस-पास किसी भी प्रकार का हथियार, आग्नेयास्त्र / ज्वलनशील पदार्थ (पटाखे, बारूद आदि) लाना सर्वथा वर्जित होगा। 05. परीक्षा के अंदर परीक्षार्थी को / मोबाईल फोन/पेजर/ कैलकुलेटर/ ब्लुदूध/ईयरफोन/डिजिटल डायरी/लॉगबुक/पुस्तक/ नोट बुक / बैग इत्यादी आदि इलेक्ट्रोनिक यंत्र लाना (परीक्षा कार्य में लगे कर्मी को छोड़कर) पूर्णतया वर्जित होगा। 06. उपरोक्त शर्तों के उल्लंघन करने वाले परिक्षार्थियों / व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुकूल कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## जायंट्स अंतरराष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन तिरुवनंतपुरम, केरल में संपन्न

# गढ़वा ग्रुप ने तीन अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जायंट्स अंतरराष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन तिरुवनंतपुरम, केरल में संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन के वर्ल्ड चेयर पर्सन शायना एनसी ने की। इस अवसर पर गोवा के राज्यपाल पीएस श्रीधरन पिल्लई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जिसमें जायन्ट्स ग्रुप का गढ़वा के अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता को आउट स्टैंडिंग प्रेसिडेंट, जायन्ट्स ग्रुप आफ गढ़वा को एक्टिविटी ऑफ द ईयर और जायन्ट्स सेवा सप्ताह के लिए आउटस्टैंडिंग पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस खुशी में स्थानीय ज्ञान निकेतन स्कूल में ग्रुप अध्यक्ष कमलेश गुप्ता का अभिनंदन किया गया, और उपस्थित सदस्यों ने गढ़वा ग्रुप को तीन अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त होने पर एक दूसरे को बधाई दी। मौके पर अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, पूर्व स्पेशल कमिटी सदस्य विजय केशरी, पूर्व फेडरेशन अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, मदन प्रसाद केशरी, फेडरेशन उपाध्याक्ष मनोज केशरी रूपा गंजी, फेडरेशन पदाधिकारी नंद कुमार गुप्ता, प्रशासनिक निदेशक मोजिबुद्दीन खान, मनोज केशरी हिंदुस्तान सेनेटरी, दीपक तिवारी, मनोज केशरी सन रेडियो, चंदन चंद्रवंशी, रविंद्र केशरी आदि उपस्थित थे।

# ओबीसी को अपने अधिकारों के लिए एकजुट होने की जरूरत : रविंद्र नाथ

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** पिछड़ा वर्ग (ओबीसी ) एकता और अधिकार मंच ने डंडा बाजार में नुक्कड़ सभा कर 11 फरवरी को पलामू के शिवाजी मैदान में होने वाले महासम्मेलन को लेकर सभी को आमंत्रण दिया गया। साथ ही पिछड़ा वर्ग के साथ हो रहे अन्याय और हाकमरी के खिलाफ गोल बंद होने का आवाहन किया गया। ब्रह्मदेव प्रसाद ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें हमारी जनसंख्या के अनुपात में हर क्षेत्र में आरक्षण चाहिए और इसके लिए पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता और अधिकार मंच अधिकार मिलने तक इस आंदोलन को जारी रखेगा। विनोद कुमार ने कहा कि हम सरकार से यह मांग करते हैं कि झारखंड में जातिगत जनगणना कराकर देख लें, सबसे अधिक संख्या हमारी है। वीरेंद्र साह ने कहा कि जब संयुक्त बिहार हुआ करता था, तो पिछड़ा वर्ग को 27% आरक्षण मिलता था, लेकिन जैसे ही बिहार से झारखंड अलग हुआ हमारा आरक्षण को घटकर 14% कर दिया गया। हम यहां इस मंच के माध्यम से पिछड़ा वर्ग को गोलबंद करने का प्रयास कर रहे हैं। रविंद्र नाथ ठाकुर ने कहा कि अपने अधिकारों के लिए लड़ने के लिए एकजुट होने की जरूरत है अब यह अन्याय बर्दास्त नहीं किया जायेगा। अब पिछड़ा वर्ग जाग गया है। इस नुक्कड़ सभा में मुख्य रूप से पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता और अधिकार मंच के संयोजक मंडली के सदस्यों में पूर्व डीएसपी श्रवण कुमार, डॉ इश्तियाक रजा, जवाहर चौधरी, अमर साव, राम सनेश, चंदन, रंजीत आदि ने संबोधित किया।

# राजद प्रखंड अध्यक्ष ने अबुआ आवास योजना सूची में अनियमितता को लेकर उपायुक्त को सौंपा आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरडीहा।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष नवल किशोर यादव ने प्रखंड में अबुआ आवास योजना के सुची में घोर अनियमितता पर उपायुक्त गढ़वा को आवेदन सौंपा है। दिये गये आवेदन में उल्लेख किया गया है कि गढ़वा जिला अंतर्गत बरडीहा प्रखंड के सभी 6 पंचायत में बरडीहा, सलगा, सुखनदी, ओबरा, जतरोबंजारी, आदर में मुख्यमंत्री अबुआ आवास योजना के लाभुकों की जो सुची जिला द्वारा जारी की गयी है, वह असंतोषजनक है। जिला की सूची में योग्य कोटा हरिजन, आदिवासी, पिछड़ी, मैन्युरिटी और सामान्य वर्ग के साथ-साथ विधवा, विकलांग तथा अवासहीन लाभुकों का नहीं है। इसके जगह पर 95% प्रतिशत ऐसे लाभुकों के नाम है जिन्हें या तो पहले प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला हो या फिर जिनके घर में चार पहिया गाड़ी हो और समर्थवान हों। पंचायत के मुखिया द्वारा ग्राम सभा में चयनित योग्य लाभुकों की सूची प्रखंड कार्यालय तक ही दी गयी थी। जिसे आवास अत्यंत आवश्यक था, परंतु ग्राम सभा की सूची को गौण रहकर मनमानी तरीके से लिस्ट जारी किया गया। इधर प्रखंड कर्मी, रोजगार सेवक, बी एफटी, स्वयंसेवक और आवास विभाग के मिली भगत से रिश्वत के सहारे सूची में नाम शामिल किया जा रहा है। जिसका प्रमाण के रूप में कॉल रिकॉर्डिंग उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ 9 फरवरी को जनता के साथ प्रखंड कार्यालय बरडीहा में एक दिवसीय धरना और मांग पत्र सौंपने की अनुमति प्रदान की जाये।

# जन कल्याण के लिए यज्ञ बहुत ही उपकारी: समीक्षा पांडे

आजाद सिपाही संवाददाता



कथा वाचिका समीक्षा पांडे।

**सगमा।** संसार में पाप और अधर्म की नाश के लिए शिव शक्ति महारुद्र यज्ञ जन कल्याण के लिए बहुत ही उपकारी है। पृथ्वी पर जितने भी पाप हो रहे हैं, इस यज्ञ से सभी को मोक्ष प्राप्ति की उपाय का मार्ग प्रशस्त होगा। यह बातें प्रखंड मुख्यालय स्थित भैया रूद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय सगमा के प्रांगन में आयोजित नव दिवसीय श्री शिव शक्ति महायज्ञ के आठवें दिन समीक्षा पांडे ने कही। की भगवान की स्तुति करने से सारे कष्ट और खतरे टल जाते हैं। भगवान की पूजा में भक्तों के लिए जरूरी है कि लोग छल कपट को त्याग कर पूजा करें। तभी भक्ति करने से कोई फल की प्राप्ति होगी। मनुष्य जीवन में भगवान की स्तुति करने से सारे कष्ट और खतरे टल जाते हैं। इंद्रियों को वश में रखकर आचरण करना चाहिए, बोलने के दौरान संयम आवश्यक है जबकि भगवान के अवतारों का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान को प्रत्येक युग में विभिन्न रूपों में अवतार लेना पड़ता है। उनके अवतार लेने का मुख्य उद्देश्य अपने भक्तों की रक्षा करना और दुष्ट आत्माओं को मार कर उद्धार करना है। जब-जब धरती पर अत्याचार बढ़ता है, तभी भगवान अवतार लेते है। हमारी गतिविधियों को ऊंचे आदर्शों पर होना चाहिए। मानव स्वयं ही अपने जीवन को जटिल बनाता है और उसमे फंसकर अपने इस दुर्लभ तन को अति कष्टमय बना लेता है। प्रतिदिन सुबह उठकर भगवान से प्रार्थना करना चाहिए कि हे प्रभु आज का जीवन किसी अशुभ कर्म में न लगे। अपने इंद्रियों को अपने वश में रखकर सम्यक आचरण और वाणी व्यवहार का पालन करना चाहिए। अगर आप धन से किसी की सेवा नहीं कर सकते तो अपने तन से ही सेवा करनी चाहिए।

# रोड के गाडवाल निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग से भड़के ग्रामीण

**गुणवत्ता में सुधार नहीं किये जाने पर उग्र आंदोलन की दी चेतावनी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** प्रखंड के जरही से बालेखाड बन रहे सड़क में गडवाल में घटिया निर्माण सामग्री लगाए जाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने सोमवार को गडवाल निर्माण का कार्य रुकवा दिया। निर्माण स्थल पर प्रदर्शन करते हुए ग्रामीणों ने कार्य की गुणवत्ता में सुधार नहीं किये जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। जरही से बालेखाड बन रहे इसी सड़क बालेखाड के घसियानी बांध में गड़वाल निर्माण में लगी हुई है। गड़वाल की आधार दीवार इन दिनों खड़ी की जा रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि गड़वाल की आधार दीवारों में सीमेंट की जगह बजरी लगायी जा रही है। दीवारों पर पत्थर लगाने के लिए अवैध खनन हो रहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के द्वारा सड़क के बगल में गड़वाल बनवायी जा रही है तथा पीसीसी भी नहीं किया गया है और मृत पत्थर से निर्मित किया जा रहा है। इससे नाराज ग्रामीणों ने सोमवार को निर्माण स्थल पर पहुंचकर गड़वाल निर्माण का कार्य रुकवा दिया। ग्रामीणों ने फोन से सड़क के संबंधित उच्चाधिकारियों को पूरे मामले की जानकारी दी और अस्थल के मुआयना करने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि गड़वाल निर्माण में लगायी जा रही सामग्री की गुणवत्ता ठीक नहीं किए जाने पर वे उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। वहीं इधर सड़क संवेद गोपाल सिंह से पूछे जाने पर बताया कि निर्माण निर्धारित लागत और मानक के अनुसार कराया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा लगाया गया आरोप गलत और निराधार है। प्रदर्शन करने वालों में पंकज सिंह, रामनरेश सिंह, कृष्णा सिंह, प्रमोद सिंह, लालमुनि सिंहनीलकंठ सिंह, बलराम सिंह ललिता देवी, लालबिहारी सिंह लक्ष्मण सिंह, ललन सिंह, नागेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा**
**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

लापता लड़की रेखा कुमारी, उम्र–15 वर्ष, पिता–जलसु मांझी, ग्राम–कोनपाला लेटाबेड़ा, थाना–रेंगारिह, जिला– सिमडेगा जो दिनांक–19.01.2024 को अपने घर कोनपाला लेटाबेड़ा से निकला परन्तु वापस घर नहीं आया । जिसका आज तक कोई पता नहीं चल पाया है। लापता लड़की की बरामदगी अभी तक नहीं हो पायी है, जिनका विवरणी निम्नवत् है:–

लिंग :– स्त्रीलिंग
उम्र :– उम्र 15 वर्ष
रंग :– साँवली
उँचाई :– 4 फीट 6 ईंच
पहनावा :– गुलाबी रंग का शूट पहनी हुई है।
भाषा :–सादरी एवं हिन्दी।



अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त लापता लड़की रेखा कुमारी के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाष नं0 पर अविलंब सूचित करेंगे।

पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा –मोबाइल नं0 – 9431116444
थाना प्रभारी, रेंगारिह – मोबाइल नं0–7992400241
डी0सी0बी0 प्रभारी, सिमडेगा – मोबाइल नं0–8709697066

पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा।

PR.NO.317920 Police(23-24):D

## पलामू जिले में मैट्रिक के 71 और इंटर के 37 सेंटर पर परीक्षा आज से

# विद्यार्थी तनाव मुक्त होकर परीक्षा में शामिल हों : डीसी

### मैट्रिक के 33,153 और इंटर के 29,756 विद्यार्थी होंगे परीक्षा में शामिल

**मैट्रिक की परीक्षा के लिये 71 एवं इंटर की परीक्षा के लिए 37 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में मंगलवार से मैट्रिक और इंटर की परीक्षा शुरू होने जा रही है। इसे कदाचार व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक हुई। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में डीसी ने मैट्रिक व इंटर की परीक्षा के लिए जिले में बनाए गए परीक्षा केंद्रों की जानकारी ली। प्रभारी शिक्षा पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि जिले में मैट्रिक की परीक्षा के लिये 71 एवं इंटर की परीक्षा के लिए 37 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।


डीसी शशि रंजन।

इन परीक्षा केंद्रों में मैट्रिक के 33,153 एवं इंटर के 29,756 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। मैट्रिक की परीक्षा प्रथम पाली तो इंटर की परीक्षा द्वितीय पाली में होगी। डीसी ने स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने के लिए कई दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त स्टैटिक एवं उड़नदस्ता दंडाधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिया। डीसी ने परीक्षा केंद्रों में समय पर प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका पहुंचाने के लिए सभी तैयारी पूर्व में ही पूरी कर लेने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, सभी सेंटर सुपरीटेंडेंट, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी समेत शिक्षा विभाग से जुड़े अन्य लोग उपस्थित थे।

वहीं, डीसी ने मैट्रिक व इंटर की परीक्षा को लेकर अभिभावकों व अध्यापकों से भी अपील की है कि वे विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए एक मैत्रीपूर्ण वातावरण दें ताकि वे बिना किसी दबाव के पढ़ाई करें और अपना बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने परीक्षा में शामिल होने वाले बच्चों से तनाव मुक्त होकर परीक्षा देने को कहा।

#### केंद्राधीक्षक-वीक्षक परीक्षा संचालन के दौरान क्या करना और क्या नहीं करना है, इसका ध्यान रखें

डीसी ने सभी केंद्राधीक्षक एवं वीक्षक को परीक्षा संचालन के दौरान क्या करना है और क्या नहीं करना है संबंधित विषय पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। कहा कि परीक्षा के दौरान वीक्षकों का मोबाइल के साथ परीक्षा कक्ष में प्रवेश वर्जित होगा। सभी वीक्षक यह सुनिश्चित करें कि कोई भी परीक्षार्थी कदाचार ना करें। सभी वीक्षक का यह दायित्व होगा कि केंद्र अधीक्षक द्वारा निर्धारित सीट प्लान के अनुसार ही परीक्षार्थी को आवंटित बेंच डेस्क पर ही बैठायें। परीक्षा समाप्ति के उपरांत केंद्र अधीक्षक प्रश्नपत्र सह उत्तर पुस्तिका का रोल कोड एवं रोल नंबर उपस्थिति/अनुपस्थिति के आधार पर अपने प्राधिकृत कर्मियों द्वारा मिलन करते हुए प्राप्त करेंगे। इसी तरह उपायुक्त ने केंद्राधीक्षकों को उनके कार्यों व उनके द्वारा संपादित किए जाने वाले दायित्वों के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

# लक्ष्य को पाने के लिए खुद को तपाना ही तपस्या है : अविनाश

### बच्चे राष्ट्र के भविष्य की बुनियाद : डॉ आरके रंजन

**संत मरियम विद्यालय के अंतिम वर्ष के बच्चों को समारोह आयोजित कर दी गयी विदाई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रेडमा काली मंदिर के समीप देवम इंस्टिट्यूट ऑफ एजूकेशन के कांफ्रेंस हॉल में रविवार को संत मरियम विद्यालय में अध्यनरत 12वीं के विद्यार्थियों को समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। इस दौरान पलामू मेडिकल कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ आरके रंजन, संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव, सीए सपना तुलस्यान, प्रधानाध्यापक कुमार आदर्श, देवम इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रोफेसर आरएन सिंह, गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज के कंप्यूटर साइंस असिस्टेंट प्रोफेसर पंजित लेंका, सिविल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के असिस्टेंट प्रोफेसर शिवराज उरांव, प्रवीण दूबे आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ आरके रंजन ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप इस देश के भविष्य हैं। आपको पूरे लगन के साथ पढ़ाई कर सफलता के शीर्ष तक पहुंचना है, ताकि विद्यालय के साथ ही जिले का भी नाम रोशन हो सके। वहीं, अविनाश देव ने बताया कि राष्ट्र के भविष्य की बुनियाद बच्चें होते हैं। हमारा उद्देश्य न केवल छात्रों को ज्ञान प्रदान करना है, बल्कि उनमें ज्ञान, करुणा और मानवीय भावना भी पैदा करना है। उन्होंने सभी बच्चों को उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कहा कि आज ये बच्चे संत मरियम विद्यालय के चमकते सितारे हैं, जल्द ही पूरी दुनिया को अपनी रोशनी चमकाएंगे। वहीं, सपना तुलसियान ने कमर्शियल कोर्स की जानकारी के साथ ही अपने जीवन के प्रेरणादायक बातें बताई। प्रधानाध्यापक कुमार आदर्श ने कहा कि बेहतर शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है। शिक्षा से सभ्य समाज का निर्माण होता है। प्रो पंजीत लेंका ने कहा कि अब तक आप स्कूल में कंफर्ट जोन में थे। आपके विषय भी सीमित थे और साथ ही प्रतिस्पर्धा भी कम थी लेकिन अब आप 12वीं कक्षा से बाहर आ चुके हैं। आपका क्षेत्र भी बड़ा हो चुका है और प्रतिद्वंद्विता भी बढ़ चुका है। अब आप जिस पथ पर भी चलेंगे उसका निर्णय आप खुद लेंगे किसी को देखकर नहीं लेंगे। वहीं, शिवराज उरांव ने इंजीनियरिंग क्षेत्र से जुड़े कई महत्वपूर्ण बातें बताई। प्रो आरएन सिंह ने बच्चों को खुद के साथ-साथ समाज के उत्थान के लिए भी कार्य करने के लिए प्रेरित किया। अंततः विद्यालय परिवार की ओर से विद्यालय में अध्यनरत 12वीं के बच्चों को सर्टिफिकेट व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।


कार्यक्रम का उद्घाटन करते अविनाश देव व अन्य।

## अवैध शराब निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई भारी मात्रा में शराब, जावा महुआ किया नष्ट



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल के हैदरनगर थाना अंतर्गत ग्राम कुकही, टोला खीलपर के विभिन्न स्थानों पर छापामारी कर भारी मात्रा में अवैध शराब व जावा महुआ को नष्ट किया गया। लगे हाथ शराब भट्ठी को ध्वस्त कर शराब निर्माण के लिए उपयोग किए जाने वाले उपकरणों को जब्त कर लिया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन के निर्देश पर प्रशिक्षु डीएसपी राजीव रंजन के नेतृत्व में की गई। प्रशिक्षु डीएसपी राजीव रंजन ने बताया कि अवैध शराब निर्माण व बिक्री के खिलाफ पलामू पुलिस लगातार अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब निर्माण व बिक्री करने वाले लोगों को किसी कीमत पर बक्शा नहीं जाएगा। डीएसपी ने बताया कि हैदरनगर थाना क्षेत्र के कुकही के खीलपर टोला के समीप से छापामारी में लगभग 2000 किलो जावा महुआ, शराब निर्माण में इस्तेमाल होने वाले बर्तन, उपकरण व लगभग 40 लीटर अवैध महुआ शराब नष्ट किया गया है। हालांकि पुलिस की आने की भनक लगते ही शराब निर्माण में लगे लोग फरार हो गए। डीएसपी ने बताया कि आगे भी यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## सप्ताह में दो दिन प्रखंड मुख्यालय में उपस्थित रहें अधिकारी: डीएसओ

**जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने आपूर्ति विभाग की ओर से किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन के निर्देशानुसार सोमवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु ने सभी एमओ व सहायक गोदाम प्रबंधक संग डीडीसी के सभागार में बैठक कर आपूर्ति विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जनवरी माह 2024 अंतर्गत एनएफएसए व माह सितंबर 2023 के आवंटन के अनुरूप चना दाल के वितरण की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने ग्रीन राशन कार्ड के तहत कार्ड धारी के बीच खाद्यान्नों का समय पर वितरण करने पर बल दिया। कहा कि पीवीटीजी डाकिया योजना अंतर्गत पीवीटीजी समूह के लाभुकों के बीच खाद्यान्नों के वितरण में कहीं कोई गड़बड़ी न हो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने सभी एमओ को कम से कम दो दिन प्रखंड मुख्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश दिये। साथ ही उपस्थित रहने वाले तिथि को संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ साझा करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी एमओ को 5-5 जन वितरण प्रणाली दुकानदारों का औचक रूप से निरीक्षण करने की भी बात कही साथ ही आमजनों से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्पादन हो यह सुनिश्चित करने पर बल दिया।

## बेरोजगार युवाओं को एसआइएस देगा रोजगार : कमांडेंट

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के नवयुवकों के लिए सिक्यूरिटी एण्ड इंटलिजेंस सर्विसेज लिमिटेड (एसआइएस) द्वारा जिले के सभी थाना परिसर में बहाली शिविर लागाया जा रहा है। इस बाबत जानकारी देते हुए एसआइएस के कमांडेंट रमेश कुमार जायसवाल ने बताया की भर्ती होने के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ योग्य उम्मीदवार, मैट्रिक पास, उम्र 21 से 37 वर्ष तक ही होनी चाहिए। जिले के सभी बेरोजगार नवयुवकों को चयन कर उन्हें प्रशिक्षण व रोजगार उपलब्ध कराया जायगा। उम्मीदवारों को प्रशिक्षण के बाद एसआईएस इंडिया लिमिटेड जो आइएसओ 9001-2008 मानक विभाग में रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। साथ ही प्रशिक्षण के बाद उम्मीदवारों को एसआईएस द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया जायेगा। कमांडेंट ने बताया कि उन्हें जहां तैनात किया जायेगा। राज्य सरकार के न्यूनतम वेतन अधिनियम एक्ट 1984 के तहत अन्य भत्ता योग्यतानुसार, पीएफ सरकारी पेंशन, विधवा पेंशन, बोनस, ग्रेच्यूटी, इएसआई, ग्रुप इंश्योरेंस, मेडिकल आवास व मेस की सुविधा, प्रमोशन, दो योग्य बच्चों को आइपीएस देहरादून में पढ़ाने की व्यवस्था और स्थानांतरण के दौरान यात्रा भत्ता एवं खाने की सुविधा दी जाती है। उन्होंने कहा कि 8219591494 पर संपर्क कर इस संबंध में जानकारी ली जा सकती है। उन्होंने बताया कि सात फरवरी को लेसलीगंज थाना परिसर में, 8 फरवरी को चैनपुर थाना परिसर, 9 फरवरी को हुसैनाबाद थाना परिसर में, 10 फरवरी को मोहमंदगंज थाना परिसर, 11 को हरिहरगंज थाना परिसर, 12 को पांकी थाना परिसर, 13 को पाटन थाना परिसर, 14 को मनातू थाना परिसर, 15 को नावजयपुर थाना परिसर, 16 को हैदरनगर थाना परिसर, 17 को तरहसी थाना परिसर, 18 को रामगढ़ थाना परिसर, 19 को पिपरा टांड़ थाना परिसर, 20 को पांडू थाना परिसर, 21 को नवडीहा बाजार थाना परिसर, 22 को सतवरवा थाना परिसर, 23 को डेओरी ओपी थाना परिसर, 24 को एससी/एसटी थाना परिसर, 25 को पड़वा मोड़ थाना परिसर, 26 को विश्रामपुर थाना परिसर, 27 को उतारी रोड थाना परिसर, 28 को रेहला थाना परिसर और 29 फरवरी को डाल्टनगंज थाना परिसर के अलावा एक मार्च को डाल्टनगंज सदर थाना परिसर में शिविर लगने जा रहा है। जिसमें जवानों का शारीरिक एवं लिखित परीक्षा के उपरांत उनका रजिस्ट्रेशन किया जाएगा और चयनित जवानों का रजिस्ट्रेशन किया जायेगा। इसके बाद सभी चयनित उम्मीदवारों को गढ़वा स्थित सेंट्रल ट्रेनिंग एकेडमी में एक महीने का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके बाद उनका डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन होने के बाद एक महीने का प्रशिक्षण होगी। वहां, एक मास का भोजन रहना, और कीट उपलब्ध कराई जाएगी। जिसमें पीटी, ड्रील थ्योरी, औद्योगिक सुरक्षा वीआईपी सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, फायर फाइटिंग, कम्प्यूटर, बैंक सिक्यूरिटी, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की सुरक्षा सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद एसआइएस में 2200 कार्यस्थलों पर नौकरी उपलब्ध कराई जायेगी।


कमांडेंट रमेश कुमार जयसवाल।

## शाहपुर में चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने किया द आर डेट कैफे का उद्घाटन



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** शहर के शाहपुर में नदी किनारे स्थित होटल रिवर व्यू रिजॉर्ट में द आर डेट कैफे का उद्घाटन चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने किया। इस मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष दुर्गा जोहरी, अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री अरविंद गुप्ता, पूर्व जिला परिषद चैनपुर शैलेंद्र चंद्रवंशी, अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के युवा जिला अध्यक्ष शुभम प्रसाद उपस्थित थे। चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि शहर में इस तरह हाईटेक व्यवस्था के साथ नया प्रतिष्ठान खुलना शहर के लिए शुभ संकेत है। बतातें चलें कि द आरडएट कैफे के निदेशक उज्जवल सिन्हा हैं। इस कैफे में बैठने के लिए प्राइवेट स्पेस की सुविधा की गई है। केक और फलावर का बुके भी मिलेगा। सिंगर, गिटारिस्ट के साथ साथ एक दिन का टूर भी कराया जाएगा।

## शहरी स्वयं सहायता समूह के सदस्यों का 6 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता




**हरिहरगंज/पलामू।** नगर विकास एवं आवास विभाग के निर्देश पर सोमवार से नगर पंचायत हरिहरगंज में स्वयं सहायता समूह के सदस्यों का छह दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण शुरू हो गया। दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक स्वरोजगार कार्यक्रम के तहत हरिहरगंज शहर के विभिन्न समूहों से चयनित 28 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण में भाग लिया है। दलित विकास मंच गढ़वा पलामू की ओर से महिलाओं के आर्थिक विकास के लिए स्वरोजगार से जोड़ महिलाओं को उनकी आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से विभिन्न तरह के प्रशिक्षित दिया जा रहा है। ताकि वे अपना व्यवसाय कुशल तरीके से संचालित कर सके। नगर प्रबंधक नजीबुल्लाह अंसारी ने बताया कि वैसे स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है जो स्वरोजगार के लिए बैंक से ऋण प्राप्त किए हैं। नगर पंचायत के यह प्रयास है कि स्वरोजगार से जुड़े समूह के सदस्यों को नया आयाम मिले। इस दौरान प्रशिक्षक पंकज चौबे द्वारा फिनायल, सर्फ, सत्तू, बेसन, ब्रेड, मिक्सर अगरबत्ती, पापड़, अचार, आंवला मुरब्बा, हर्बल अबीर गुलाल बनाने एवं मिनरल वाटर के व्यवसाय के लिए आवश्यक प्रशिक्षण दिए जायेंगें। प्रशिक्षण में सहायक प्रशिक्षक ज्योतिष कुमार पाण्डेय, प्रधान सहायक सरयू बैगा, नाजिर प्रीतम प्रफुल्ल एक्का, सामुदायिक संगठनकर्ता बिचीत्रा कुमारी, सामुदायिक संसाधन सेविका एवं प्रशिक्षण के लिए चयनित एसएचजीएस की महिलाएं उपस्थित थीं।

## हुसैनाबाद अनुमंडल परिसर से बाइक चोरी

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के झरगड़ा गांव निवासी महेश कुमार यादव की बाइक हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय परिसर से चोरी हो गई। भुक्तभोगी ने इसकी सूचना थाना में दी है। महेश यादव ने बताया कि वह आवश्यक काम से हुसैनाबाद अनुमंडल परिसर में गया था। वहीं बाइक खड़ी कर दी। आधा घंटा बाद वापस लौटने पर देखा कि बाइक गायब हैं। काफी खोजबीन करने के बाद भी बाइक नहीं मिली। इसके बाद इसकी सूचना हुसैनाबाद थाने को दी। पुलिस ने अज्ञात बाइक चोर के विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए अनुसंधान शुरू कर दिया है।

# स्पोर्ट्स



**भारत ने विशाखापट्टनम टेस्ट 106 रन से जीत लिया है। सोमवार को डॉवायएस राजशेखर स्टेडियम में इंग्लैंड दूसरी पारी में292 रन ही बना सका, जबकि टीम को 399 का लक्ष्य मिला था। इसके साथ पांच टेस्ट की सीरीज 1-1 से बराबर हो गई**

## विशाखापट्टनम टेस्ट में टीम इंडिया की जबरदस्त वापसी, यशस्वी का दोहरा शतक बना टर्निंग प्वाइंट

# भारत ने इंग्लैंड को 106 रन से हराया, बुमराह ने झटके नौ विकेट

**विशाखापट्टनम (एजेंसी)।** भारत ने विशाखापट्टनम टेस्ट 106 रन से जीत लिया है। सोमवार को डॉ वायएस राजशेखर स्टेडियम में इंग्लैंड दूसरी पारी में 292 रन ही बना सका। टीम को 399 रन का लक्ष्य मिला था। भारत से रविचंद्रन अश्विन और जसप्रीत बुमराह ने 3-3 विकेट लिए। इसी के साथ अश्विन ने 499 टेस्ट विकेट पूरे कर लिए। भारत के लिए पहली पारी में यशस्वी जायसवाल का दोहरा शतक टर्निंग पॉइंट रहा। उन्होंने 209 रन की पारी खेली और टीम को 396 के पार पहुंचाया। इंग्लैंड दोनों पारियों में 300 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सका। भारत से शुभमन गिल ने भी दूसरी पारी में शतक लगाया। जसप्रीत बुमराह ने मैच में 9 विकेट लिए, उन्होंने पहली पारी में 6 विकेट लेकर इंग्लैंड को बैकफुट पर धकेला था। बुमराह ने ही दूसरी पारी में इंग्लैंड का 10वां विकेट लिया। वह प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे।



दूसरे टेस्ट में जीत के साथ भारत ने 5 टेस्ट की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली है। पहला टेस्ट इंग्लैंड ने 28 रन से जीता था। बताते चलें कि शुक्रवार को विशाखापट्टनम में भारत ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। पहली पारी में भारत ने 396 और इंग्लैंड ने 253 रन बनाए। दूसरी पारी में भारत ने 255 रन बनाए। जबकि इंग्लैंड टीम चौथे दिन के दूसरे सेशन में ऑलआउट हो गई। टीम ने 42.4 ओवर में 194/6 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। जसप्रीत बुमराह ने दो और मुकेश कुमार ने एक विकेट लिया। वहीं श्रेयस अय्यर का डायरेक्ट हिट से बेन स्टोक्स को रन आउट करना सेशन में टर्निंग पॉइंट रहा। इंग्लैंड टीम 292 रन ही बना सकी और उन्हें 106 रन से मुकाबला गंवाना पड़ा।

#### इंग्लिश टीम को अपने ही बैजबॉल अप्रोच के कारण करना पड़ा हार का सामना

विशाखापट्टनम में इंग्लिश टीम को अपने ही बैजबॉल अप्रोच के कारण हार का सामना करना पड़ा। बैजबॉल आक्रामक बल्लेबाजी की रणनीति है, जिसे इंग्लिश टीम की चीफ कोच ब्रेंडन मैकुलम के निकनेम बैज पर बनाया गया है। तीसरे दिन के खेल के बाद एंडरसन ने कहा था- हम वैसा ही खेलेंगे जैसा हम पिछले दो साल से खेल रहे हैं। हम जीतें या हारें, यह मायने नहीं रखता, क्योंकि हम हर मैच को जीतना चाहते हैं। फिर टारगेट 600 रन ही क्यों न हो।

#### भारत को टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में तीन स्थान का फायदा

भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला टीम इंडिया ने 106 रन से जीत लिया है। इस जीत के साथ ही भारत ने पांच मैच की सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली है। इस जीत से भारत को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंक तालिका में भी बड़ा फायदा हुआ है। अब भारतीय टीम 52.77 फीसदी अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। वहीं, ऑस्ट्रेलियाई टीम 55 फीसदी अंक के साथ शीर्ष पर काबिज है। अगला मैच जीतने पर भारतीय टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच सकती है।

## अश्विन ने रचा इतिहास, तोड़ा 45 साल पुराना रिकॉर्ड



**विशाखापट्टनम (एजेंसी)।** भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के दूसरे मुकाबले को अपने नाम कर लिया है। उसने विशाखापत्तनम में खेले गए मुकाबले को 106 रन से जीत लिया। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने सीरीज को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। इंग्लैंड ने हैदराबाद में खेले गए पहले मुकाबले को अपने नाम किया था। भारत के लिए दूसरे टेस्ट में दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कुल तीन विकेट लिए। उन्होंने इस मैच के दौरान एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। अश्विन इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए। उन्होंने इस मामले में पूर्व स्पिनर भागवत चंद्रशेखर को पीछे छोड़ दिया। अश्विन के इंग्लैंड के खिलाफ 21 टेस्ट में 97 विकेट हो गए हैं। चंद्रशेखर ने 1964 से 1979 के बीच 23 टेस्ट में 95 विकेट झटके थे। इंग्लैंड के बेन डकेट को आउट कर उन्होंने चंद्रशेखर के 45 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। अब वह इंग्लिश टीम के खिलाफ 100 विकेट पूरे करने से सिर्फ तीन कदम दूर हैं।

## कोयला चोरों ने किया सीआइएसएफ जवानों पर पथराव

धनसार (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र चांदमारी में सोमवार को सीआइएसएफ ने हाइवा से कोयला चोरी करने से रोका तो कोयला चोरों ने सीआइएसएफ की गश्ती दल पर पथराव कर दिया। किसी तरह गश्ती दल वहां से भाग कर जान बताई। बाद में वहां सीआइएसएफ की टीम पहुंची और सभी कोयला चोरों को खदेड़ दिया। हमलावरों के खिलाफ सीआइंएसएफ के महिला आरक्षी पूनम एक्का ने धनसार थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इसके बाद धनसार पुलिस इन आरोपियों की तलाश मे जुट गई है।सीआइएसएफ आरक्षी ने शिकायत में लिखा है कि बस्ताकोला कोलडंप से हाइवा से कोयले का ट्रांसपोर्टिंग किया जाता है। प्रतिदिन चांदमारी पुराना सीआइएसएफ कैंप के समीप दर्जनों कोयला चोर हाइवा रोककर जबरन कोयला उतारते है। इसकी सूचना पाकर जब सीआइएसएफ की गश्ती दल वहां पहुंची तो सभी कोयला चोरों ने पथराव कर दिया। आरक्षी ने बताया कि सभी कोयला चोर चांदमारी बस्ती के बताए जा रहे हैं। इधर, जोड़ाफाटक व बरमसिया मे प्रशिक्षु डीएसपी सह प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने सोमवार को अवैध रूप से बाइक से कोयला ले जा रहे लोगों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान बाइक से कोयला ले जा रहे लोगों के बीच भगदड़ मच गई। सभी कोयलाचोर बाइक छोड़ कर भागते नजर आए। इसी बीच पुलिस ने बरमसिया और जोड़ाफाटक मे छह कोयला चोरों को धर दबोचा। जबकि अन्य कोयला चोर भाग निकले। पुलिस ने मौके से 10 बाइक व उस पर लदे तीन टन कोयला जब्त किया है। धनसार पुलिस ने पकड़े गए लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वहीं, बरमसिया में अवैध बालू लदा वाहन भी जांच अभियान के दौरान पकड़ा गया। इस अभियान से बालू के अवैध धंधेबाजों मे हड़कंप मचा हुआ है।

### चिंता : नये एसपी की सख्ती के बावजूद कोयला चोरी जारी

# सीआइएसएफ ने छापामारी कर जब्त किया 100 टन अवैध कोयला

आजाद सिपाही संवाददाता



कोलया के अवैध ठिकाने पर छापामारी कर जब्ती करते सीआइएसएफ के जवान।

**धनसार।** एसएसपी के कोयला चोरी पर अंकुश लगाने के निर्देश के बाद भी क्षेत्र में कोयला चोरी रूकने का नाम नहीं ले रहा है। इस बात का प्रत्यक्ष उदाहरण कुसुंडा सीआइएसएफ की ओ्र से सोमवार को सिंहनगर मुख्य मार्ग में छापामारी कर 100 टन कोयला जब्त करने के बाद मिला है। छापामारी का नेतृत्व सीआइएसएफ इंस्पेक्टर राजीव कुमार सिंह कर रहे थे।इससे कोयला चोरों में हड़कंप मच गया। सीआइएसएफ ने जब्त कोयला को बीसीसीएल प्रबंधन को सौंप दिया है।बताया जा रहा कि राजापुर, दोबारी व बस्ताकोला से कोयला लोड लेकर सैकड़ों हाइवा झरिया केंदुआ मुख्य मार्ग सिंहनगर होकर बीएनआर साइडिंग कुस्तौर और बोरागढ़ साइडिंग जाती है। कोयला लेकर पहुंचे हाइवा को सिंहनगर में तीन-चार जगहों पर रूकवाकर कोयला उतारा जाता है। इसके बाद कोयलाचोर इसे धंधेबाज को बेच देते हैं। इसके बाद धंधेबाज बाइक और साइकिल के माध्यम से अन्यत्र खपाते है। बतातें कि यही पर कोयला चोरी में वर्चस्व को लेकर धनंजय यादव और रामबाबू धिक्कार के बीच कई बार झड़प भी हो चुकी है। यहां तक की धनंजय की हत्या तक हो गई। धनंजय की मौत और रामबाबू के फरार होने के बाद कई अन्य कोयला चोर सक्रिय हो चुके हैं। यहां मुख्य मार्ग में डंके की चोट पर कोयला चोरी मुख्य मार्ग सेही की जाती है।कोयला चोर यहां कोयला चोरी कर पुलिस के वरीय पदाधिकारियों को ठेंगा दिखा रहे है। प्रतिदिन 50 से 60 टन तक कोयला चोरी हो रही है।स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद भी पुलिस इसे रोकने में असफल हो रही है।


**Deputy Commissioner-cum-District Magistrate, Ramgarh**

**(District Dev. Sec.)**

**1st Floor, Block "B", Collectorate Ramgarh, Chatarmandu, Ramgarh- 825101, Jharkhand**

**NOTICE INVITING FOR URGENT TENDER**

Tender Reference No: 01/2023-24 `Date: - 03-02-2024

District Development Section, Ramgarh (the "Authority") intends to associate an agency for a period of 2 Years However, the Authority on its sole discretion will have the right to float a fresh bid for the said premises if needed.

Request for Proposal for Selection of Agency for Renovation, Operation & Maintenance of four Community/Public Toilets in Patratu block of Ramgarh.

| Sl. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Selection of Agency for Renovation, Operation & Maintenance of four Community/Public Toilets in Patratu block of Ramgarh |
| 2 | Period of Work | 30 Days |
| 3 | Date of Publication of Bid on website | 03/02/2024 |
| 4 | Tender Cost/ Document Fee | Rs 2,000.00 (In the form of DD) in favour of **CSR, Ramgarh.** |
| 5 | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs. 65,000.00 in the form of FD (Valid for at least 6 months from the last date of submission of the bid) duly pledged in favour of **CSR, Ramgarh.** |
| 6 | Pre-Bid Meeting | Date: 15/02/2024 Time: 02:30 PM |
| 7 | Last date and time of receipt of Bid | Date: 19/02/2024 Time:03:00 PM |
| 8 | Date and time of opening of Bid | Date: 20/02/2024 Time: 12:30 PM |
| 9 | Bid submission Place | District Development Section, Ramgarh, "B" Block, 1st Floor, Collectorate Ramgarh, Chhattarmandu, Ramgarh-825101 |
| 10 | Date, time and venue for the power point presentation and opening of Bid | Date: 20/02/2024 Time: 12:30 PM Deputy Commissioner Office, Ramgarh "A" Block, 1st Floor, Collectorate Ramgarh, Chhattarmandu, Ramgarh-825101 |

Note

1. Office of the District Development Section reserves the right to change any schedule. Please visit the website mentioned in the RFP document regularly for the same.
2. Proposals must be received not later than time, date and venue mentioned in the Fact Sheet. Proposals that are received after the specified date and time will not be considered.
3. The selected bidder can also choose to convert the EMD into Performance security by submitting a new Demand Draft in favour of Bidding Authority.

ह0/–

उप विकास आयुक्त

रामगढ़

PR 317854 District (23-24)_D


# मैट्रिक और इंटर की परीक्षाएं आज से, परीक्षा सेंटर पर निषेधाज्ञा जारी

**माध्यमिक परीक्षा के 99 और इंटरमीडिएट के हैं 92 केंद्र**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा को कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बैठक की गई। अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने माध्यमिक परीक्षा के 99 एवं इंटरमीडिएट के 92 परीक्षा केंद्रों पर सोमवार की रात 12 बजे से निषेधाज्ञा लागू कर दी है। माध्यमिक परीक्षा के लिए धनबाद के 17, झरिया के 14, बलियापुर के 9, गोविंदपुर के 12, टुंडी के 10, निरसा के 17, बाघमारा के 11 व तोपचांची के 9 (कुल 99) परीक्षा केंद्रों पर निषेधाज्ञा लागू की गई। वहीं इंटरमीडिएट के लिए धनबाद के 22, झरिया के 15, बलियापुर के 9, गोविंदपुर के 9, टुंडी के 6, निरसा के 12, बाघमारा के 13 व तोपचांची के 6 परीक्षा केंद्रों सहित 92 केंद्रों में निषेधाज्ञा लागू की है। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा मंगलवार से आरंभ हो रही है। माध्यमिक परीक्षा 6 से 26 फरवरी तक प्रथम पाली में सुबह 9.45 बजे से दोपहर एक बजे तक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा 26 फरवरी तक द्वितीय पाली में दोपहर दो बजे से संध्या 5.15 बजे तक संचालित की जाएगी। परीक्षा को कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संचालित करने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर परिक्षेत्र में प्रत्येक दिन से परीक्षा समाप्ति तक के लिए धारा 144 जारी की गई है। इस दौरान परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ लगाने, अनावश्यक घूमने, लाउडस्पीकर का उपयोग करने, अनाधीकृत रूप से हथियार लेकर चलने, मटरगश्ती करने, परीक्षा से संबंधित कोई भी कागज या पत्र अथवा अन्य सामग्री वितरित करने या इसकी गोपनीयता पर प्रतिकूल प्रभाव डालने का प्रयास करने आदि को प्रतिबंधित किया गया है।


**झारखण्ड सरकार**

**श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**

**जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर गुमला**

GOVERNMENT OF INDIA MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT

National Career Service

**रोजगार मेला– 07 फरवरी 2024 रिक्ति सूचना**

राज्य के बेरोजगार युवक/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजन का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर गुमला के तत्वाधान में **नगर भवन गुमला परिसर में दिनांक–07.02.2024 (बुधवार)** के पूर्वाह्न 10:00 बजे से 4:00 बजे तक एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला में निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

**स्थान:– नगर भवन गुमला परिसर में।**

| Sl NO | Name of the Employer & Address | Name of the post | No. of Vacancy | Qualification Required | Experience | Age (Min. / Max) | (Pay/ Scale) | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | SAHU NURSING HOME, PALKOT ROAD, GUMLA | ANM- GNM | 05 | ANM- GNM | 0 to3 Years | 18-35 Years | 3,000/- to 10,000/- Per Month | Palkot Road Gumla |
| | | WARD BOY | 05 | Inter Pass | 0 to3 Years | 18-35 Years | 3,000/- to 10,000/- Per Month | Palkot Road Gumla |
| | | COOK | 01 | Non Matric | 2 Years | 27 Years | 4,000/- to 5,000/- Per Month | Palkot Road Gumla |
| | | Lab Technician. MALE | 01 | DMLT | 1Year | 18 Years | 7,000/- to 12,000/- Per Month | Palkot Road Gumla |
| | | DRESSER | 02 | DRESSER | 0 to3 Years | 18 Years | 4,000/- to 8,000/- Per Month | Palkot Road Gumla |
| 2 | TEJ ORTHOPEDICS AND SURGICAL HOSPITAL, KAROUNDI, GUMLA | Staff Nurse (Female) | 01 | ANM/ GNM | 1 year/ 6 Months Post Experience | 18-35 Years | 4,000/- to 6,000/- Per Month | Tej Hospital, Karoundi Gumla |
| | | Lab Technician (Female/ Male) | 01 | DMLT | 1year Experience | 18-35 Years | 6,000/- to 8,000/- Per Month | Tej Hospital, Karoundi Gumla |
| 3 | PRIVATE ITI COLLEGE, DUMARDIH, GUMLA, K.O COLLEGE ROAD DUMARDIH. | ELECTRICIAN TRANING OFFICER | 01 | B. Tech ELECTRICAL ENGINEERING from AICTE/ UGC ENGINEERING COLLEGE/ UNIVERSITY OR | 1 Year Teaching of Work Experience | 25-35 Years | 9,000/- to 15000/- Per Month | Pvt Iti Dumardih, Gumla. |
| | | | | DIPLOMA IN ELECTRICAL ENGINEERING, AICTE APPROVED ENGINEERING COLLEGE OR | 2 Year Teaching of Work Experience | | | |
| | | | | NTC/NAC (ITI) PASSED IN THE TRADE OF ELECTRICIAN (DESIRABLE: NCIC CERTIFIFICATE) | 3 Year Teaching of Work Experience | | | |
| 4 | FRIENDS MOTORRAD, (BULLET SHOWROOM PALKOT ROAD, GUMLA) | SALES MANAGER | 01 | Graduate Pass | Must have 2-3 years Experience in Automobile and 2-4 Wheeler. | 25-35 Years | 10,000/- to 20,000/- Per Month | Palkot Road, Gumla |
| | | SALES EXECUTIVE | 01 | Graduate Pass | Must have 1-2 years Experience in Automobile. | 20-30 Years | 8,000/- to 12,000/- Per Month | Palkot Road, Gumla |
| | | AUTOMOBILE TECHNICIAN (Only Male) | 01 | Graduate 12th Pass | Must have 1-2 years Experience in Automobile. | 20-30 Years | 8,000/- to 15,000/- Per Month | Palkot Road, Gumla |
| 5 | SUSHILA FOUNDATION FOR AGRICULTURAL & RURAL DEVELOPMENT (SFARD), SISAI, GUMLA | MIS Cum Centre Coordinator | 01 | 12th Pass | 1year | 18-35 Years | 10,000/- to 12,000/- Per Month | Sisai Gumla |
| | | Device Operator | 01 | 10th Pass | 1year | 18-35 Years | 8,000/- to 10,000/- Per Month | Sisai Gumla |
| | | General Duty Assistant (GDA) Trainer (TOT Certified) | 04 | ANM/ GNM | 1year | 18-35 Years | 12,000/- to 18,000/- Per Month | Sisai Gumla |
| | | Sampling Tailor (ST) Trainer (TOT Certified) | 04 | Graduation | 1year | 18-35 Years | 12,000/- to 15,000/- Per Month | Sisai Gumla |
| | | Guard | 01 | 8th | Fresher | 18-35 Years | 6,000/- to 8,000/- Per Month | Sisai Gumla |
| | | Cook | 02 | 8th | 1year | 18-35 Years | 8,000/- to 10,000/- Per Month | Sisai Gumla |
| | | Cleaner | 01 | 8th | Fresher | 18-35 Years | 6,000/- to 8,000/- Per Month | Sisai Gumla |
| | | Moblizer | 01 | 10th | Fresher | 18-35 Years | 8,000/- to 10,000/- Per Month | Sisai Gumla |
| 6 | THE WAXPOL INDUSTRIES LTD, RANCHI | Research and Development (On Company Payroll) | 01 | M.Sc Chemistry | PHD Chemistry | 22-45 Years | 20,000/- to 30,000/- Per Month | H.B Road, Butty, Ranchi. |
| | | Chemist (On Company Payroll) | 01 | B.Sc Chem., M. Sc Chem., | M.Sc Chemistry | 20-40 Years | 15,000/-20,000/ Per Month | Tatisilwai Ranchi |
| | | Welder (On Third Party Payroll) | 01 | ITI WELDER | Fresher | 18-40 Years | Skilled | H.B Road, Butty, Ranchi. |
| 7 | GURUKUL SHIKSHA, RANCHI | Computer Teacher | 02 | Graduate DCA/ DPT/ Tally | Fresher | 20-50 Years | 10,000/- to 25,000/- Per Month | Ranchi |
| | | Tele caller/ Academic Counselor | 05 | Graduate Pass | Fresher | 18-40 Years | 6,000/- to 25,000/- Per Month | Ranchi |
| | | Receptionist | 02 | Graduate Pass | Fresher | 20-50 Years | 6,000/- to 25,000/- Per Month | Ranchi |
| | | Marketing Executive | 05 | Graduate Pass | Fresher | 20-50 Years | 8,000/- to 20,000/- Per Month | Ranchi |
| 8 | CHAITANYA FINCREDIT PVT. LTD | Customer Relationship Executive (CRE) | 50 | 10th/ 12th Pass | Fresher | 18-28 Years | 10,090/- Per Month (Plus Fuel, iIncentive, and Accomodation Free) | Hazaribag, Latehar, Daltonganj, All Jharkhand. |
| 9 | SPANDANA SPHOORTY FINANCIAL LTD . RAMGARH | Trainee Credit Assistant (Bike and Driving License Mandatory) | 20 | 12th , ITI Pass (Male/ Female) | Fresher | 19-28 Years | 12,000/- Per Month | Lohardaga, Palamu, Chatra, Garhwa , Latehar, All Jharkhand |
| 10 | SGRS ACADEMIC PVT LTD, GUMLA | General Duty Assistant Trainer | 04 | GNM, B.Sc. Nursing | 1-2 years in Hospital | 21-35 Years | 21,100/- Per Month | All Jharkhand |
| | | Sewing Machine Operator Trainer | 06 | 12th Pass,(Desirable: B.A in fashion & Design) | 2-6 years in Textile Industry | 21-35 Years | 15,600/-to 21,100/- Per Month | All Jharkhand |
| | | Soft Skill Trainer | 02 | B.A in English, (Desirable: MBA) | 1-2 Years in Teaching | 21-35 Years | 15,600/- Per Month | All Jharkhand |
| 11 | BESTS JOB RANCHI | Data Entry Operator (Typing 35-40 W.P.M) | 120 | 12th Pass (Desirable: Graduate Pass) | 1 Years | 18-38 Years | 12,000/-to 18,000/- Per Month | Ranchi |
| | | Call Center | 70 | 12th Pass (Desirable: Graduate Pass) | 2 Years | 21-35 Years | 12,000/-to 25,000/- Per Month | Ranchi |
| | | Female Promoter | 30 | 10th Pass (Desirable: Graduate Pass) | Fresher | 18-40 Years | 8,000/- Per Month Plus Incentive. | Gumla |
| | | Security Guard | 70 | 10th Pass (Desirable: Graduate Pass) | Yes H- 170 cm. W- 57 kg | 18-35 Years | 10,000/-to 18,000/- Per Month Plus Lodging Free. | Asansol Ranchi Gharwa |
| | | Accountant | 05 | Graduate Pass (Desirable: Commerce Graduate Pass) | 1 Years | 22-40 Years | 12,000/- to 35,000/- Per Month | Ranchi |
| | | Receptionist | 10 | 12th Pass (Desirable: Graduate Pass) | 1 Years | 18-35 Years | 12,000/- to 18,000/- Per Month | Ranchi |
| 12 | ARYAN STEELS | Machine Operator | 04 | 12th , ITI Pass (Male/ Female) | Fresher | 18-40 Years | 15,500/- Per Month (For 12 hours) | Nagpur, Maharastra. |
| | | Helper (Male) | 02 | 10th Pass | Fresher | 18-40 Years | 15,000/- Per Month (For 12 hours) | Nagpur, Maharastra. |
| | | Security Guard | 02 | Non Matric | Fresher | 25-55 Years | 14,000/- Per Month | Nagpur, Maharastra. |
| 13 | SYNNOVA GEARS & TRANSMISSION PVT. LTD | CNC M/C Operator | 200 | 10th , 12th and ITI pass All Trades | Fresher | 18-36 Years | 12,500/- Per Month (Accomodation Free) | Rajkot, Ahmedabad, Gujrat |
| | | DMC M/C Operator | 300 | 10th , 12th and ITI pass All Trades | Fresher | 18-36 Years | 15,000/- Per Month (Accomodation Free) | Rajkot, Ahmedabad, Gujrat |
| | | Quality | 200 | 10th Pass (MALE and FEMALE Both) | Fresher | 18-36 Years | 15,000/- Per Month | Rajkot, Ahmedabad, Gujrat |
| 14 | G4s | SECURITY GUARD Height Male 5'3", Female 5'2". | 500 | 10th Pass (MALE and FEMALE Both) | Fresher | 18-40 Years | 14,000/- to 21,000/- Per Month (Immediate Joining) | Hyderabad, Chennai,Kolkata, Gujrat, Bangalore, Delhi. |
| 15 | LIC Gumla | Agency Recruitment. | 100 | 10TH, 12th Pass | Fresher | 18-60 Years | Commission Based | Gumla. |

**नोट :–** योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा नजदीकी नियोजनालय पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त रोजगार मेला में नियोजक/नियोजकों के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों **Residential, Resume (Self Attested), Aadhar Card (Self Attested), Pan Card (Self Attested), Voter Id (Self Attested), Own Bike/ Scooty RC (Self Attested), Educational Mark sheet and Certificate, Bank Account Details** एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी) दो पासपोर्ट साईज फोटो एवं **अनिवार्य रूप** के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं। चूँकी रिक्ति निजी क्षेत्र की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।

❖ **किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है।**

**PR 317879 (Labour Employment and Traning)23-24*D**

जिला नियोजन पदाधिकारी,जिला नियोजनालय, गुमला


## महत्वपूर्ण न्यूज

### झारखंड में झामुमो हुआ और मजबूत: समीर



धनबाद (आजाद सिपाही)। झामुमो के धनबाद जिला प्रवक्ता समीर रवानी ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि रविवार को गोल्फ ग्राउंड में पार्टी के 52वें स्थापना दिवस के सफल आयोजन के लिए जिला नेतृत्व आम जनता का आभार है। साथ ही प्रशासनिक पदाधिकारीयों एवं प्रेस मीडिया के सहयोग के लिए भी धन्यवाद हैं। रविवार को उमनड़े जनसैलाब ने एक बार फिर साबित किया कि झामुमो झारखंड में और मजबूत हो गई हैं। केंद्र सरकार के इसारे पर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर ईडी कि कार्रवाई से भारी नाराजगी है। पार्टी के स्थापना दिवस पर पहुंची लोगों की भीड़ ने यह साबित कर दिया कि वे हेमंत सोरेन जी से कितना प्यार करती हैं। झारखंड की जनता भाजपा को देश और राज्य से उखाड़ फेंकने के लिए तैयार हैं। कहा कि हेमंत सोरेन जल्द ही जेल से बाहर होंगें और 2024 में पुनः उनके (हेमंत सोरेन) नेतृत्व में ही झारखंड में आदिवासी मूलवासियों की सरकार बनेगी।

### आजसू के पूर्व जिलाध्यक्ष दुर्गाचरण महतो बरी




बोकारो (आजाद सिपाही)। आजसू के पूर्व जिलाध्यक्ष सह केंद्रीय सचिव दुर्गाचरण महतो समेत भाजपा नेता जेपी महतो, गणेश चंद्र प्रमाणिक, पूर्व उपमुखिया तारापद महतो, लालचंद महतो, गोराचांद महतो को बोकारो सीजेएम कोर्ट द्वारा पूर्व के एक मामले में जमानत मिल गई है। उनके खिलाफ भादवि की धारा 147, 342, 353, 427 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### पदक विजेता खिलाड़ी हुए सम्मानित



बोकारो (आजाद सिपाही)। भारत सरकार की ओर से तमिलनाडु में आयोजित छठवीं खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बोकारो एमजीएम स्कूल के सात खिलाड़ियों का चयन हुआ हुआ था। इनमें से तीन खिलाड़ियों के पदक जीते। जबकि अन्य सभी खिलाड़ियों का बेहतर प्रदर्शन रहा। उन सभी खिलाड़ियों के सम्मान में स्कूल के प्रार्थना सभा में प्राचार्य रेजी सी वर्गीस द्वारा सम्मानित किया गया। इसमें गतका खेल से बालक वर्ग में जसमीत कुमार, वेदांत भारद्वाज एवं प्रियांशु राज सिंह (तीनों पदक विजेता खिलाड़ी), बालिका वर्ग में साक्षी श्रीवास्तव, जेबा नाज एवं तृप्ति झा, जूडो खेल से जयंत कुमार शामिल हैं। प्रशिक्षक राजीव कुमार सिंह ने बताया कि यह सातों स्कूल के काफी अनुभवी खिलाड़ी है। इनमें से कुछ खिलाड़ी पहले भी खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भाग ले चुके हैं। वहीं, एमजीएम स्कूल के प्राचार्य रेजी सी वर्गीस और प्रबंधन के सदस्यों ने खुशी जताते हुए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। दूसरी ओर स्कूल के उप प्राचार्य रेखा बनर्जी के साथ ही खेल शिक्षकों में ओमप्रकाश तिवारी, राजेश्वर सिंह, मीनाक्षी कुमारी एवं वंदना कुमारी आदि मौजूद थे।

# नावाडीह स्थित कृषक पाठशाला का निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**नावाडीह/बेरमो।** बोकारो डीसी के निर्देश प रगठित पांच दिवसीय जांच टीम ने सोमवार को आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति की ओर से संचालित समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला योजना का औचक निरीक्षण किया। जांच टीम में डीएमएफटी इंजिनियर अभिषेक कुमार, शुभांकर साहू भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी अंजली राय, जेएसएलपीएस के डीपीएम प्रकाश रंजन आदि शामिल थे। उक्त जांच समिति ने कृषक पाठशाला में बने प्रशिक्षण भवन, गाय शेड, बकरी शेड, तलाब, सुकर शेड के साथ पाठशाला में लगे विभिन्न प्रकार के फलदार पौधा एवं उच्च मुल्य के खेती का भी जांच किया। भूमि संरक्षण पदाधिकारी ने समिति के सचिव बासुदेव शर्मा को कृषक पाठशाला के सभी कार्यों को अविलंब पूरा करने का निर्देश दिया। कहा कि सभी कार्यों का निष्पादन करने के पश्चात किसानों को प्रशिक्षण कार्य प्रारंभ करें। इस दौरान कृषक पाठशाला के मानव संसाधन व अन्य दस्तावेजों का भी जांच किया गया। मौके पर कौशिक कुमार चौधरी, अजानंद प्रसाद सिंह, अनवर अंसारी, असगर हुसैन, निहाल ओझा, आशिष मिश्रा, गिरीश कुमार, रंजीत कुमार, अरूण कुमार, शीला कुमारी, अजय कुमार, चंदन कुमार, लखन महतो, राजू कुमार आदि उपस्थित थे।

### बीडीओ ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

**चतरोचट्टी (आजाद सिपाही)।** झारखंड अधिविध परिषद रांची की ओ्र से आयोजित वार्षिक (सैद्धांतिक) परीक्षा को लेकर गोमिया प्रखंड के बीडीओ महादेव कुमार महतो ने सोमवार को परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने चतरोचट्टी थाना क्षेत्र में स्थित छोटकीसिधावारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय और चतरोचट्टी उत्क्रमित प्लस-2 उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया एवं परीक्षा संचालन के लिए मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली।बीडीओ ने बताया कि यह परीक्षा जैक बोर्ड द्वारा मंगलवार से शुरू हो रही है, जो 26 फरवरी तक चलेगी। जिसमें उत्क्रमित मध्य छोटकी सिधावारा में 167 परीक्षार्थी और उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय चतरोचट्टी में 330 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगें। सुगम एवं समय पर परीक्षार्थियों का प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए बेहतर प्रबंध करने को कहा है। स्वच्छ, कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा आयोजित करने के जिला प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्था की गई है। मानकों के अनुसार दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। परीक्षार्थियों की सीसीटीवी एवं वीडियो कैमरा से निगरानी हो रही है। उन्होंने निर्देश दिया कि परीक्षा समिति के निर्देशों के अनुरूप वार्षिक परीक्षा का संचालन सभी केंद्रों पर किया जाय। विहित प्रक्रिया की अनुपालन के लिए सभी वरीय पदाधिकारी नियमित निरीक्षण करें।

### 16वीं विधानसभा का आखिरी सत्र शुरू, राज्यपाल ने दिया अभिभाषण

# ओड़िशा का शासन पारदर्शिता और सुशासन का प्रतीक है : रघुवर दास

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** 16वीं विधानसभा का आखिरी सत्र शुरू हो गया। सत्र शुरू होने से पहले राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राज्यपाल रघुवर दास ने विधान सभा के दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित की और शहीद जवानों के निधन पर शोक व्यक्त किया। इसके बाद राज्यपाल ने सदन में अपना भाषण दिया। उन्होंने सभी सदस्यों को नव वर्ष की बधाई दी और विधानसभा में अपने संबोधन में राज्य सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

राज्यपाल रघुबर दास ने कहा कि 800 करोड़ रुपये की लागत से 17 जनवरी को परिक्रमा परियोजना का उद्घाटन करने के लिए सरकार को धन्यवाद दिया। पुरी परिक्रमा परियोजना के माध्यम से भक्तों को आध्यात्मिक अनुभव देने के लिए कई सुविधाएं प्रदान की गयी हैं। भक्तों को श्रीमंदिर से 75 मीटर तक परिक्रमा परियोजना का आध्यात्मिक अनुभव मिल रहा है। उन्होंने ओड़िया लोगों की आस्था के प्रतीक मंदिर के असाधारण परिवर्तन के साथ विरासत और संस्कृति को सुरक्षित और संरक्षित रखने के लिए राज्य के धार्मिक संस्थानों के परिवर्तन को प्राथमिकता दी है।



श्रीमंदिर परिक्रमा परियोजना के बाद राज्य सरकार ने मां समलेई परियोजना भी शुरू की है। राज्यपाल रघुवर दास ने 200 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित मां समलेई मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। इसी तरह 280 करोड़ रुपये की लागत से लिंगराज मंदिर के आसपास का विकास किया है।

राज्य सरकार ने विभिन्न विरासत स्थलों के विकास को महत्व दिया है। हमारा ओड़िशा, नवीन ओड़िशा एक अनूठी पहल है। राज्य सरकार ने ग्रामीण ओड़िशा के तीव्र विकास और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए विकासात्मक कदम उठाये हैं। इससे राज्य सरकार इंटरनेट सुविधाओं , डिजिटल सुविधाओं , संस्कृति और खेलों को बढ़ावा देने के साथ - साथ ग्रामीण विकास को बढ़ावा दे रही है।

राज्यपाल ने कहा कि नुआ ओ युवा लोगों के समावेश और सशक्तिकरण के लिए एक अभूतपूर्व अभियान है। 5-टी और मो सरकार ने शासन के एक नये युग की शुरुआत की है। इससे सरकार और लोगों के बीच की दूरी कम हो गयी है। ओड़िशा का शासन पारदर्शिता और सुशासन के प्रतीक के रूप में उभरा है।

2022-23 में राज्य में खाद्यान्न उत्पादन 141.36 मीट्रिक टन तक पहुंच गया है, जो 2000-01 में 55.35 लाख मीट्रिक टन था। राज्य सरकार आधुनिक कृषि पद्धतियों के माध्यम से कृषि क्षेत्र का विकास कर रही है। प्राकृतिक आपदाओं के बावजूद भी ओड़िशा कृषि के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बन कर उभरा है।

## विकास के नाम पर विनाश की तस्वीर दिखा रही है ओड़िशा सरकार : मोहन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** 16वीं विधानसभा का आखिरी सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। भाजपा विधानसभा सत्र में विभिन्न जनमुद्दों, आम लोगों की आर्थिक समस्याओं और वर्तमान सामाजिक व राजनीतिक स्थिति पर गहन चर्चा करेगी और सरकार से जवाब मांगेगी।

विपक्ष के मुख्य सचेतक मोहन चरण माझी ने कहा कि बीजू जनता दल विधानसभा में जनविरोधी मुद्दों पर राज्य सरकार को घेर घेरेंगे। प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल की उपस्थिति में प्रदेश कार्यालय में भाजपा विधायक दल की बैठक हुई है।

बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए विपक्ष के मुख्य सचेतक श्री माझी ने कहा कि बीजेडी शासन में ओड़िशा में भ्रष्टाचार और व्यभिचार चरम सीमा को पार कर गया है, जो नवीन के 24 साल के शासन में स्पष्ट है। भगवान श्रीजगन्नाथ को लेकर राजनीति करने वाली बीजेडी सरकार ने जगन्नाथ संस्कृति और परंपरा को नष्ट कर दिया है।

श्री माझी ने कहा कि ओडिशा को 24 वर्षों तक बीजेडी शासन के तहत सताया गया है, ओडिशा को लूटा गया है और ओड़िशा के लोग 'विकास के नाम पर विनाश' की तस्वीर देख रहे हैं। इस बैठक में राज्य साधारण संपादक (संगठन) मानस कुमार महांति विधायक नाउरी नायक के साथ राज्य मीडिया समन्वयक सुजीत कुमार दास प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## किट में दो दिवसीय उड़िया कवियों के सम्मेलन का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** रविवार को किट में दो दिवसीय उड़िया कवियों के सम्मेलन का उद्घाटन किया गया । यह उड़िया भाषा सम्मेलन के हिस्से के रूप में आयोजित किया जा रहा है । इसके विशेष सत्र में 5टी के अध्यक्ष वीके पांडियन ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और कहा कि दुनिया में पैदा हुआ हर व्यक्ति कवि है। उन्होंने कहा कि कविता जीवन का हिस्सा है। मनुष्य अपने दिमाग का उपयोग करके विभिन्न क्षेत्रों में कई काम कर सकता है, लेकिन कविता दिल से आती है। हम जिस क्षेत्र में काम करते हैं, उसमें हम सभी कवि हैं, उन्होंने कहा। इस मौके पर पांडियन ने अपनी लिखी उड़िया कविता सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।




किट और किस के संस्थापक और कंधमाल के सांसद डॉ अच्युत सामंत ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि भाषा हमारा अतीत और हमारे भविष्य का अस्तित्व है। विश्व उड़िया सम्मेलन आपके गौरव के साथ अंतरंग होने का एक शानदार अवसर है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की दूरदर्शिता और प्रयास अत्यधिक सराहनीय हैं।

डॉ सामंत ने उड़िया कवि सम्मेलन आयोजित करने की अनुमति देने के लिए राज्य सरकार और मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर प्रख्यात कवि पद्मश्री श्रीनिवास उद्गाता ने अपनी कविता का पाठ किया।

सुबह उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, एसटी और एससी विकास, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री, जगन्नाथ सारका ओडिशा सरकार के कानून विभाग ने कहा कि उडिया भाषा सम्मेलन युवाओं को उडिया भाषा के विकास के लिए प्रेरित करेगा।

हर उड़िया की पहली पहचान उड़िया भाषा है। प्रख्यात कवि पद्म विभूषण सीताकांत महापात्र ने कहा कि उड़िया भाषा अन्य भाषाओं से आगे रही है। उन्होंने कहा कि हर किसी को अपनी मातृभाषा के प्रति प्यार और सम्मान रखना चाहिए।

### ओड़िशा केंद्रीय विवि में विश्व हिंदी महोत्सव

# बदलती दुनिया में हिंदी भाषा की मुख्य विशेषता है : कुलपति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय, कोरापुट में सोमवार को विश्व हिंदी महोत्सव का आयोजन करते हुए उत्साह से गूंज रहा था। इस घड़ी में देशभर और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी भाषा को बढ़ावा, प्रसार और विश्वभर में फैलाने का हिस्सा मनाया गया। विश्व हिंदी दिवस का वैश्विक उत्सव 10 जनवरी को मनाया गया था, जो हिंदी को वैश्विक स्तर पर बढ़ाने की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. चक्रधर त्रिपाठी ने हिंदी के प्रचार और विकास के लिए विभिन्न पहलुओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी हैं। इनमें 'हिंदी साक्षरता अभियान' शामिल है, जो केवल विश्वविद्यालय के अंदर ही नहीं, बल्कि पांच अपने गांवों में भी सक्रिय रूप से चल रहा है। विश्व हिंदी दिवस 2024 का थीम, हिंदीः पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम बुद्धिमत्ता तक ने विश्वविद्यालय में एक विशेष सेमिनार और अन्य कार्यक्रमों के लिए मुख्य बिंदु साबित हुआ। प्रमुख अध्यापक प्रो चक्रधर त्रिपाठी द्वारा संबोधित उद्घाटन सत्र में पूर्व इलाहाबाद विश्वविद्यालय से हिंदी प्रोफेसर प्रो रामकिशोर शर्मा को मुख्य वक्ता के रूप में शामिल किया गया, साथ ही लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व एमेरिटस प्रोफेसर प्रो हरि शंकर मिश्र, शैक्षिक और प्रशासन सलाहकार प्रो. विभाष चंद्र झा, और विश्वविद्यालय के भाषाओं के स्कूल के डीन प्रो नरसिंह चरण पंडा भी कार्यक्रम में योगदान किया।




प्रो रामकिशोर शर्मा ने अपने अनुभव और उपलब्धियों का साझा करते हुए हिंदी के संघर्षों और जीतों को महत्वपूर्ण बनाया, और विश्वविद्यालय के हिंदी के लिए अभियान की प्रशंसा की। प्रो हरि शंकर मिश्र ने हिंदी भाषा के वैश्विक महत्व के बारे में आशावादपूर्ण रूप से बात की, और प्रो. विभाष चंद्र झा ने हिंदी की वैश्विक प्रभावशीलता के संभावनाओं को तकनीकी समृद्धि के साथ जोड़ने की संकेत किया।

प्रो नरसिंह चरण पंडा ने हिंदी के संगठनात्मक भूमिका पर चर्चा की, मानव संबंधों को बढ़ावा देने और राष्ट्रभक्ति को बढ़ावा देने में हिंदी की भूमिका पर बतौर एकजुट करने की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चक्रधर त्रिपाठी ने बताया कि हिंदी अब केवल भारत की प्रमुख भाषा नहीं है; आज, यह ज्ञान और व्यापार की भाषा बन चुकी है।

विश्वविद्यालय के हिंदी साक्षरता अभियान के समन्वयक डॉ निर्झरिणी त्रिपाठी ने अभियान के उद्देश्यों पर विचार किए। संपूर्ण कार्यक्रम को विश्वविद्यालय के राजभाषा खंड के निदेशक प्रो हेमराज मीना ने संगठित किया, जबकि हिंदी विभाग के मुख्य डॉ चक्रधर प्रधान ने धन्यवाद का भाषण दिया।

पूर्व मध्य रेल

सार्वजनिक सूचना

**विषय : महुरिया–दुधीनगर एवं अनपरा रोड – कृष्णशीला स्टेशनों के बीच बने दोहरीकरण परियोजना पर स्पीड ट्रॉयल करने की सूचना।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रमना – सिंगरौली दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत महुरिया–दुधीनगर स्टेशनों एवं करैला रोड–शक्तिनगर दोहरीकरण परियोजना के अन्तर्गत अनपरा रोड – कृष्णशीला स्टेशनों के बीच दिनांक 07.02.2024 को तीव्र गति से विशेष ट्रेन द्वारा स्पीड ट्रायल किया जाएगा तदोपरान्त नियमित ट्रेन परिचालन होगा। किसी को भी रेलवे लाईन के निकट रहना असुरक्षित होगा। अतः सर्वसाधारण को सचेत किया जाता है कि रेलवे लाइन के निकट नहीं आवें और मवेशियों को भी दूर ही रखें। साथ ही समपारों (लेवल क्रासिंग) को पार करते समय भी विशेष सावधानी रखें एवं ट्रेन की स्थिति देख कर ही रेल लाईन पार करें।

इसकी अवहेना करने पर यदि किसी भी प्रकार की दुर्घटना होती है तो इसके लिए रेल प्रशासन जिम्मेवार नहीं होगा।

पीआर/02237/सीओएन/अभि./एन/23–24/48 मुख्य अभि./कॉन/सेंट्रल/पूमरे/हाजीपुर

## सूचना एवं प्रसारण सचिव के रूप में संजय जाजू ने संभाला कार्यभार

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। आइएएस के वरिष्ठ अधिकारी संजय जाजू ने सोमवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव के रूप में कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने अपूर्व चंद्र की जगह ली है, जिन्हें स्वास्थ्य सचिव नियुक्त किया गया है।**




## कैंसर रोकने के बारे में जागरूक करता है वेदांता एल्युमीनियम

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** विश्व कैंसर दिवस पर भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने कैंसर रोगियों, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं और सहायता प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इस अवसर पर वेदांत समूह की रायपुर स्थित अत्याधुनिक कैंसर सुविधा और भारत के अग्रणी कैंसर देखभाल अस्पतालों में से एक बाल्को मेडिकल सेंटर (बीएमसी) ने छत्तीसगढ़ में कैंसर जागरूकता गतिविधियों की एक श्रृंखला का आयोजन किया, जो रोकथाम, पहचान को बढ़ावा देने पर केंद्रित थी। बीएमसी के प्रयासों को स्तन,




गर्भाशय ग्रीवा और सिर और गर्दन के कैंसर - 3 सबसे आम कैंसर - की स्क्रीनिंग से सुसज्जित मैमोग्राफी वैन के माध्यम से लोगों के दरवाजे तक कैंसर देखभाल लाकर 'केयर गैप को बंद करना' थीम के साथ जोड़ा गया था। भारत में और साथ ही रायपुर के मध्य में एक कीमोथेरेपी डेकेयर सेंटर खोला जा रहा है, ताकि मरीजों को कीमोथेरेपी के लिए दूर न जाना पड़े। गैर सरकारी संगठन हेल्प एज इंडिया के सहयोग से बाल्को द्वारा कोरबा में इसी तरह की गतिविधियों और जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बाल्को मेडिकल सेंटर की चेयरपर्सन ज्योति अग्रवाल ने कहा कि विश्व कैंसर दिवस एक अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है कि कैंसर के खिलाफ लड़ाई न केवल क्लीनिकों और प्रयोगशालाओं में लड़ी जाती है, बल्कि प्रभावित लोगों के दिल और दिमाग में भी लड़ी जाती है।

बीमारी के बारे में जागरूकता पैदा करने में बाल्को मेडिकल सेंटर की भूमिका के बारे में बोलते हुए बीएमसी की चिकित्सा निदेशक डॉ भावना सिरोही ने कहा कि इस विश्व कैंसर दिवस पर, बाल्को मेडिकल सेंटर ने बीमारी के शीघ्र निदान को बढ़ावा देने के लिए कैंसर जागरूकता शिविरों की एक श्रृंखला का आयोजन किया, जिससे इलाज की दर में वृद्धि होगी, जीवन की गुणवत्ता बढ़ेगी और उपचार की लागत और अवधि कम होगी।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !










## वन्यजीवों की रक्षा के लिए टाटा स्टील मेरामंडली हाफ-मैराथन में 4000 प्रतिभागियों ने भाग लिया




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** टाटा स्टील मेरामंडली ने जिला प्रशासन ढेंकनाल और ओडिशा एथलेटिक एसोसिएशन के सहयोग से रविवार को टाटा स्टील मेरामंडली ने हाफ-मैराथन की आयोजन की। यह कार्यक्रम कपिलाश वन्यजीव अभयारण्य के परिधि क्षेत्र में वन्यजीवों की रक्षा के लिए हाफ-मैराथन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को ढेंकनाल के माननीय विधायक सुधीर सामल ढेंकनाल, जिला कलेक्टर मनोरंजन मलिक ढेंकनाल, पुलिस अधीक्षक मदकर संदीप संपत ढेंकनाल, संभागीय वन अधिकारी सुमित कर, चाणक्य चौधरी उपाध्यक्ष वीपी कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील और डीबी सुंदर रमम वीपी, रॉ मैटेरियल्स टाटा स्टील, सुबोध पांडे वीपी ग्राफीन और न्यू मैटेरियल बिजनेस टाटा स्टील और राजीव कुमार वीपी संचालन टाटा ने हरी झंडी दिखायी। हाफ-मैराथन में लगभग 4,000 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें धावकों का उत्साह बढ़ाने और उनकी खेल भावना का समर्थन करने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

06 फरवरी, 2024
माघ, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 107

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

WILD WAADI PARK
An Entertainment Hub
एशिया का
तीसरा सबसे बड़ा फ्लावर पार्क
अब रांची में
HAJAM ROAD, RANCHI (JH.)
Contact Now : 9304816880

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219,Jharkhand
Admission OPEN 2024-25
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
PHARMACY D-PHARM
NURSING ANM GNM POST|BASIC|B.SC. BASIC|B.SC.|M.SC.
PARAMEDICAL DRESSERS|DMLT|ECG X-RAY|OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
Separate Hostel For Boys & Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

# चंपाई पर विश्वास, फ्लोर टेस्ट पास

**विधायक**
**47 पक्ष में**
**29 विरोध में**

- भाजपा, झामुमो और निर्दलीय से एक-एक सदस्य गैरहाजिर
- निर्दलीय सरयू राय ने वोट नहीं डाला

आजा सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में चंपाई सोरेन सरकार ने विश्वास मत जीत लिया। चंपाई सोरेन के मुख्यमंत्री पद पर शपथ लेने के बाद विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र बुलाया गया था। विश्वास मत के दौरान गठबंधन दल (झामुमो, कांग्रेस, राजद) के विधायकों ने एकजुटता दिखायी। माले भी इनके साथ रहा। चंपाई सरकार के पक्ष में 47 वोट पड़े, वहीं विपक्ष की एनडीए (भाजपा और आजसू) की तरफ से 29 वोट पड़े। भाजपा, झामुमो का एक-एक विधायक बीमारी की वजह से और एक निर्दलीय विधायक अमित कुमार गैरहाजिर रहे। वहीं निर्दलीय सरयू राय सदन में थे, लेकिन वोटिंग नहीं की।

गौरतलब है कि हेमंत सोरेन ने 31 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) द्वारा हिरासत में लेने के बाद इस्तीफा दे दिया था। गठबंधन दल ने चंपाई सोरेन को नेता चुना और राज्यपाल के पास सरकार बनाने का दावा पेश किया। राज्यपाल ने 2 फरवरी को चंपाई सोरेन को मुख्यमंत्री और आलमगीर आलम और सत्यानंद भोक्ता को मंत्री पद की शपथ दिलायी। सरकार को 10 दिन के अंदर विश्वास मत हासिल करना था। इसके लिए 5 और 6 फरवरी को विशेष सत्र बुलाया गया।

सत्र का पहला दिन राज्यपाल सीपीराधाकृष्णन के अभिभाषण से शुरू हुआ। राज्यपाल के अभिभाषण के बाद मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने अपनी सरकार पर विश्वास मत प्रस्ताव रखा। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने इस पर चर्चा के लिए 1 घंटा 10 मिनट का समय निर्धारित किया। सदन में दलगत स्थिति के आधार पर बोलने के लिए दलों के नेताओं का समय निर्धारित किया। सबसे पहले मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने विश्वास मत पर अपना विचार रखा। इसके बाद झामुमो से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, भाजपा से (नेता प्रतिपक्ष) अमर बाउरी, कांग्रेस से आलमगीर आलम, आजसू के सुदेश महतो, माले से विनोद सिंह, झाविमो से प्रदीप यादव (चूंकि सदन में झाविमो नेता ही मान्य हैं) ने अपनी बात रखी। इसके बाद दोपहर दो बजे वोटिंग हुई।



## विधानसभा में वोटिंग का गणित

विधानसभा में कुल 81 सीटे हैं। बहुमत के लिए 41 सीट की जरूरत होती है। एक सीट गांडेय विधानसभा क्षेत्र की खाली है। भाजपा के इंद्रजीत महतो और झामुमो के रामदास सोरेन इलाजरत हैं। इसलिए वे वोटिंग में शामिल नहीं हुए। वहीं, निर्दलीय विधायक अमित यादव गैरहाजिर रहे, तो निर्दलीय सरयू राय तटस्थ रहे। उन्होंने वोट नहीं डाला। कुल 76 सदस्य वोटिंग में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष ने सरकार पर विश्वास के पक्ष में सदस्यों को खड़ा कर गिनती करायी, फिर विपक्ष के सदस्यों की गिनती हुई। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने 47 वोट पाकर सदन का विश्वास सरकार के प्रति जीत लिया।

## हेमंत बाबू है, तो हिम्मत है : चंपाई सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने अपने विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा हेमंत सोरेन के नाम से शुरू की। उन्होंने कहा कि हेमंत बाबू है, तो हिम्मत है। वर्ष 2019 में हेमंत सोरेन की सरकार बनने के बाद से ही उसे गिराने की साजिशें शुरू हो गयी थीं। उनके नेतृत्व को कुशल नेतृत्व करार दिया। उन्होंने कहा कि जब कोरोना वायरस ने दस्तक दी, तो पूरी दुनिया थम गयी थी। भारत में भी लॉकडाउन लगा दिया गया। लोग जहां थे, वहीं रह गये। हमारे युवा नेता हेमंत सोरेन ने किसी प्रवासी मजदूर को कोई तकलीफ नहीं होने दी। किसी को भूख से नहीं मरने दिया। बस से, ट्रेन से उन्हें अन्य राज्यों से झारखंड लाये। ऐसे मजदूर जो हवाई चप्पल और लुंगी पहनते थे, उनके लिए भी हेमंत बाबू ने हवाई जहाज की व्यवस्था की। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश के खनिज का इस्तेमाल देश के अलग-अलग हिस्से में हुआ। यहां की संपदा ने गुजरात, महाराष्ट्र जैसे राज्यों को समृद्ध किया। वहीं, हमारे आदिवासी-मूलवासी विस्थापित हुए। हेमंत सोरेन ने इसकी चिंता की। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने हमें संघर्ष करना सिखाया। वही मेरे आदर्श हैं। उन्होंने केंद्र की वर्तमान सरकार को 'महाराज' की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि 2019 में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार झारखंड में बनी। मुख्यमंत्री रहते जमीन घोटाला मामले में उनको गिरफ्तार कर लिया गया। किसी खाते में उनका नाम नहीं है, फिर भी उनको जेल जाना पड़ा। उन्होंने कहा कि जब-जब झारखंड के आदिवासी नेतृत्व की क्षमता बढ़ती है, उन पर शिकंजा कसने की कोशिश शुरू हो जाती है। बाबा तिलका माझी का इतिहास हो या सिदो-कान्हू, चांद-भैरव, फूलो-झानो का इतिहास हो। पोटो हो का इतिहास हो या भगवान बिरसा मुंडा का इतिहास। आदिवासियों की सामाजिक व्यवस्था जल-जंगल-जमीन को बचाने की कोशिश की, तो पूरी दुनिया ने देखा कि उनके साथ क्या हो रहा है। चंपाई सोरेन ने कहा कि एक आदिवासी नेता बंधु तिर्की को पांच लाख रुपये के नाम पर सदस्यता गंवानी पड़ी। वहीं, भानु प्रताप शाही के सात करोड़ रुपये इडी ने जब्त किये, लेकिन वह यहां हैं। भानु प्रताप भाजपा में चले गये, इसलिए उन्हें नहीं पकड़ा गया। वहीं, हमारे हेमंत बाबू के खिलाफ कोई केस न होते हुए भी, उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उनकी गलती यही थी कि वह झारखंड को और झारखंड के आदिवासियों-मूलवासियों को आत्मनिर्भर बनाना चाहते थे। म्रुयमंत्री ने इडी, सीबीआइ और आइटी पर भी गंभीर आरोप लगाये। उन्होंने कहा कि ये केंद्रीय एजेंसियां केंद्र की सरकार के इशारे पर काम करतीं हैं। यह लोकतंत्र के लिए खतरा है। बाबा भीमराव आंबेडकर और जयपाल सिंह मुंडा ने जो संविधान बनाया था, उसकी रक्षा के लिए, लोकतंत्र को बचाने के लिए हमें आपके समर्थन की जरूरत है।

### हेमंत सोरेन आदिवासी लीडर आदिवासियों के नहीं : बाउरी

रांची (आजाद सिपाही)। प्रतिपक्ष के नेता अमर हाउरी ने सदन में सरकार पर विश्वास के विपक्ष में बात रखी। उन्होंने कहा कि इन्हें नहीं पता है कि राज्यपाल का अभिभाषण केंद्र सरकार लिख कर नहीं देती है, राज्य सरकार लिख कर देती है। राज्यपाल के भाषण के दौरान सत्ता पक्ष के विधायकों की हूटिंग सही नहीं है। हेमंत सोरेन आदिवासी लीडर हो सकते हैं, लेकिन आदिवासियों, दलित और पिछड़े वर्ग के लीडर नहीं हो सकते हैं। केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद कहीं भी राष्ट्रपति शासन नहीं लगा। उन्होंने सरकार पर जम कर निशाना साधा।

## 8.5 एकड़ जमीन का कागज दिखा दे, तो राजनीति क्या, झारखंड छोड़ कर चला जाऊंगा: हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विधानसभा में चंपाई सोरेन सरकार के विश्वासमत में शामिल हुए। विश्वास मत के प्रस्ताव पर अपनी बात रखते हुए उन्होंने जो कुछ कहा, उसे हूबहू यहां रखा जा रहा है।

### हेमंत सोरेन ने 23 मिनट दिया भाषण



### करोड़ों डकारने वाले का बाल बांका करने की औकात नहीं

इडी, सीबीआइ, इनकम टैक्स, जिन्हें देश की संवेदनशील व्यवस्थाएं कहा जाता है, जहां करोड़ों करोड़ रुपये इनके सहयोगी डकार कर विदेश में जाकर बैठे हैं, उनका एक बाल भी बांका करने की इनकी औकात नहीं है। इनके पास औकात है देश के आदिवासी, दलित, पिछड़ों के ऊपर और बेगुनाह लोगों पर अत्याचार करना। आज मुझे किसलिए अरेस्ट किया गया साढ़े आठ एकड़ जमीन के घोटाले में। अगर है हिम्मत तो सदन में कागज पटक कर दिखायें कि साढ़े आठ एकड़ की जमीन हेमंत सोरेन के पास है। अगर होगी, तो उस दिन से मैं राजनीति से इस्तीफा दे दूंगा।

### 31 तारीख की रात लिखा गया काला अध्याय, राजभवन भी शामिल रहा

अध्यक्ष महोदय, मैं आज इस सदन में आदरणीय चंपाई सोरेन जी के विश्वास मत का हिस्सा बन रहा हूं और हमारी पूरी पार्टी और पूरा गठबंधन दल आदरणीय चंपाई सोरेन जी को समर्थन करता है। मैं कहना चाहूंगा कि 31 जनवरी की काली रात, काला अध्याय देश के लोकतंत्र में नये तरीके से जुड़ा है। 31 तारीख की रात को देश में पहली बार किसी मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी हुई हो, ऐसा मेरे संज्ञान में नहीं है। मुझे लगता है कि यह पहली घटना है... और मुझे लगता है इस घटना को अंजाम देने में कहीं ना कहीं राजभवन भी शामिल रहा है। जिस तरीके से यह घटना घटित हुई है, मैं बहुत आश्चर्यचकित हूं। इसलिए कि मैं एक आदिवासी वर्ग से आता हूं, नियम कायदे कानून की जानकारी का थोड़ा अभाव रहता है। बौद्धिक क्षमताएं अभी हमारे विपक्ष के बराबर हम लोगों की नहीं हैं। लेकिन सही गलत की समझ तो हर इंसान भी रखता है, हर जानवर भी रखता है। अध्यक्ष महोदय, बड़े सुनियोजित तरीके से, बड़े लंबे समय से, 2022 से 31 तारीख को दिये गये अंजाम की पटकथा लिखी जा रही थी। बड़े तरीके से उस पकवान को बहुत धीमी आंच में पकाया जा रहा था। लेकिन यह इनकी जो पकवान है, यह पकने को तैयार नहीं। लेकिन येन केन प्रकारेण इन्होंने इस आधे अधूरे पकवान को अपने लिए परोसा और बड़े सुनियोजित तरीके से मुझे अपनी गिरफ्त में लिया है।

### आदिवासियों-दलितों के प्रति इतनी घृणा!

कहीं ना कहीं ऐसा लगता है अध्यक्ष महोदय कि बाबा भीमराव अंबेडकर जी का जो सपना था कि सभी जात धर्म के लोग एक समान प्लेटफार्म पर आयें और बराबरी से साथ चलें। मुझे लगता है कि जिस तरीके से बाबा भीमराव अंबेडकर जी को भी अपना समाज छोड़ कर बौद्ध धर्म अपनाना पड़ा, ऐसे ही आदिवासी, दलितों के साथ भी आनेवाले भविष्य में करने की तैयारी हो रही है। बड़े सुनियोजित तरीके से अनेकों कालखंड को देखें अध्यक्ष महोदय, इन आदिवासी, दलित, गरीब, पिछड़े, अल्पसंखयक के ऊपर अत्याचार हुए हैं। वह अत्याचार नये-नये चेहरे, नयी-नयी शक्ल में दीखते रहे हैं। आज उसी का जीता जागता उदाहरण 31 जनवरी की रात को देखने को मिला है। आज कहीं न कहीं इन वर्गों के प्रति, जो हमारी सत्ता पक्ष के प्रति, इतनी घृणाएं हैं, न जाने इतनी घृणा इन्हें कहां से मिलती है, यह हमारी समझ से परे है। इतनी घृणा, इतना द्वेष आदिवासी, दलितों के प्रति। आपको अंदाजा होगा इन्हीं के पाले हुए तंत्र यह कहते शर्माते नहीं कि ये जंगल में थे, तो जंगल में ही इन्हें रहना चाहिए। हम जंगल से बाहर आ गये, इनके बराबर बैठ गये, तो इनके कपड़े मैले होने लगते हैं। ये हमें अछूत समझते हैं। इसी विडंबना को तोड़ने के लिए हमने प्रयास किया था अध्यक्ष महोदय। झारखंड आदिवासी, दलितों, पिछड़ों का राज्य है। इन सभी वर्गों को आगे बढ़ने का, इनका मार्ग प्रशस्त करने में हमने कोई कमी नहीं की।

### उन्हें समझना चाहिए, यह झारखंड है

इनका बस चले तो हम अभी भी जंगल में जाकर के वहीं 50-100 साल पुरानी जिंदगी को जीयें। मुझे इसका आभास था अध्यक्ष महोदय। जो इनके अंदर छुपी कुंठा है वह आये दिन यह बयां करती थी। इनके बयानों से, इनके आक्रमणों से, लेकिन हमने हार नहीं मानी है। इन्हें लगता है कि मुझे जेल की सलाखों के अंदर डाल कर, ये अपने मंसूबों में सफल हो जायेंग, तो उन्हें यह समझ लेना चाहिए कि यह झारखंड है, यह देश का ऐसा राज्य है, जहां हर कोने से आदिवासी, दलित, पिछड़े वर्गों के अनगिनत सिपाहियों ने अपनी कुर्बानी देकर यहां के आदिवासी, दलितों की जान बचायी है। देश की आजादी के सपने भी ये लोग नहीं देखते थे, तब से झारखंड के आदिवासी अपने अधिकार की लड़ाई लड़ रहा है। ये तो बहुत बाद में आये। लेकिन बौद्धिक संपन्नता, आर्थिक संपन्नता! आज तक इन लोगों ने देश की गांधी टोपी नहीं पहनी अध्यक्ष महोदय। **(भाषण का बाकी अंश पेज-4 पर)**

## न्यूज रील्स

### बीमार पत्नी से हफ्ते में एक बार मिलेंगे मनीष सिसोदिया

नयी दिल्ली। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को आप नेता मनीष सिसोदिया को कस्टडी पैरोल में सप्ताह में एक बार अपनी बीमार पत्नी से मिलने की अनुमति दे दी है। इस दौरान डॉक्टर भी उसने मिल सकेंगे। यह व्यवस्था कोर्ट के अगले आदेश तक जारी रहेगी। कोर्ट ने कहा कि सिसोदिया की नियमित जमानत पर अगली सुनवाई 12 फरवरी को दोपहर 2 की जायेगी। दिल्ली के शराब नीति घोटाले में मनीष सिसोदिया को उड़कने 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था। सिसोदिया ने 1 मार्च 2023 को दिल्ली के डिप्टी सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्हें तिहाड़ जेल में कैद हुए 341 दिन हो चुके हैं।

### एसबीआइ ने चुनावी बांड जारी किये

नयी दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआइ) ने 2018 से लेकर अब तक 30 किश्तों में करीब 16 हजार 518 करोड़ रुपये के चुनावी बांड जारी किये हैं। यह जानकारी सोमवार को वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी में दी। चौधरी के मुताबिक भारतीय स्टेट बैंक से खरीदे गए चुनावी बांड की टोटल वैल्यू लगभग 16518 करोड़ रुपए है। चुनावी बांड की खरीद पर खरीदार से कोई जीएसटीया दूसरा टैक्स नहीं लिया जाता है। चुनावी बांड जारी करने और भुनाने के लिए भारत सरकार ने एसबीआइ को लगभग 8.57 करोड़ रुपये कमीशन दिया है।

### तेजस्वी यादव मामले में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

नयी दिल्ली। तेजस्वी यादव के खिलाफ मानहानि केस गुजरात की अहमदाबाद कोर्ट में चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट से उन्होंने मामले को गुजरात से बाहर ट्रांसफर करने की मांग की थी। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर सुनवाई की और फैसला सुरक्षित रख लिया है। तेजस्वी यादव ने मार्च 2023 में पटना में मीडिया से बात करते हुए बयान दिया था कि आज की दुनिया में सिर्फ गुजराती ही ठग हो सकते हैं। इसे लेकर अहमदाबाद के बिजनेसमेन हर्ष मेहता ने उनके खिलाफ मानहानि का केस किया था।

### मिड डे मील से 150 बच्चों की तबीयत बिगड़ी

पटना। बेतिया में मध्याह्न भोजन (मिड डे मील) खाने से 150 बच्चों की तबीयत बिगड़ गयी है। दो बच्चों की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है। जानकारी मिलने के बाद अभिभावकों में अफरातफरी का माहौल है। घटना बगहा पुलिस जिला के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय टोला परसौनी की है। फिलहाल छात्र-छात्राओं को अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

## कांग्रेस की न्याय यात्रा पहुंची रांची

# एचइसी को अडाणी के हाथों में नहीं जाने दिया जायेगा: राहुल

- जाति जनगणना कराने का वादा, तो सरना कोड देने की मांग रखी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस की न्याय यात्रा सोमवार दोपहर रांची पहुंची। एचइसी के शहीद मैदान में राहुल ने एक सभा को संबोधित किया। राहुल ने अपने भाषण में मोदी सरकार पर हमला किया, तो अडाणी पर निशाना साधा। एचइसी का जिक्र किया, तो जाति जनगणना कराने का वादा किया। साथ ही सरना कोड देने की मांग रखी। राहुल ने कहा कि मोदी सरकार किसी भी आदिवासी को झारखंड में मुख्यमंत्री के तौर पर नहीं देखना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने झारखंड में झामुमो-कांग्रेस-राजद की गठबंधन सरकार को गिराने का प्रयास किया, क्योंकि मुख्यमंत्री एक आदिवासी थे। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे जांच एजेंसियों और धनबल के माध्यम से विपक्ष शासित सभी राज्यों में ऐसा करते हैं। वे लोकतंत्र, संविधान पर हमला कर रहे हैं और लोगों की आवाज दबाना चाहते हैं। आइएनडीआइए गठबंधन लोकतंत्र की आवाज को दबाने नहीं देगा। उन्होंने कहा कि गठबंधन के सभी विधायकों, चंपाई सोरेन जी को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने भाजपा-आरएसएस की साजिश को रोक दिया और गरीबों की सरकार की रक्षा की।

राहुल गांधी ने दावा किया कि दलितों, आदिवासियों, अन्य पिछड़ा वर्गों (ओबीसी) को बंधुआ मजदूर बनाया गया और बड़ी कंपनियों, अस्पतालों, विद्यालयों, महाविद्यालयों और अदालतों में उनकी भागीदारी नहीं है। यह भारत के सामने सबसे बड़ा सवाल है। हमारा पहला कदम देश में जाति आधारित जनगणना कराना होगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा प्रावधानों के तहत 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण नहीं दिया जा सकता। उन्होंने वादा किया कि आइएनडीआइए की सरकार आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा को हटा देगी। राहुल ने यह भी कहा कि एचइसी को अडाणी के हाथों में नहीं जाने दिया जायेगा और सरना कोड देना होगा।

**समाज के पिछड़े वर्गों को उनका अधिकार मिलेगा:** राहुल ने कहा कि दलितों और आदिवासियों के आरक्षण में कोई कटौती नहीं होगी। मैं आपको गारंटी दे रहा हूं कि समाज के पिछड़े वर्गों को उनका अधिकार मिलेगा। यह सबसे बड़ा मुद्दा है- सामाजिक और आर्थिक अन्याय। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि वह ओबीसी हैं, लेकिन जब जातीय जनगणना की मांग की गयी तो उन्होंने कहा कि यहां केवल दो जातियां हैं, अमीर और गरीब। राहुल गांधी ने दावा किया कि जब ओबीसी, दलितों, आदिवासियों को अधिकार देने का समय आया, तो मोदी जी कहते हैं कि कोई जाति नहीं है और जब वोट लेने का समय आता है, तो वह कहते हैं कि वह ओबीसी हैं।



### खूंटी पहुंचे राहुल, आज उलिहातू जायेंगे

कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मणिपुर से शुरू हुई थी। यह यात्रा 67 दिनों में 6,713 किलोमीटर की दूरी तय करेगी और 15 राज्यों के 110 जिलों से गुजरेगी। सोमवार को रांची में सभा को संबोधित करने के बाद यात्रा खूंटी के लिए बढ़ी। रात में राहुल खूंटी पहुंचे। यहां उनका भव्य स्वागत किया गया। कचहरी मैदान में उनके रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गयी है। वह मंगलवार की सुबह उलिहातू के लिए रवाना होंगे। इससे पहले खूंटी में रोड शो करेंगे। इसके बाद सिमडेगा जायेंगे। फिर यहां से यात्रा आगे बढ़ते हुए उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़ होते हुए होते हुए 20 मार्च को मुंबई में समाप्त होगी।

### कल्पना सोरेन से मिले राहुल गांधी



रांची (आजाद सिपाही)। राहुल गांधी ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की। राहुल गांधी ने कल्पना सोरेन से करीब 20 मिनट तक बात की। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि हम सभी एकजुट होकर न्याय की लड़ाई जारी रखेंगे और जनता की आवाज बुलंद करेंगे। नफरत हारेगी, जीतेगा इंडिया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी मौजूद रहे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 57,900 रु./10 ग्राम
चांदी 75,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 06 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in


# चंपाई सोरेन का 'असली समय' शुरू होता है अब

## हेमंत सोरेन सरकार के काम को उसी गति से आगे बढ़ाने की है बड़ी चुनौती

**आजाद सिपाही विशेष**

**विरोधियों द्वारा व्यक्त की जा रही आशंकाओं और अटकलों को सिरे से खारिज करते हुए झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने शक्ति परीक्षण की पहली बड़ी चुनौती को सफलतापूर्वक पार कर लिया है। विधानसभा में उनके पक्ष में 47 और विरोध में सिर्फ 29 मत पड़े। इससे साफ हो गया कि दो दिन पुरानी झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार के सामने किसी तरह का राजनीतिक अवरोध नहीं है, लेकिन जहां तक मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का सवाल है, तो उनकी असली अग्निपरीक्षा अब शुरू होगी। राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर उन्हें अलग-अलग तरह की चुनौतियों से निबटना होगा। इसमें पहली चुनौती तो गठबंधन को बरकरार रखते हुए कैबिनेट विस्तार की है। सत्ता में लगभग बराबर की साझीदार कांग्रेस की भीतरी स्थिति को देखते हुए मंत्रियों और विभागों के बंटवारे को अंतिम रूप देना बड़ा काम है। इसके अलावा मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के सामने बड़ी चुनौती पूर्ववर्ती हेमंत सोरेन सरकार द्वारा शुरू किये गये विकास के कामों को उसी गति से आगे बढ़ाने की होगी। यह बात हर कोई मानता है कि चाहे हेमंत सोरेन सरकार पर कितने भी आरोप लगे, झारखंड के हितों के सवाल पर उनकी सरकार ने कभी समझौता नहीं किया। इस लोकप्रिय धारणा को बरकरार रखना आसान नहीं होगा। सिर पर लोकसभा और उसके बाद विधानसभा चुनाव है। चंपाई सोरेन झामुमो के दिग्गज नेता हैं और राजनीति में लंबी पारी खेल चुके हैं, इसलिए उनके लिए चुनौतियां बहुत कठिन साबित नहीं होंगी, यह उम्मीद हर किसी को है। क्या हैं मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के सामने चुनौतियां और वह इनका सामना कैसे करेंगे, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

23 साल पुराने झारखंड राज्य के 12वें मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने विधानसभा में शक्ति परीक्षण के दौरान उन तमाम भविष्यवाणियों और अटकलों को गलत साबित कर दिया है, जो सोमवार सुबह तक फिजाओं में तैर रहे थे। 81 सदस्यीय विधानसभा में 47 विधायकों का समर्थन हासिल कर चंपाई सोरेन ने साबित कर दिया कि फिलहाल उनकी सरकार को कोई खतरा नहीं है। इतना ही नहीं, इस शक्ति परीक्षण ने झारखंड में राजनीतिक अस्थिरता या खरीद-फरोख्त की तमाम आशंकाओं को भी सिरे से खारिज कर दिया है। लेकिन शक्ति परीक्षण के रूप में पहली चुनौती को सफलतापूर्वक पार कर लेने के बाद अब मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की आगे की राह और चुनौतीपूर्ण होनेवाली है।

### कैबिनेट विस्तार है पहली चुनौती

बहुमत साबित करने के बाद मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की पहली और असली चुनौती कैबिनेट विस्तार की होगी। यह चुनौती झामुमो की तरफ से कम और सरकार में लगभग बराबर की हिस्सेदार कांग्रेस की तरफ से अधिक होनेवाली है। वैसे तो कयास यही है कि सभी पुराने मंत्रियों को फिर से जगह मिलेगी, लेकिन इसमें कुछ पेंच है। कांग्रेस की अंदरूनी स्थिति को देखते हुए ऐसी संभावना है कि इस बार उसके तीन नये चेहरों को मौका दिया जा सकता है। इसके अलावा झामुमो से दो नये चेहरों की कैबिनेट में इंट्री हो सकती है।

जहां तक कांग्रेस का सवाल है, तो मंत्री पद के लिए वहां खींचतान हो सकती है। हालांकि कौन मंत्री बनेगा, इसका फैसला कांग्रेस पार्टी आलाकमान करता है, लेकिन विधायकों के काम का फीडबैक प्रदेश नेतृत्व ही देता है। पिछली कैबिनेट में उत्तरी छोटानागपुर और पलामू प्रमंडल से कांग्रेस की भागीदारी नहीं हो सकी थी। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि इस बार मौका मिल सकेगा। कांग्रेस में दीपिका पांडेय सिंह, पूर्णिमा नीरज सिंह, अंबा प्रसाद और शिल्पी नेहा तिर्की चार महिला विधायक हैं। ऐसे में कांग्रेस कोटे से कम से कम एक महिला विधायक मंत्रिमंडल में



नजर आ सकती हैं। वहीं भूषण बाड़ा, रामचंद्र सिंह और कुमार जयमंगल में से एक या दो को मौका मिल सकता है। झारखंड में कांग्रेस के मंत्रियों पर उनके विधायक से लेकर पार्टी कार्यकर्ता सवाल उठाते रहे हैं। कभी काम नहीं करने, कभी फोन नहीं उठाने, तो कभी कार्यकर्ताओं को तरजीह नहीं देने की बात उठी। ऐसे में गठबंधन के भीतर संतुलन साधने की बाजीगरी तो मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को दिखानी ही होगी।

चंपाई सोरेन को हेमंत सरकार द्वारा शुरू किये विकास के कामों को आगे बढ़ाने के साथ-साथ ऐसे फैसले भी लेने होंगे, जो अब तक नहीं लिये गये हैं। शक्ति परीक्षण से पहले चंपाई सोरेन ने कहा भी है कि वह हेमंत सोरेन सरकार के कामों को आगे बढ़ायेंगे और काम के प्रति अपना नजरिया साफ भी रखेंगे। उन्हें कुछ ऐसे काम भी करने होंगे, जिनके लिए वह याद रखे जायेंगे।

### पार्टी और गठबंधन को एकजुट रखने की चुनौती

चंपाई सोरेन ने ऐसे समय में कमान संभाली है, जब लोकसभा चुनाव सिर पर आ है। इसलिए उनको संभलने का मौका नहीं मिलने वाला। सीट शेयरिंग से लेकर प्रत्याशी चयन और चुनाव प्रचार से लेकर चुनाव प्रबंधन तक की जिम्मेवारी अब चंपाई सोरेन के कंधों पर आ गयी है। चंपाई सोरेन आंदोलन से उपजे एक अनुभवी नेता हैं और झारखंड आंदोलन में भी अहम भूमिका निभा चुके हैं, लेकिन चौतरफा संकट के इस दौर में पार्टी और सरकार का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी उन पर अचानक आन पड़ी है। इस चुनौती से वह कैसे निबटते हैं, यह देखना वाकई दिलचस्प होगा। इसके बाद इसी साल झारखंड में विधानसभा चुनाव भी होने हैं। चुनाव से पहले अगर हेमंत सोरेन बाहर आ जाते हैं, तब तो कोई परेशानी नहीं होगी, लेकिन उनकी अनुपस्थिति में झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन को सत्ता में वापस आने की चुनौती होगी और नेता होने के नाते चंपाई सोरेन पर ही इस मझधार को पार लगाने की जिम्मेवारी होगी।

### पार्टी को एकजुट रखना होगा

चंपाई सोरेन ने ऐसे समय कमान संभाली है, जब कानूनी स्तर पर पार्टी संकटों से जूझ रही है। पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन स्वास्थ्य कारणों से सक्रिय नहीं हैं, तो पार्टी के दूसरे सबसे बड़े नेता हेमंत सोरेन जेल में हैं। ऐसे समय में पार्टी और परिवार में संतुलन साधने के लिए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को एक महफूज रास्ते की तलाश करनी होगी। चंपाई सोरेन को सभी विधायकों और संगठन के नेताओं से अच्छा तालमेल बनाना होगा, ताकि उनके समक्ष कोई दूसरी चुनौती नहीं आये। कारण, विपक्ष चुप नहीं बैठेगा और वह इस फिराक में रहेगा कि सरकार हिलती-डुलती रहे।

कुल मिला कर चंपाई सोरेन अब ड्राइविंग सीट पर हैं। हेमंत सोरेन के उत्तराधिकारी के रूप में वह हेमंत सोरेन सरकार के कामकाज को किस गति से आगे बढ़ाते हैं, यह भी देखने लायक होगा। साथ ही हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद बड़ी मुश्किल से संभल चुकी महागठबंधन सरकार की इस बस के 47 सहयोगी विधायकों के साथ चंपाई सोरेन कितनी दूर ले जाते हैं, यह देखना वाकई दिलचस्प होगा। कहते हैं, चुनौती और संघर्ष से ही मंजिल मिलती है। राह अगर कंटक नहीं हो, तो आगे का रास्ता नहीं सूझता। चूंकि चंपाई सोरेन राजनीति में नये नहीं हैं। उन्हें शिबू सोरेन परिवार का पूरा वरदहस्त है, ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि वह तमाम विपक्षी अवरोधों से पार पाते हुए आगे की राह को बगैर विचलित हुए साध लेंगे। उनके पक्ष में एक बात और जाती है कि वह झामुमो के पुराने सिपाही हैं और झामुमो कार्यकर्ताओं में उनकी जगह पहले से बनी हुई है, ऐसे में जिस आशा और विश्वास के साथ सोरेन परिवार ने उन्हें राजनीतिक विरासत सौंपी है, उसे वह संभाल कर रखेंगे।

---

# 'टाइगर' ने दहाड़ा, हेमंत ने 'फुंफकारा'

## दोनों के निशाने पर विपक्ष

प्रशांत झा

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर लिया। विश्वास मत हासिल करने में किंतु-परंतु की गुंजाइश नहीं थी। इसलिए यह तो होना ही था। देखनेवाली बात रही विधानसभा सदन की कार्यवाही। 'टाइगर' यानी मुख्यमंत्री चपाई सोरेन की दहाड़ पर पूरा सदन शांत रहा। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की 'फुंफकार' भी कम नहीं रही। हेमंत पर पांच दिन से प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की हिरासत का असर या आत्मविश्वास में कमी नहीं दिखी।

विधानसभा का विशेष सत्र सुबह 11 बजे शुरू हुआ। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के अभिभाषण के बाद मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने अपने मंत्रिमंडल पर विश्वास का प्रस्ताव रखा। विश्वास प्रस्ताव पर बोलते हुए उनके केंद्र बिंदु में हेमंत रहे। पूरे भाषण में दर्जनों बार हेमंत सोरेन का नाम लिया और तारीफ की। बहुत ही शालीन तरीके से हेमंत सरकार की उपलब्धियों को गिनाया, तो झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन से मिले संस्कार का भी जिक्र किया। विपक्ष यानी भाजपा के नेताओं द्वारा हेमंत सोरेन सरकार पार्ट-2 बनने की बात का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने शिक्षा, आवास, पेंशन आदि क्षेत्र में जनहित का जो काम किया, अगर उसके लिए हेमंत सोरेन सरकार पार्ट-2 बनना पड़े तो बनूंगा। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री का बचाव और विपक्ष पर प्रहार करने से नहीं चूके। चंपाई ने कहा कि केंद्र सरकार एजेंसियों का दुरूपयोग कैसे कर रही, उसके कई नमूने हैं। बेचारे बंधु तिर्की ने पांच लाख रुपये के लिए



सदस्यता गवां दी, वहीं भानू प्रताप शाही करोड़ों की संपत्ति जब्त होने के बाद भी यहां बैठे हैं। केंद्र सरकार जो कर रही, वह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। भाषण के बीच में वह भावुक भी दिखे। कहा, बोलने की इच्छा तो नहीं है, लेकिन बात रखनी होगी। हेमंत सोरेन को इडी ने जिन आरोपों में हिरासत में लिया है, सभी जानते हैं, उस जमीन के खाता-बही में उनका नाम ही नहीं है।

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पिछले सत्र तक सत्ता पक्ष की पहली सीट पर बेठते थे। आज पहली लाइन में छठी सीट उनके लिए निर्धारित थी। राज्यपाल के पूरे भाषण के दौरान वह सत्ता पक्ष के अन्य विधायकों के साथ अन्याय होने की बात पर खड़े होकर नारा लगाते रहे। सरकार के समर्थन में बोलते हुए केंद्र बिंदु आदिवासी रहा। विपक्ष पर बड़े तरीके से हेमंत सोरेन ने प्रहार किया। यह भी कहा कि आदिवासियों को कायदे-कानून का ज्ञान बहुत अधिक नहीं होता, बौद्धिक क्षमता भी कम होती है, लेकिन सही गलत का ज्ञान तो होता ही है। उन्होंने सदन में अपनी मंशा भी साफ कर दी। पूरे आत्मविश्वास के साथ कहा कि जो हुआ उस पर आंसू नहीं बहाऊंगा। वक्त आने पर इस षडयंत्र का जवाब दूंगा। पूरे सदन को चुनौती भी दे डाली कि कोई साबित कर दे कि जिस 8.5 एकड़ जमीन को मेरे होने का आरोप लगाया जा रहा, उसका एक कागज दिखा दें, तो राजनीति ही नहीं, राज्य भी छोड़ दूंगा। विशेष सत्र के दौरान खास बात यह रही कि सदन में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन बोल रहे हों, या पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कार्यवाही के दौरान पिन ड्राप साइलेंस यानी पूर्ण शांति रही। विश्वास मत जीतने के बाद हेमंत अपनी सीट से उठे और चंपाई सोरेन के पास पहुंचे। उनका चरण छूआ और बधाई दी।

# सरकार के विश्वास प्रस्ताव पर सदस्यों ने रखी बात

## हेमंत गलत नहीं हैं तो कोर्ट को बतायें, मगर कोई कानून से ऊपर नहीं : अमर बाउरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा में सोमवार को विपक्ष के नेता अमर बाउरी ने कहा कि हेमंत गलत नहीं हैं तो कोर्ट को बतायें, मगर कोई कानून से ऊपर नहीं है। हेमंत सोरेन की सरकार भ्रष्टाचार के संगीन आरोपों की वजह से गयी है।



विपक्ष के नेता अमर बाउरी ने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं के दुरूपयोग की बात करें तो कांग्रेस के शासनकाल में विभिन्न राज्यों में करीब 90 बार से अधिक राष्ट्रपति शासन लगाया गया। इंदिरा गांधी के कार्यकाल में सबसे अधिक 50 बार लगाया गया।

**भाजपा ने आदिवासियों को आगे बढ़ाया :** अमर बाउरी ने कहा कि भाजपा ने आदिवासियों को आगे बढ़ाने का काम किया। शिबू सोरेन को पहली बार बाबूलाल मरांडी ने राज्यसभा भेजा। एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति भाजपा ने बनाया। बाउरी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस का आदिवासी प्रेम केवल ढोंग है। उसने मधुकोड़ा को मुख्यमंत्री बना कर जेल भेजने का काम किया। शिबू सोरेन को भी जेल भेजने का काम कांग्रेस ने किया। कांग्रेस की सरकार रहती तो हेमंत सोरेन इतने दिन तक मुख्यमंत्री नहीं रहते। कांग्रेस कभी नहीं चाहती है कि यहां के आदिवासी, दलित और पिछड़ों का विकास हो। उन्होंने कहा कि इनका सरकार पर विश्वास नहीं है।

उन्होंने कहा कि कई आदिवासियों को पद्मश्री किसने दिया। गौरव दिवस मना कर आदिवासियों को किसने पहचान दिलायी। ये सभी काम भाजपा ने किये। कांग्रेस जिसके साथ रही है, उसे दीमक की तरह खाने का काम करती हैं। इसके कई उदाहरण हैं।

## आप गलत नहीं हैं तो सामना करें, भाग क्यों रहे थे : सुदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सदन में आजसू विधायक सुदेश कुमार महतो ने अपनी बात को रखते हुए कहा कि परिस्थिति कुछ भी हो, लेकिन वर्तमान और झारखंड के आंदोलनकारी मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि इस बात की खुशी है कि आज एक झारखंड आंदोलनकारी चंपाई दा मुख्यमंत्री बने हैं।



व्यक्तिगत तौर पर हेमंत सोरेन के प्रति मेरी संवेदना है, मगर हेमंत सोरेन ने झारखंड आंदोलन में प्रत्यक्ष तौर पर हिस्सा नहीं लिया।

इसलिए वह झारखंड आंदोलन की बात न करे। सुदेश महतो ने कहा कि जब आप गलत नहीं हैं, तो सामना करें। भाग क्यों रहे थे। देश के प्रधानमंत्री और कांग्रेस के बड़े नेता भी एजेंसी के पास गये हैं। मगर इसके लिए किसी पार्टी को दोष देना या किसी सरकार को दोष देना उचित नहीं है।

## विधायकों को बाहर ले जाने की परंपरा 2005 में आपने शुरू की : आलमगीर

**रांची (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि आप लोग अपने बाप-दादा के कामों को भूलने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हवाई जहाज से लेकर रेल तक, आज देश में जो भी है, वह कांग्रेस के कामों के कारण है। आलमगीर आलम ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि सबसे पहले 2005 में आपने यहां से विधायकों को बाहर ले जाने का रास्ता दिखाया। यह परंपरा आपने शुरू की है। कांग्रेस ने देश की आजादी की लड़ाई लड़ी और देश को आजाद किया। भाजपा के



एक नेता ने भी देश की आजादी की लड़ाई में हिस्सा नहीं लिया। ये लोग पूरे देश में ऑपरेशन लोटस चला रहे हैं, जो भाजपा के साथ नहीं जायेगा, वह जेल जायेगा। मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि 2019 में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनी। कोरोना महामारी आयी। अखबार, मीडिया उस समय का देख लें कि उन्होंने क्या-क्या कर दिखाया। जनता ने हमें पांच सालों के लिए चुना है। भाजपा अपने गिरेबां में झांके। हेमंत सरकार गरीबों के लिए सर्वजन पेंशन लायी, इसमें क्या गलत किया। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने कई बार केंद्र से आवास के लिए मदद मांगी। अंततः हम लोगों ने अबुआ आवास योजना शुरू की। इसके लिए 30 लाख आवेदन आये। हम भरोसा दिलाते हैं कि आनेवाले दिनों में सभी 30 लाख आवेदकों को अबुआ आवास का लाभ देंगे।

## रघुवर कार्यकाल में सबसे अधिक जमीन घोटाले हुए : विनोद सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** माले के विधायक विनोद सिंह ने कहा कि पूरा सदन भाजपा के खिलाफ खड़ा है। इसमें कोई शक नहीं है कि हेमंत सोरेन को साजिश के तहत जेल भेजा गया। प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल सहित कई ऐसे उदाहरण हैं। भ्रष्टाचार की बात अगर झारखंड में आयी तो पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास भी नहीं बच सकते हैं।



उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि रघुवर दास भी जमीन घोटाले के आरोपित रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के समय में सबसे अधिक जमीन घोटाले हुए। भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करनी है तो पूरे देश में की जाये। भाजपा शासित राज्यों में भी जांच एजेंसियां जायें और जांच करें।

www.epaper.azadsipahi.in

06 फरवरी, 2024
माघ, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 107

काशी और मथुरा भाईचारे से दे दें : देव गिरि महाराज



जैसा देखा-सुना

# ...और हाथों को निहारता रहा सुनील

## ■ हाथ मिलाने और सेल्फी की होड़ ■ पारंपरिक अंदाज में राहुल का हुआ स्वागत

राजीव

**रांची (आजाद सिपाही)।** दिन-सोमवार। समय-1.52 बजे। राहुल गांधी काले रंग की इनोवा (सीजी 10 बीपी-2800) पर सवार होकर विकास पहुंचते हैं। यहां पहले ही अलर्ट किया जा चुका है कि राहुल गांधी का काफिला आ रहा है। कुछ सेकेंड ही बीते होंगे कि सायरन की आवाज आती है। सभी लोग अलर्ट हो जाते हैं। 12वें नंबर पर काले रंग की इनोवा कार में राहुल गांधी सवार थे। उनके देखते ही लोग राहुल गांधी जिंदाबाद। न्याय योद्धा आया है, अब मिलेगा न्याय...के नारे लगाने लगते हैं। लोगों के उत्साह और गर्मजोशी के साथ स्वागत की तैयारी को देख राहुल की कार का ब्रेक थोड़ी देर के लिए लगता है। देखते ही देखते लोग कार के समीप पहुंचकर उन्हें फूल-माला से लाद देते हैं। इसी बीच एक 55 वर्षीय सुनील प्रमाणिक जो सब्जी बेचते हैं, उनकी भी हसरत राहुल गांधी से हाथ मिलाने की होती है। कारण सोमवार को विकास में बाजार लगा था। वह राहुल की ओर लपकते हैं। भीड़ में जैसे-तैसे कर वह राहुल के करीब पहुंच जाते हैं। उनसे हाथ मिलाते हैं और दिल से दुआ भी देते हैं। राहुल गांधी से हाथ मिलाते वक्त ऐसा लगता है कि मानो उनके अरमानों को पंख लग गया हो। इसके बाद राहुल का काफिला निकल जाता है। उसके कुछ मिनट तक प्रमाणिक वहीं खड़े रहते हैं। उन्हें सहसा यह विश्वास नहीं हो रहा है कि राहुल गांधी से हाथ मिलाया हूं। उनसे अपने दिल की बात कही है। इसके बाद वह अपनी दुकान पर पहुंच जाता है। उसका मन अब भी खुशियों से झूम रहा है। सबसे अपनी सालों पुरानी हसरतें पूरी होने की खुशी बयां कर रहा है। कहता है-कभी सोचा नहीं था कि राहुल गांधी से हाथ मिलाने का मौका मिलेगा। उसकी निगाहें बार-बार अपने हाथ की ओर ही जा रही थीं। उस वक्त उसे अपनी दुकानदारी से ज्यादा राहुल से हाथ मिलाने की खुशी दिखायी दे रही थी। वह कहता है-टीवी पर कई बार देखा था, तब सोचता था कि ये लोग कितने बड़े आदमी होंगे। आज जब कार में आम आदमी की तरह देखा तो लगा नहीं कि वह इतने बड़े आदमी हैं। बड़ी सादगी के साथ हाथ मिलाया। आज ही मेरे लिए होली-दिवाली है। मन में इतनी खुशी मिली है कि समेटे नहीं समेटा जा रहा है। इसके बाद बरियातू में भी कुछ इसी तरह का नजारा देखने को मिला। पार्टी ऑफिस के बाद काफी संख्या में समर्थक फूल-माला लेकर खड़े थे। राहुल का काफिला देख जिंदाबाद के नारे लगाने लगे। तभी राहुल ने गाड़ी रोकने का इशारा किया। बस फिर क्या था, समर्थकों में स्वागत की होड़ मच गयी। करीब चार मिनट तक काफिला यहां रूका रहा। इसके बाद गंतव्य की निकल पड़ा।



### मोहब्बत की लुटायी दुकान, राहुल का जीता दिल



राजधानी के लोगों की बेकरारी उस वक्त खत्म हुई, जब राहुल गांधी की न्याय यात्रा चुटुपालू में प्रवेश कर गयी। इसके बाद पग-पग पर राहुल गांधी का स्वागत पारंपरिक अंदाज में किया गया। राहुल गांधी से हाथ मिलाने और सेल्फी लेने की होड़ मची रही। राहुल गांधी के इंतजार में सड़क किनारे खड़े चाहनेवालों ने मोहब्बत की दुकान लूटा दी। रांचीवासियों के स्वागत के इस अंदाज को देख कर राहुल गांधी का दिल जीत लिया। राहुल गांधी भी कहां पीछे रहनेवाले थे। जहां तक हो सका, सबकी तमन्ना को पूरी करने का प्रयास करते दिखे। हाथ मिलाने और सेल्फी लेनेवालों को निराश नहीं किया।

### स्वागत में बनाया गया संसद भवन का रथ



रांची में राहुल गांधी के स्वागत के लिए चौक-चौराहों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और लोगों की भीड़ जुटी रही। सड़क किनारे और डिवाइडर पर होर्डिंग लगी थी। वहीं संसद भवन का रथ भी बनाया गया था। इसमें एक पोस्टर के जरिये अंबेडकर के साथ राहुल गांधी की तस्वीर थी। रथ के ऊपर संसद भवन लिखा था। वहीं नीचे झारखंड प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग लिखा था। राहुल की झलक पाने के लिए लोगों में खासा उत्साह देखते बन रहा था। महिलाएं पारंपरिक परिधान में हाथों में फूल की थाली और कांग्रेस का झंडा लेकर राहुल के स्वागत के लिए खड़ी थीं। साथ ही सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी गयी थी। शहर में यातायात पुलिस इस बात का जायजा ले रही थी कि जिस रूट से राहुल गांधी की यात्रा निकलेगी, वहां जाम की स्थिति ना बने।

### चुट्टूपालू घाटी के शहीद स्थल पर रुके राहुल

रामगढ़ से रांची आने के दौरान राहुल गांधी की भारत जोड़ो नया यात्रा चुट्टूपालू घाटी के शहीद स्थल पर रुकी। यहां राहुल गांधी ने शहीद टिकैट उमराव सिंह और शाहिद शेख भिखारी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने दोनों शहीदों को माल्यार्पण किया और हाथ जोड़कर उन्हें नमन किया। इनके साथ जयराम रमेश, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर भी थे।

### नेवरी-विकास-बरियातू में भी दिखी बेकरारी

राहुल गांधी के स्वागत को लेकर नेवरी, विकास और बरियातू में भी बेकारारी दिखी। आलम यह रहा कि उनके आने सूचना के साथ ही दुकान के शटर धड़ाधड़ गिरने लगे। लोग हाथ में फूल-माला लेकर सड़क किनारे खड़े हो गये। यहां स्वागत को देखकर राहुल गांधी का दिल बाग-बाग हो गया। राहुल ने सभी का अभिवादन स्वीकार किया और कार्यक्रम स्थल शहीद मैदान धुर्वा के लिए निकल गये।

### पीएसयू के कर्मी हाथों में पोस्टर लिये खड़े दिखे

राहुल गांधी ने रांची के शहीद मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। कहा कि मैं जहां भी जाता हूं। मुझे पीएसयू के लोग हाथों में पोस्टर लेकर खड़े दिखते हैं। चाहे बीएचइएल हो, एचएएल हो या एचइसी। सभी को धीरे-धीरे अदाणी को सौंपा जा रहा है। कहा कि केंद्र सरकार चाहती है कि एचइसी काम न करे। वे इसका निजीकरण करना चाहते हैं।

### रिंग रोड होते हुए निकल गये जयराम

नेवरी में कार्यक्रम के बाद जयराम रमेश रिंग रोड होते हुए कार्यक्रम स्थल की ओर रवाना हो गये। जबकि राहुल गांधी तय रूट के अनुसार ही कार्यक्रम स्थल पहुंचे।

### गुंजन सिंह ने यात्रा की सफलता पर दी बधाई

**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह ने झारखंड में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता पर बधाई दी। उन्होंने सोमवार को झारखंड महिला कांग्रेस के जरिये यात्रा के क्रम में दमदार उपस्थिति दर्ज कराने के लिए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि आने वाला



समय महिलाओं का है और महिलाएं सशक्त होकर लोकसभा और विधानसभा पहुंचे, इसे सुनिश्चित करने के लिए वह प्रयास करेंगी। इस भारत जोड़ो न्याय यात्रा में झारखंड महिला कांग्रेस अध्यक्ष के साथ उनकी टीम में महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं भारत जोड़ो यात्रा की ऑब्जर्वर प्रतिभा रघुवंशी, पिंकी सिंह, पुनीता चौधरी, रीता सिंह और सुंदरी तिर्की सहित अन्य उनके साथ शामिल थीं।

## प्रधानमंत्री ने संसद में विपक्ष की चुटकी ली

# अगले चुनाव में दर्शक दीर्घा में दिखेगा विपक्ष : मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को संसद में विपक्ष की चुटकी ली। पीएम मोदी ने कहाकि विपक्ष ने जो संकल्प लिया है, उसकी बदौलत वह लंबे समय तक वहीं रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोल रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहाकि मैं विपक्ष के संकल्प की सराहना करता हूं। उनके भाषण के एक-एक बात से मेरा और देश का विश्वास पक्का हो गया है कि इन्होंने लंबे अरसे तक वहां (विपक्ष में) रहने का संकल्प ले लिया है... आपलोग जिस तरह इन दिनों मेहनत कर रहे हैं, मैं पक्का मानता हूं कि जनता जनार्दन आपको जरूर आशीर्वाद देगी और आप जिस ऊंचाई पर है, उससे भी अधिक ऊंचाई पर पहुंचेंगे और अगले चुनाव में दर्शक दीर्घा में दिखेंगे।



**कांग्रेस पर हमला :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहीं नहीं रुके। उन्होंने आगे कांग्रेस पर भी जम कर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि वे विपक्ष के तौर पर अपनी जिम्मेदारी निभाने में नाकाम रहे... मैंने हमेशा कहा है कि देश को एक अच्छे विपक्ष की जरूरत है। पीएम मोदी ने कहा कि चुनावी साल है कुछ सीखते। आज देश की हालत के लिए कांग्रेस जिम्मेदार है। उन्होंने कहाकि यह लोग खुद तो विपक्ष के तौर पर नाकाम रहे ,तो अन्य होनहारों को भी उभरने नहीं दिया। किसी एक की छवि चमकाने के लिए ऐसा किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं देख रहा हूं कि आपमें (विपक्ष) से बहुत लोग चुनाव लड़ने का हौसला भी खो चुके हैं। मैंने सुना है बहुत लोग सीट बदलने की फिराक में हैं। बहुत लोग लोकसभा के बदले अब राज्य सभा में जाना चाहते हैं।

## सीजेआइ डीवाइ चंद्रचूड़ ने लगायी फटकार, कहा

# चंडीगढ़ मेयर चुनाव में लोकतंत्र की हत्या हुई

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ मेयर चुनाव को लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। चुनाव अधिकारी अनिल मसीह को सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगायी। सीजेआइ डीवाइ चंद्रचूड़ ने कहा- यह स्पष्ट है कि उन्होंने (चुनाव अधिकारी) बैलट पेपरों को डिफेस्ड (खराब) किया। क्या वह इसी तरह चुनाव आयोजित करते हैं? यह लोकतंत्र का मजाक है। यह लोकतंत्र की हत्या है। इस अफसर पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि मेयर चुनाव के पूरे रिकॉर्ड को जब्त कर पंजाब एवं हरियाणा हाइकोर्ट रजिस्ट्रार जनरल के पास रखा जाये। बैलट पेपर और वीडियोग्राफी को संभाल कर रखा जाये। इसके साथ कोर्ट ने निर्देश दिया कि चंडीगढ़ निगम की आगामी बैठक स्थगित रहेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमारी चेतना को संतुष्ट करना होगा, नहीं तो नये सिरे से चुनाव कराने होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने मेयर चुनाव के चुनाव अधिकारी अनिल मसीह को कहा है कि वह 19 फरवरी को सुनवाई में मौजूद रहें। चुनाव अधिकारी सुप्रीम कोर्ट को वीडियो में दिख रही अपनी कारगुजारी पर जवाब दें। आइएनडीआइए यानी आप-कांग्रेस के संयुक्त कैंडिडेट कुलदीप कुमार ने यह याचिका दायर की है। इसमें उन्होंने भाजपा के नये चुने मेयर मनोज सोनकर को हटाकर दोबारा चुनाव की मांग की गयी है।

याचिका में दलील दी गई कि चुनाव अधिकारी अनिल मसीह ने वोटों की गिनती में हेराफेरी की है। उनकी तरफ से कांग्रेस नेता और सीनियर वकील अभिषेक मनु सिंघवी दलीलें रखीं। मेयर के चुनाव 28 जनवरी को हुए थे।

# मोदी ने बंद की बुनकरों की सब्सिडी: बुनकर

**इरबा में राहुल ने बुनकरों संग स्थापित किया संवाद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के क्रम में इरबा में अब्दुल कयूम अंसारी मिडिल स्कूल मैदान में बुनकर संवाद कार्यक्रम में राहुल गांधी शामिल हुए। उन्होंने बुनकरों से संवाद स्थापित कर समस्याओं को जाना। मौलाना साबिर, शरीफ अंसारी, राहेला सदफ ने बताया कि कपड़ों का उत्पादन तो करते हैं, परंतु सरकार द्वारा उसकी ठोस मार्केटिंग नहीं है। यूपीए सरकार में उत्पादन में बुनकरों को सब्सिडी मिलती थी, मोदी सरकार में इसे बंद कर दिया गया है। सूत में भी अधिक जीएसटी लिया जाता है। पूंजी के अभाव में अधिक बुनकरों को रोजगार नहीं मिलता है। बुनकरों की समस्या सुनने के बाद राहुल गांधी ने कहा कि जो हाथ से काम करते हैं। एक प्रकार से ये सरकार कुचलने और दबाने का काम करती है। नोटबंदी और जीएसटी छोटे व्यापारियों और बुनकरों को खत्म करने का हथियार है। हमारी सरकार आयी, तो जीएसटी को बदलेंगे। नुकसान नहीं होने देंगे। स्किल की कमी नहीं, सिर्फ बाजार की कमी है। बुनकर संवाद में अनवर अहमद अंसारी, मंजूर अहमद अंसारी, सईद अहमद अंसारी, फुरकान अंसारी, इकबाल अंसारी, नसीम अहमद अंसारी, जमील अख्तर, फिरोज अहमद अंसारी आदि शामिल थे।

# यूपी के इतिहास का सबसे बड़ा बजट

आजाद सिपाही संवाददाता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2024-25 का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया। सोमवार को विधानसभा में प्रस्तुत बजट प्रदेश के इतिहास में अबतक का सबसे बड़ा बजट है। बजट का आकार 7 लाख 36 हजार 437 करोड 71 लाख रुपये (7,36,437.71 करोड़ रुपये) है। बजट में 24 हजार 863 करोड़ 57 लाख रुपये (24,863.57 करोड़ रुपये) की नयी योजनाएं भी शामिल की गई हैं। प्रदेश सरकार के बजट में महिला, युवा, किसान और रोजगार सृजन पर सर्वाधिक जोर दिया गया है।

योगी सरकार के बजट में 6 लाख 6 हजार 802 करोड़ 40 लाख रुपये (6,06,802.40 करोड़ रुपये) की राजस्व प्राप्तियां तथा 1 लाख 14 हजार 531 करोड़ 42 लाख रुपये (1,14,531.42 करोड़ रुपये) की पूंजीगत प्राप्तियां शामिल हैं। इसके



अलावा राजस्व प्राप्तियों में कर राजस्व का अंश 4 लाख 88 हजार 902 करोड़ 84 लाख रुपये (4,88,902.84 करोड़ रुपये) है। इसमें स्वयं का कर राजस्व 2 लाख 70 हजार 86 करोड रुपये (2,70,086 करोड़ रुपये) तथा केंद्रीय करों में राज्य का अंश 2 लाख 18 हजार 816 करोड़ 84 लाख रुपये (2.18,816.84 करोड़ रुपये) शामिल है।

यूपी के इस वित्तीय वर्ष के बजट में 5 लाख 32 हजार 655 करोड़ 33 लाख रुपये (5.32,655.33 करोड़ रुपये) राजस्व लेखे का व्यय है, जबकि 2 लाख 3 हजार 782 करोड़ 38 लाख रुपये (2.03.782.38 करोड़ रुपये) पूंजी लेखे का व्यय है। वहीं समेकित निधि की प्राप्तियों से कुल व्यय घटाने के बाद 15 हजार 103 करोड़ 89 लाख रुपये (15,103.89 करोड़ रुपये) का घाटा अनुमानित है। इसके अलावा लोक लेखा से 5 हजार 500 करोड़ रुपये (5,500 करोड़ रुपये) की शुद्ध प्राप्तियां भी अनुमानित हैं। साथ ही समस्त लेन-देन का शुद्ध परिणाम 9 हजार 603 करोड 89 लाख रुपये (9.603.89 करोड़ रुपये) ऋणात्मक अनुमानित है। प्रारंभिक शेष 38 हजार 189 करोड़ 66 लाख रुपये (38,189.66 करोड़ रुपये) को हिसाब में लेते हुए अंतिम शेष 28 हजार 585 करोड़ 77 लाख रुपये (28,585.77 करोड़ रुपये) अनुमानित है।

बजट में राजस्य बचत 74 हजार 147 करोड़ 07 लाख रुपये (74.147.07 करोड़ रुपये) अनुमानित है। राजकोषीय घाटा 86 हजार 530 करोड़ 51 लाख रुपये (86,530.51 करोड़ रुपये) अनुमानित है, जो वर्ष के लिए अनुमानित सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 3.46 प्रतिशत है।

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं. 51-SBP-TRD-OT-2023-24, दिनांक : 30.01.2024

**कार्य का नाम :** 02 वर्ष की समयावधि हेतु सम्बलपुर मण्डल में कनिष्ठ अभियंता / TRD / रेंगाली और वरिष्ठ सेक्शन अभियंता / TRD / बरगढ़ रोड के अधिकार क्षेत्र के अधीन OHE रखरखाव गतिविधियां और अन्य OHE संबंधित कार्य।

**अनुमानित लागत (₹):** 1,98,72,343.67, EMD (₹) : 2,49,400/-, निविदा दस्तावेज की लागत (₹) : 5,900/-, पूरा होने की अवधि : 24 महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** 21.02.2024 को 1530 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक / कूरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

दृष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन: अवलोकन करें।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (TRD), सम्बलपुर

PR-1050/O/23-24

## पेज 1 का शेष

# हेमंत सोरेन के भाषण का अंश...

## मैं आंसू नहीं बहाऊंगा

अध्यक्ष महोदय, जब राजनीतिक रूप से ये लोग नहीं सकते हैं तो ऐसे ही बैक डोर से ये लोग हमला करते हैं। पीठ पर हमला करते हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आंसू नहीं बहाऊंगा। आंसू बाद के लिए रखूंगा। आप लोगों के लिए आंसू का कोई मतलब नहीं। आदिवासी, दलितों और पिछड़ों के आंसुओं का कोई मिल नहीं। वक्त आने पर हम इनके एक एक सवाल का जवाब और एक-एक षडयंत्र का जवाब वक़्त आने पर बड़े माकूल तरीके से दिया जायेगा। यह दुर्भाग्य है इस राज्य का कि तथाकथित हमारे राज्य के ये लोग, जो ऐसे सामंती विचार वालों के चरणों में झुक कर उनकी सेवा और उनकी पूजा अर्चना मैं लगे हैं। नहीं तो इस राज्य की इतनी दुर्दशा नहीं होती। राज्य अलग हुए 24 साल हो गये अध्यक्ष महोदय, किसने सबसे अधिक राज किया इस राज्य में। यह मुझे बोलने की जरूरत नहीं है। किसी को बताने की भी जरूरत नहीं है। सब अपने गिरेबां में देखें। सबको पता चलेगा, किसने क्या काम किया। घोटाले इनको 2000 से नजर नहीं आ रहे। 2019 से ही नजर आ रहे हैं।

## नहीं चाहते आदिवासी सर्वोच्च स्थान पर पहुंचे

आज ये नहीं चाहते अध्यक्ष महोदय कि देश का आदिवासी, दलित, पिछड़ा अल्पसंख्यक, देश के सर्वोच्च स्थान पर पहुंचे। ये नहीं चाहते कि ये जज बनें, आइएएस, आइपीएस बनें, ये नहीं चाहते ये राजनेता बनें। इन लोगों ने भी आदिवासी नेता को बनाया था मुख्यमंत्री। बताइये कितने आदिवासियों ने पांच साल पूरे किये। यह मुझे पता था कि मुझे भी पांच साल पूरा होने में रोड़े अटकायेंगे। नतीजा ये हुआ। आखिरी सांस तक कुछ भी करो, पांच साल पूरा नहीं होना चाहिए। रिकॉर्ड में नहीं दिखना चाहिए, रजिस्टर में नाम नहीं आना चाहिए। सच यही है। सच यही है कि हम लोगों ने सर झुका कर चलना नहीं सीखा। यही खासियत है आदिवासियों की। लेकिन कहते हैं न कि सरसों में ही भूत हो, तो भूत भागेगा कहां से। कुछ भूत ऐसे भी हैं, जिनकी वजह से ऐसी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। बहुत प्रयास हुआ, जब-जब हम लोगों ने अलग राज्य की परिकल्पना की, तब भी इन लोगों ने हंसी उड़ायी किआदिवासी अलग राज्य लेगा! जब हम सत्ता में आये, तो इन्हें लगा आदिवासी सत्ता चला पायेगा! कुछ दिनों में ही गिर जायेगा। मैं हवाई जहाजों में चलता तो उसमें भी इनको तकलीफ। मैं फाइव स्टार होटलों में रूकता था उसमें भी इनको तकलीफ। मैं बीएमडब्लू कार में घूमता हूं तो उसमे भी इनको तकलीफ। क्या कहावत है न कि हम करें तो गुनाह, ये करे तो खैर छोड़िये क्या बोलें। बड़ी विचित्र स्थिति है। अब जो स्थिति दिखायी दे रही है अध्यक्ष महोदय, कुल मिला कर झारखंड के परिप्रेक्ष्य के अलावा पूरे देश के पैमाने पर अब आदिवासी, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक सुरक्षित नहीं है। विशेषकर झारखंड की खनिज संपदा, जिस पर लोगों की गिद्ध नजर है, वह भी सुरक्षित नहीं है। यह तो हम थे अध्यक्ष महोदय कि इन्हें फूंक-फूंक कर कदम रखना पड़ा। जो इनके सामने आसेगा उसका अंजाम वही होगा, जो मेरा हो रहा है। इनको लगता है कि झारखंड के लोग ऐसे अंजाम से घबरा जायेंगे तो यह आप लोगों की बहुत बड़ी भूल है। इतनी बड़ी यह भूल होगी कि झारखंड का इतिहास आप लोगों को कभी माफ नहीं करेगा।

## मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा

आज तो षडयंत्र  का यह पैमाना है, यह दायरा है कि कानून के अंदर रह कर गैर कानूनी काम कैसे करना हो, यह अगर सीखना हो तो यह इन्हीं लोगों से सीखिए और इनकी संस्थाओं से सीखिए। मैं तो कहता हूं कि आप लोग दस्तावेज लाइये, इडी सीबीआई कोर्ट में सबूत पेश करे, एक भी अगर दस्तावेज आप लोग निकाल कर दिखा दें कि हमने साढ़े आठ एकड़ जमीन हड़पी है, मैं उसी दिन राजनीति से संन्यास क्या, झारखंड छोड़ कर चला जाऊंगा। अब इनको नहीं मिला तो हमारे बीवी-बच्चों और परिवारजनों का खाता-बही ढूंढ़ने में लगे हैं। ये पैसा कहां से, वो पैसा कहां से आया, ये आया वो आया। अध्यक्ष महोदय असामनता देखिये इस सदन के अंदर सरकार के द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे ऋण में कि यहां के आदिवासी विधायकों को कितने वर्षों के लिए मिलता है और गैर आदिवासियों को कितने सालों के लिए मिलता है। इस विषय पर गंभीरता से सोचने की आवश्यकता है। यह बहुत लंबी लड़ाई है। आज जिस तरीके से बड़ी मछली छोटी मछली को खा जाती है, सामजिक व्यवस्था में भी यही है। कहानी है कि हर बड़ी व्यवस्था छोटी व्यवस्था को खाने की कोशिश करती है।

## झामुमो का उदय झारखंड के मान सम्मान स्वाभिमान को बचाने के लिए हुआ

प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा हुई 22 जनवरी को। राम राज आ गया। पहला कदम बिहार में पड़ा। वहां पिछड़ा वर्ग के व्यक्ति का क्या हश्र हुआ ,यह आप जानते हैं। दूसरा कदम झारखंड पर पड़ा। एक आदिवासी मुख्यमंत्री को निगलने का प्रयास हुआ। चूंकि इस आदिवासी मुख्यमंत्री के शरीर में हड्डियां कुछ अधिक हं, इसलिए उस हड्डी को निकालने के लिए इडी उसका विश्लेषण करने में लगी हुई है, ताकि कैसे हम इसको निगल जायें। लेकिन इतना आसान नहीं है। गलती से गले में फंस गयी तो पूरा का पूरा अतड़ी बाहर आ जायेगा। इसलिए संभल कर खाने का कोशिश कीजिएगा। इसलिए अध्यक्ष महोदय मुझे कोई गम नहीं कि आज मुझे इडी ने पकड़ा है। जिस तरह से बंधू दा की सदस्यता ली कि आप चुनाव नहीं लड़ सकते हैं, तो मेरा भी यही हश्र करें। सत्ता लोलुपता के लिए कभी हम लोग नहीं आये हैं अध्यक्ष महोदय। एक बात मैं सदन में कहना चाहूंगा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा का उदय झारखंड के मान सम्मान स्वाभिमान को बचाने के लिए हुआ है। इस मान सम्मान स्वाभिमान के प्रति जो भी बुरी नजर डालेगा, उसको हम मुंहतोड़ जवाब देंगे, चाहे राजनीतिक रूप से हो, चाहे कानूनी रूप से हो या चाहे किसी भी जंगे मैदान में हो, यह हमारा संकल्प है। न हम पीछे हटे हैं, न हम लोगों ने पीठ दिखायी है।

## सदन में भी नहीं बोलें, इडी ने कहा

मुझे तो कोर्ट काआदेश है कि मीडिया के सामने या बाहर वक्तव्य नहीं देना है। तो हमने इडी वाले से पूछा कि क्या सदन में भी बात नहीं रखनी है, तो उन्होंने यह भी कहा कि आप सदन में भी नहीं रख सकते हैं। हम बोले वाह। तो आइये आप स्पीकर साहब के चेंबर में खड़े हो जाइये। आदेश जारी कीजिए तो हम चुप हो जायेंगे। यह स्थिति है अध्यक्ष महोदय। अब उस दिन का इंतजार है, अभी तो गवर्नर हाउस का कोरम पूरा हो गया, अब विधानसभा से ये लोग कब अरेस्ट होंगे, राष्ट्रपति भवन से ये लोग कब अरेस्ट होंगे, लोकसभा राज्यसभा से ये लोग कब अरेस्ट होंगे। डेढ़ दो सौ सांसदों का संसद से निलंबन क्या ये इतिहास के सुनहरे अक्षरों में लिखा जायेगा। बड़ी विचित्र स्थिति है देश की। मैं यह कहना चाहूंगा अध्यक्ष महोदय, विशेषकर आदिवासी दलित पिछड़े भाइयों से कि आप तैयार हो जायें, अब शोषण की नयी परिभाषा गढ़ी जा रही है। अगर आपने अपने को कमजोर किया, तो आनेवाली पीढ़ी कभी माफ नहीं करेगी। राज्यपाल महोदय आये और 32  पन्नों का इन्होंने अभिभाषण पढ़ा। हम लोग लाख चिल्लाते रहें, अभिभाषण पढ़ कर क्या होगा, जब देश में लोकतंत्र ही नहीं बचेगा। आज हर चीज पिछले दरवाजे से हो रही है। खैर, इतना तो हम लोगों के पास बुद्धि ज्ञान है नहीं ,लेकिन समय ऐसा भी नहीं है, समय से ज्यादा बलवान धरती पर कोई नहीं है और वक्त फिर घूमेगा और फिर हम आपके सामने उपस्थित होंगे और इतनी मजबूती के साथ उपस्थित होंगे कि जो षडयंत्र आप कर रहे हैं वह धरे के धरे रह जायेंगे और इस देश के, राज्य के आदिवासी दलित पिछड़ों के लिए जो संघर्ष करना होगा, वो करते रहेंगे, करते रहेंगे, करते रहेंगे, धन्यवाद।

# राहुल गांधी की न्याय यात्रा में हजारीबाग से सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता हुए शामिल

**मणिपुर से लेकर मुंबई तक पूरे हिंदुस्तान में 15 राज्य और झारखंड राज्य के पाकुड़ जिला से न्याय यात्रा शुरू**



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का भारत जोड़ो न्याय यात्रा मणिपुर से लेकर मुंबई तक पूरे हिंदुस्तान में 15 राज्य और झारखंड राज्य के पाकुड़ जिला से न्याय यात्रा शुरू हुआ। राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रहे भारत जोड़ो न्याय यात्रा हजारीबाग जिले कि सभी प्रखड़ो से सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता रामगढ़ में शिरकत की। न्याय यात्रा रामगढ़ जिला थाना चौक मार्ग होते हुए सुभाष चौक, बस स्टैंड, इरबा होते हुए रांची शहीद मैदान में सभा में हजारों हजार की संख्या में भाग लिए। इस अवसर पर काफी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जय शंकर पाठक ने राहुल गांधी को मां छिन्नमस्तिका का प्रतीक चिह्न किया भेट

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के झारखंड प्रदेश के तिसरे प्रवास स्थल रामगढ़ मे झारखंड राज्य हिन्दु धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जय शंकर पाठक के द्वारा राहुल गांधी को मां छिन्नमस्तिका मंदिर का प्रतीक चिन्ह भेट की गयी।



## पुल से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** नवलशाही थाना क्षेत्र के कोडरमा गिरिडीह मुख्यमार्ग पर नवादा बटियो नदी पुल के अंदर से सोमवार को नवलशाही पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। शव की पहचान खबर लिखे जाने तक नहीं हो पायी थी। शव को देखने से ऐसा प्रतित होता है कि पिछले 1- 2 से दिनों से शव पड़ा हो। साथ हीं अंदाजा लगाया जा रहा है कि शराब के नशे में धुत होकर गिर गया हो और ठंड लगने के कारण पुल के नीचे सोने गया होगा जिसके बाद ठंड लगने से उसकी मौत हो गयी।

## शोक सभा आयोजित कर पूर्व प्रमुख को दी श्रद्धांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** शहर के जुलु पार्क स्थित मेहता कुशवाहा भवन में झारखंड कुशवाहा महासभा जिला ईकाई हजारीबाग के तत्वावधान में झारखंड कुशवाहा महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व प्रमुख स्व अयोध्या प्रसाद मेहता के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन हुआ। अध्यक्षता झारखंड कुशवाहा महासभा जिला अध्यक्ष मटुक धारी महतो और संचालन जिला महासचिव इंद्रदेव प्रसाद मेहता ने किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बटेश्वर प्रसाद मेहता, पूर्व प्रमुख कौशल नाथ मेहता उपस्थित हुए। सबसे पहले स्व अयोध्या प्रसाद मेहता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी, उसके बाद दो मिनट का मौन रखा गया। शोक व्यक्त करते हुए महासभा के संगठन सचिव बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा की अयोध्या बाबू पूरे जीवन समाज के मार्गदर्शक के रूप में कार्य करते रहे। उनके जाने से पूरे क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। साथ ही कहा की वे सदा जात पात से ऊपर उठ कर लोगों की सेवा में लगे रहते थे। शोक सभा में बटेश्वर मेहता, सरोज मेहता, उपेंद्र कुशवाहा, जयनारायण मेहता, कौशलनाथ मेहता, रोहित कुमार, पंकज मेहता, मनोज कुमार, अशोक कुमार, बादल कुमार, अभिनय कुमार, भिखारी प्रसाद मेहता, नागेश्वर प्रसाद मेहता, गीता देवी मेहता के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## आदर्श विद्या मंदिर तिलोकरी के छात्रों को दी गयी विदाई



**नीलकंठ बर्णवाल ने विद्यालय की उपलब्धियां को के बारे में विस्तृत चर्चा की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जयनगर।** प्रखंड के आदर्श विद्या मंदिर तिलोकरी में वर्ग दशम के छात्र-छात्राओं की विदाई के अवसर पर मुख्य रूप से पासवा के जिला अध्यक्ष बीएनपी बर्णवाल, मुखिया इंद्रदेव यादव, पंसस प्रतिनिधि इंद्रदेव ठाकुर, पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष वीरेंद्र मोदी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य नीलकंठ बर्णवाल और संचालन शिक्षक राम लखन यादव, अंकित शर्मा ने किया। विद्यालय के प्राचार्य नीलकंठ बर्णवाल ने विद्यालय की उपलब्धियां को के बारे में विस्तृत चर्चा की।

छात्र-छात्राओं को परीक्षा पर चर्चा के दौरान उन्होंने प्रश्न पत्र को पढ़कर सोच समझकर उत्तर लिखने के लिए निर्देशित किया। मौके पर उप मुखिया साजन खान, पंसस इंद्रदेव ठाकुर, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि रामेश्वर यादव, रामा यादव, उप प्रचार शंभू पांडेय, वरीय शिक्षक विकास पांडेय, रामकृष्ण शर्मा, विजय पासवान, शिवपूजन दास, सीताराम यादव, राजकुमार यादव, संदीप मोदी, मुकेश शर्मा, रंजीत रजक, अंजू देवी, गायत्री देवी, संतोषी देवी, ममता देवी, बंशीधर यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## एनटीपीसी  का रोजगार से जोड़ने का सिलसिला जारी

# सिक्योरिटी ट्रेनिंग के लिए स्पेशल बैच ओड़िशा रवाना

**कंपनी युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखकर काम कर रही**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव एनटीपीसी की एमडीओ त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड अपने खनन परियोजना पकरी बरवाडीह क्षेत्र के प्रभावित युवकों को रोजगार से जोड़ने का सिलसिला जारी रखते हुए स्पेशल सिक्योरिटी ट्रेनिंग के लिए तीसरे बैच को भी ओडिशा रवाना कर दिया है। इससे पहले भी टीएसएमपीएल दो बैच को सिक्योरिटी ट्रेनिंग के लिए ओडिशा भेज चुकी है जो दर्शाता है कि कंपनी किस तरह से युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखकर काम कर रही है। इसी भरोसे को कायम रखते हुए लगातार तीसरी बार त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड ने परियोजना से प्रभावित 26 ग्रामीणों को स्पेशल सिक्योरिटी ट्रेनिंग के लिए ओडिशा भेज दिया है। इससे पहले इन युवकों को पकरी बरवाडीह में प्राथमिक प्रशिक्षण दिया गया ताकि ये स्पेशल ट्रेनिंग से पहले सुरक्षा से जुड़े बारिकी को समझ सकें। इन युवकों को भारत के बेहतरीन ट्रेनिंग संस्था ओडिशा में स्थित त्रिवेणी इंडस्ट्रीयल सिक्योरिटी अकादमी भेजा गया है जहां से ये युवक एक सशक्त और निष्ठावान सुरक्षाकर्मी बनकर वापस लौटेंगे। 05 फरवरी 2024 को  टीएसएमपीएल के वरिष्ठ महाप्रबंधक बिमल कुमार सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर इस बस को ओडिशा के लिए रवाना किया। इस मौके पर वरिष्ठ महाप्रबंधक बिमल कुमार सिन्हा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि टीएसएमपीएल प्रबंधन पूरी तरह से प्रभावित ग्रामीणों के विकास और रोजगार के लिए प्रतिबद्ध है। इसी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए स्पेशल सिक्युरिटी ट्रेनिंग के लिए परियोजना प्रभावित ग्रामीणों के तीसरे बैच को हमारे बेहतरीन ट्रेनिंग संस्था त्रिवेणी इंडस्ट्रीयल सिक्योरिटी अकादमी भेजा गया है जिससे कि ये एक मजबूत सुरक्षाकर्मी के तौर पर संस्था में अपना योगदान दे सकें। इस दौरान सिक्योरिटी ट्रेनिग के लिए रवाना हो रहे युवकों के चेहरे पर आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। उन्होंने टीएसएमपीएल प्रबंधन को रोजगार से और एक विशेष ट्रेनिंग दिलाने की पहल पर खुशी जाहिर की और कहा कि सुरक्षा गार्ड के तौर पर हम कंपनी के हित में काम करेंगे। इस ट्रेनिंग में उन्हें बताया जायेगा कि एक सुरक्षा गार्ड का कार्य ईमानदार, आत्म अनुशासित और पेशेवर होना चाहिए। इसके साथ ही ट्रेनिंग के दौरान उन्हें बताया जायेगा कि एक सुरक्षा गार्ड के तौर पर तैनात होने के बाद कैसे सतर्क और अनुशासित हो कर वो अपने कार्य को अंजाम दे जिससे कि वो एक सफल सुरक्षा कर्मी बनकर उभरे। त्रिवेणी सैनिक के मुख्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि रोजगार के क्षेत्र में इस ट्रेनिंग का काफी महत्व है और ये युवक भारतीय सेना में जाकर भी देश सेवा कर सकते हैं। बता दें कि इससे पहले भी टीएसएमपीएल कई बैच को त्रिवेणी इंडस्ट्रीयल सिक्योरिटी अकादमी भेज कर ट्रेनिग दिला चुकी हैं। इस सप्ताह में एक बैच अपना ट्रेनिंग खत्म कर वापस लौट रही है जो एक बेहतर सुरक्षा कर्मी के तौर पर संस्था में अपना योगदान देंगे।

## मुखिया ने बच्चों के बीच बांटे किट



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मध्य विद्यालय कुरहा में 169 छात्र-छात्राओं के बीच किट का वितरण किया गया। वितरण मुखिया संगीता देवी और पंचायत समिति सदस्य केदार मेहता के हाथों किया गया। मुखिया संगीता देवी ने कहा की सरकार के द्वारा किट उपलब्ध कराना बच्चों के हित में है इससे बच्चों का पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ेगी। पंचायत समिति सदस्य केदार मेहता ने कहा कि बच्चों को किट उपलब्ध कराना सरकार का बहुत अच्छा प्रयास है, इससे बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करेंगे। किट में वर्ग पहले और दूसरा के लिए दो पेन, दो पेंसिल, दो रबर, दो कटर, वर्ग तीसरा से पांचवा के लिए एक इंस्ट्रूमेंट बॉक्स, 3 पेन, 3 पेंसिल, 3 रबर, तीन कटर और वर्ग छठा से आठवां के लिए एक इंस्ट्रूमेंट बॉक्स, 5 पेन, 5 पेंसिल, 5 रबर, 5 कटर का वितरण किया गया। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार यादव, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेश प्रसाद मेहता, संयोजिका फूलमती मेहता, शिक्षक प्रदीप कुमार पांडेय, कैलाश मेहता, विनोद कुमार, निशा कुमारी, अहिल्या कुमारी शामिल थे।

## टाटीझरिया में विश्वकर्मा समाज की बैठक



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के तत्वावधान में जिला कोर कमेटी सदस्य बसंत नारायण के नेतृत्व में टाटीझरिया प्रखंड विश्वकर्मा समाज का बैठक सोमवार को बाबा बालकनाथ मंदिर परिसर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता नागेश्वर राणा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला सचेतक महाबीर राणा, कोर कमेटी सदस्य उमेश राणा उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से संरक्षक तालेश्वर राणा, अमृत राणा, महादेव राणा, रामलखन राणा, जगदीश राणा, दशरथ राणा, रामलखन राणा, अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार राणा, सचिव नागेश्वर राणा, उपाध्यक्ष किशोरी राणा , उपसचिव अर्जुन राणा, कोषाध्यक्ष सुनील, उपकोषाध्यक्ष बिरेंद्र कुमार राणा को बनाया गया। कार्यकरणी सदस्य सन्नी राणा, सुनील राणा, मनोज राणा, सहदेव कुमार राणा, रामु राणा और अनिल राणा को बनाया गया। बैठक में 18 फरवरी को रांची मोरहाबादी मैदान में होने वाला विश्वकर्मा अधिकार रैली में क्षेत्र से सैकड़ों विश्वकर्मा समाज के लोगों से शामिल होने की अपील की गयी है।

## पूर्व विधायक ने किया मेदेव फुड्स एंड बेवरेजेज कोल्डड्रिंक की फैक्ट्री का शुभारंभ



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के पचपेड़ी चौक के समीप मेदेव फुड्स एंड बेवरेजेज कोल ड्रिंक फैक्ट्री का उद्घाटन किया गया। फैक्ट्री का शुभारंभ पुर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने फीता काटकर किया। मौके पर प्रमुख रेणु देवी मौजूद थी। वही पुर्व विधायक ने कहा कि हमारे क्षेत्र में पहली बार कोल्डड्रिंक फैक्ट्री खोली गयी है। इस फैक्ट्री के खुलने से क्षेत्र के कई लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। फैक्ट्री के संचालक हेमंत चौधरी ने कहा कि यहां के लोगों को अब उचित दामों और बेहतर क्वालिटी का कोल्डड्रिंक उपलब्ध होगा। मौके पर समाजसेवी उमेश कुमार, सरयु महतो, प्रकाश चौधरी, इंद्रदेव  प्रसाद,  किशोरी चौधरी, मनोहर चौधरी, मनु मंडल, जयश्री प्रसाद, प्रकाश कुमार चौधरी, बबुन चौधरी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## डीएवी के 21 बच्चों को मिला स्वर्ण पदक



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** नेशनल साइंस ओलंपियाड के लेबल-1 में डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरीतिलैया के 21 बच्चों ने स्वर्ण पदक लाकर पूरे विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया। यह एक ऐसी परीक्षा है जो स्कूली स्तर पर आयोजित की जाती है। नेशनल साइंस ओलंपियाड सत्र 2023-24 में डीएवी कोडरमा के कक्षा पांचवीं के मोहम्द हमजा रजा ने मेडल आफ डिस्टिंक्शन तथा 20 बच्चों ने गोल्ड मैडल ऑफ एक्सीलेंस  प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया। उन बच्चों में ओम कुमार, नामित गर्ग, शौर्य पटेल, स्वर्णिम कुमार, अन्वेषा राउत, प्रेरणा भूषण, सौहार्द्र सरकार, शिवम कुमार पांडे, प्रिंस कुमार, अक्षत बक्सी, अर्नव डे, आकांक्षा त्रिवेदी, अरात्रिका सिन्हा, ख्याति रंजन, जिज्ञासा रानी, तेजस्वी सिंह, जान्वी राज, नीतीश कुमार, स्मृति काजल और शायंतिका मोदी शामिल हैं। साथ ही दस बच्चों का लेबल -2 के लिए भी चयन हुआ है। प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने बच्चों के द्वारा विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी को बधाई दी। उपलब्धि के लिए प्राचार्य ने बच्चों, उसके अभिभावकों को तथा विज्ञान के शिक्षक व ओलंपियाड इंचार्ज मनोज कुमार सिंह की सराहना की तथा सभी को शुभकामनाएं दी।

## सात लाख से ऊपर के ब्लू स्टोन बरामद, दो गिरफ्तार

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना अंतर्गत पुरनानगर में एक मकान से 7 लाख 50 हजार के कीमती ब्लू स्टोन पत्थर बरामद किये गये हैं। इस संबंध में दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि पुरनानगर स्थित संजय पंडित के मकान में ब्लू स्टोन पत्थर का अवैध रूप से भंडारण कर रखा गया है। इसे खरीद बिक्री के लिए जिला से बाहर लेकर जाने वाले हैं। इसके सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई हेतु थाना प्रभारी द्वारिका राम के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन कर बीती रात संजय पंडित के घर में छापामारी की गयी। छापेमारी के क्रम में संजय पंडित के कमरा और उनके भाई राजू पंडित के कमरे से लगभग 96 किलोग्राम ब्लू स्टोन पत्थर बरामद किया गया जिसका अनुमानित मूल्य 7 लाख 50 हजार है। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त संजय पंडित और राजू पंडित (दोनों के पिता जगदीश पंडित, ग्राम पुरनानगर) को कोडरमा जेल भेज दिया गया। छापेमारी दल में थाना प्रभारी के अलावा कुंदन कुमार, सलीम लुगुन और कोडरमा थाना के पैंथर और पुलिस जवान शामिल थे।

## खैरा में बारी से देशी भराठी बंदूक बरामद

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के खैरा पंचायत अंतर्गत महुआटांड़ के एक खेत-बारी से टाटीझरिया पुलिस ने एक देशी भराठ्ठी बंदूक बरामद किया है।  टाटीझरिया पूलिस ने बताया की टाटीझरिया थाना को 03 फरवरी 2024 को गुप्त सूचना मिली की महुआटांड़ के एक खेत बारी में बंदूक जैसा सामान पडा है, सूचना मिलते ही थाना के एएसआइ रामप्रवेश राय दल बल के साथ पहुंचकर उक्त बंदूक को जब्त कर लिया, और अज्ञात लोगों के विरुद्ध टाटीझरिया थाना में थाना कांड संख्या 07/24 अंकित कर मामला दर्ज किया गया है।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 06 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in



## रामगढ़ में दूसरे दिन भी निकली राहुल गांधी की न्याय यात्रा, बच्चों ने फूल देकर उनकी यात्रा का किया स्वागत

# राहुल ने कोयला लेकर जानेवालों का बांटा दर्द

### राहुल की यात्रा का स्कूली बच्चों ने गुलाब का फूल देकर किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा दूसरे दिन भी रामगढ़ जिले में निकली। सोमवार की सुबह शहर के बाजार टांड़ स्थित सिदो-कान्हू मैदान से राहुल गांधी अपने काफिले के साथ निकले और चट्टी बाजार होते हुए गांधी चौक पहुंचे। यहां स्कूली बच्चों ने गुलाब का फूल देकर उनकी यात्रा का स्वागत किया। बच्चों को देखकर राहुल गांधी भी मंत्र मुक्त हो गये। वे न सिर्फ गाड़ी से उतरे बल्कि अपनी जीप के बोनट पर बैठकर बच्चों के साथ तस्वीर खिंचवायी। बच्चों से बात करते-करते राहुल गांधी भी बच्चे बन गये। एक बच्चे ने तो अपने स्वेटर का बाजू उठाकर अपना डोले शोले भी उन्हें दिखाये। इस दौरान बच्चे खूब हंसे और राहुल गांधी ने भी इस मौके का खूब फायदा उठाया। कुछ स्कूली बच्चियां परंपरागत परिधान में नृत्य भी प्रस्तुत कर रही थीं। राहुल गांधी ने उन बच्चों का भी हौसला बढ़ाया। गांधी चौक से सुभाष चौक की तरफ जब राहुल गांधी का काफिला बढ़ा, तो वह खुद खुली जीप पर खड़े होकर लोगों का अभिवादन कर रहे थे।

**फोटो खिंचवाने के लिए युवाओं और बच्चों की लगी रही भीड़ :** राहुल गांधी के साथ तस्वीर खिंचवाने के लिए युवाओं और बच्चों की भीड़ लगी रही। थाना चौक पर पहले से ही स्कूली बच्चे और युवा उनका इंतजार कर रहे थे। उनका काफिला जब वहां रुका, तो आम जनों ने उन्हें घेर लिया। राहुल गांधी इस दौरान सबका अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। कुछ देर तक राहुल गांधी जब जीप से बाहर नहीं निकले तो वहां अफरातफरी जैसा माहौल बन गया। लोगों को संभालने के लिए राहुल गांधी को जीप से उतरना पड़ा और उसके बाद वे बोनट पर बैठ गये। इस दौरान कई लोगों ने उनके साथ अपनी तस्वीरें लीं।

**शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमरांव सिंह को राहुल ने दी श्रद्धांजलि:** रामगढ़ से रांची जाने के क्रम में चुटूपालू घाटी में स्वतंत्रता सेनानी शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह की शहादत स्थल पर राहुल गांधी का काफिला रुका। यहां राहुल गांधी ने उन दोनों महान स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की। उन्होंने कहा कि झारखंड की माटी ने हमेशा वीर सपूत पैदा किये हैं। उन दोनों वीर योद्धाओं ने लोगों के अधिकारों और स्वतंत्रता के लिए अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ी। देश के लिए अपनी जान हंसते हंसते कुर्बान करने वाले ऐसे वीरों को नमन।

**राहुल ने कोयला मजदूरों का बांटा दर्द :** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान पिछले दो दिनों से राहुल गांधी कोयलांचल से होकर गुजर रहे हैं।

सोमवार को रामगढ़ से रांची जाने के क्रम में चुटूपालू घाटी में कोयला ढो रहे मजदूरों को देखकर राहुल गांधी ने अपने काफिले को रोक दिया। इस दौरान उन्होंने कोयला मजदूरों का दर्द बांटा और उनसे उनकी हालत के बारे में चर्चा की। राहुल गांधी ने कोयले से लदे साइकिल को भी कुछ दूर तक ले जाने में उनकी मदद की। न्याय यात्रा के दौरान रविवार की शाम भी गोला डीवीसी चौक पर मजदूरों के दर्द पर राहुल गांधी ने चर्चा की थी। उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं को रोजगार के रास्ते से दूर कर दिया है। देश के सारे संसाधनों को निजी उद्योगपतियों के हाथों में देकर ठेका पर मजदूर बहाल किया जा रहे हैं। इस व्यवस्था के खिलाफ में लगातार आंदोलन भी कर रहे हैं।

**न्याय यात्रा में ये थे शामिल**

न्याय यात्रा में झारखंड कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजयलाल पासवान, पूर्व विधायक ममता देवी, प्रदेश महासचिव बलजीत बेदी, जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान सहित कई नेता व कार्यकर्ता शामिल थे।



## राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर रामगढ़ विधायक ने उठाया सवाल

### राहुल गांधी ने भारत के स्वतंत्रता सेनानियों का किया अपमान : सुनीता चौधरी



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। आजसू पार्टी एनडीए गठबंधन के विधायक सुनिता चौधरी ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर सवाल उठाया है। कहा कि कांग्रेस के राहुल गांधी ने भारत के स्वतंत्रता सेनानियों का रामगढ़ में अपमान किया है। यह भारत जोड़ो न्याय यात्रा नहीं भारत तोड़ो अन्याय यात्रा है। कांग्रेसियों की शुरू से मानसिकता रही है वीर शहीदों ओर स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान करना। रामगढ़ के पावन धरती पर भी कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा के नाम पर निकाली गयी रैली में देखने को मिला। जहां एक और केवल बैनर पोस्टर में ही महात्मा गांधी और सुभाष चंद्र बोस रामगढ़ की धरती है का नारा दी गयी। लेकिन राहुल गांधी ने रामगढ़ गुजरने के क्रम में ना तो झारखंड के प्रख्यात सिद्ध पीठ मां छिन्न मस्तिके रजरप्पा मंदिर दरबार में जाकर पूजा अर्चना की और ना ही रामगढ़ में स्थापित लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा, महात्मा गांधी की प्रतिमा, महात्मा गांधी के समाधी स्थल, बाबा भीम राव डॉक्टर अम्बेडकर, रामगढ़ की हृदय स्थल सुभाष चंद्र बोस की आदमकद प्रतिमा और ना ही वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित की और ना ही माला माल्यार्पण किया। इतना ही नहीं वो अपने काफिले की गाड़ी से उतरना भी उचित नहीं समझे। राहुल गांधी ने रामगढ़ की पावन धरती को अपमान करने का काम किया है। केवल रामगढ़ का ही नहीं पूरे भारत देश का अपमान है। महापुरुषों के अपमान से रामगढ़ की जागरूक जनता काफी दुखी है। कहा कि आप सभी को ध्यान होगा कि पटेल चौक में भी लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा स्थापित में कांग्रेसियों के द्वारा ही विरोध किया गया था। हम धन्यवाद देते हैं रामगढ़ की जनता का जिन्होंने पटेल जी की प्रतिमा लगाने में आजसू पार्टी के द्वारा किये गये आंदोलन में साथ दिया था, तभी जाकर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पटेल चौक पर स्थापित हो पायी थी।

## रामगढ़ में राहुल गांधी ने नहीं पहनायी बापू और नेता जी को माला, शुरू की भारत जोड़ो न्याय यात्रा

### राहुल गांधी की ओर निहारते रह गये बापू और नेता जी, नहीं हुईं नजरें इनायत

बीरु कुमार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी का भारत जोड़ो न्याय यात्रा गांधी चौक से शुरू हुई। पूरे मामले में जो हुआ वो कई सवाल खड़ा कर दिया है। जिस स्थान से राहुल गांधी की यात्रा शुरुआत हुई। उस चौक का नाम है गांधी चौक। यानी कि राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की आदमकद प्रतिमा लगी है। सबकुछ बापू के सामने राहुल गांधी अपनी यात्रा की शुरुआत कर रहे थे।

**निहारते रहे बापू, नहीं रुके राहुल गांधी:** बापू उनकी ओर निहार रहे थे। लेकिन राहुल गांधी का सीना नहीं पसीजा। नमन तो दूर एक फूल का माला पहनाना भी मुनासिब नहीं समझा। जिससे पूरे शहर में चर्चा का विषय बना रहा। आखिर राहुल से भूल हो गयी या स्थानीय नेता की अधूरी तैयारी के कारण राहुल को सवालों के कठघरे में खड़ा होना पड़ रहा है।



**स्थानीय स्तर पर हुई चूक तो होनी चाहिए कार्रवाई:** अगर वाकई में स्थानीय स्तर पर भूल हुई है, तो लापरवाह नेताओं पर कार्रवाई होनी चाहिए। ताकि उनकी यात्रा सफल हो और उनपर कोई ऊंगली नहीं उठा सके। काफिला आगे बढ़ा और राहुल लोगों का अभिनंदन कर आगे बढ़े।

**चंद मिनटों में दुहरायी गलती:** फिर राहुल महात्मा गांधी की तरह नेता जी सुभाष चंद्र बोस को भी भूल गये। हुआ यूं कि राहुल गांधी की काफिला आगे बढ़ते हुए सुभाष चौक पहुंचा। यहां लगा कि उनका काफिला रुकेगा और नेता जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुरुआत में हुई गलतियों को सुधारेंगे। लेकिन उनका काफिला यहां भी नहीं रुका। जिससे लगा कि राहुल गांधी सच में देश को विभूतियों को अपमान कर आगे बढ़ रहे हैं। उनके उस रवैये से रामगढ़ के लोग काफी चर्चा कर रहे हैं। चर्चा है कि जिनकी कंधे पकड़कर पूरा कांग्रेस राजनीति में देश स्तर पर बड़ी पार्टी बनी है। उन्हें आज भूल जा रही है। खैर गलती किसी की भी हो। खिंचाई तो राहुल गांधी का ही हो रही है।

## अवैध दुकान और मकान का सर्वे



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सीसीएल बरका-सयाल प्रबंधन ने सौंदा डी में माइंस खोलने को लेकर सोमवार को सीसीएल के जमीन पर अवैध रूप से मकान और दुकान बनाकर रह रहें लोगो का सर्वे कराया। सर्वे मे पर्सनल ऑफिसर एके बक्शी, सिविल इंजीनियर बालमुकूंद उपाध्याय, सर्वेयर श्रीकांत गुप्ता, मिठु, सिक्युरिटी इंचार्ज उमेश प्रसाद ने सौंदा डी लेनिन चौक के पास अवैध रूप से बने दुकान और मकानो का सर्वे किया। सर्वेयर श्रीकांत गुप्ता ने बताया कि सौंदा डी में सीसीएल के आवास और जमीन में अवैध रूप से दुकान और मकान बनाकर रह रहें लोगो का सर्वे किया जा रहा है।

## डीएवी आरा में विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह



**कुजू (आजाद सिपाही)।** डीएवी सीनियर सेकेण्डरी पब्लिक स्कूल आरा (कुजू) में सत्र 2023-24 के 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में वैदिक मन्त्रोंच्चारण के साथ हवन का आयोजन कर बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। वही, विद्यालय प्राचार्य आलोक कुमार ने विद्यार्थियों को कहा कि परीक्षा से पूर्व आप अपने मन से डर को बाहर कीजिए और लगातार लिखने का अभ्यास कीजिए, तभी बेहतरीन सफलता मिलेगी। विद्यार्थियों की तरफ से ईशा पटेल, पलक, जयश्री मुखोपाध्याय और वैष्णवी सिंह ने अपने अपने उदगार व्यक्त किया। विद्यालय के शिक्षक अशोक कुमार तिवारी और आरडी मुखोपाध्याय ने विद्यार्थियों को परीक्षा से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण जानकारी दिए। मंच का संचालन डी पांडेय ने किया। मौके पर विद्यालय के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## पतरातू में नये अंचल अधिकारी ने किया पदभार ग्रहण



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू अंचल के नये अंचल अधिकारी के रूप में अमित भगत ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। वर्तमान अंचल अधिकारी शिव शंकर पांडे ने नये अंचल अधिकारी अमित भगत को पदभार सौंपा। नये अंचल अधिकारी के पदभार के बाद अंचल और प्रखंड के कर्मियों द्वारा पतरातू प्रखंड मुख्यालय के सभागार में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित पंचायत प्रतिनिधि और क्षेत्र कई गण्यमान्य लोगों ने वर्तमान अंचल अधिकारी शिव शंकर पांडे को उनके व्यवहार और कार्य क्षमता की सराहना की। इस मौके पर प्रखंड और अंचल के कर्मचारी के अलावा पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## जयराम महतो का मारंगमरचा में किया गया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के मारंगमरचा प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में पांच फरवरी को चितरपुर प्रखंड के झारखंड आंदोलनकारी जगेश्वर महतो नागवंशी के नेतृत्व में जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो का स्वागत किया गया जो नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गया, नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए टाइगर जयराम महतो ने कहा कि 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति और नियोजन नीति हम झारखंड़ियों की जायज मांग है इसे हम हर हाल में प्राप्त करेंगे वही क्रांतिकारी रिजवान अंसारी ने कहा कि झारखंड की राजनीति में युवाओं की भागीदारी समय और परिस्थितियों की मांग है हम युवाओं के दम पर झारखंड की दिशा तय करेंगे, स्वागत करने वालों में दशरथ महतो, जगदेव महतो, सुधीर कुमार अकेला, संतोष कुमार, पिंटू कुमार, मनोज चौधरी, राज किशोर महतो, राजू महतो, अरुण महतो, अमित राम, वहाज अंसारी, सिकंदर कुमार, देवेंद्र महतो, चंदन महतो, सीताराम, रोहित लाल महतो, रोशन महतो, कमला देवी, मीना देवी, सविता देवी, अनीता देवी, सुनीता देवी, सुशीला देवी, रूपम देवी, वीणा देवी, गुड़िया देवी बिंदेश्वरी देवी, मंजू देवी सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थें।



## मधुमेह केयर सेंटर का द होप हॉस्पिटल में शुभारंभ

# समाजसेवा के क्षेत्र में रोटरी रामगढ़ सेंट्रल का कार्य सराहनीय: एसपी बगड़िया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रोटरी रामगढ़ सेंट्रल के तत्वाधान में सोमवार के रांची रोड स्थित द होप हॉस्पिटल में मधुमेह केयर सेंटर का शुभारंभ किया गया। इसका विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि जिलापाल एसपी बगड़िया, विशिष्ट अतिथि राजन गंडोत्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व फीता काटकर किया। इससे पूर्व क्लब के पदाधिकारियों ने अतिथियों के आगमन पर उन्हें बुके देकर स्वागत किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि बगड़िया ने कहा कि समाजसेवा के क्षेत्र में रोटरी रामगढ़ सेंट्रल की कार्य सराहनीय है, नित्यदिन अपने कार्यों से एक नई उपलब्धि हासिल कर नया आयाम लिख रहे है, जो समाजहित के लिए बेहतर है। वही, विशिष्ट अतिथि राजन गंडोत्रा ने कहा कि यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है रोटरी रामगढ़ सेंट्रल की मुझे गर्व है। मैंने कई ऐसे प्रोजेक्ट देखा है, हर प्रोजेक्ट किसी न किसी कारणों से लेट हो जाती है। लेकिन रोटरी रामगढ़ सेंट्रल इस बड़े प्रोजेक्ट को डेढ़ महीने पहले की अमली जामा पहनाने का काम किया। रोटरी रामगढ़ सेंट्रल समाजसेवा के क्षेत्र बेहतर कार्य कर रही है, इसके लिए टीम में शामिल सभी लोग शुभकामनाएं के पात्र है। वही, कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि शामिल हुए इसे लेकर हर्ष व्यक्त किया।

**डॉ शरद जैन और डॉ अनूप कुमार ने दी जानकारी:** मौके पर रोटरी रामगढ़ सेंट्रल के सदस्य सह हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ शरद जैन एवं डॉ अनूप कुमार ने बताया कि मधुमेह से संबंधित किसी भी प्रकार की बीमारी को इस अत्याधुनिक मशीन से रोग को पहले की डिडेक्ट की जा सकती है। इसके माध्यम से मधुमेह को लेकर शरीर में उत्पन्न होने वाले लक्षणों की जांच कम खर्च में आधुनिक मशीन के द्वारा किया जाएगा। मधुमेह रोगियों को हर प्रकार के आवश्यक सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन मुकेश बौदिया व धन्यवाद ज्ञापन गौतम जालान ने दिया।

**ये थे उपस्थित:** सहायक जिलापाल विवेक अजमेरा, अध्यक्ष विकास बंसल, सचिव अंकित जैन, पीडीजी संदीप नारंग, अजय छाबड़ा, अनिल सिंह, संगीता अग्रवाल, संगीता जैन, खुशबू बंसल, मेघा बगड़िया, विनीता अग्रवाल, डॉ रेणु सिन्हा, बॉबी गोयल, श्वेता जैन, श्वेता सिन्हा, अरविंद गोयल, सुरेश पी अग्रवाल, संतुभाई माणिक, मानिकचंद जैन, गोबिंद अग्रवाल, विनय अग्रवाल, बालकृष्ण जालान, दीपक मेवाड़, दीपक मेवाड़, किरण अग्रवाल, रणंजय कुमार, संतोष तिवारी, पीयूष बेरलिया, पवन अग्रवाल सहित विभिन्न सामाजिक संगठन के लोग शामिल थे।




## बाउंड्री निर्माण कार्य की जांच के लिए पत्र



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** सीसीएल उच्च विद्यालय नया नगर बरकाकाना विद्यालय प्रबंधन और विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष गोविंद बेदिया ने जिला शिक्षा अधीक्षक से लिखित शिकायत दर्ज करायी है। शिकायत पत्र में कहा गया है कि सीसीएल प्रबंधन बरकाकाना द्वारा सीसीएल उच्च विद्यालय नया नगर बरकाकाना से सटे चारदीवारी कार्य संवेदक के माध्यम से करवा रही है जो सरासर गलत है, क्योंकि उक्त जमीन सीसीएल उच्च विद्यालय का है। उन्होंने बताया की सत्र 1979 में तत्कालीन राज्यपाल के द्वारा पांच एकड़ जमीन एकरारनामा से हासिल है, जिसमें सीसीएल प्रबंधन चारदीवारी कार्य सम्पन्न करा रही हैं। पूर्व अध्यक्ष ने आवेदन के माध्यम से प्रबंधन पर दुकानदारों से पैसा लेकर बीस फिट तक जमीन मुहैया कराने का आरोप लगाते हुए चारदीवारी कार्य को रोक लगाते हुए जांच की मांग की है। शिकायत की कॉपी महामहिम राज्यपाल, मुख्य सचिव झारखंड, उपायुक्त रामगढ, चेयरमैन सीसीएल, अंचल अधिकारी पतरातू और अनुमंडल पदाधिकारी को दी है।

## डीएवी में विद्यार्थियों का आशीर्वचन समारोह

**कुजू (आजाद सिपाही)।** अग्रसेन डीएवी विद्यालय भरेचनगर में कक्षा द्वादश विज्ञान और वाणिज्य के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वचन समारोह का आयोजन किया गया। वैदिक परंपरा के अनुसार मंत्रोच्चारण कर हवन यज्ञ का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक एएन पाठक ने मंत्र उच्चारण कर द्वादश वर्ग के विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य और जीवन में अच्छे परिणाम की शुभकामना व्यक्त की। वही, वाणिज्य वर्ग के वरिष्ठ शिक्षक सुधीर मिश्रा ने भी अपना आशीर्वचन देकर बच्चों को जीवन में उन्नतशील जीवन जीने और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्राचार्य निशिकांत कर ने बच्चों को आशीर्वचन देते हुए उन्हें जीवन में निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। वहीं, एकादश विज्ञान और वाणिज्य वर्ग के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की। मौके पर विद्यालय के सुपरवाइजरी हेड केएम झा, परीक्षित बेहेरा, धर्मेंद्र गौतम, नीरज पाठक सहित सभी शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।


**शपथ पत्र**

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. - 3630 दिनांक 05.02.2024 मैं शशि तारिक मिंज पिता- स्व0 अल्बिनुस मिंज उम्र करीब -44 वर्ष, जाति-उराँव, धर्म-ईसाई, पेशा- आर्मी में कार्यरत, ग्राम-चैनपुर, पत्रालय-चैनपुर, थाना - महुआडाँड़, जिला- लातेहार, राज्य झारखण्ड, राष्ट्रीयता भारतीय शपथ पूर्वक निम्न करता हुँ -

1. यह कि मै उपरोक्त ग्राम व पता का स्थायी निवासी हुँ । 2. यह कि मुझे Recored the mahar Regiment में आपकी पत्नी पुनम बड़ा का अंग्रेजी नाम के Spelling एवं जन्म तिथि में सुधार कराने हेतु विज्ञापन प्रकाशित कराना है।

3. यह कि मेरी पत्नी पुनम बड़ा के अंग्रेजी Spelling "PUNAM BARA" तथा सही जन्म तिथि **28.03.1979** (Twenty Eight March Nineteen Seventy Nine) है 4. यह कि शपथ पत्र मै उक्त आधार पर मेरी पत्नी पुनम बड़ा के नाम के Spelling में सुधार एवं जन्म तिथि में सुधार हेतु कर रहा हूँ।

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. - 3631 दिनांक 05.02.2024 मैं शशि तारिक मिंज पिता- स्व0 अल्बिनुस मिंज उम्र करीब -44 वर्ष, जाति-उराँव, धर्म ईसाई, पेशा- आर्मी में कार्यरत, ग्राम चैनपुर, पत्रालय, थाना -महुआडाँड़, जिला- लातेहार, राज्य झारखण्ड, राष्ट्रीयता भारतीय शपथ पूर्वक निम्न करता हुँ -

1. यह कि मै उपरोक्त ग्राम व पता का स्थायी निवासी हुँ । 2. यह कि मुझे Recored the mahar Regiment में आपकी पुत्री Ani Shakshi Minj का नाम का Spelling एवं जन्म तिथि में सुधार कराने हेतु विज्ञापन प्रकाशित कराना है।

3. यह कि मेरी उक्त पुत्री का अंग्रेजी Spelling "Ani shakshi Minj" एवं सही जन्म तिथि **11.05.2011** (Eleventh May Two Thousand Eleven) है 4. यह कि शपथ पत्र मै उक्त आधार पर मेरी पुत्री के नाम के Spelling में सुधार एवं जन्म तिथि में सुधार हेतु कर रहा हूँ।

# शिखर को सम्मान

भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न प्रदान करना राजनीति की उस परंपरा को सम्मानित करना है, जो हर जरूरी मौके पर दलगत सीमाओं से ऊपर उठती रही है, जो विरोधियों का सम्मान करने और उनसे सम्मान पाने की क्षमता से ताकत पाती रही है। निश्चित रूप से यह एक बड़ा फैसला है और इसके कई पहलू हैं। यह फैसला ऐसे समय किया गया है, जब अयोध्या के राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ है। अगर रामजन्मभूमि आंदोलन को परवान चढ़ाने का श्रेय किसी एक राजनीतिक नेता को दिया जा सकता है, तो वह आडवाणी ही हैं। नब्बे के दशक की शुरूआत में की गयी उनकी रथयात्रा ने इस मुद्दे को जितनी मजबूती दी, उतनी शायद ही किसी एक घटना ने दी हो। बावजूद इसके, हाल के दिनों में ऐसी आवाजें उठ रही थीं कि आडवाणी को उतना श्रेय नहीं मिला जितना मिलना चाहिए था। भारत रत्न देने का यह फैसला ऐसी तमाम आलोचनाओं की गुंजाइश समाप्त कर देता है। पिछले महीने ही केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा की थी। हालांकि उस फैसले का राजनीति की सभी धाराओं ने समर्थन किया, लेकिन फिर भी कहीं न कहीं यह बात भी दर्ज हो ही गयी थी कि सरकार ने उस समाजवादी धारा को सम्मानित किया, जो वैचारिक तौर पर मौजूदा राष्ट्रवादी धारा के खिलाफ मानी जाती है। ऐसे में जाने-अनजाने इस फैसले ने राजनीतिक संतुलन की जरूरत को भी पूरा कर दिया है। मगर आडवाणी को भारत रत्न देने के फैसले का बड़ा संदेश है, जो इन छोटी-मोटी जरूरतों से काफी आगे जाता है। आडवाणी की राजनीति में भले ही एक तरह की वैचारिक आक्रामकता रही हो और इस वजह से उसके समर्थन और विरोध में तीव्र भावनाएं देखने को मिलती हों, जहां तक उनके व्यक्तिगत आचरण की बात है, तो उन्होंने हमेशा शुचिता बनाये रखी और यह बात उनके कट्टर विरोधी भी स्वीकार करते हैं। हवाला घोटाला में नाम आते ही आडवाणी ने न सिर्फ संसद की सदस्यता छोड़ दी, बल्कि यह भी कहा कि जब तक बेदाग नहीं साबित हो जाते तब तक न तो चुनाव लड़ेंगे और न ही कोई सार्वजनिक पद स्वीकार करेंगे। उनके राजनीतिक जीवन का जो नेगेटिव बिंदु कहा जा सकता है, वह है उनकी अगुआई वाले आंदोलन के दौरान बाबरी मस्जिद का तोड़ा जाना, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने भी अपराध करार दिया है, लेकिन यहां खास बात यह रही कि उन्होंने कभी उस घटना का समर्थन नहीं किया। वह हमेशा मंदिर आंदोलन की रचनात्मक विशिष्टता को रेखांकित करते हुए उसे देश की गौरवशाली आध्यात्मिक परंपरा से जोड़े रखने पर जोर देते रहे। उन्हें भारत रत्न देने का फैसला निस्संदेह स्वागत योग्य है।

> **आडवाणी की राजनीति में भले ही एक तरह की वैचारिक आक्रामकता रही हो और इस वजह से उसके समर्थन और विरोध में तीव्र भावनाएं देखने को मिलती हों, जहां तक उनके व्यक्तिगत आचरण की बात है, तो उन्होंने हमेशा शुचिता बनाये रखी और यह बात उनके कट्टर विरोधी भी स्वीकार करते हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**1963 ई. में जब झारखंड पार्टी का कांग्रेस में विलय हुआ, तब लाल रणविजय नाथ शाहदेव ने दिल्ली में पंडित जवाहर लाल नेहरू के समक्ष विरोध किया था। उनके नेतृत्व में 21 जलाई 1963 ई. में बहुबाजार में विशाल सभा आयोजित की गयी। इस सभा में झारखंड पार्टी को बनाये रखने का निर्णय लिया गया। लाल रणविजय नाथ शाहदेव के नेतृत्व में ही 27, 28 एवं 29 सितंबर 1963 को वीरमित्रापुर में विशाल जुलूस निकाला गया। अलग राज्य के लिए आंदोलन करने के कारण उन्हें 3 जून 1968 ई. में जेल भी जाना पड़ा।**

# अलग झारखंड राज्य के अटल-आंदोलनकारी लाल रणविजय नाथ शाहदेव



**डॉ कोरनेलियुस मिंज**

लालरण विजयनाथ शाहदेव की जयंती पर विशेष



स्वतंत्रता तेहें चाही लाल लहूक धार जैसी देश-भक्ति से ओत-प्रोत कविता रचने वाले नागपुरी कवि, गीतकार और आंदोलनकारी लालरण विजयनाथ शाहदेव ने झारखंड राज्य के पुनर्गठन में सक्रिय भूमिका निभायी थी। उनके मन में अलग राज्य के लिए आंदोलन करने की प्रबल इच्छा खरसावां की शहादत भूमि से जागृत हुई थी। जब वे अपने पिताजी पालकोटगढ़ के राजा छोटेलाल लक्ष्मीनाथ शाहदेव के साथ 1952 ई. में सरायकेला खरसावां शहीद स्थल देखने गये थे। वहीं पर शहीद स्थल की पावन माटी को मुट्ठी में लेकर कसम खायी कि झारखंडियों के लिए अलग राज्य की लड़ाई लडेंगे। इस बीच मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा, छोटेलाल लक्ष्मीनाथ शाहदेव के घर अक्सर राजाडेरा करमटोली आया करते थे। अंततः उनसे प्रभावित होकर औपचारिक रूप से झारखंड पार्टी में 1957 ई. में शामिल हुए और झारखंड आंदोलन में कूद पड़े। वे इसके लिए वीर रस के नागपुरी गीतों और कविताओं की रचनाएं करने लगे। उनकी रचनाएं लोगों के रोंगटे खड़े कर देने वाली होती थीं। हास्य कविता और व्यंग्य कविता लेखन में पकड़ अच्छी थी। एक बार रांची के टैगोर हिल में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने व्यंग्य हास्य कविता गांधीक नाम बेइच के आपन पेट भरू प्रस्तुत किया था, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया। उनकी जागरण कविता - नरसिंघा बाजी आब फिर नागपुर देस में आमजनों के बीच खूब लोकप्रिय हुआ। उन्होंने 500 से अधिक गीत और कविताओं की रचना की हैं, जिनमें 250 से अधिक आकाशवाणी रांची से प्रसारित हुई हैं। लाल रणविजय नाथ शाहदेव हिंदी फिल्मी गाना भी गाते थे। उनकी पत्नी श्यामा देवी को नागपुरी गीत उतने पसंद नहीं थे। इसलिए प्रारंभ में वे अपनी धर्म पत्नी को हिंदी फिल्मी गाना गाकर सुनाते थे। उन्होंने बकायदा शास्त्रीय संगीत की शिक्षा भी प्राप्त की थी। आरंभ में वे नागपुरी में नहीं अपितु हिंदी में गायन करके अपने दोस्तों का मनोरंजन करते थे। गजल में उनकी पकड़ थी। पुराने हिंदी फिल्मी गीतों के भी शौकीन थे। गीत-गोविंद के साथ-साथ उनका मन अलग राज्य के लिए रमा हुआ था। इसी में रत रहते थे।

1963 ई. में जब झारखंड पार्टी का कांग्रेस में विलय हुआ, तब लाल रणविजय नाथ शाहदेव ने दिल्ली में पंडित जवाहर लाल नेहरू के समक्ष विरोध किया था। उनके नेतृत्व में 21 जलाई 1963 ई. में बहुबाजार में विशाल सभा आयोजित की गयी। इस सभा में झारखंड पार्टी को बनाये रखने का निर्णय लिया गया। लाल रणविजय नाथ शाहदेव के नेतृत्व में ही 27, 28 एवं 29 सितंबर 1963 को वीरमित्रापुर में विशाल जुलूस निकाला गया। अलग राज्य के लिए आंदोलन करने के कारण उन्हें 3 जून 1968 ई. में जेल भी जाना पड़ा। झारखंड पार्टी का कांग्रेस में विलय करने के बाद जब जयपाल सिंह मुंडा पुनः झारखंड पार्टी में आना चाहते थे, तब लाल रणविजय नाथ शाहदेव ने उनसे कहा था - आगे गुरू रहंय, आब गरू बटे गेलंय। इसे सुनकर मरांग गोमके भी ठहाका लगाकर हंस पड़े थे और लाल रणविजय नाथ से वादा किया था - मोंय घुरत हों, मोंय आवत हों। आब दोहरायके आंदोलन खड़ा करब। हालांकि इस वचन को देने के बाद जयपाल सिंह मुंडा की अचानक मृत्यु हो गयी। लाल रण विजय नाथ शाहदेव अलग राज्य के लिए 1977 ई. में तात्कालीन गृहमंत्री चैधरी चरण सिंह से अलग राज्य पर हुई वार्ता में शामिल हुए। उसके बाद 1999 ई. में प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और गृहमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी के साथ हुई अलग राज्य वार्ता में भी शरीक थे। लाल रणविजय नाथ शाहदेव ने अलग राज्य झारखंड नाम के लिए उनके समक्ष मजबूती से तर्कपूर्ण विचार रखा और इसी नाम से अलग राज्य का गठन भी हुआ।

लाल रणविजय नाथ शाहदेव नागपुरी कला संगम के निदेशक और नागपुरी प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने पझरा और नागपुरी पत्रिका का संपादन किया। उनकी कुछ प्रकाशित पुस्तकें और पत्रिकाएं हैं, जिनमें पूजा कर फूल 1984, खोता नागपुरी काव्य 1985, खुखड़ी रूगड़ा संपादन 1985, पझरा पत्रिका 1985, जागी जवानी चमकी बिजुरी 1986 शामिल हैं। लाल रणविजय नाथ शाहदेव को कई सम्मानों से सम्मानित भी किया गया। इन सम्मानों में झारखंड विधान सभा स्थापना दिवस के अवसर पर 22 नवंबर 2017 को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। दूरदर्शन सम्मान 2011, नागपुरी संस्थान पिठोरिया से 2014 में स्वर्ण सम्मान, 2014 में प्रफुल्ल सम्मान, 2015 में लोक सेवा समिति से झारखंड रत्न सम्मान मुख्य रूप से शामिल है।

ऐसे अलग राज्य के आंदोलन में अटल रहने वाले वीर माटी पुत्र लाल रणविजय नाथ शाहदेव का जन्म 5 फरवरी 1940 ई. में हुआ था। उनके पिता का नाम छोटेलाल लक्ष्मीनाथ शाहदेव और माता का नाम सीता देवी था। उनका विवाह श्यामा देवी से 1959 ई. में हुआ। उनके तीन बच्चे हैं निर्मला देवी, अजय नाथ शाहदेव और राजश्री सिंहदेव। भले ही लाल रणविजय नाथ शाहदेव अलग राज्य का सपना साकार कर इस धराधाम से 18 मार्च 2019 को विदा हो गये, किंतु हमारे लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे।

**(लेखक : गोस्सनर कॉलेज रांची में सहायक प्राध्यापक हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### टेंट हाउस गोदाम मे लगी आग



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** शहर के सीतारामडेरा थाना अंतर्गत छाया नगर के एक बंद पड़े टेंट हाउस के गोदाम में सोमवार सुबह लगभग 8.30 बजे शार्ट शर्किट से लगी आग लग गई। आगजनी की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगो ने अग्निशामक विभाग और पुलिस को सूचना दी। मौके पर मानगो और गोलमुरी अग्निशामक विभाग के दो दमकल पहुंच कर कड़ी मस्कत के बाद आग में काबू पाया। घटना के दौरान टेंट हाउस के मालिक प्रभात कुमार ने बताया 50 से 60 हजार रुपये का नुकसान होने की अनुमान लगाया जा रहा है। समय पर अग्निशामक विभाग के सहयोग से आग में काबू पाया गया। फिलहाल जांच की जारही है।

### भाजपा महानगर महिला मोर्चा की कार्यशाला 10 को, आत्मनिर्भर बनाने के लिए करेंगे प्रोत्साहित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी ने महिलाओं को जोड़ने का अभियान तेज कर दी गई। पार्टी के शक्ति वंदन अभियान के माध्यम से स्वयं सहायता समूह, एनजीओ और मातृशक्ति से संपर्क स्थापित कर केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं उपलब्धियों को आधी आबादी के बीच ले जाएगी। उन्हें योजनाओं से जोड़ेगी। सोमवार को साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में अभियान की सफलता को लेकर बैठक की गई। बैठक में 10 फरवरी को कदमा के गीतांजलि क्लब कार्यशाला आयोजित करने पर रूपरेखा तैयार की गई। मोर्चा जिलाध्यक्ष ज्योति अधिकारी के नेतृत्व में आयोजित बैठक में भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा एवं कार्यक्रम के संयोजक अनिल मोदी एवं प्रभारी सीमा मुंडा मुख्यरूप से शामिल हुए। भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने बताया कार्यशाला के माध्यम से केंद्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों पर सेल्फ हेल्प ग्रुप के सदस्यों को प्रशिक्षण मिलेगा। प्रशिक्षण प्राप्त महिला सदस्यगण विभिन्न क्षेत्रों के महिलाओं से मिलकर उन्हें सरकार के कार्यों की जानकारी देंगे व उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ज्योति अधिकारी ने कहा कार्यशाला के पश्चात सभी मिलकर केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का काम करेंगे।




### बाथरूम में गिरने से परिवार के मुखिया की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा थाना अंतर्गत 10 नंबर बस्ती के रहने वाले 40 वर्षीय प्रवीण कुमार का बाथरूम में गिरने से मौत हो गई। बताया जारहा है कि जब प्रवीण घर के बाथरूम में गिर गया, उस बक्त परिवार के सभी सदस्य घर में सो रहे थे। परिजनों का नींद खुलते ही घटना की जानकारी मिली। उन्होंने तत्काल बाथरूम में पड़े प्रवीण को एमजीएम अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां ईलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। वैसे प्रवीण ठेका मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करने वाले अकेला व्यक्ति था। उनके दो बच्चे भी हैं। उधर घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आगे की कारवाई में जुट गई है। फिलहाल घर के मुखिया का अचानक देहांत होने से परिवार का रो रो कर बुरा हाल है।

### गठबंधन की सरकार को बहुमत मिलने पर झामुमो संपर्क कार्यालय में लड्डू वितरण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** झारखंड विधानसभा में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के द्वारा बहुमत हासिल करने पर जमशेदपुर में झामुमो जिला समिति ने खुशी जाहिर की। सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमिटी की ओर से संपर्क कार्यालय से प्रदर्शन करते हुए लड्डू का वितरण किया गया। इस अवसर पर झामुमो नेता व कार्यकताओं ने ढिशुम गुरु शिबू सोरेन जिन्दावाद,पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिन्दावाद, मुख्यमंत्री चंपई सोरेन जिंदावाद का जमकर नारा लगाया। मौके पर झामुमो के वरिष्ट नेता प्रमोद लाल ने बताया कि झारखंड में भाजपा के द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार को गिराया गया, लेकिन मुख्यमंत्री चंपई सोरेन 47 विधायक के समर्थन ने बहुमत हासिल की। जबकि भाजपा के पास 29 विधायक का समर्थन है झारखंड में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के नेतृत में गठबंधन की सरकार में बहुमत हासिल होने पर लोगों के बीच लड्डू का वितरण कर खुशियां मनायी गयी। झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के सदस्य प्रमोद लाल ने कहा, जिस तरीके से भाजपा की सरकार ने हेमंत सोरेन को बदनाम करने और जेल भेजने का काम किया है। आज यह साबित हो गया है भाजपा किस तरीके का षड्यंत्र करती है। झारखंड की जनता आने वाले चुनाव में इसका जवाब देगी। इस अवसर पर झामुम के वरिष्ठ नेता शेख बदरुद्दीन ,वीर सिंह सुरेन,कालू गोराई,जिला उपाध्यक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा पूर्वी सिंहभूम अरुण प्रसाद, वरिष्ठ नेता श्यामल सरकार, विक्टर सोरेन, झारखंड मुक्ति मोर्चा मानगो नगर अध्यक्ष फतेहचंद टुडू ,राजा सिंह, पूर्वी सिंहभूम जिला कार्यालय सचिव प्रीतम हेंब्रम, कालू गोराई, राज लकड़ा, हरदेव सिंह, अब्दुल बारी अंसारी, हरदेव सिंह ,रानू मंडल ,श्रीनिवास राव, उमेश गिरी, मोहम्मद समद, चंदन महतो ,पिंटू लाल सहित काफी संख्या में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मानगो राजा कुमार हत्या कांड में 6 आरोपी गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बीते दिनों मानगो पोस्ट ऑफिस रोड में राजा कुमार हत्या कांड में एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया। सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत के दिशा निर्देश पर पुलिस टीम में कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल छह आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में सुनील ठाकुर, बलविंदर सिंह उर्फ गोलू बच्चा, अभिषेक उर्फ लाढ़, आकाश उर्फ बाबा बच्चा सहित इंद्रजीत सिंह उर्फ इंदर व मोलाय संतरा शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक बाइक,एक स्कूटी,6 मोबाइल,एक पिलेट सहित एक खोखा बरामद कर लिया। बताया जारहा है सभी आरोपी हत्या में शामिल रहे। फिलहाल पुलिस के द्वारा गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जारही है।

### हरिशंकर सिंह सदैव रहेंगे मजदूरों के दिल मे: उदय

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बरकाकाना।** जनता मजदूर संघ द्वारा केंद्रीय धर्मशाला बरकाकाना के प्रांगण में मजदूर नेता स्वर्गीय हरिशंकर सिंह के निधन पर शोक सभा आयोजित की गई। शोकसभा का नेतृत्व जनता मजदूर संघ के क्षेत्रीय सचिव उदय प्रताप नारायण सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित यूनियन प्रतिनिधियों ने दो मिनट का मौन धारण कर एवम दिवंगत हरिशंकर सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।मौके पर उपस्थित जनता मजदूर संघ के क्षेत्रीय सचिव उदय प्रताप नारायण सिंह ने कहा दिवंगत मजदूर नेता अपने कार्यो के बदौलत सदैव मजदूरों के दिल मे निवास करेंगे, उनके द्वारा किया गया मजदूर हित का कार्य कई दशकों तक मजदूरों के जुबान पर होगा।शोक सभा में मुख्य रूप से केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना महाप्रबंधक एस के सिंह,टी एस आलोक सिंह, चीफ मैनेजर जनार्दन प्रसाद, कार्मिक प्रबंधक सरत मंगल, एजेकेएसएस के अध्यक्ष हरिरत्नम साहू, आरकेएमयु क्षेत्रीय सचिव महाकान्त मिश्रा, सीएमयु क्षेत्रीय सचिव रतन कुमार,जनता मधुर संघ के रणविजय विश्वकर्मा, संदीप झा,दीपक शर्मा, अजय मिश्रा, तारकनाथ सिंह,नरेंद्र शर्मा, विजय महतो, विक्रम स्वशि, संतोष,राजू कालिंदी, उपेंद्र प्रजापति, मघवा ओरांव,प्रकाश पासवान, देवराज तिवारी, प्रदीप तिवारी, एसएन दुबे,उदय बेदिया, महेंद्र साहू, मालती, प्रीति,अंजू,ममता मिश्रा, सरिता,सुगंध, विशाल, इंद्रदेव, मनोज, वीरेंद्र, राखी, रविंदर, उपेंद्र दुबे, जुबैद हसन सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### सरकार गिराने का ख्वाब देख रहे हैं षड्यंत्र कारियो के गाल पे तमाचा : लाल मोती शाहदेव



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार जेएमएम के जिला अध्यक्ष भावी लोकसभा प्रत्यासी मोती लाल नाथ शाहदेव ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर विधानसभा में चंपई सोरेन को प्रचंड बहुमत से विश्वास मत हासिल करने पर बधाई दी है। वहीं मोती लाल नाथ शाहदेव ने कहा कि यह बहुमत इस बात का प्रमाण है कि केंद्र की भाजपा सरकार ने , जिस तरीके से विपक्ष की निर्वाचित सरकार को गिराने का गंदा खेल खेलने की कोशिश कर रही है झारखंड की जनता सब देख रही है। आने वाले लोकसभा चुनाव में सबक सिखायेगी। भाजपा की गंदी साजिश को झारखंड सरकार ने बेनकाब कर दिया है। झारखंड की जनता देख रही है कि किस तरह आदिवासी सरकार को केंद्र सरकार की इशारे पर ईडी विपक्ष के सभी मुख्यमंत्री को परेशान कर रही है। लगातार विपक्ष झारखंड सरकार को गिराने की कोशिश कर रही है । पर अपने मनसूबे में कामयाब नहीं हो पा रही है औंधे मुंह गिर रही है।

## संतोष कश्यप ने एक यूनिट रक्त दान कर मरीज की जान बचायी




गढ़वा (आजाद सिपाही)। कसौधन वैश्य समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप से नगर वंशीधर निवासी भाजपा नेता ओम प्रकाश गुप्ता के द्वारा एक यूनिट ओ पॉजिटिव रक्त (मरीज जयमतिया देवी, नगर निवासी) को उपलब्ध कराने के लिए आग्रह किया गया, जिसके बाद उमेश कश्यप के द्वारा समाज के कार्यकारिणी सदस्य संतोष कश्यप से संपर्क किया गया और उन्होंने तुरंत रक्त देने के लिए तैयार हो गये। उन्होंने कहा कि आज अपने शादी के 17वे सालगिरह पर रक्तदान कर रहा हूं और यह मेरा 11वां रक्तदान है। अध्यक्ष उमेश कश्यप के द्वारा में कहा गया की जरूरतमंद को अभिलंब रक्त उपलब्ध करने का कार्य समाज के द्वारा हर समय किया जाता है। मौके पर समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप, सचिव संतोष कश्यप भाजपा नेता ओम प्रकाश गुप्ता और मरीज के परिजन उपस्थित थे।

## परीक्षा को लेकर बीडीओ ने की बैठक

मेराल (आजाद सिपाही)। झारखंड वार्षिक माध्यमिक और इंटर परीक्षा के स्वच्छ, शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त संचालन को लेकर सोमवार को प्रखंड सभागार में बीडीओ जागो महतो ने सभी केंद्राधीक्षक और पुलिस पदाधिकारी, बैंक के शाखा प्रबंधक तथा शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि बैठक में 6 फरवरी से 26 फरवरी तक चलने वाली मैट्रिक तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा को कदाचार मुक्त संपन्न कराने, सभी परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों को बैठने के लिए समुचित व्यवस्था कराने, शौचालय सहित परीक्षा केंद्रों की साफ सफाई, सीसीटीवी कैमरा को ठीक करने आदि को लेकर चर्चा की गयी। उन्होंने बताया कि प्रथम पाली में 9:45 से लेकर अपराह्न 1:5 बजे तक मैट्रिक का तथा अपराह्न 2:00 बजे से 5:20 तक इंटरमीडिएट की परीक्षा का समय निर्धारित है।

# शक्ति परीक्षण में जीत के बाद कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** विधानसभा में सोमवार को शक्ति परीक्षण में जीत के बाद झामुमो प्रखंड कमेटी के बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने विश्वास मत हासिल करने की खुशी मनाते हुए मेराल बस स्टैंड में जुलूस निकाला। झारखंड के नये मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन द्वारा विश्वास मत हासिल करने के साथ ही नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा जमकर आतिशबाजी की गयी तथा एक दूसरे को अबीर, गुलाल लगाकर तथा मिठाइयां बांट कर खुशी का इजहार किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने चंपाई सोरेन जिंदाबाद, झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद, शिबू सोरेन, हेमंत सोरेन, मिथिलेश ठाकुर जिंदाबाद के जमकर नारे लगायें। जुलूस में प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष सूर्य प्रकाश, कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शंभू प्रसाद, व्यवसाय प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष ज्ञान रंजन मिश्रा, राजेश बैठा, अशोक राम, नवीन जायसवाल, समीम रंगसाज, जहुर रंगसाज, अभिषेक कुमार मेहता, छोटन कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

# संवेदक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार करने की मांग पर अड़े ग्रामीण

पुल बनाने के लिए खोदे गये गड्ढे में गिर जाने से घटना स्थल पर ही जय प्रकाश साह की हो गयी मौत

अपनी मांगों को लेकर पांच घंटे तक घटनास्थल पर जमे रहे ग्रामीण

आजाद सिपाही संवाददाता



**सगमा।** धुरकी थाना क्षेत्र के सगमा निवासी मुरली साह के पुत्र जय प्रकाश साह की रविवार की 9बजे रात्रि में को सड़क दुघर्टना में मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार जय प्रकाश साह नगर उटारी में बन रहे बाईपास रोड़ में मजदुरी का कार्य कर अपने घर सगमा वापस लौट रहा था, इसी बिच नगर उटारी-धुरकी मुख्य पथ स्थित बरडीहा गांव के नहर पास संवेदक द्वारा पुल बनाने के लिए खोदे गये गड्ढे में गिर जाने से घटना स्थल पर ही जय प्रकाश साह की दर्दनाक मौत हो गयी। मौके पर पहुंच नगर उटारी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया।

**परिजनों ने शव को लेकर की सड़क जाम :** सड़क दुघर्टना में जयप्रकाश की मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने मृतक का शव लेकर दोपहर 12 बजे से नगर उटारी - धुरकी मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। परिजनों का कहना था कि रोड़ के संवेदक द्वारा पुल बनाने के लिए खोदे गये गड्ढे में दिन प्रतिदिन कुछ ना कुछ घटना होते रहता है, मगर संवेदक द्वारा खोदे गये गड्ढे में कहीं भी बैरिकेडिंग या लाल रिबन तक नहीं लगाया गया है। जिससे लोग फूल पुलिया में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो जा रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से संवेदक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार करने की मांग पर अड़े हुए हैं

**घटना स्थल पर मुस्तैद रहे प्रशासन :** मृतक के परिजनों के द्वारा नगर उटारी - धुरकी मुख्य मार्ग को जाम करने के बाद नगर उटारी के अंचल अधिकारी जुल्फिकार अंसारी पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह नगर उटारी थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह धुरकी थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक के परिजनों को समझाने बुझाने का काफी प्रयास किया और काफी मसक्कत से 5 घंटे के बाद मृतक के परिजनों को आश्वासन के बाद सड़क जाम हटाया गया। इस मौके पर झामुमो नेता ताहिर अंसारी सगमा प्रखंड के पूर्व जिप सदस्य नंद गोपाल यादव, उप प्रमुख अर्जुन पासवान सगमा मुखिया, तेजलाल राम, उप मुखिया मंगलेश यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप यादव विधायक प्रतिनिधि बबलू ठाकुर नगर उटारी भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास पांडे मंगलेश यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### जायंट्स अंतरराष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन तिरुवनंतपुरम, केरल में संपन्न

# गढ़वा ग्रुप ने तीन अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जायंट्स अंतरराष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन तिरुवनंतपुरम, केरल में संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन के वर्ल्ड चेयर पर्सन शायना एनसी ने की। इस अवसर पर गोवा के राज्यपाल पीएस श्रीधरन पिल्लई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जिसमें जायन्ट्स ग्रुप का गढ़वा के अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता को आउट स्टैंडिंग प्रेसिडेंट, जायन्ट्स ग्रुप आफ गढ़वा को एक्टिविटी ऑफ द ईयर और जायन्ट्स सेवा सप्ताह के लिए आउटस्टैंडिंग पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस खुशी में स्थानीय ज्ञान निकेतन स्कूल में ग्रुप अध्यक्ष कमलेश गुप्ता का अभिनंदन किया गया, और उपस्थित सदस्यों ने गढ़वा ग्रुप को तीन अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त होने पर एक दूसरे को बधाई दी। मौके पर अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, पूर्व स्पेशल कमिटी सदस्य विजय केशरी, पूर्व फेडरेशन अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, मदन प्रसाद केशरी, फेडरेशन उपाध्याक्ष मनोज केशरी रूपा गंजी, फेडरेशन पदाधिकारी नंद कुमार गुप्ता, प्रशासनिक निदेशक मोजिबुद्दीन खान, मनोज केशरी हिंदुस्तान सेनेटरी, दीपक तिवारी, मनोज केशरी सन रेडियो, चंदन चंद्रवंशी, रविंद्र केशरी आदि उपस्थित थे।

# ओबीसी को अपने अधिकारों के लिए एकजुट होने की जरूरत : रविंद्र नाथ

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) एकता और अधिकार मंच ने डंडा बाजार में नुक्कड़ सभा कर 11 फरवरी को पलामू के शिवाजी मैदान में होने वाले महासम्मेलन को लेकर सभी को आमंत्रण दिया गया। साथ ही पिछड़ा वर्ग के साथ हो रहे अन्याय और हाकमरी के खिलाफ गोल बंद होने का आवाहन किया गया। ब्रह्मदेव प्रसाद ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें हमारी जनसंख्या के अनुपात में हर क्षेत्र में आरक्षण चाहिए और इसके लिए पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता और अधिकार मंच अधिकार मिलने तक इस आंदोलन को जारी रखेगा। विनोद कुमार ने कहा कि हम सरकार से यह मांग करते हैं कि झारखंड में जातिगत जनगणना कराकर देख लें, सबसे अधिक संख्या हमारी है। वीरेंद्र साह ने कहा कि जब संयुक्त बिहार हुआ करता था, तो पिछड़ा वर्ग को 27% आरक्षण मिलता था, लेकिन जैसे ही बिहार से झारखंड अलग हुआ हमारा आरक्षण को घटकर 14% कर दिया गया। हम यहां इस मंच के माध्यम से पिछड़ा वर्ग को गोलबंद करने का प्रयास कर रहे हैं। रविंद्र नाथ ठाकुर ने कहा कि अपने अधिकारों के लिए लड़ने के लिए एकजुट होने की जरूरत है अब यह अन्याय बर्दास्त नहीं किया जायेगा। अब पिछड़ा वर्ग जाग गया है। इस नुक्कड़ सभा में मुख्य रूप से पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता और अधिकार मंच के संयोजक मंडली के सदस्यों में पूर्व डीएसपी श्रवण कुमार, डॉ इश्तियाक रजा, जवाहर चौधरी, अमर साव, राम सनेश, चंदन, रंजीत आदि ने संबोधित किया।

# राजद प्रखंड अध्यक्ष ने अबुआ आवास योजना सूची में अनियमितता को लेकर उपायुक्त को सौंपा आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरडीहा।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष नवल किशोर यादव ने प्रखंड में अबुआ आवास योजना के सुची में घोर अनियमितता पर उपायुक्त गढ़वा को आवेदन सौंपा है। दिये गये आवेदन में उल्लेख किया गया है कि गढ़वा जिला अंतर्गत बरडीहा प्रखंड के सभी 6 पंचायत में बरडीहा, सलगा, सुखनदी, ओबरा, जतरोबंजारी, आदर में मुख्यमंत्री अबुआ आवास योजना के लाभुकों की जो सुची जिला द्वारा जारी की गयी है, वह असंतोषजनक है। जिला की सूची में योग्य कोटा हरिजन, आदिवासी, पिछड़ी, मैन्युरिटी और सामान्य वर्ग के साथ-साथ विधवा, विकलांग तथा अवासहीन लाभुकों का नहीं है। इसके जगह पर 95% प्रतिशत ऐसे लाभुकों के नाम है जिन्हें या तो पहले प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला हो या फिर जिनके घर में चार पहिया गाड़ी हो और समर्थवान हों। पंचायत के मुखिया द्वारा ग्राम सभा में चयनित योग्य लाभुकों की सूची प्रखंड कार्यालय तक ही दी गयी थी। जिसे आवास अत्यंत आवश्यक था, परंतु ग्राम सभा की सूची को गौण रहकर मनमानी तरीके से लिस्ट जारी किया गया। इधर प्रखंड कर्मी, रोजगार सेवक, बी एफटी, स्वयंसेवक और आवास विभाग के मिली भगत से रिश्वत के सहारे सूची में नाम शामिल किया जा रहा है। जिसका प्रमाण के रूप में कॉल रिकॉर्डिंग उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ 9 फरवरी को जनता के साथ प्रखंड कार्यालय बरडीहा में एक दिवसीय धरना और मांग पत्र सौंपने की अनुमति प्रदान की जाये।

# जन कल्याण के लिए यज्ञ बहुत ही उपकारी: समीक्षा पांडे

आजाद सिपाही संवाददाता



कथा वाचिका समीक्षा पांडे।

**सगमा।** संसार में पाप और अधर्म की नाश के लिए शिव शक्ति महारुद्र यज्ञ जन कल्याण के लिए बहुत ही उपकारी है। पृथ्वी पर जितने भी पाप हो रहे हैं, इस यज्ञ से सभी को मोक्ष प्राप्ति की उपाय का मार्ग प्रशस्त होगा। यह बातें प्रखंड मुख्यालय स्थित भैया रूद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय सगमा के प्रांगन में आयोजित नव दिवसीय श्री शिव शक्ति महायज्ञ के आठवें दिन समीक्षा पांडे ने कही। की भगवान की स्तुति करने से सारे कष्ट और खतरे टल जाते हैं। भगवान की पूजा में भक्तों के लिए जरूरी है कि लोग छल कपट को त्याग कर पूजा करें। तभी भक्ति करने से कोई फल की प्राप्ति होगी। मनुष्य जीवन में भगवान की स्तुति करने से सारे कष्ट और खतरे टल जाते हैं। इंद्रियों को वश में रखकर आचरण करना चाहिए, बोलने के दौरान संयम आवश्यक है जबकि भगवान के अवतारों का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान को प्रत्येक युग में विभिन्न रूपों में अवतार लेना पड़ता है। उनके अवतार लेने का मुख्य उद्देश्य अपने भक्तों की रक्षा करना और दुष्ट आत्माओं को मार कर उद्धार करना है। जब-जब धरती पर अत्याचार बढ़ता है, तभी भगवान अवतार लेते है। हमारी गतिविधियों को ऊंचे आदर्शों पर होना चाहिए। मानव स्वयं ही अपने जीवन को जटिल बनाता है और उसमे फंसकर अपने इस दुर्लभ तन को अति कष्टमय बना लेता है। प्रतिदिन सुबह उठकर भगवान से प्रार्थना करना चाहिए कि हे प्रभु आज का जीवन किसी अशुभ कर्म में न लगे। अपने इंद्रियों को अपने वश में रखकर सम्यक आचरण और वाणी व्यवहार का पालन करना चाहिए। अगर आप धन से किसी की सेवा नहीं कर सकते तो अपने तन से ही सेवा करनी चाहिए।

# गढ़वा जिला कानू वैश्य संघ का पारिवारिक मिलन समारोह 18 को

समारोह में कानू वैश्य संघ की स्मारिका 'अरुणोदय' का किया जायेगा विमोचन

समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाले को किया जायेगा सम्मानितः अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** शहर के टंडवा भगलपुर मुहल्ला स्थित छठ घाट निगरानी मंच के भवन में सोमवार को गढ़वा जिला कानू वैश्य संघ की जिलास्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विशेष रूप से कानू समाज का चौथा पारिवारिक मिलन समारोह आयोजित करने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गयी। समारोह के आयोजन हेतु आगामी 18 फरवरी की तिथि सर्वसम्मति से निर्धारित की गयी। यह भी निर्णय लिया गया कि उक्त तिथि को आयोजित होनेवाले समारोह में ही ₹अरुणोदय₹ नामक कानू समाज के स्मारिका का विमोचन और समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कानू जाति के व्यक्तियों को सम्मानित भी किया जायेगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कानू समाज के राज्य अध्यक्ष और सचिव को आमंत्रित किया जायेगा। इस समारोह में झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों से विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज के सम्मानित व्यक्ति भी शिरकत करेंगे। आयोजन को भव्य और सफल बनाने के लिए कोष संग्रह पर बल देते हुए ग्रामीण क्षेत्रों से आए समाज के लोगों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए कहा गया। मौके पर गढ़वा जिला कानू वैश्य संघ के जिला अध्यक्ष राम बहादुर शाह ने कहा कि गढ़वा जिला कानू वैश्य संघ लगातार अपने समाज के हर व्यक्ति को एक पहचान दिलाने के लिए क्रमबद्ध है। और हर साल की तरह इस साल भी नये साल के मौके पर अपने समाज के साथ पारिवारिक मिलन समारोह मनाने जा रही है, जिसमें सभी लोगों को आमंत्रित भी करती है। बैठक में जिला अध्यक्ष राम बहादुर साह संरक्षक सुनील कुमार कानू तिलदाग ग्राम समिति के सचिव देवलाल साह बघौता ग्राम समिति के उपाध्यक्ष लल्लू साव तथा सचिव राजीव प्रसाद, रमना प्रखंड स्तरीय समिति के अध्यक्ष रविन्द्र साह मझिआंव प्रखंड स्तरीय समिति के अध्यक्ष ललन साह मझिगांवा ग्राम समिति के सचिव अमित कुमार डंडई प्रखंड स्तरीय समिति के अध्यक्ष गोरे लाल साह जाटा ग्राम समिति के अध्यक्ष धनंजय साह इसके अतिरिक्त भगलपुर टंडवा के विजय साह, रोहित, महिपाल, सुनील वार्ड पार्षद प्रतिनिधि तथा नवादा मोड़ निवासी मनदीप प्रसाद और शशि कुमार साह उपस्थित थे।

## वार्षिक माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर सभी परीक्षा केंद्रों के 50 मीटर की दूरी तक धारा 144 लागू




गढ़वा (आजाद सिपाही)। झारखंड अधिविद्य परिषद् रांची और उपायुक्त, गढ़वा शेखर जमुआर के संयुक्त आदेश के आलोक में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा तथा इंटरमीडिएट परीक्षा 06 फरवरी से 26 फरवरी तक विभिन्न तिथियों को प्रथम पाली में पूर्वाह्न 09.45 से अपराह्न 01.00 बजे तक तथा द्वितीय पाली में अपराहून 02.00 बजे से 05.15 अपराहन तक सम्पन्न होगी। इस हेतु गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत कुल 21 परीक्षा केंद्र बनाये गये है। उक्त के आलोक में अनुमंडल दंडाधिकारी, गढ़वा द्वारा भारतीय दंड प्रकिया संहिता 1973 के तहत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखंड परीक्षा संचालन अधिनियम 2001 के तहत परीक्षा को शांतिपूर्ण, कदाचार मुक्त और परीक्षा केंद्रों के आस-पास अवांछनीय तत्व एकत्र न हो, के लिए गढ़वा अनुमण्डल क्षेत्र अंतर्गत उक्त परीक्षा के निमित सभी परीक्षा केंद्र के चहारदिवारी से 50 मीटर की चर्तुदिक दूरी तक दंड प्रकिया संहिता की धारा 144 लागू किया गया है। **यह निषेधाज्ञा निर्धारित परीक्षा तिथियों को पूर्वाहन 08.45 बजे से अपराहन 05.45 तक निम्न रुप से लागू रहेगी:** 01. परीक्षा केंद्र के चहारदिवारी से 50 मीटर की चर्तुदिक दूरी में कहीं भी अनाधिकृत रुप से कोई भी व्यक्ति प्रवेश नहीं करेंगे। 02. परीक्षा केंद्र के आस-पास किसी प्रकार का शोरगुल की अनुमति नहीं होगी। 03. परीक्षा केन्द्र के आस-पास लाउडस्पीकर का उपयोग नहीं किया जायेगा। किसी प्रकार का चार-प्रसार / ढोल-नगाड़ा आदि वाद्य यंत्रों का प्रयोग नही किया जायेगा। 04. परीक्षा केंद्र और आस-पास किसी भी प्रकार का हथियार, आग्नेयास्त्र / ज्वलनशील पदार्थ (पटाखे, बारुद आदि) लाना सर्वथा वर्जित होगा। 05. परीक्षा के अंदर परीक्षार्थी को / मोबाईल फोन/पेजर/ कैलकुलेटर/ ब्लुदूध/ईयरफोन/डिजिटल डायरी/लॉगबुक/पुस्तक/ नोट बुक / बैग इत्यादी आदि इलेक्ट्रोनिक यंत्र लाना (परीक्षा कार्य में लगे कर्मी को छोड़कर) पूर्णतया वर्जित होगा। 06. उपरोक्त शर्तों के उल्लंघन करने वाले परिक्षार्थियों / व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुकूल कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# रोड के गाडवाल निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग से भड़के ग्रामीण

गुणवत्ता में सुधार नहीं किये जाने पर उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** प्रखंड के जरही से बालेखाड बन रहे सड़क में गडवाल में घटिया निर्माण सामग्री लगाए जाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने सोमवार को गडवाल निर्माण का कार्य रुकवा दिया। निर्माण स्थल पर प्रदर्शन करते हुए ग्रामीणों ने कार्य की गुणवत्ता में सुधार नहीं किये जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। जरही से बालेखाड बन रहे इसी सड़क बालेखाड के घसियानी बांध में गड़वाल निर्माण में लगी हुई है। गड़वाल की आधार दीवार इन दिनों खड़ी की जा रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि गड़वाल की आधार दीवारों में सीमेंट की जगह बजरी लगायी जा रही है। दीवारों पर पत्थर लगाने के लिए अवैध खनन हो रहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के द्वारा सड़क के बगल में गड़वाल बनवायी जा रही है तथा पीसीसी भी नहीं किया गया है और मृत पत्थर से निर्मित किया जा रहा है। इससे नाराज ग्रामीणों ने सोमवार को निर्माण स्थल पर पहुंचकर गड़वाल निर्माण का कार्य रुकवा दिया। ग्रामीणों ने फोन से सड़क के संबंधित उच्चाधिकारियों को पूरे मामले की जानकारी दी और अस्थल के मुआयना करने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि गड़वाल निर्माण में लगायी जा रही सामग्री की गुणवत्ता ठीक नहीं किए जाने पर वे उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। वहीं इधर सड़क संवेद गोपाल सिंह से पूछे जाने पर बताया कि निर्माण निर्धारित लागत और मानक के अनुसार कराया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा लगाया गया आरोप गलत और निराधार है। प्रदर्शन करने वालों में पंकज सिंह, रामनरेश सिंह, कृष्णा सिंह, प्रमोद सिंह, लालमुनि सिंहनीलकंठ सिंह, बलराम सिंह ललिता देवी, लालबिहारी सिंह लक्ष्मण सिंह, ललन सिंह, नागेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा**
**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

लापता लड़की रेखा कुमारी, उम्र–15 वर्ष, पिता–जलसु मांझी, ग्राम–कोनपाला लेटाबेड़ा, थाना–रेंगारिह, जिला– सिमडेगा जो दिनांक–19.01.2024 को अपने घर कोनपाला लेटाबेड़ा से निकला परन्तु वापस घर नहीं आया। जिसका आज तक कोई पता नहीं चल पाया है। लापता लड़की की बरामदगी अभी तक नहीं हो पायी है, जिनका विवरणी निम्नवत् है:–



लिंग :– स्त्रीलिंग
उम्र :– उम्र 15 वर्ष
रंग :– साँवली
उँचाई :– 4 फीट 6 ईंच
पहनावा :– गुलाबी रंग का शूट पहनी हुई है।
भाषा :–सादरी एवं हिन्दी।

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त लापता लड़की रेखा कुमारी के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाष नं0 पर अविलंब सूचित करेंगे।

पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा –मोबाइल नं0 – 9431116444
थाना प्रभारी, रेंगारिह – मोबाइल नं0–7992400241
डी0सी0बी0 प्रभारी, सिमडेगा – मोबाइल नं0–8709697066

पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा।

PR.NO.317920 Police(23-24):D

## डीएमएफटी फंड से बन रहे स्कूल की बाउंड्री में भारी अनियमितता



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा प्रखंड के माल्हन पंचायत के गनियारी ग्राम में गनियारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय का डीएमएफटी फंड से बाउंड्री वाल का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसमें ग्रामीणों के शिकायत पर आजाद सिपाही की टीम ने दौरा किया तो देखा कि बाउंड्री वॉल का कार्य तो चल रहा है। परंतु कार्य में भारी अनियमितता है। सीमेंट और बालू का मिलावट में भारी अंतर है घटिया ईट लगाए जा रहे हैं। बाउंड्री वॉल डीएमएफटी फंड से लागत राशि 25 लाख रुपए बताई जा रही है। वहीं इस कार्य को करने वाले कनीय अभियंता कुछ भी बताने से असमर्थता जाता रहे हैं और लगातार घटिया काम किया जा रहा है। ठेकेदार संजीव कुमार की भी इसमें संलिप्त है। पूर्व में भी मालहन पंचायत के क्षेत्र में डीएमएफटी फंड का बंदर बांट किया गया था जो अभी तक जारी है।

## रसोइया संघ का अनिश्चितकालीन हड़ताल

**मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य विद्यालय रसोइया संघ के राज्य व्यापी हड़ताल को सफल करने के लिये मनिका में रसोइया संघ के प्रखंड अध्यक्ष शोभा देवी के अध्यक्षता में बैठक किया गया। जिसमें प्रखंड कमिटी के सभी सदस्य शामिल हुए। बैठक का संचालन रसोइया संघ के सचिव नीलम देवी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष शोभा देवी ने कहा कि रसोइया कर्मी की हालात बद्द से बत्तर हो गयी है। लेकिन राज्य और केंद्र सरकार गंभीरता से नहीं ले रही है। 3 अगस्त 2023 को रसोइया संघ के प्रतिनिधि मंडल ने वेतनमान समय पर वेतन देने सहित छः सूत्री मांगों को लागू करने को लेकर सरकार से वार्ता की थी। लेकिन सरकार ने अब तक उसे लागू नहीं किया। बल्कि सरकार ने रसोइया कर्मियों को हटाकर मध्यान भोजन योजना को अक्षय पात्रा नामक कंपनी को देने का निर्णय लिया है। जो रसोइयाकर्मी के साथ अन्याय है। बैठक में निर्णय लिया गया है की सभी रसोइया कर्मी 10 फरवरी से अनिश्चतकालीन हड़ताल पर रहेगी। उसी दिन प्रखंड मुख्यालय में हड़ताल के समर्थन में प्रतिरोध मार्च निकाल कर मुख्यमंत्री के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी को मांग पत्र दिया जायेगा।

## ग्रामीणों ने माले जिला सचिव से बकाया मजदूरी दिलाने की मांग की



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मॉडल उकामांड पंचायत श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुबन मिशन के तहत ग्राम मुरू सहित अन्य गांवों में 2023में फाइबर ब्लॉक रोड का निर्माण कार्य में लगे मजदूर का बकाया मजदूरी भुगतान करने की मांग भाकपा माले जिला सचिव बिरजू राम से किया है। पंचायत के मुरू व नौखिल टोला मुरू में काम करने वाले मजदूरों का शत प्रतिशत मजदूरी बाकी है। ग्रामीणों के अनुसार काम कराने की जिम्मेवारी पंचायत के मुखिया पूनम देवी के पति कैलाश सिंह कर रहे थे। मुखिया पति के द्वारा ही पेपर ब्लॉक का सारा काम कराया गया था। मजदूर पवन कुमार, जागीर राम, सुनील कुमार, रमणी देवी, सिकेंद्र राम, मीणा देवी, राहुल कुमार, पूनम कुमारी, बहादुर राम, मंगरी देवी, संतोष सिंह, महेंद्र राम, सोहबनिया देवी, अनीता देवी प्रमोद कुमार ने बताया हम सभी का 20000 से अधिक की मजदूरी बकाया है। जिसकी कई बार मुखिया पति कैलाश सिंह से मांग किया गया लेकिन अब तक उन लोगों का मजदूरी भुगतान नहीं हुआ। इस संबंध में माले नेता बिरजू राम ने सभी मजदूरों का संबंधित अधिकारियों से अविलंब बकाया मजदूरी भुगतान की मांग किया है। अन्यथा बाध्य होकर मजदूरों के साथ आंदोलन किया जायेगा।

## रेशमा रेखा मिंज ने बीडीओ और संतोष कुमार शुक्ला ने सीओ का लिया पदभार

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह के नये प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद में रेशमा रेखा मिंज व अंचल अधिकारी के रूप में संतोष कुमार शुक्ला ने सोमवार को अपना योगदान दे दिया है।इससे पूर्व निवर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी राकेश सहाय प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुमार शरण, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार ,सीआई रमेश प्रसाद गुप्ता व सुरेश राम समेत प्रखंड एवं अंचल कर्मियों ने जोरदार तरीके से उनका स्वागत किया।वही इस अवसर पर राकेश सहाय ने सुश्री मिंज व संतोष कुमार शुक्ला का अभिनंदन करते हुए बुके भेंट किया।इसके साथ ही निवर्तमान बीडीओ राकेश सहाय ने अपना पदभार सुश्री मिंज को बीडीओ व संतोष कुमार शुक्ला को सीओ का पदभार सौंप दिया।सुश्री मिंज व सीओ संतोष कुमार शुक्ला ने योगदान देने के साथ अपना कार्य शुरू कर दिया है।बीडीओ ने योगदान देने के साथ ही प्रखंड के कई कर्मियों एवं गण मन लोगों से परिचय प्राप्त किया।

## पुलिस ने सात एकड़ भूमि पर लगी अफीम की फसल को नष्ट किया

**बारियातु (आजाद सिपाही)।** जिले के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार को बारियातू पुलिस ने उग्रवाद क्षेत्र बालुभांग पंचायत के जंगली क्षेत्र में अभियान चला कर सात एकड़ भुमि पर लगे अवैध अफीम की फसल को नष्ट किया। जानकारी देते हुए थाना के पुलिस अवर निरिक्षक बिंदेश्वर महतो ने बताया कि लातेहार एसपी अंजनी अंजन को थाना क्षेत्र के बालुभांग व बुढ़ीसखुआ के जंगली क्षेत्र में अफीम माफीयाओं के द्वारा पोस्ता की खेती की गयी है। गुप्त सूचना के आधार पर विनिष्ट करण के लिए एक टीम का गठन किया गया और अभीयान चला कर लगभग सात एकड़ भुमि पर लहलहा रहे अवैध पोस्ता की खेती को ट्रेक्टर के माध्यम से नष्ट किया गया। साथ ही साथ खेती किसके द्वारा लगाया गया है और भुमि किसकी है इसकी जांच कर खेती करने वालों को चिन्हित किया जा रहा है, चिन्हित करने के पश्चात नियम संगत कड़ी से कड़ी कारवाई की जायेगी।

## छेंचा स्कूल के जलमीनार से मोटर चोरी, छात्र परेशान

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह के छेंचा उत्क्रमित हाई स्कूल में लगे जलमीनार की मोटर की रविवार की रात चोरों ने चोरी कर ली। जलमीनार के मोटर की चोरी होने से पानी सप्लाई बन्द हो गई है। चापानल के पानी से मध्याह्न भोजन बनाया जा रहा है और छात्र अपनी प्यास बुझाने को विवश हैं। स्कूल के प्राचार्य दिनेश मेहरा ने बताया कि स्कूल के किचन की खिड़की तोड़ कर चोर अंदर घुसे और किचन में ही रखे मोटर की चोरी कर फरार हो गए। उन्होने बताया कि इससे पहले भी कई बार स्कूल से सामानों और सोलर प्लेट की चोरी हो चुकी है। चोरी की हमेशा हो रही घटनाओं से स्कूल प्रबंधन काफी परेशान है।

### विद्यालय प्रबंधन की कुव्यवस्था के विरुद्ध सैकड़ों छात्राएं पहुंचीं जिला मुख्यालय

# एकाउंटेंट की कार्यशैली से उबाल, हटाये जाने की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लोहरदगा।** कस्तूरबा गांधी +2 बालिका आवासीय विद्यालय किस्को में एकाउंटेंट आरती माधुरी तिग्गा की कार्यशैली से नाराज छात्राएं भूखे प्यासे ही लगभग 10 किमी पैदल चलकर लोहरदगा समाहरणालय पहुंची। जहां उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण से बात करने को लेकर अड़ी रही। जानकारी के मुताबिक भूखे प्यासे पैदल समाहरणालय पहुंचने से कई बच्चियों की तबीयत भी बिगड़ गयी। इधर इसकी सूचना पर अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा समाहरणालय मैदान पहुंचे और छात्राओं से जानकारी प्राप्त कर समझाने का प्रयास किया। इस बीच छात्राओं ने अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा के समक्ष बीते रविवार से खाना नहीं खाये जाने की बात कर रही थी। इधर अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा और छात्राओं के बीच बंद कमरे में वार्ता की गयी। जहां पर एकाउंटेंट आरती माधुरी तिग्गा द्वारा बच्चियों के साथ की जा रही अभद्र व्यवहार समेत अन्य बातें रखी गयी। छात्राओं ने एकाउंटेंट आरती माधुरी तिग्गा द्वारा बच्चियों के साथ अभद्र व्यवहार करने और सरकार की ओर से छात्राओं के हित में दी जाने वाली जरूरी सामग्री कापी में हस्ताक्षर करवाकर सामग्री नहीं दिये जाने समेत कई आरोप लगाये हैं। इसपर अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एकाउंटेंट आरती माधुरी तिग्गा को सस्पेंड करने की बात कही। जानकारी के मुताबिक बच्चियां एकाउंटेंट आरती माधुरी तिग्गा के प्रताड़ना से इतना टूट गयी थी कि रोते बिलखते हुए उपायुक्त से मिलकर शिकायत करने हेतु किस्को से लोहरदगा तक पैदल निकल पड़ी। जहां पर अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा ने बच्चियों को ढांढस बंधाते हुए उचित न्याय का भरोसा दिलाया।

**दोषियों के विरुद्ध होगी कड़ी कार्रवाईः डीएसइ**

डीईओ सह डीएसइ अपरूपा पाल चौधरी ने कहा कि, किस्को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय प्रबंधन की कुव्यवस्था के विरुद्ध छात्राओं का जिला मुख्यालय आना गंभीर मामला है। घटना के सभी पहलुओं की गंभीर जांच पड़ताल की जा रही है। इस मामले में दोषी मिले किसी भी अधिकारी और कर्मचारी को बक्सा नहीं जायेगा। उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# नाबालिग युवक की अपराधियों ने की हत्या

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के मंगरा पंचायत के ग्राम अमडीहा बाजार के समीप चन्द्रदाहा मे बरवाडीह पुलिस ने एक नाबालिक युवक का शव बरामद किया है। वहीं शव की पहचान थाना क्षेत्र के कुटमू के अखरा हड़पडवा गांव निवासी रवि कुमार राम (17), पिता सुबेश राम के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक रवि कुमार राम रविवार की शाम अमडीहा बाजार जाने की बात बोल कर घर से निकला था। जिसके बाद वो घर वापस लौटा ही नही जिसके बाद मृतक रवि कुमार राम के परिजनों ने खोज बीन शुरू किया। जिसके बाद अमडीहा गांव के ग्रामीणों के द्वारा मालूम हुआ कि अमडीहा बाजार के समीप झाड़ी में किसी युवक का शव पड़ा हुआ। वहीं इसकी सूचना मिलते ही मृतक रवि कुमार राम के परिजनों ने जा कर देखा तो पता चला की यह शव रवि कुमार राम का ही है।

वहीं सूचना मिलते ही बरवाडीह थाना सब इंस्पेक्टर लालेश्वर पासवान, एसआइ प्रेम कुमार निषाद अपने सशस्त्र बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर घटना का जायजा लिया। इस संबंध में सब इंस्पेक्टर ने बताया की मृतक रवि कुमार राम का गला में एक रस्सी बंधा हुआ है इससे देख कर प्रतीत होता है की रवि कुमार राम का हत्या किया गया है। उन्होंने बताया की घटना का छानबीन पूरे बारीकी के साथ किया जा रहा है। साथ ही शव को कब्जे में लेते हुए पोस्मार्टम के लिए लातेहार सादर अस्पताल भेज दिया है।

# समन्वय स्थापित कर सत्यापन का कार्य पूर्ण करें : डीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में सोमवार को कृषि व संबंधित विभागों की बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना से संबंधित भूमि सत्यापन के लंबित अभिलेखों को सभी अंचलाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर सत्यापन का कार्य पूर्ण किये जाने का निर्देश दिया गया। पीएम फसल बीमा योजना से संबंधित किसानों का लंबित घोषणा-पत्र एक सप्ताह में प्राप्त कर भेजे जाने का निर्देश सहकारिता पदाधिकारी को दिया गया। 50 डिसमिल भूमि पर गोदाम का निर्माण हेतु लैंपस/ पैक्स का प्रस्ताव प्राप्त करने का निर्देश दिया गया।

भूमि संरक्षण पदाधिकारी द्वारा तालाब निर्माण, पंपसेट वितरण, डीप बोरिंग से संबंधित योजनाओं में लक्ष्य व प्रगति से अवगत कराया गया। साथ ही, उपायुक्त द्वारा योजनाओं का लक्ष्य पूर्ण करने हेतु विशेष निर्देश दिये गये। बैठक में अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, भूमि सुधार उपसमाहर्ता सुजाता कुजूर, जिला कृषि पदाधिकारी-सह-सहकारिता पदाधिकारी शिव कुमार राम, भूमि सरंक्षण पदाधिकारी संजय राम समेत अन्य उपस्थित थे।

# सचित उरांव हत्याकांड का पुलिस ने किया उद्भेदन, महिला समेत तीन गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के नदिया करचाटोली में बहुचर्चित सचित उरांव हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए इस हत्याकांड में शामिल एक महिला समेत तीन को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आये अपराधियों की पहचान मृतक सचित उरांव की पत्नी किशोरी उरांव, पलामू के सतबरवा निवासी चितरंजन कुमार व सुलेन्द्र कुमार के रूप में किया गया है। पुलिस ने तीनों को अलग अलग ठिकानों से गिरफ्तार की है। पुलिस ने हत्या की घटना में प्रयुक्त चाकु, अभियुक्तों द्वारा पहने हुये कपड़े, इनफिक्स कम्पनी का दो एण्ड्रायड मोबाईल, आईटेल कम्पनी का कीपैड मोबाईल, पोको कम्पनी का एक एण्ड्रायड मोबाईल बरामद की है। इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने पत्रकारों को बताया कि, सचित उरांव की हत्या उसकी पहली पत्नी किशोरी उरांव ने षड्यंत्र रचा कर अपने प्रेमी से कराई थी। घटना का उदभेदन के लिए सहायक पुलिस अधीक्षक बेदान्त शंकर के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया। कांड के अनुसंधान में घटनास्थल के आस-पास के सीसीटीवी फुटेज का पड़ताल किया गया। मृतक सचित उरांव की पहली पत्नी किशोरी उरांव से अपराधकर्मियों का पहचान कराया गया पर उसने चतुराई से पहचान करने से इनकार कर दिया। बावजूद उसकी गतिविधि पर निगरानी पर पुलिस को ठोस संदेह हो गया। घटना से सबंधित तथ्यों की पूछताछ के दौरान घटना में अपनी संलिप्ता से उसने इंकार किया। किशोरी उरांव की घटना में संलिप्त होने का संदेह के आधार पर तकनीकी शाखा लोहरदगा से उनके मोबाईल का सीडीआर प्राप्त कर विशलेषण करने पर इनकी संलिप्तता कथित प्रेमी चितरंजन कुमार तथा उसके दोस्त सुलेन्द्र कुमार के साथ मिलकर हत्या करने की बात प्रकाश में आयी। किशोरी उरांव की संलिप्तता की पुष्टि होने पर उसे गिरफ्तार किया गया। इन्होंने अपने स्वीकारोक्ति बयान में अपने तथाकथित प्रेमी चितरंजन कुमार तथा उसके दोस्त सुलेन्द्र कुमार के साथ षड्यन्त्र रचकर हत्या करने की बात स्वीकार किया । गिरफ्तार दोनो अभियुक्तों द्वारा अपनी-अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुये चितरंजन कुमार के निशानदेही पर घटना में प्रर्युक्त चाकु को घटनास्थल वाले मकान के बगल से बरामद किया गया।

# कहीं भी जायें, अपना कर्तव्य का सही से निर्वहन करें: अंजनी अंजन

**रूपेश अग्रवाल**



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** कहते हैं कि किसी अधिकारी का कार्यकाल कैसा रहा, यह देखना हो तो उसका विदाई समारोह देखो। यह समारोह अधिकारी के कार्यकाल के साथ साथ उसके कार्यो का आईना होता है। कुछ ऐसा ही कार्यकाल रहा लातेहार जिले में पिछले कुछ वर्षो से अपनी सेवा दे रहे पुलिस के वरीय अधिकारियों का। पिछले तीन चार साल अपनी लातेहार जिले में सेवा देने वाले अधिकारियों का जिन्होंने अपनी कार्यकाल में लातेहार जिले की जनता से लेकर अपने जवानों का दिल जीत लिया।

यह सत्य है कि प्रशासनिक सेवा में कुछ समय बाद तबादला होना निश्चित है। आज लातेहार जिला मुख्यालय के जुबली चौक स्थित एक निजी होटल में इनके लिए विदाई और लातेहार में नये आए अधिकारियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। इसमें हर जवान और लिपकीय स्टाफ सहित थाने व चौकियों के प्रभारी व अन्य अधिकारी भी विदाई समारोह में सिरकत की। लातेहार जिले से विदा ले रहे अधिकारियों के लिए जवान भावुक दिखे।

**तबादले तो होते रहेंगे पर आप अपने कार्यो से जाने जायेंगेः एसपीः** विदाई सह सम्मान समारोह के दौरान एसपी ने जवानों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आप सबने अपने अपने स्तर से मुझे हर कार्य के लिए क्रेडिट देते रहे हैं पर हर कार्य मैने अकेले नहीं किया है। आप सभी के सहयोग और टीम भावना के साथ यह सफलता मिली है। आज लातेहार जिला नक्सल मुक्ती की ओर तेजी से बढ रहा है, जब मै लातेहार आया था तो लोग बोलते थे कि यहां से नक्सलियों का सफाया करने में दस साल लग जायेगा पर आपका ही स्पॉट रहा कि आज लातेहार जिले से नक्सलियों के पांव उखडने लगे हैं और लातेहार जिला भी विकास की ओर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि केवल नक्सलियों के सफाया, उन्हें मारने और उन्हें गिरफ्तार करना नही है। हम सभी का मकसद है की लोग हमें देखकर कहें की अब पुलिस आ गयी है हम सुरक्षित हैं।

## परीक्षा केंद्रों पर एसडीओ के आदेश से धारा 144 लागू

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल अंतर्गत 23 परीक्षा केंद्रो में दिनांक 06 .02 .2024 से दिनांक 26 .02 .2024 तक परीक्षा आयोजित की जायेगी। उक्त परीक्षा केन्द्रों पर विधि-व्यवस्था बनी रहे तथा किसी प्रकार का शोरगुल न हो, जिससे परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की बाधा पहुंचे। इसलिए अनुमंडल दंडाधिकारी अमित कुमार ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अनुमंडल अंतर्गत 23 परीक्षा केन्द्रों पर 100 मीटर की दूरी के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू करने का आदेश जारी किये हैं। इस क्षेत्र में पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों के जमाव पर मनाही की जाती है (सरकारी कर्मचारी को छोड़कर)। इस क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति द्वारा घातक हथियार लाने-ले जाने पर प्रतिबंध लगाया जाता है। जिसमें लाठी भी सम्मिलित है (पुलिस पदाधिकारी को छोड़कर)। परीक्षा केंद्र के क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाने की मनाही की जाती है। परीक्षा केंद्र के आसपास 100 मीटर दूरी के भीतर किसी व्यक्ति द्वारा अनावश्यक आवाजाही, नकल सामग्री, किताब या अन्य सामान बांटने पर प्रतिबंध लगाया जाता है।

## चलाया जायेगा फाइलेरिया उन्मूलन अभियान

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले में 10 से 25 फरवरी तक फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया जायेगा। अभियान के सफलतापूर्वक संचालन हेतु जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सीता पुष्पा द्वारा सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका एवं आंगनवाड़ी सेविकाओं को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाते हुए कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिया गया है। ज्ञात हो कि 10 फरवरी को बूथ (आंगनवाड़ी केंद्रों) पर, 11-25 फरवरी तक घर में जाकर स्वास्थ्य कर्मियों/ आंगनवाड़ी सेविकाओं द्वारा डीईसी व अल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। उक्त कार्यक्रम से संबंधित जानकारी देते हुए वीबीडीसी कंसल्टेंट ने बताया कि यह दवा भूखे पेट नहीं खाना है, 2 वर्ष के नीचे तथा गर्भवती महिला व गंभीर रोग से पीड़ित लोगों को यह दवा नहीं खिलाया जाएगा। फाइलेरिया मच्छर के काटने से फैलता है, इसके संक्रमण से हांथ- पांव और अंडकोष में अधिक सूजन हो सकती है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया प्रभावित क्षेत्र में 5 से 7 वर्षों तक वर्ष में एक बार अभियान के तौर पर डी.ई.सी. एवं अलबेण्डाजोल दवा का सेवन कराकर फाइलेरिया पर नियंत्रण पाया जा सकता है।फाइलेरिया के रोगाणु अपने पूरे जीवन काल में करोड़ो माइक्रोफाइलेरिया रोगाणुओं को जन्म देते हैं। सर्वजन सेवन के प्रत्येक अभियान के द्वारा माइक्रोफाइलेरिया को समुदाय में फैलने से रोका जा सकता है। इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए टीम पीरामल लोहरदगा, वीबीडीसी कंसल्टेंट, लोहरदगा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा एवं सिविल सर्जन, लोहरदगा से संपर्क किया जा सकता हैं।

## श्रद्धा केरकेट्टा ने लिया एसडीपीओ का पदभार



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा के 25वें अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी के रूप में श्रद्धा केरकेट्टा ने पदभार ग्रहण ली है। वे इससे पूर्व पुलिस उपाधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में पदस्थापित थी। उन्होंने कहा कि आम जनता के कार्यों को प्राथमिकता दिया जायेगा. मामलों का त्वरित निष्पादन करने के साथ-साथ आपराधिक घटनाओं को नियंत्रित करना प्राथमिकता होगी. उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शराब माफियाओं व आपराधिक लोगों पर कड़ी नजर रखी जाएगी. लोगों को किसी तरह की परेशानी ना हो इसका ख्याल रखा जाएगा. उन्होंने आम लोगों से भी पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है. एसडीपीओ ने कहा कि वे लोगों के साथ तालमेल स्थापित कर क्षेत्र की विधि व्यवस्था को एक नया आयाम देने की पूरी कोशिश करेंगे. पदभार ग्रहण करने के पश्चात एसडीपीओ ने कार्यालय कर्मियों से परिचय प्राप्त करते हुए किसी भी कार्य से कार्यालय पहुंचने वाले आगंतुकों से मित्रवत व्यवहार करने की बात कही।

## श्रेष्ठ प्रधानाचार्य के रूप में सम्मानित हुए उत्तम मुखर्जी



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन 2023-24 ललमटिया, गोड्डा में मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय के तात्कालिक प्राचार्य उत्तम मुखर्जी को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रांतीय स्तर पर श्रेष्ठ प्रधानाचार्य के रूप में सम्मानित किया गया। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी का सम्मान प्रदेश सचिव अजय तिवारी के द्वारा अंग वस्त्र भेंट कर किया गया। इस अवसर पर संगठन मंत्री ख्यालीराम, क्षेत्र मंत्री रामावतार नारसरिया, क्षेत्र सचिव नकुल कुमार शर्मा अन्य प्रांतीय अधिकारी एवं पूर्णकालिक कार्यकर्ता और प्रधानाचार्य बंधु-भगिनी उपस्थित थे। बधाई देने में प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल, विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार, सहसचिव अश्विनी कुमार साहू, शिक्षाविद सदस्य कृष्णा प्रसाद, शशि कुमार गुप्ता, पूनम मिश्रा, शोभा देवी, जीतराम बड़ाईक, संकुल प्रमुख विपिन कुमार दास, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे और शिक्षक-शिक्षिकाओं में प्रीति कुमारी गुप्ता, रेणु कुमारी आदि उपस्थित थे।

## विजय सिंह के आकस्मिक निधन पर शोकसभा



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** गायत्री परिवार जिला समन्वयक विजय सिंह गहलोत के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ में किया गया। मुख्य प्रबंध ट्रस्टी गोविंद साहु ने कहा की विजय सिंह गहलोत के आकस्मिक गुरु चरणों में विलीन होने की दु:खद समाचार ने पूरे लोहरदगा जिला के गायत्री परिजनों के हृदय को विचलित और अचंभित कर दिया है। उनकी यादें, उनकी स्मृतियाँ, उनकी बातें मन को बार बार उत्तेजित और आंदोलित कर रही हैं. उनकी अद्भुत साहस और दृढ संकल्प, असंभव को भी संभव बना देने की उनकी कला, हृदय में बार बार अनेक स्मृतियों को जाग्रत कर रही हैं। उनकी मृदुल ध्वनियां कानो में जैसे रह रह कर गूंज रही हैं। उनका हमेशा मुस्कराता चेहरा कभी भी आंखों से ओझल होना ही नहीं चाह रही है। उनका संकट के घड़ी में भी उत्साह भरना, किसी भी परिस्थिति में निराशा को हावी नहीं होने देना उनकी ऐसी अदभुत कला थी कि कोरोना काल को भी हरा दी। उनका नि:स्वार्थ प्रेम सदैव हृदय में निवास करेगी।

## अयोध्या से लौटे विहिप कार्यकर्ता का स्वागत

**भंडरा / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों व कार्यकताओं का 15 सदस्यीय दल रामलला जन्मभूमि अयोध्या से यात्रा का लौटा। सभी यात्रियों का जोरदार स्वागत किया गया। विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष राम लखन प्रसाद ने बताया कि अयोध्या धाम जाने के लिए सर्वप्रथम आस्था ट्रेन रांची से अयोध्या के लिए 2 फरवरी को रवाना हुई। अयोध्या धाम पहुंचने पर विश्व हिन्दू परिषद ने सभी भक्तों को पूर्ण सुव्यवस्था में ठहराया गया। उन्होंने बताया कि 500 वर्षो के बाद हमारे भगवान राम को अपने घर आए है । ये हम सबों के लिए गर्व की बात है । सभी भक्तों के उत्साह के साथ रामजी के दर्शन कर प्रेम के अश्रु आ रहे थे। प्रान्त कार्यकारी सदस्य लाल ओमकार नाथ शहदेव,मंत्री सतीश पांडे, सह मंत्री रंजीत साहू,चंदन गोयल,उमेश सिंह,नगर अध्यक्ष महेंद्र महतो,रोहित वर्मा,अनिल कुमार, उज्वल प्रकाश कुशवाहा,कैलाश प्रसाद,अजय सोनी,लाल भीमनाथ शहदेव,रमेश कुमार,मिथलेश प्रजापति सहित सभी यात्रियों का जगह जगह स्वागत हुआ।

# हेमंत सरकार की लूट की जांच का इंतजार करें सच्चाई सामने आ जायेगी : बाबूलाल मरांडी

**भाजपा लोकतंत्र को दुकान नहीं बनाती, जो परिवार और पैसे की राजनीति करते हैं, वे ही ऐसा बोलते हैं**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को निशाने पर लिया। झारखंड विधानसभा में चंपाई सरकार के विश्वास प्रस्ताव के बाद मीडिया के बीच अपनी प्रतिक्रिया दी।

कहा कि हेमंत सरकार के लूट की जांच का इंतजार करें, सब दूध का दूध, पानी का पानी सामने आ जाएगा। बिना कार्रवाई हुए कोई चोर नहीं बोलता कि उसने चोरी की है। जो चोरी करेगा, उसे दंडित कराना जांच एजेंसियों का काम है। इसलिए भ्रष्टाचारी का कानून की नजर से बच पाना मुश्किल है। सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट जाने से वही होगा जो विधि सम्मत होगा, बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र को दुकान नहीं बनाती, जो परिवार और पैसे की राजनीति करते हैं, वे ही ऐसा बोलते हैं। आज सत्ताधारी विधायकों की पहरेदारी की जा रही।

इससे स्पष्ट है कि सत्ता पक्ष में अंतर्विरोध है भ्रष्टाचार के आरोपी निवर्तमान मुख्यमंत्री की भाषा विधानसभा में भी धमकी भरी है। ये चोरी के बाद सीनाजोरी की भाषा है। राज्य की जनता इनके चरित्र को पूरी तरह समझ चुकी है। बाबूलाल ने हेमंत सोरेन को भाजपा के कहने पर फसाने के आरोप को निराधार बताया। कहा कि राज्य की जनता को पता है कि शिबू सोरेन को कांग्रेस के शासन में तिहाड़ जेल भेजा गया, मधु कोड़ा को जेल कांग्रेस ने भेजा।

## कुआं में डूबी बच्ची की हुई मौत

**सिसई (आजाद सिपाही)।** पुसो थाना क्षेत्र के बोण्डो चापाटोली गांव निवासी समू उरांव की 8 वर्षीय पुत्री समीरा कुमारी की कुआं में डूबने से रविवार को मौत हो गई। सूचना मिलने पर एएसआई कुमार सारंजय घटना स्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर सोमवार को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मृतिका की मां फुलमनी उरांव के आवेदन पर पुलिस यूडी केस दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की शाम को गांव में बच्चे पकड़ा पकड़ी खेल रहे थे इसी दौरान समीरा बिना मुंडेरा के कुआं में गिर गयी। भय वश सभी बच्चे घटना के बावत किस को कुछ नहीं बताकर अपने अपने घर भाग गये। समीरा के परिजन जब देर शाम तक उसकी खोज बिन करने लगे तब एक बच्चा डरते डरते अपनी घर वालों को कुआं में गिरने की बात बताया जिसके बाद ग्रामीणों ने बच्ची का शव को कुआं से निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

## वाहन की टक्कर से युवक घायल, इलाज के दौरान मौत




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला ।** सदर थाना क्षेत्र के कसीरा मूसा टोली निवासी 18 वर्षीय पैरों खड़िया पिता स्वर्गीय डोमरा खड़िया की इलाज के क्रम में सदर अस्पताल में मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक कसीरा मूसा टोली गांव से युवक कोलेबिरा बारात जा रहा था तभी कोलेवीरा के समीप रास्ते में वाहन मूत्र विसर्जन के लिए रुका। युवक वापस वाहन की ओर आ रहा था। तभी बाराती गाड़ी में शामिल एक पिकअप उसे टक्कर मारते हुए आगे निकल गया। वहीं युवक को सर चेहरा हाथ पैर व कान में चोट लगी। शनिवार की सुबह सभी बारात से वापस गांव आ गए। वहीं युवक का स्थानीय स्तर पर इलाज कराया गया। इस बीच युवक गांव में घुमा फिरा खाया पीया सबसे बातचीत भी किया। रविवार की अपराह्न युवक चक्कर खाकर गिर गया। इसके बाद परिजन रविवार की रात 8:00 बजे उसे सदर अस्पताल लेकर आए जहां चिकित्सक ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। वही फिलहाल शव को सदर अस्पताल के शव गृह में रखा गया है।

## गुमला रेंजर में लाखों रुपये की हेरा फेरी की होगी जांच

**गुमला (आजाद सिपाही)।** भाकपा (माले) रेड स्टार के प्रमंडल प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह के नेतृत्व में वन विभाग के सीएफ व गुमला डिवीजन के डीएफओ से जंगल बचाओ अभियान समिति के पदाधिकारी मुलाकात करेंगे। विदित हो कि गुमला रेंज एरिया में वन विभाग की योजनाओं में गुमला रेंजर द्वारा की गयी लाखों रुपए की हेरा फेरी व घोटाला की जांच और अपने पॉकेट का योजना के माफिक वन विभाग की योजनाओं को संचालित करने पर रोक लगाने जैसी सवालों को लेकर जंगल बचाओ अभियान समिति के द्वारा कार्रवाई के लिए मांग-पत्र पूर्व में सौंपी गयी थी। जिस पर क्या कार्रवाई हुई विभाग में इसकी रिपोर्ट अभी तक समिति को नहीं दी है। वही जंगल एरिया में बॉक्साइट का खुलेआम हो रही अवैध उत्खनन पर रोक लगाने सहित कई मांगों पर मुलाकात के दौरान चर्चा की जायेगी।

## विदाई समारोह आयोजित




आजाद सिपाही संवाददाता

**पालकोट।** थाना अंतर्गत आज चौकीदार का विदाई समारोह मनाया गया जानकारी के अनुसार क्रिस्टोजित सहाय एक्का चौकीदार अपने कार्यकालपूरा किया वे अपने कार्य काल में 35 वर्ष सेवा दिए जिसमें सराहनीय कार्य किया मौके पर थाना प्रभारी अनिल लिंडा ने चौकीदार को सहाय एक को विदाई समारोह में सोल ओढ़ कर विदा किया मौके पर उनकी अच्छे स्वास्थ्य की कामना किया मौके पर उपस्थित थे थाना प्रभारी अनिल लिंडा एस आई संदीप राज एस आई संतोष कुमार एस आई गगराई एतवा उरांव आदि उपस्थित थे।

## वोटर अवेयरनेस प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड कार्यालय द्वारा झारखंड वोटर अवेयरनेस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले लोग 31 मार्च 2024 तक इसमें शामिल हो सकते हैं। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदाताओं की भागीदारी को बढ़ाने, उनमें मतदान के प्रति जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी का कार्यालय झारखंड द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट की शुरूआत की गयी है। यह प्रतियोगिता प्रोफेशनल, इंस्टिट्यूशनल एवं एमेच्योर स्तर पर आयोजित है।

## अयोग्य कार्डधारी का सत्यापन करते हुए उसकी सूची अंचल कार्यालय में जमा करें: बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड सभागार में सोमवार को जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों की एक बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी सह आपूर्ति पदाधिकारी यादव बैठा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की शुरूआत में बीडीओ यादव बैठा ने सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों से परिचय प्राप्त किया।

बैठक में मुख्य रूप से आधार सीडिंग, मोबाइल नंबर सेटिंग, सही समय पर गोदाम से अनाज का उठाव करना, समय पर दुकान खुला रखना, विहित प्रावधानों के तहत सूचना पठ का संधारण करने का सभी को निर्देश दिया गया। साथ ही 6 माह से अनाज उठाव नहीं करने वाले कार्ड धारी को चिन्हित करना एवं आयोग्य कार्ड धारी का सत्यापन करते हुए उसकी सूची अंचल कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया गया। बीडीओ ने कहा कि मैं प्रत्येक माह दुकानों का निरीक्षण करूंगा आप सभी से आग्रह होगा कि समय से अनाज का वितरण करें साथ ही लाभुकों की शिकायत नहीं होनी चाहिए। मौके पर मुख्य रूप से ए जी एम फुलझारी भगत, मुजाफिर आलम, लगवंती देवी, सुनीता देवी, उषा मिंज, दिनेश प्रसाद, महेंद्र भगत, मदन राम, मुन्नी देवी, के साथ प्रखंड के जन वितरण प्रणाली की दुकानदार उपस्थित थे।

## पत्नी के दिल्ली जाने से युवक परेशान, आत्महत्या का प्रयास

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सुरसांग थाना क्षेत्र अंतर्गत बिरकेरा निवासी 24 वर्षीय मंगल सिंह बड़ाईक ने रविवार की रात कीड़ा मारने वाला पाउडर थाइमेट का सेवन कर लिया। इसके बाद परिजनों द्वारा उसे सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार लगभग एक सप्ताह पूर्व युवक की पत्नी तीन छोटे-छोटे बच्चों व पति को छोड़कर बिना बताए काम करने के उद्देश्य से दिल्ली चली गई। इसके बाद युवक डिप्रेशन में रहने लगा। वही पत्नी के बिना तीन छोटे-छोटे बच्चों की परवरिस करना उसके लिए कठिन हो गया। रविवार की रात उसने घर में रखा थाइमेट का सेवन कर लिया। थाइमेट के सेवन से तुरंत उसे कुछ नहीं हुआ इसके बाद उसने कमरे में जाकर दरवाजा बंद कर लिया और साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगाने का प्रयास करने लगा। तभी घर वालों को इसका पता चला और परिजनों ने दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला और सदर अस्पताल लेकर आए। जहां उसका इलाज चल रहा है।

# मजदूरों ने सीएफटीयूआइ के पदाधिकारियों से अपनी मजदूरी का भुगतान करवाने के लिए दिया आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** गुमला जिला वा सिमडेगा जिला के डुमरिया पोस्ट हाटिंग होड़े गांव थाना क्षेत्र के 9मजदुरों से गुजरात के दो अलग अलग कंपनी जो मछवारा का काम करता है। गुजरात के ककवाड़ा छड़वाड़ा में तीन मजदूर मंगल भुईयां, बिलीयम भुईंया, मनसुरब भुईयां इन तीनों से सात सात माह काम कराया गया। प्रति माह 10000 के हिसाब से काम कराया गया है और इनका बकाया भुगतान तीनों मजदूरों का लगभग 1,42000 ठेकेदार भवना नामक ने मजदूरी भुगतान नहीं किया है। गुजरात में ही 6 मजदुरों से ठेकेदार खिलन जगह कुबा गांव कंपनी लेबन अकवा गुजरात में काम करवा कर इन 6 मजदूरों का मजदुरी भुगतान 11 महीने से प्रति माह 12000 देने की बात कह कर लगभग 6,00000 ठेकेदार खिलन लेबेन अकबा के मालिक द्वारा नही दे रहा है। जिन जिन मजदूर का बकाया भुगतान नहीं किया गया है उनका नाम वा बकाया राशि - अभिसलम भुईंया -1 लाख, करमा भुईंया 1 लाख, पाण्डा भुईंया 1 लाख, मंगल भुईयां 1लाख, अबीरम भुईंया 1लाख, सोशन मुंडा 1 लाख कुल मिलाकर छः मजदुरों को एक एक लाख रुपए कंपनी के द्वारा नहीं दिए जा रहे हैं। जिसे सभी मजदूर काफी परेशान हो गये हैं।

सभी मजदूरों ने परेशान हो कर गुमला पहुंचे और मजदूर संघ सीएफटीयुआइ गुमला जिला व झारखंड प्रदेश कार्यालय में लिखित आवेदन दे कर अपने अपने बकाया मजदूरी भुगतान दिलवाने का गुहार लगाया है। इस मामले को तत्काल गंभीरता से लेते हुए दोनों कंपनियों के मालिकों से फोन पर बात करने की कोशिश मजदूर संघ सीएफटीयुआइ प्रदेश सचिव जुम्मन खान सहित महिला विंग के प्रदेश सचिव सुनीता कुमारी कर रहे हैं। बताते चलें कि सभी मजदूर एक ही गांव के है तथा गुमला जिले के पांच मजदूर भी शामिल हैं।

एक कंपनी लेबन अकवा गुजरात के मालिक से सीएफ टी यु आई प्रदेश सचिव जुम्मन खान ने फोन पर बात कर मजदुरों का मजदुरी भुगतान जल्द से जल्द करने को कहा है। लेकिन कंपनी के मालिक ने अधिक बातचीत फोन पर नहीं किया ना संतोषजनक जवाब दिये। अगर इन सभी मजदूरों का मजदुरी भुगतान दोनों कंपनियों ने जल्द नहीं करता है तो इनके विरुद्ध श्रम अधिनियम एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज श्रम विभाग गुमला और सिमडेगा में कराया जायेगा।

## विश्वास मत हासिल करने पर दी बधाई

**गुमला (आजाद सिपाही)।** हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद मुख्यमंत्री बने चंपाई सोरेन ने सोमवार को विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर लिया। विश्वासमत के प्रस्ताव के पक्ष में 47 वोट पड़े। वहीं इसके खिलाफ 29 वोट पड़े। फलोर टेस्ट में पास होने पर गुमला के कांग्रेसियों ने प्रशंसा व्यक्त करते हुए बधाई दी है। प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि नई सरकार दोगुने जोश और समर्पण भावना से काम कर राज्य का विकास करेगी। महागठबंधन की ताकत भाजपा के साजिशों के आगे नहीं झुकेगी। बल्कि और उत्साह व जोश के साथ विकास को नए आयाम तक पहुंचाएगी। बधाई देने वालों में मुरली मनोहर प्रसाद, रामनिवास प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, हेमावती लकड़ा, अमर प्रदीप कुजूर, बैजनाथ उरांव, रोहित उरांव, हिमेश कुमार, कलावती देवी आदि है।

## आजसू के पदाधिकारियों ने डीएसपी का किया स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** आजसू पार्टी गुमला जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू के साथ केंद्रीय सचिव गोपीनाथ सिंह एवं जिला महासचिव आनंद कुमार गुप्ता ने गुमला मुख्यालय के डी एस पी विरेंद्र टोप्पो का बुके देकर स्वागत किया एवं बधाई दिया। दिलीप नाथ साहू ने कहा सिसई थाना के प्रभारी के रूप में अपनी सेवा गुमला में दे चुके हैं। इनके अनुभव का लाभ गुमला को मिलेगा। डी एस पी विरेंद्र टोप्पो मृदुभाषी और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी हैं।

## बोलेरो पलटने से युवक की मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** बसिया थाना अंतर्गत केमताटोली के समीप अनियंत्रित बोलेरो पलटने से उसमे सवार रनिया थाना क्षेत्र के सटार लेटरटोली निवासी 23 वर्षीय विलकन टोप्पो की मौत हो गयी। घटना रविवार देर शाम को है। जानकारी के अनुसार विलकन टोप्पो अपने बेलोरो से कही जा रहा था। इसी दौरान बसिया के केमताटोली चर्च के समीप बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। सड़क पर बोलेरो पलटने से उसमे सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिससे स्थानीय लोगो की मदद से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र बसिया पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पुलिस को मिलते ही मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया।

# नौकरी दिलाने के नाम पर युवक से लाखों रुपये की ठगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिला के सिसई थाना क्षेत्र के जिंदा गांव के युवक कृष्णा गोप पिता अकलु गोप से मिलट्री में नौकरी दिलाने के नाम से गुमला प्रखंड के कसीरा कुलाबिरा गांव के सत्यनारायण साहु ने 2018 में ठगे एक लाख रुपए।

आज पुरे मामले को लेकर युवक कृष्णा गोप ने मजदूर संघ सीएफटीयुआइ प्रदेश और गुमला जिला कार्यालय पहुंचकर लिखित आवेदन देकर महिला विंग सीएफटीयुआइ सुनीता कुमारी को लिखित आवेदन दिया है।

दिये गये आवेदन में युवक ने कहा कि मुझे सीएसएफ में नौकरी दिलाने के नाम से 2018 से 2023 तक किस्त किस्त कर के सत्यनारायण साहु ने लगातार नगद राशि लिया और बीच बीच में फोन पर बातचीत किया करता था तो हर बार आज कल बोल बोल कर मुझे गुमराह करता रहा। अब जिस नंबर पर बात चीत होता था उसे बंद कर दिया है लेकिन एक और फोन नंबर मेरे पास है। उस पर फोन करने पर पत्नी उठाती है और जब सत्यनारायण साहु से बात कराने को कहता हूं तो फोन काट दिया करती है। आज मुझे किसी ने बताया कि मजदूर संघ सीएफटीयुआइ के द्वारा अब तक ऐसे कई मामले में करवाई करते हुए रुपया वापस दिलवाने में



सहयोग किया करता है। इसलिए आज मैं मजदूर संघ सीएफटीयुआइ गुमला जिला वा झारखंड प्रदेश कार्यालय अजाद बस्ती रजा कलौनी पहुंच कर महिला विंग के प्रदेश सचिव - सुनीता कुमारी को लिखित आवेदन दे कर अपने ठगी किया गया व्यक्ति सत्यनारायण साहु गांव कुलाबिरा से अपने राशि दिलवाने के लिए सहयोग करने का लिखित आवेदन दे रहा हूं। वहीं इस मामले में युवक द्वारा दिया गया दोनों नंबर पर महिला विंग प्रदेश सचिव - सुनीता कुमारी ने बात चीत करने की कोशिश की लेकिन बात चीत नहीं हो पाया। समस्त टीम इस पुरे मामले को गंभीरता से लेते हुए उक्त व्यक्ति के खिलाफ अपने स्तर से छानबीन करेंगे और पता कर के पीड़ित युवक का ठगी किया गया एक लाख रुपए दिलवाने की पुरी कोशिश करेंगे। अगर ठगी करने वाले व्यक्ति सत्यनारायण साहु कुलाबिरा द्वारा बातचीत से ही राशि वापस करेगा तो हम मामले को अपने कार्यालय तक सिमित रखेंगे। अगर सही तरीके से युवक कृष्णा गोप को नहीं देता है तो हम इस पुरे घटनाक्रम को गुमला उपायुक्त वा पुलिस अधीक्षक सहित जिले के अन्य पदाधिकारी को लिखित आवेदन दे कर करवाई कराने की मांग करेंगे।

जानकारी के अनुसार युवक खुद पढ़ाई लिखाई के लिए मजदुरी करके इतना राशि नौकरी के चक्कर में दे दिया।

## टेंपो के टक्कर से युवक घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला जिला के टोटो थाना क्षेत्र अंतर्गत खरका पुल के समीप टेंपो के टक्कर से छोटा खटंगा निवासी रमेश ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गया। वही गला अवस्था में सड़क किनारे लहू लहान पड़े राहगीरों ने इसकी सूचना टोटो थाना को दी थाना प्रभारी घटना स्टार पहुंचकर घायल को अपनी वहां से सदर अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज चल रहा है जानकारी के मुताबिक युवक बाजार गया था। वहीं उसने शराब था सेवन कर लिया और पैदल ही अपने घर छोटा खटंगा लौट रहा था। खरका पुल के समीप एक टेंपो पीछे से टक्कर मार कर घटनास्थल से फरार हो गया।

## दो दिन से लापता व्यक्ति का शव पुलिस ने किया बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के कुला बीरा पहान टोली निवासी 51 वर्षीय भादो खड़िया पिता स्वर्गीय सोमरा खड़िया का शव सोमवार की सुबह पुलिस ने गांव के एक कुएं से बरामद किया। जानकारी के मुताबिक व्यक्ति शुक्रवार की रात से लापता था। परिजनों ने अपने स्तर से काफी खोज बीन की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। परिजनों ने बताया शुक्रवार की शाम वह गांव में घूमने निकला था इसके बाद गांव में ही शराब का सेवन कर लिया। संभवत वह घर आ रहा था सड़क किनारे स्थित कुएं में अनियंत्रित होकर गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। रविवार को गांव में मरखी का कार्यक्रम था उस कार्यक्रम में उसी कुआं के पानी का उपयोग ग्रामीणों ने किया। सोमवार की सुबह जब एक व्यक्ति मोटर और पाइप लेने कुआं पहुंचा तो उसने कुआं में तैरते शव को देखा। जिसकी सूचना ग्रामीणों व पुलिस को दी। वहीं सोमवार की दोपहर शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 06 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in



## पलामू जिले में मैट्रिक के 71 और इंटर के 37 सेंटर पर परीक्षा आज से

# विद्यार्थी तनाव मुक्त होकर परीक्षा में शामिल हों : डीसी

## मैट्रिक के 33,153 और इंटर के 29,756 विद्यार्थी होंगे परीक्षा में शामिल

**मैट्रिक की परीक्षा के लिये 71 एवं इंटर की परीक्षा के लिए 37 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में मंगलवार से मैट्रिक और इंटर की परीक्षा शुरू होने जा रही है। इसे कदाचार व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक हुई। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में डीसी ने मैट्रिक व इंटर की परीक्षा के लिए जिले में बनाए गए परीक्षा केंद्रों की जानकारी ली। प्रभारी शिक्षा पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि जिले में मैट्रिक की परीक्षा के लिये 71 एवं इंटर की परीक्षा के लिए 37 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।


डीसी शशि रंजन।

इन परीक्षा केंद्रों में मैट्रिक के 33,153 एवं इंटर के 29,756 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। मैट्रिक की परीक्षा प्रथम पाली तो इंटर की परीक्षा द्वितीय पाली में होगी। डीसी ने स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने के लिए कई दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त स्टैटिक एवं उड़नदस्ता दंडाधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिया। डीसी ने परीक्षा केंद्रों में समय पर प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका पहुंचाने के लिए सभी तैयारी पूर्व में ही पूरी कर लेने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, सभी सेंटर सुपरीटेंडेंट, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी समेत शिक्षा विभाग से जुड़े अन्य लोग उपस्थित थे।

वहीं, डीसी ने मैट्रिक व इंटर की परीक्षा को लेकर अभिभावकों व अध्यापकों से भी अपील की है कि वे विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए एक मैत्रीपूर्ण वातावरण दें ताकि वे बिना किसी दबाव के पढ़ाई करें और अपना बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने परीक्षा में शामिल होने वाले बच्चों से तनाव मुक्त होकर परीक्षा देने को कहा।

### केंद्राधीक्षक-वीक्षक परीक्षा संचालन के दौरान क्या करना और क्या नहीं करना है, इसका ध्यान रखें

डीसी ने सभी केंद्राधीक्षक एवं वीक्षक को परीक्षा संचालन के दौरान क्या करना है और क्या नहीं करना है संबंधित विषय पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। कहा कि परीक्षा के दौरान वीक्षकों का मोबाइल के साथ परीक्षा कक्ष में प्रवेश वर्जित होगा। सभी वीक्षक यह सुनिश्चित करें कि कोई भी परीक्षार्थी कदाचार ना करें। सभी वीक्षक का यह दायित्व होगा कि केंद्र अधीक्षक द्वारा निर्धारित सीट प्लान के अनुसार ही परीक्षार्थी को आवंटित बेंच डेस्क पर ही बैठायें। परीक्षा समाप्ति के उपरांत केंद्र अधीक्षक प्रश्नपत्र सह उत्तर पुस्तिका का रोल कोड एवं रोल नंबर उपस्थिति/अनुपस्थिति के आधार पर अपने प्राधिकृत कर्मियों द्वारा मिलन करते हुए प्राप्त करेंगे। इसी तरह उपायुक्त ने केंद्राधीक्षकों को उनके कार्यों व उनके द्वारा संपादित किए जाने वाले दायित्वों के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

# लक्ष्य को पाने के लिए खुद को तपाना ही तपस्या है : अविनाश

## बच्चे राष्ट्र के भविष्य की बुनियाद : डॉ आरके रंजन

**संत मरियम विद्यालय के अंतिम वर्ष के बच्चों को समारोह आयोजित कर दी गयी विदाई**

आजाद सिपाही संवाददाता


कार्यक्रम का उद्घाटन करते अविनाश देव व अन्य।

**मेदिनीनगर।** रेडमा काली मंदिर के समीप देवम इंस्टिट्यूट ऑफ एजूकेशन के कांफ्रेंस हॉल में रविवार को संत मरियम विद्यालय में अध्यनरत 12वीं के विद्यार्थियों को समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। इस दौरान पलामू मेडिकल कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ आरके रंजन, संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव, सीए सपना तुलस्यान, प्रधानाध्यापक कुमार आदर्श, देवम इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रोफेसर आरएन सिंह, गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज के कंप्यूटर साइंस असिस्टेंट प्रोफेसर पंजित लेंका, सिविल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के असिस्टेंट प्रोफेसर शिवराज उरांव, प्रवीण दूबे आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ आरके रंजन ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप इस देश के भविष्य हैं। आपको पूरे लगन के साथ पढ़ाई कर सफलता के शीर्ष तक पहुंचना है, ताकि विद्यालय के साथ ही जिले का भी नाम रोशन हो सके। वहीं, अविनाश देव ने बताया कि राष्ट्र के भविष्य की बुनियाद बच्चें होते हैं। हमारा उद्देश्य न केवल छात्रों को ज्ञान प्रदान करना है, बल्कि उनमें ज्ञान, करुणा और मानवीय भावना भी पैदा करना है। उन्होंने सभी बच्चों को उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कहा कि आज ये बच्चे संत मरियम विद्यालय के चमकते सितारे हैं, जल्द ही पूरी दुनिया को अपनी रोशनी चमकाएंगे। वहीं, सपना तुलसियान ने कमर्शियल कोर्स की जानकारी के साथ ही अपने जीवन के प्रेरणादायक बातें बताई। प्रधानाध्यापक कुमार आदर्श ने कहा कि बेहतर शिक्षा ही उज्ज्ल भविष्य की कुंजी है। शिक्षा से सभ्य समाज का निर्माण होता है। प्रो पंजीत लेंका ने कहा कि अब तक आप स्कूल में कंफर्ट जोन में थे। आपके विषय भी सीमित थे और साथ ही प्रतिस्पर्धा भी कम थी लेकिन अब आप 12वीं कक्षा से बाहर आ चुके हैं। आपका क्षेत्र भी बड़ा हो चुका है और प्रतिद्वंद्विता भी बढ़ चुका है। अब आप जिस पथ पर भी चलेंगे उसका निर्णय आप खुद लेंगे किसी को देखकर नहीं लेंगे। वहीं, शिवराज उरांव ने इंजीनियरिंग क्षेत्र से जुड़े कई महत्वपूर्ण बातें बताई। प्रो आरएन सिंह ने बच्चों को खुद के साथ-साथ समाज के उत्थान के लिए भी कार्य करने के लिए प्रेरित किया। अंततः विद्यालय परिवार की ओर से विद्यालय में अध्यनरत 12वीं के बच्चों को सर्टिफिकेट व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## अवैध शराब निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई भारी मात्रा में शराब, जावा महुआ किया नष्ट



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल के हैदरनगर थाना अंतर्गत ग्राम कुकही, टोला खीलपर के विभिन्न स्थानों पर छापामारी कर भारी मात्रा में अवैध शराब व जावा महुआ को नष्ट किया गया। लगे हाथ शराब भट्ठी को ध्वस्त कर शराब निर्माण के लिए उपयोग किए जाने वाले उपकरणों को जब्त कर लिया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन के निर्देश पर प्रशिक्षु डीएसपी राजीव रंजन के नेतृत्व में की गई। प्रशिक्षु डीएसपी राजीव रंजन ने बताया कि अवैध शराब निर्माण व बिक्री के खिलाफ पलामू पुलिस लगातार अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब निर्माण व बिक्री करने वाले लोगों को किसी कीमत पर बक्शा नहीं जाएगा। डीएसपी ने बताया कि हैदरनगर थाना क्षेत्र के कुकही के खीलपर टोला के समीप से छापामारी में लगभग 2000 किलो जावा महुआ, शराब निर्माण में इस्तेमाल होने वाले बर्तन, उपकरण व लगभग 40 लीटर अवैध महुआ शराब नष्ट किया गया है। हालांकि पुलिस की आने की भनक लगते ही शराब निर्माण में लगे लोग फरार हो गए। डीएसपी ने बताया कि आगे भी यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# सप्ताह में दो दिन प्रखंड मुख्यालय में उपस्थित रहें अधिकारीः डीएसओ

**जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने आपूर्ति विभाग की ओर से किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन के निर्देशानुसार सोमवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु ने सभी एमओ व सहायक गोदाम प्रबंधक संग डीडीसी के सभागार में बैठक कर आपूर्ति विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जनवरी माह 2024 अंतर्गत एनएफएसए व माह सितंबर 2023 के आवंटन के अनुरूप चना दाल के वितरण की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने ग्रीन राशन कार्ड के तहत कार्ड धारी के बीच खाद्यान्नों का समय पर वितरण करने पर बल दिया। कहा कि पीवीटीजी डाकिया योजना अंतर्गत पीवीटीजी समूह के लाभुकों के बीच खाद्यान्नों के वितरण में कहीं कोई गड़बड़ी न हो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने सभी एमओ को कम से कम दो दिन प्रखंड मुख्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश दिये। साथ ही उपस्थित रहने वाले तिथि को संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ साझा करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी एमओ को 5-5 जन वितरण प्रणाली दुकानदारों का औचक रूप से निरीक्षण करने की भी बात कही साथ ही आमजनों से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्पादन हो यह सुनिश्चित करने पर बल दिया।



# बेरोजगार युवाओं को एसआइएस देगा रोजगार : कमांडेंट

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के नवयुवकों के लिए सिक्यूरिटी एण्ड इंटलिजेंस सर्विसेज लिमिटेड (एसआइएस) द्वारा जिले के सभी थाना परिसर में बहाली शिविर लागाया जा रहा है। इस बाबत जानकारी देते हुए एसआइएस के कमांडेंट रमेश कुमार जायसवाल ने बताया की भर्ती होने के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ योग्य उम्मीदवार, मैट्रिक पास, उम्र 21 से 37 वर्ष तक ही होनी चाहिए। जिले के सभी बेरोजगार नवयुवकों को चयन कर उन्हें प्रशिक्षण व रोजगार उपलब्ध कराया जायगा। उम्मीदवारों को प्रशिक्षण के बाद एसआईएस इंडिया लिमिटेड जो आइएसओ 9001-2008 मानक विभाग में रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। साथ ही प्रशिक्षण के बाद उम्मीदवारों को एसआईएस द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया जायेगा। कमांडेंट ने बताया कि उन्हें जहां तैनात किया जायेगा। राज्य सरकार के न्यूनतम वेतन अधिनियम एक्ट 1984 के तहत अन्य भत्ता योग्यतानुसार, पीएफ सरकारी पेंशन, विधवा पेंशन, बोनस, ग्रेच्यूटी, इएसआई, ग्रुप इंश्यारेंस, मेडिकल आवास व मेस की सुविधा, प्रमोशन, दो योग्य बच्चों को आइपीएस देहरादून में पढ़ाने की व्यवस्था और स्थानांतरण के दौरान यात्रा भत्ता एवं खाने की सुविधा दी जाती है। उन्होंने कहा कि 8219591494 पर संपर्क कर इस संबंध में जानकारी ली जा सकती है। उन्होंने बताया कि सात फरवरी को लेसलीगंज थाना परिसर में, 8 फरवरी को चैनपुर थाना परिसर, 9 फरवरी को हुसैनाबाद थाना परिसर में, 10 फरवरी को मोहमंदगंज थाना परिसर, 11 को हरिहरगंज थाना परिसर, 12 को पांकी थाना परिसर, 13 को पाटन थाना परिसर, 14 को मनातू थाना परिसर, 15 को नावजयपुर थाना परिसर, 16 को हैदरनगर थाना परिसर, 17 को तरहसी थाना परिसर, 18 को रामगढ़ थाना परिसर, 19 को पिपरा टांड़ थाना परिसर, 20 को पांडू थाना परिसर, 21 को नवडीहा बाजार थाना परिसर, 22 को सतबरवा थाना परिसर, 23 को डेओरी ओपी थाना परिसर, 24 को एससी/एसटी थाना परिसर, 25 को पड़वा मोड़ थाना परिसर, 26 को विश्रामपुर थाना परिसर, 27 को उतारी रोड थाना परिसर, 28 को रेहला थाना परिसर और 29 फरवरी को डाल्टनगंज थाना परिसर के अलावा एक मार्च को डाल्टनगंज सदर थाना परिसर में शिविर लगने जा रहा है। जिसमें जवानों का शारीरिक एवं लिखित परीक्षा के उपरांत उनका रजिस्ट्रेशन किया जाएगा और चयनित जवानों का रजिस्ट्रेशन किया जायेगा। इसके बाद सभी चयनित उम्मीदवारों को गढ़वा स्थित सेंट्रल ट्रेनिंग एकेडमी में एक महीने का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके बाद उनका डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन होने के बाद एक महीने का प्रशिक्षण होगी। वहां, एक मास का भोजन रहना, और कीट उपलब्ध कराई जाएगी। जिसमें पीटी, ड्रील थ्योरी, औद्योगिक सुरक्षा वीआईपी सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, फायर फाइटिंग, कम्प्यूटर, बैंक सिक्यूरिटी, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की सुरक्षा सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद एसआइएस में 2200 कार्यस्थलों पर नौकरी उपलब्ध कराई जायेगी।


कमांडेंट रमेश कुमार जयसवाल।

## शाहपुर में चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने किया द आर डेट कैफे का उद्घाटन



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** शहर के शाहपुर में नदी किनारे स्थित होटल रिवर व्यू रिजॉर्ट में द आर डेट कैफे का उद्घाटन चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने किया। इस मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष दुर्गा जोहरी, अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री अरविंद गुप्ता, पूर्व जिला परिषद चैनपुर शैलेंद्र चंद्रवंशी, अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के युवा जिला अध्यक्ष शुभम प्रसाद उपस्थित थे। चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि शहर में इस तरह हाईटेक व्यवस्था के साथ नया प्रतिष्ठान खुलना शहर के लिए शुभ संकेत है। बतातें चलें कि द आरडएट कैफे के निदेशक उज्जवल सिन्हा हैं। इस कैफे में बैठने के लिए प्राइवेट स्पेस की सुविधा की गई है। केक और फलावर का बुके भी मिलेगा। सिंगर, गिटारिस्ट के साथ साथ एक दिन का टूर भी कराया जाएगा।

# शहरी स्वयं सहायता समूह के सदस्यों का 6 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** नगर विकास एवं आवास विभाग के निर्देश पर सोमवार से नगर पंचायत हरिहरगंज में स्वयं सहायता समूह के सदस्यों का छह दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण शुरू हो गया। दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक स्वरोजगार कार्यक्रम के तहत हरिहरगंज शहर के विभिन्न समूहों से चयनित 28 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण में भाग लिया है। दलित विकास मंच गढ़वा पलामू की ओर से महिलाओं के आर्थिक विकास के लिए स्वरोजगार से जोड़ महिलाओं को उनकी आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से विभिन्न तरह के प्रशिक्षित दिया जा रहा है। ताकि वे अपना व्यवसाय कुशल तरीके से संचालित कर सके। नगर प्रबंधक नजीबुल्लाह अंसारी ने बताया कि वैसे स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है जो स्वरोजगार के लिए बैंक से ऋण प्राप्त किए हैं। नगर पंचायत के यह प्रयास है कि स्वरोजगार से जुड़े समूह के सदस्यों को नया आयाम मिले। इस दौरान प्रशिक्षक पंकज चौबे द्वारा फिनायल, सर्फ, सत्तू, बेसन, ब्रेड, मिक्सर अगरबत्ती, पापड़, अचार, आंवला मुरब्बा, हर्बल अबीर गुलाल बनाने एवं मिनरल वाटर के व्यवसाय के लिए आवश्यक प्रशिक्षण दिए जायेंगें। प्रशिक्षण में सहायक प्रशिक्षक ज्योतिष कुमार पाण्डेय, प्रधान सहायक सरयू बैगा, नाजिर प्रीतम प्रफुल्ल एक्का, सामुदायिक संगठनकर्ता बिचीत्रा कुमारी, सामुदायिक संसाधन सेविका एवं प्रशिक्षण के लिए चयनित एसएचजीएस की महिलाएं उपस्थित थीं।




# स्पोर्ट्स



**भारत ने विशाखापट्टनम टेस्ट 106 रन से जीत लिया है। सोमवार को डॉवायएस राजशेखर स्टेडियम में इंग्लैंड दूसरी पारी में292 रन ही बना सका, जबकि टीम को 399 का लक्ष्य मिला था। इसके साथ पांच टेस्ट की सीरीज 1-1 से बराबर हो गई**

## हुसैनाबाद अनुमंडल परिसर से बाइक चोरी

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के झरगड़ा गांव निवासी महेश कुमार यादव की बाइक हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय परिसर से चोरी हो गई। भुक्तभोगी ने इसकी सूचना थाना में दी है। महेश यादव ने बताया कि वह आवश्यक काम से हुसैनाबाद अनुमंडल परिसर में गया था। वहीं बाइक खड़ी कर दी। आधा घंटा बाद वापस लौटने पर देखा कि बाइक गायब हैं। काफी खोजबीन करने के बाद भी बाइक नहीं मिली। इसके बाद इसकी सूचना हुसैनाबाद थाने को दी। पुलिस ने अज्ञात बाइक चोर के विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए अनुसंधान शुरू कर दिया है।

## विशाखापट्टनम टेस्ट में टीम इंडिया की जबरदस्त वापसी, यशस्वी का दोहरा शतक बना टर्निंग प्वाइंट

# भारत ने इंग्लैंड को 106 रन से हराया, बुमराह ने झटके नौ विकेट

**विशाखापट्टनम (एजेंसी)।** भारत ने विशाखापट्टनम टेस्ट 106 रन से जीत लिया है। सोमवार को डॉ वायएस राजशेखर स्टेडियम में इंग्लैंड दूसरी पारी में 292 रन ही बना सका। टीम को 399 रन का लक्ष्य मिला था। भारत से रविचंद्रन अश्विन और जसप्रीत बुमराह ने 3-3 विकेट लिए। इसी के साथ अश्विन ने 499 टेस्ट विकेट पूरे कर लिए। भारत के लिए पहली पारी में यशस्वी जायसवाल का दोहरा शतक टर्निंग पॉइंट रहा। उन्होंने 209 रन की पारी खेली और टीम को 396 के पार पहुंचाया। इंग्लैंड दोनों पारियों में 300 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सका। भारत से शुभमन गिल ने भी दूसरी पारी में शतक लगाया। जसप्रीत बुमराह ने मैच में 9 विकेट लिए, उन्होंने पहली पारी में 6 विकेट लेकर इंग्लैंड को बैकफुट पर धकेला था। बुमराह ने ही दूसरी पारी में इंग्लैंड का 10वां विकेट लिया। वह प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे।



दूसरे टेस्ट में जीत के साथ भारत ने 5 टेस्ट की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली है। पहला टेस्ट इंग्लैंड ने 28 रन से जीता था। बताते चलें कि शुक्रवार को विशाखापट्टनम में भारत ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। पहली पारी में भारत ने 396 और इंग्लैंड ने 253 रन बनाए। दूसरी पारी में भारत ने 255 रन बनाए। जबकि इंग्लैंड टीम चौथे दिन के दूसरे सेशन में ऑलआउट हो गई। टीम ने 42.4 ओवर में 194/6 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। जसप्रीत बुमराह ने दो और मुकेश कुमार ने एक विकेट लिया। वहीं श्रेयस अय्यर का डायरेक्ट हिट से बेन स्टोक्स को रन आउट करना सेशन में टर्निंग पॉइंट रहा। इंग्लैंड टीम 292 रन ही बना सकी और उन्हें 106 रन से मुकाबला गंवाना पड़ा।

### इंग्लिश टीम को अपने ही बैजबॉल अप्रोच के कारण करना पड़ा हार का सामना

विशाखापट्टनम में इंग्लिश टीम को अपने ही बैजबॉल अप्रोच के कारण हार का सामना करना पड़ा। बैजबॉल आक्रामक बल्लेबाजी की रणनीति है, जिसे इंग्लिश टीम की चीफ कोच ब्रेंडन मैकुलम के निकनेम बैज पर बनाया गया है। तीसरे दिन के खेल के बाद एंडरसन ने कहा था- हम वैसा ही खेलेंगे जैसा हम पिछले दो साल से खेल रहे हैं। हम जीतें या हारें, यह मायने नहीं रखता, क्योंकि हम हर मैच को जीतना चाहते हैं। फिर टारगेट 600 रन ही क्यों न हो।

### भारत को टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में तीन स्थान का फायदा

भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला टीम इंडिया ने 106 रन से जीत लिया है। इस जीत के साथ ही भारत ने पांच मैच की सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली है। इस जीत से भारत को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंक तालिका में भी बड़ा फायदा हुआ है। अब भारतीय टीम 52.77 फीसदी अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। वहीं, ऑस्ट्रेलियाई टीम 55 फीसदी अंक के साथ शीर्ष पर काबिज है। अगला मैच जीतने पर भारतीय टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच सकती है।

## अश्विन ने रचा इतिहास, तोड़ा 45 साल पुराना रिकॉर्ड



**विशाखापट्टनम (एजेंसी)।** भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के दूसरे मुकाबले को अपने नाम कर लिया है। उसने विशाखापत्तनम में खेले गए मुकाबले को 106 रन से जीत लिया। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने सीरीज को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। इंग्लैंड ने हैदराबाद में खेले गए पहले मुकाबले को अपने नाम किया था। भारत के लिए दूसरे टेस्ट में दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कुल तीन विकेट लिए। उन्होंने इस मैच के दौरान एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। अश्विन इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए। उन्होंने इस मामले में पूर्व स्पिनर भागवत चंद्रशेखर को पीछे छोड़ दिया। अश्विन के इंग्लैंड के खिलाफ 21 टेस्ट में 97 विकेट हो गए हैं। चंद्रशेखर ने 1964 से 1979 के बीच 23 टेस्ट में 95 विकेट झटके थे। इंग्लैंड के बेन डकेट को आउट कर उन्होंने चंद्रशेखर के 45 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। अब वह इंग्लिश टीम के खिलाफ 100 विकेट पूरे करने से सिर्फ तीन कदम दूर हैं।

## कोयला चोरों ने किया सीआइएसएफ जवानों पर पथराव

धनसार (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र चांदमारी में सोमवार को सीआइएसएफ ने हाइवा से कोयला चोरी करने से रोका तो कोयला चोरों ने सीआइएसएफ की गश्ती दल पर पथराव कर दिया। किसी तरह गश्ती दल वहां से भाग कर जान बताई। बाद में वहां सीआइएसएफ की टीम पहुंची और सभी कोयला चोरों को खदेड़ दिया। हमलावरों के खिलाफ सीआइंएसएफ के महिला आरक्षी पूनम एक्का ने धनसार थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इसके बाद धनसार पुलिस इन आरोपियों की तलाश मे जुट गई है।सीआइएसएफ आरक्षी ने शिकायत में लिखा है कि बस्ताकोला कोलडंप से हाइवा से कोयले का ट्रांसपोर्टिंग किया जाता है। प्रतिदिन चांदमारी पुराना सीआइएसएफ कैंप के समीप दर्जनों कोयला चोर हाइवा रोककर जबरन कोयला उतारते है। इसकी सूचना पाकर जब सीआइएसएफ की गश्ती दल वहां पहुंची तो सभी कोयला चोरों ने पथराव कर दिया। आरक्षी ने बताया कि सभी कोयला चोर चांदमारी बस्ती के बताए जा रहे हैं। इधर, जोड़ाफाटक व बरमसिया मे प्रशिक्षु डीएसपी सह प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने सोमवार को अवैध रूप से बाइक से कोयला ले जा रहे लोगों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान बाइक से कोयला ले जा रहे लोगों के बीच भगदड़ मच गई। सभी कोयलाचोर बाइक छोड़ कर भागते नजर आए। इसी बीच पुलिस ने बरमसिया और जोड़ाफाटक मे छह कोयला चोरों को धर दबोचा। जबकि अन्य कोयला चोर भाग निकले। पुलिस ने मौके से 10 बाइक व उस पर लदे तीन टन कोयला जब्त किया है। धनसार पुलिस ने पकड़े गए लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वहीं, बरमसिया में अवैध बालू लदा वाहन भी जांच अभियान के दौरान पकड़ा गया। इस अभियान से बालू के अवैध धंधेबाजों मे हड़कंप मचा हुआ है।

## चिंता : नये एसपी की सख्ती के बावजूद कोयला चोरी जारी

# सीआइएसएफ ने छापामारी कर जब्त किया 100 टन अवैध कोयला

आजाद सिपाही संवाददाता



कोलया के अवैध ठिकाने पर छापामारी कर जब्ती करते सीआइएसएफ के जवान।

**धनसार।** एसएसपी के कोयला चोरी पर अंकुश लगाने के निर्देश के बाद भी क्षेत्र में कोयला चोरी रूकने का नाम नहीं ले रहा है। इस बात का प्रत्यक्ष उदाहरण कुसुंडा सीआइएसएफ की ओ्र से सोमवार को सिंहनगर मुख्य मार्ग में छापामारी कर 100 टन कोयला जब्त करने के बाद मिला है। छापामारी का नेतृत्व सीआइएसएफ इंस्पेक्टर राजीव कुमार सिंह कर रहे थे।इससे कोयला चोरों में हड़कंप मच गया। सीआइएसएफ ने जब्त कोयला को बीसीसीएल प्रबंधन को सौंप दिया है।बताया जा रहा कि राजापुर, दोबारी व बस्ताकोला से कोयला लोड लेकर सैकड़ों हाइवा झरिया केंदुआ मुख्य मार्ग सिंहनगर होकर बीएनआर साइडिंग कुस्तौर और बोरागढ़ साइडिंग जाती है। कोयला लेकर पहुंचे हाइवा को सिंहनगर में तीन-चार जगहों पर रूकवाकर कोयला उतारा जाता है। इसके बाद कोयलाचोर इसे धंधेबाज को बेच देते हैं। इसके बाद धंधेबाज बाइक और साइकिल के माध्यम से अन्यत्र खपाते है। बतातें कि यही पर कोयला चोरी में वर्चस्व को लेकर धनंजय यादव और रामबाबू धिक्कार के बीच कई बार झड़प भी हो चुकी है। यहां तक की धनंजय की हत्या तक हो गई। धनंजय की मौत और रामबाबू के फरार होने के बाद कई अन्य कोयला चोर सक्रिय हो चुके हैं। यहां मुख्य मार्ग में डंके की चोट पर कोयला चोरी मुख्य मार्ग सेही की जाती है।कोयला चोर यहां कोयला चोरी कर पुलिस के वरीय पदाधिकारियों को ठेंगा दिखा रहे है। प्रतिदिन 50 से 60 टन तक कोयला चोरी हो रही है।स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद भी पुलिस इसे रोकने में असफल हो रही है।

# मैट्रिक और इंटर की परीक्षाएं आज से, परीक्षा सेंटर पर निषेधाज्ञा जारी

**माध्यमिक परीक्षा के 99 और इंटरमीडिएट के हैं 92 केंद्र**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा को कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बैठक की गई। अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने माध्यमिक परीक्षा के 99 एवं इंटरमीडिएट के 92 परीक्षा केंद्रों पर सोमवार की रात 12 बजे से निषेधाज्ञा लागू कर दी है। माध्यमिक परीक्षा के लिए धनबाद के 17, झरिया के 14, बलियापुर के 9, गोविंदपुर के 12, टुंडी के 10, निरसा के 17, बाघमारा के 11 व तोपचांची के 9 (कुल 99) परीक्षा केंद्रों पर निषेधाज्ञा लागू की गई। वहीं इंटरमीडिएट के लिए धनबाद के 22, झरिया के 15, बलियापुर के 9, गोविंदपुर के 9, टुंडी के 6, निरसा के 12, बाघमारा के 13 व तोपचांची के 6 परीक्षा केंद्रों सहित 92 केंद्रों में निषेधाज्ञा लागू की है। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा मंगलवार से आरंभ हो रही है। माध्यमिक परीक्षा 6 से 26 फरवरी तक प्रथम पाली में सुबह 9.45 बजे से दोपहर एक बजे तक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा 26 फरवरी तक द्वितीय पाली में दोपहर दो बजे से संध्या 5.15 बजे तक संचालित की जाएगी। परीक्षा को कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संचालित करने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर परिक्षेत्र में प्रत्येक दिन से परीक्षा समाप्ति तक के लिए धारा 144 जारी की गई है। इस दौरान परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ लगाने, अनावश्यक घूमने, लाउडस्पीकर का उपयोग करने, अनाधीकृत रूप से हथियार लेकर चलने, मटरगश्ती करने, परीक्षा से संबंधित कोई भी कागज या पत्र अथवा अन्य सामग्री वितरित करने या इसकी गोपनीयता पर प्रतिकूल प्रभाव डालने का प्रयास करने आदि को प्रतिबंधित किया गया है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### झारखंड में झामुमो हुआ और मजबूत: समीर



धनबाद (आजाद सिपाही)। झामुमो के धनबाद जिला प्रवक्ता समीर रवानी ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि रविवार को गोल्फ ग्राउंड में पार्टी के 52वें स्थापना दिवस के सफल आयोजन के लिए जिला नेतृत्व आम जनता का आभार है। साथ ही प्रशासनिक पदाधिकारीयों एवं प्रेस मीडिया के सहयोग के लिए भी धन्यवाद हैं। रविवार को उमनड़े जनसैलाब ने एक बार फिर साबित किया कि झामुमो झारखंड में और मजबूत हो गई हैं। केंद्र सरकार के इसारे पर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर ईडी कि कार्रवाई से भारी नाराजगी है। पार्टी के स्थापना दिवस पर पहुंची लोगों की भीड़ ने यह साबित कर दिया कि वे हेमंत सोरेन जी से कितना प्यार करती हैं। झारखंड की जनता भाजपा को देश और राज्य से उखाड़ फेंकने के लिए तैयार हैं। कहा कि हेमंत सोरेन जल्द ही जेल से बाहर होंगें और 2024 में पुन: उनके (हेमंत सोरेन) नेतृत्व में ही झारखंड में आदिवासी मूलवासियों की सरकार बनेगी।

### आजसू के पूर्व जिलाध्यक्ष दुर्गाचरण महतो बरी




बोकारो (आजाद सिपाही)। आजसू के पूर्व जिलाध्यक्ष सह केंद्रीय सचिव दुर्गाचरण महतो समेत भाजपा नेता जेपी महतो, गणेश चंद्र प्रमाणिक, पूर्व उपमुखिया तारापद महतो, लालचंद महतो, गोराचांद महतो को बोकारो सीजेएम कोर्ट द्वारा पूर्व के एक मामले में जमानत मिल गई है। उनके खिलाफ भादवि की धारा 147, 342, 353, 427 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### पदक विजेता खिलाड़ी हुए सम्मानित



बोकारो (आजाद सिपाही)। भारत सरकार की ओर से तमिलनाडु में आयोजित छठवीं खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बोकारो एमजीएम स्कूल के सात खिलाड़ियों का चयन हुआ हुआ था। इनमें से तीन खिलाड़ियों के पदक जीते। जबकि अन्य सभी खिलाड़ियों का बेहतर प्रदर्शन रहा। उन सभी खिलाड़ियों के सम्मान में स्कूल के प्रार्थना सभा में प्राचार्य रेजी सी वर्गीस द्वारा सम्मानित किया गया। इसमें गतका खेल से बालक वर्ग में जसमीत कुमार, वेदांत भारद्वाज एवं प्रियांशु राज सिंह (तीनों पदक विजेता खिलाड़ी), बालिका वर्ग में साक्षी श्रीवास्तव, जेबा नाज एवं तृप्ति झा, जूडो खेल से जयंत कुमार शामिल हैं। प्रशिक्षक राजीव कुमार सिंह ने बताया कि यह सातों स्कूल के काफी अनुभवी खिलाड़ी है। इनमें से कुछ खिलाड़ी पहले भी खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भाग ले चुके हैं। वहीं, एमजीएम स्कूल के प्राचार्य रेजी सी वर्गीस और प्रबंधन के सदस्यों ने खुशी जताते हुए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। दूसरी ओर स्कूल के उप प्राचार्य रेखा बनर्जी के साथ ही खेल शिक्षकों में ओमप्रकाश तिवारी, राजेश्वर सिंह, मीनाक्षी कुमारी एवं वंदना कुमारी आदि मौजूद थे।

# नावाडीह स्थित कृषक पाठशाला का निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**नावाडीह/बेरमो।** बोकारो डीसी के निर्देश प रगठित पांच दिवसीय जांच टीम ने सोमवार को आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति की ओर से संचालित समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला योजना का औचक निरीक्षण किया। जांच टीम में डीएमएफटी इंजिनियर अभिषेक कुमार, शुभांकर साहू भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी अंजली राय, जेएसएलपीएस के डीपीएम प्रकाश रंजन आदि शामिल थे। उक्त जांच समिति ने कृषक पाठशाला में बने प्रशिक्षण भवन, गाय शेड, बकरी शेड, तलाब, सुकर शेड के साथ पाठशाला में लगे विभिन्न प्रकार के फलदार पौधा एवं उच्च मुल्य के खेती का भी जांच किया। भूमि संरक्षण पदाधिकारी ने समिति के सचिव बासुदेव शर्मा को कृषक पाठशाला के सभी कार्यों को अविलंब पूरा करने का निर्देश दिया। कहा कि सभी कार्यों का निष्पादन करने के पश्चात किसानों को प्रशिक्षण कार्य प्रारंभ करें। इस दौरान कृषक पाठशाला के मानव संसाधन व अन्य दस्तावेजों का भी जांच किया गया। मौके पर कौशिक कुमार चौधरी, अजानंद प्रसाद सिंह, अनवर अंसारी, असगर हुसैन, निहाल ओझा, आशिष मिश्रा, गिरीश कुमार, रंजीत कुमार, अरूण कुमार, शीला कुमारी, अजय कुमार, चंदन कुमार, लखन महतो, राजू कुमार आदि उपस्थित थे।

## बीडीओ ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

**चतरोचट्टी (आजाद सिपाही)।** झारखंड अधिविध परिषद रांची की ओ्र से आयोजित वार्षिक (सैद्धांतिक) परीक्षा को लेकर गोमिया प्रखंड के बीडीओ महादेव कुमार महतो ने सोमवार को परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने चतरोचट्टी थाना क्षेत्र में स्थित छोटकीसिधावारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय और चतरोचट्टी उत्क्रमित प्लस-2 उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया एवं परीक्षा संचालन के लिए मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली।बीडीओ ने बताया कि यह परीक्षा जैक बोर्ड द्वारा मंगलवार से शुरू हो रही है, जो 26 फरवरी तक चलेगी। जिसमें उत्क्रमित मध्य छोटकी सिधावारा में 167 परीक्षार्थी और उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय चतरोचट्टी में 330 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगें। सुगम एवं समय पर परीक्षार्थियों का प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए बेहतर प्रबंध करने को कहा है। स्वच्छ, कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा आयोजित करने के जिला प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्था की गई है। मानकों के अनुसार दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। परीक्षार्थियों की सीसीटीवी एवं वीडियो कैमरा से निगरानी हो रही है। उन्होंने निर्देश दिया कि परीक्षा समिति के निर्देशों के अनुरूप वार्षिक परीक्षा का संचालन सभी केंद्रों पर किया जाय। विहित प्रक्रिया की अनुपालन के लिए सभी वरीय पदाधिकारी नियमित निरीक्षण करें।


**Deputy Commissioner-cum-District Magistrate, Ramgarh**
(District Dev. Sec.)
1st Floor, Block "B", Collectorate Ramgarh, Chatarmandu, Ramgarh- 825101, Jharkhand

**NOTICE INVITING FOR URGENT TENDER**

Tender Reference No: 01/2023-24 `Date: - 03-02-2024

District Development Section, Ramgarh (the "Authority") intends to associate an agency for a period of 2 Years However, the Authority on its sole discretion will have the right to float a fresh bid for the said premises if needed.

Request for Proposal for Selection of Agency for Renovation, Operation & Maintenance of four Community/Public Toilets in Patratu block of Ramgarh.

| Sl. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Selection of Agency for Renovation, Operation & Maintenance of four Community/Public Toilets in Patratu block of Ramgarh |
| 2 | Period of Work | 30 Days |
| 3 | Date of Publication of Bid on website | 03/02/2024 |
| 4 | Tender Cost/ Document Fee | Rs 2,000.00 (In the form of DD) in favour of **CSR, Ramgarh.** |
| 5 | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs. 65,000.00 in the form of FD (Valid for at least 6 months from the last date of submission of the bid) duly pledged in favour of **CSR, Ramgarh.** |
| 6 | Pre-Bid Meeting | Date: 15/02/2024 Time: 02:30 PM |
| 7 | Last date and time of receipt of Bid | Date: 19/02/2024 Time:03:00 PM |
| 8 | Date and time of opening of Bid | Date: 20/02/2024 Time: 12:30 PM |
| 9 | Bid submission Place | District Development Section, Ramgarh, "B" Block, 1st Floor, Collectorate Ramgarh, Chhattarmandu, Ramgarh-825101 |
| 10 | Date, time and venue for the power point presentation and opening of Bid | Date: 20/02/2024 Time: 12:30 PM Deputy Commissioner Office, Ramgarh "A" Block, 1st Floor, Collectorate Ramgarh, Chhattarmandu, Ramgarh-825101 |

Note
1. Office of the District Development Section reserves the right to change any schedule. Please visit the website mentioned in the RFP document regularly for the same.
2. Proposals must be received not later than time, date and venue mentioned in the Fact Sheet. Proposals that are received after the specified date and time will not be considered.
3. The selected bidder can also choose to convert the EMD into Performance security by submitting a new Demand Draft in favour of Bidding Authority.

ह0/–
उप विकास आयुक्त
रामगढ़

PR 317854 District (23-24)_D



Government of India Ministry of Labour & Employment

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर गुमला**

National Career Service

**रोजगार मेला– 07 फरवरी 2024 रिक्ति सूचना**

राज्य के बेरोजगार युवक/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजन का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर गुमला के तत्वाधान में **नगर भवन गुमला परिसर में दिनांक–07.02.2024 (बुधवार)** के पूर्वाह्न 10:00 बजे से 4:00 बजे तक एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला में निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

**स्थान:– नगर भवन गुमला परिसर में।**

| Sl NO | Name of the Employer & Address | Name of the post | No. of Vacancy | Qualification Required | Experience | Age (Min. / Max) | (Pay/ Scale) | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | SAHU NURSING HOME, PALKOT ROAD, GUMLA | ANM- GNM | 05 | ANM- GNM | 0 to3 Years | 18-35 Years | 3,000/- to 10,000/- Per Month | Palkot Road Gumla |
| | | WARD BOY | 05 | Inter Pass | 0 to3 Years | 18-35 Years | 3,000/- to 10,000/- Per Month | Palkot Road Gumla |
| | | COOK | 01 | Non Matric | 2 Years | 27 Years | 4,000/- to 5,000/- Per Month | Palkot Road Gumla |
| | | Lab Technician. MALE | 01 | DMLT | 1Year | 18 Years | 7,000/- to 12,000/- Per Month | Palkot Road Gumla |
| | | DRESSER | 02 | DRESSER | 0 to3 Years | 18 Years | 4,000/- to 8,000/- Per Month | Palkot Road Gumla |
| 2 | TEJ ORTHOPEDICS AND SURGICAL HOSPITAL, KAROUNDI, GUMLA | Staff Nurse (Female) | 01 | ANM/ GNM | 1 year/ 6 Months Post Experience | 18-35 Years | 4,000/- to 6,000/- Per Month | Tej Hospital, Karoundi Gumla |
| | | Lab Technician (Female/ Male) | 01 | DMLT | 1year Experience | 18-35 Years | 6,000/- to 8,000/- Per Month | Tej Hospital, Karoundi Gumla |
| 3 | PRIVATE ITI COLLEGE, DUMARDIH, GUMLA, K.O COLLEGE ROAD DUMARDIH. | ELECTRICIAN TRANING OFFICER | 01 | B. Tech ELECTRICAL ENGINEERING from AICTE/ UGC ENGINEERING COLLEGE/ UNIVERSITY OR | 1 Year Teaching of Work Experience | 25-35 Years | 9,000/- to 15000/- Per Month | Pvt Iti Dumardih, Gumla. |
| | | | | DIPLOMA IN ELECTRICAL ENGINEERING, AICTE APPROVED ENGINEERING COLLEGE OR | 2 Year Teaching of Work Experience | | | |
| | | | | NTC/NAC (ITI) PASSED IN THE TRADE OF ELECTRICIAN (DESIRABLE: NCIC CERTIFICATE) | 3 Year Teaching of Work Experience | | | |
| 4 | FRIENDS MOTORRAD, (BULLET SHOWROOM PALKOT ROAD, GUMLA) | SALES MANAGER | 01 | Graduate Pass | Must have 2-3 years Experience in Automobile and 2-4 Wheeler. | 25-35 Years | 10,000/- to 20,000/- Per Month | Palkot Road, Gumla |
| | | SALES EXECUTIVE | 01 | Graduate Pass | Must have 1-2 years Experience in Automobile. | 20-30 Years | 8,000/- to 12,000/- Per Month | Palkot Road, Gumla |
| | | AUTOMOBILE TECHNICIAN (Only Male) | 01 | Graduate 12th Pass | Must have 1-2 years Experience in Automobile. | 20-30 Years | 8,000/- to 15,000/- Per Month | Palkot Road, Gumla |
| 5 | SUSHILA FOUNDATION FOR AGRICULTURAL & RURAL DEVELOPMENT (SFARD), SISAI, GUMLA | MIS Cum Centre Coordinator | 01 | 12th Pass | 1year | 18-35 Years | 10,000/- to 12,000/- Per Month | Sisai Gumla |
| | | Device Operator | 01 | 10th Pass | 1year | 18-35 Years | 8,000/- to 10,000/- Per Month | Sisai Gumla |
| | | General Duty Assistant (GDA) Trainer (TOT Certified) | 04 | ANM/ GNM | 1year | 18-35 Years | 12,000/- to 18,000/- Per Month | Sisai Gumla |
| | | Sampling Tailor (ST) Trainer (TOT Certified) | 04 | Graduation | 1year | 18-35 Years | 12,000/- to 15,000/- Per Month | Sisai Gumla |
| | | Guard | 01 | 8th | Fresher | 18-35 Years | 6,000/- to 8,000/- Per Month | Sisai Gumla |
| | | Cook | 02 | 8th | 1year | 18-35 Years | 8,000/- to 10,000/- Per Month | Sisai Gumla |
| | | Cleaner | 01 | 8th | Fresher | 18-35 Years | 6,000/- to 8,000/- Per Month | Sisai Gumla |
| | | Moblizer | 01 | 10th | Fresher | 18-35 Years | 8,000/- to 10,000/- Per Month | Sisai Gumla |
| 6 | THE WAXPOL INDUSTRIES LTD, RANCHI | Research and Development (On Company Payroll) | 01 | M.Sc Chemistry | PHD Chemistry | 22-45 Years | 20,000/- to 30,000/- Per Month | H.B Road, Butty, Ranchi. |
| | | Chemist (On Company Payroll) | 01 | B.Sc Chem., M. Sc Chem., | M.Sc Chemistry | 20-40 Years | 15,000/-20,000/ Per Month | Tatisilwai Ranchi |
| | | Welder (On Third Party Payroll) | 01 | ITI WELDER | Fresher | 18-40 Years | Skilled | H.B Road, Butty, Ranchi. |
| 7 | GURUKUL SHIKSHA, RANCHI | Computer Teacher | 02 | Graduate DCA/ DPT/ Tally | Fresher | 20-50 Years | 10,000/- to 25,000/- Per Month | Ranchi |
| | | Tele caller/ Academic Counselor | 05 | Graduate Pass | Fresher | 18-40 Years | 6,000/- to 25,000/- Per Month | Ranchi |
| | | Receptionist | 02 | Graduate Pass | Fresher | 20-50 Years | 6,000/- to 25,000/- Per Month | Ranchi |
| | | Marketing Executive | 05 | Graduate Pass | Fresher | 20-50 Years | 8,000/- to 20,000/- Per Month | Ranchi |
| 8 | CHAITANYA FINCREDIT PVT. LTD | Customer Relationship Executive (CRE) | 50 | 10th/ 12th Pass | Fresher | 18-28 Years | 10,090/- Per Month (Plus Fuel, iIncentive, and Accomodation Free) | Hazaribag, Latehar, Daltonganj, All Jharkhand. |
| 9 | SPANDANA SPHOORTY FINANCIAL LTD . RAMGARH | Trainee Credit Assistant (Bike and Driving License Mandatory) | 20 | 12th , ITI Pass (Male/ Female) | Fresher | 19-28 Years | 12,000/- Per Month | Lohardaga, Palamu, Chatra, Garhwa , Latehar, All Jharkhand |
| 10 | SGRS ACADEMIC PVT LTD, GUMLA | General Duty Assistant Trainer | 04 | GNM, B.Sc. Nursing | 1-2 years in Hospital | 21-35 Years | 21,100/- Per Month | All Jharkhand |
| | | Sewing Machine Operator Trainer | 06 | 12th Pass,(Desirable: B.A in fashion & Design) | 2-6 years in Textile Industry | 21-35 Years | 15,600/-to 21,100/- Per Month | All Jharkhand |
| | | Soft Skill Trainer | 02 | B.A in English, (Desirable: MBA) | 1-2 Years in Teaching | 21-35 Years | 15,600/- Per Month | All Jharkhand |
| 11 | BESTS JOB RANCHI | Data Entry Operator (Typing 35-40 W.P.M) | 120 | 12th Pass (Desirable: Graduate Pass) | 1 Years | 18-38 Years | 12,000/-to 18,000/- Per Month | Ranchi |
| | | Call Center | 70 | 12th Pass (Desirable: Graduate Pass) | 2 Years | 21-35 Years | 12,000/-to 25,000/- Per Month | Ranchi |
| | | Female Promoter | 30 | 10th Pass (Desirable: Graduate Pass) | Fresher | 18-40 Years | 8,000/- Per Month Plus Incentive. | Gumla |
| | | Security Guard | 70 | 10th Pass (Desirable: Graduate Pass) | Yes H- 170 cm. W- 57 kg | 18-35 Years | 10,000/-to 18,000/- Per Month Plus Lodging Free. | Asansol Ranchi Gharwa |
| | | Accountant | 05 | Graduate Pass (Desirable: Commerce Graduate Pass) | 1 Years | 22-40 Years | 12,000/- to 35,000/- Per Month | Ranchi |
| | | Receptionist | 10 | 12th Pass (Desirable: Graduate Pass) | 1 Years | 18-35 Years | 12,000/- to 18,000/- Per Month | Ranchi |
| 12 | ARYAN STEELS | Machine Operator | 04 | 12th , ITI Pass (Male/ Female) | Fresher | 18-40 Years | 15,500/- Per Month (For 12 hours) | Nagpur, Maharastra. |
| | | Helper (Male) | 02 | 10th Pass | Fresher | 18-40 Years | 15,000/- Per Month (For 12 hours) | Nagpur, Maharastra. |
| | | Security Guard | 02 | Non Matric | Fresher | 25-55 Years | 14,000/- Per Month | Nagpur, Maharastra. |
| 13 | SYNNOVA GEARS & TRANSMISSION PVT. LTD | CNC M/C Operator | 200 | 10th , 12th and ITI pass All Trades | Fresher | 18-36 Years | 12,500/- Per Month (Accomodation Free) | Rajkot, Ahmedabad, Gujrat |
| | | DMC M/C Operator | 300 | 10th , 12th and ITI pass All Trades | Fresher | 18-36 Years | 15,000/- Per Month (Accomodation Free) | Rajkot, Ahmedabad, Gujrat |
| | | Quality | 200 | 10th Pass (MALE and FEMALE Both) | Fresher | 18-36 Years | 15,000/- Per Month | Rajkot, Ahmedabad, Gujrat |
| 14 | G4s | SECURITY GUARD Height Male 5'3", Female 5'2". | 500 | 10th Pass (MALE and FEMALE Both) | Fresher | 18-40 Years | 14,000/- to 21,000/- Per Month (Immediate Joining) | Hyderabad, Chennai,Kolkata, Gujrat, Bangalore, Delhi. |
| 15 | LIC Gumla | Agency Recruitment. | 100 | 10TH, 12th Pass | Fresher | 18-60 Years | Commission Based | Gumla. |

**नोट :–** योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा नजदीकी नियोजनालय पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त रोजगार मेला में नियोजक/नियोजकों के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों **Residential, Resume (Self Attested), Aadhar Card (Self Attested), Pan Card (Self Attested), Voter Id (Self Attested), Own Bike/ Scooty RC (Self Attested), Educational Mark sheet and Certificate, Bank Account Details** एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी ) दो पासपोर्ट साईज फोटो एवं **अनिवार्य रूप** के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं। चूँकी रिक्ति निजी क्षेत्र की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।

❖ **किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है।**

PR 317879 (Labour Employment and Traning)23-24*D

जिला नियोजन पदाधिकारी,जिला नियोजनालय, गुमला

### 16वीं विधानसभा का आखिरी सत्र शुरू, राज्यपाल ने दिया अभिभाषण

# ओड़िशा का शासन पारदर्शिता और सुशासन का प्रतीक है : रघुवर दास

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** 16वीं विधानसभा का आखिरी सत्र शुरू हो गया। सत्र शुरू होने से पहले राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राज्यपाल रघुवर दास ने विधान सभा के दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित की और शहीद जवानों के निधन पर शोक व्यक्त किया। इसके बाद राज्यपाल ने सदन में अपना भाषण दिया। उन्होंने सभी सदस्यों को नव वर्ष की बधाई दी और विधानसभा में अपने संबोधन में राज्य सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

राज्यपाल रघुबर दास ने कहा कि 800 करोड़ रुपये की लागत से 17 जनवरी को परिक्रमा परियोजना का उद्घाटन करने के लिए सरकार को धन्यवाद दिया। पुरी परिक्रमा परियोजना के माध्यम से भक्तों को आध्यात्मिक अनुभव देने के लिए कई सुविधाएं प्रदान की गयी हैं। भक्तों को श्रीमंदिर से 75 मीटर तक परिक्रमा परियोजना का आध्यात्मिक अनुभव मिल रहा है। उन्होंने ओड़िया लोगों की आस्था के प्रतीक मंदिर के असाधारण परिवर्तन के साथ विरासत और संस्कृति को सुरक्षित और संरक्षित रखने के लिए राज्य के धार्मिक संस्थानों के परिवर्तन को प्राथमिकता दी है।



श्रीमंदिर परिक्रमा परियोजना के बाद राज्य सरकार ने मां समलेई परियोजना भी शुरू की है। राज्यपाल रघुवर दास ने 200 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित मां समलेई मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। इसी तरह 280 करोड़ रुपये की लागत से लिंगराज मंदिर के आसपास का विकास किया है।

राज्य सरकार ने विभिन्न विरासत स्थलों के विकास को महत्व दिया है। हमारा ओड़िशा, नवीन ओड़िशा एक अनूठी पहल है। राज्य सरकार ने ग्रामीण ओड़िशा के तीव्र विकास और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए विकासात्मक कदम उठाये हैं। इससे राज्य सरकार इंटरनेट सुविधाओं , डिजिटल सुविधाओं , संस्कृति और खेलों को बढ़ावा देने के साथ - साथ ग्रामीण विकास को बढ़ावा दे रही है।

राज्यपाल ने कहा कि नुआ ओ युवा लोगों के समावेश और सशक्तिकरण के लिए एक अभूतपूर्व अभियान है। 5-टी और मो सरकार ने शासन के एक नये युग की शुरुआत की है। इससे सरकार और लोगों के बीच की दूरी कम हो गयी है। ओड़िशा का शासन पारदर्शिता और सुशासन के प्रतीक के रूप में उभरा है।

2022-23 में राज्य में खाद्यान्न उत्पादन 141.36 मीट्रिक टन तक पहुंच गया है, जो 2000-01 में 55.35 लाख मीट्रिक टन था। राज्य सरकार आधुनिक कृषि पद्धतियों के माध्यम से कृषि क्षेत्र का विकास कर रही है। प्राकृतिक आपदाओं के बावजूद भी ओड़िशा कृषि के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बन कर उभरा है।

## विकास के नाम पर विनाश की तस्वीर दिखा रही है ओड़िशा सरकार : मोहन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** 16वीं विधानसभा का आखिरी सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। भाजपा विधानसभा सत्र में विभिन्न जनमुद्दों, आम लोगों की आर्थिक समस्याओं और वर्तमान सामाजिक व राजनीतिक स्थिति पर गहन चर्चा करेगी और सरकार से जवाब मांगेगी।

विपक्ष के मुख्य सचेतक मोहन चरण माझी ने कहा कि बीजू जनता दल विधानसभा में जनविरोधी मुद्दों पर राज्य सरकार को घेर घेरेंगे। प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल की उपस्थिति में प्रदेश कार्यालय में भाजपा विधायक दल की बैठक हुई है।

बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए विपक्ष के मुख्य सचेतक श्री माझी ने कहा कि बीजेडी शासन में ओड़िशा में भ्रष्टाचार और व्यभिचार चरम सीमा को पार कर गया है, जो नवीन के 24 साल के शासन में स्पष्ट है। भगवान श्रीजगन्नाथ को लेकर राजनीति करने वाली बीजेडी सरकार ने जगन्नाथ संस्कृति और परंपरा को नष्ट कर दिया है।

श्री माझी ने कहा कि ओडिशा को 24 वर्षों तक बीजेडी शासन के तहत सताया गया है, ओडिशा को लूटा गया है और ओड़िशा के लोग 'विकास के नाम पर विनाश' की तस्वीर देख रहे हैं। इस बैठक में राज्य साधारण संपादक (संगठन) मानस कुमार महांति विधायक नाउरी नायक के साथ राज्य मीडिया समन्वयक सुजीत कुमार दास प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## किट में दो दिवसीय उड़िया कवियों के सम्मेलन का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** रविवार को किट में दो दिवसीय उड़िया कवियों के सम्मेलन का उद्घाटन किया गया । यह उड़िया भाषा सम्मेलन के हिस्से के रूप में आयोजित किया जा रहा है । इसके विशेष सत्र में 5टी के अध्यक्ष वीके पांडियन ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और कहा कि दुनिया में पैदा हुआ हर व्यक्ति कवि है। उन्होंने कहा कि कविता जीवन का हिस्सा है। मनुष्य अपने दिमाग का उपयोग करके विभिन्न क्षेत्रों में कई काम कर सकता है, लेकिन कविता दिल से आती है। हम जिस क्षेत्र में काम करते हैं, उसमें हम सभी कवि हैं, उन्होंने कहा। इस मौके पर पांडियन ने अपनी लिखी उड़िया कविता सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

किट और किस के संस्थापक और कंधमाल के सांसद डॉ अच्युत सामंत ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि भाषा हमारा अतीत और हमारे भविष्य का अस्तित्व है। विश्व उड़िया



सम्मेलन आपके गौरव के साथ अंतरंग होने का एक शानदार अवसर है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की दूरदर्शिता और प्रयास अत्यधिक सराहनीय हैं।

डॉ सामंत ने उड़िया कवि सम्मेलन आयोजित करने की अनुमति देने के लिए राज्य सरकार और मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर प्रख्यात कवि पद्मश्री श्रीनिवास उद्गाता ने अपनी कविता का पाठ किया।

सुबह उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, एसटी और एससी विकास, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री, जगन्नाथ सारका ओडिशा सरकार के कानून विभाग ने कहा कि उडिया भाषा सम्मेलन युवाओं को उडिया भाषा के विकास के लिए प्रेरित करेगा।

हर उड़िया की पहली पहचान उड़िया भाषा है। प्रख्यात कवि पद्म विभूषण सीताकांत महापात्र ने कहा कि उड़िया भाषा अन्य भाषाओं से आगे रही है। उन्होंने कहा कि हर किसी को अपनी मातृभाषा के प्रति प्यार और सम्मान रखना चाहिए।

### ओड़िशा केंद्रीय विवि में विश्व हिंदी महोत्सव

# बदलती दुनिया में हिंदी भाषा की मुख्य विशेषता है : कुलपति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय, कोरापुट में सोमवार को विश्व हिंदी महोत्सव का आयोजन करते हुए उत्साह से गूंज रहा था। इस घड़ी में देशभर और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी भाषा को बढ़ावा, प्रसार और विश्वभर में फैलाने का हिस्सा मनाया गया। विश्व हिंदी दिवस का वैश्विक उत्सव 10 जनवरी को मनाया गया था, जो हिंदी को वैश्विक स्तर पर बढ़ाने की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. चक्रधर त्रिपाठी ने हिंदी के प्रचार और विकास के लिए विभिन्न पहलुओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी हैं। इनमें 'हिंदी साक्षरता अभियान' शामिल है, जो केवल विश्वविद्यालय के अंदर ही नहीं, बल्कि पांच अपने गांवों में भी सक्रिय रूप से चल रहा है। विश्व हिंदी दिवस 2024 का थीम, हिंदी: पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम बुद्धिमत्ता तक ने विश्वविद्यालय में एक विशेष सेमिनार और अन्य कार्यक्रमों के लिए मुख्य बिंदु साबित हुआ। प्रमुख अध्यापक प्रो चक्रधर त्रिपाठी द्वारा संबोधित उद्घाटन सत्र में पूर्व इलाहाबाद विश्वविद्यालय से हिंदी प्रोफेसर प्रो रामकिशोर शर्मा को मुख्य वक्ता के रूप में शामिल किया गया, साथ ही लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व एमेरिटस प्रोफेसर प्रो हरि शंकर मिश्र, शैक्षिक और प्रशासन सलाहकार प्रो. विभाष चंद्र झा, और विश्वविद्यालय के भाषाओं के स्कूल के डीन प्रो नरसिंह चरण पंडा भी कार्यक्रम में योगदान



किया। प्रो रामकिशोर शर्मा ने अपने अनुभव और उपलब्धियों का साझा करते हुए हिंदी के संघर्षों और जीतों को महत्वपूर्ण बनाया, और विश्वविद्यालय के हिंदी के लिए अभियान की प्रशंसा की। प्रो हरि शंकर मिश्र ने हिंदी भाषा के वैश्विक महत्व के बारे में आशावादपूर्ण रूप से बात की, और प्रो. विभाष चंद्र झा ने हिंदी की वैश्विक प्रभावशीलता के संभावनाओं को तकनीकी समृद्धि के साथ जोड़ने की संकेत किया।

प्रो नरसिंह चरण पंडा ने हिंदी के संगठनात्मक भूमिका पर चर्चा की, मानव संबंधों को बढ़ावा देने और राष्ट्रभक्ति को बढ़ावा देने में हिंदी की भूमिका पर बतौर एकजुट करने की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चक्रधर त्रिपाठी ने बताया कि हिंदी अब केवल भारत की प्रमुख भाषा नहीं है; आज, यह ज्ञान और व्यापार की भाषा बन चुकी है।

विश्वविद्यालय के हिंदी साक्षरता अभियान के समन्वयक डॉ निर्झरिणी त्रिपाठी ने अभियान के उद्देश्यों पर विचार किए। संपूर्ण कार्यक्रम को विश्वविद्यालय के राजभाषा खंड के निदेशक प्रो हेमराज मीना ने संगठित किया, जबकि हिंदी विभाग के मुख्य डॉ चक्रधर प्रधान ने धन्यवाद का भाषण दिया।

पूर्व मध्य रेल

सार्वजनिक सूचना

**विषय : महुरिया–दुधीनगर एवं अनपरा रोड – कृष्णशीला स्टेशनों के बीच बने दोहरीकरण परियोजना पर स्पीड ट्रॉयल करने की सूचना।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रमना – सिंगरौली दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत महुरिया–दुधीनगर स्टेशनों एवं करैला रोड–शक्तिनगर दोहरीकरण परियोजना के अन्तर्गत अनपरा रोड – कृष्णशीला स्टेशनों के बीच दिनांक 07.02.2024 को तीव्र गति से विशेष ट्रेन द्वारा स्पीड ट्रायल किया जाएगा तदोपरान्त नियमित ट्रेन परिचालन होगा। किसी को भी रेलवे लाईन के निकट रहना असुरक्षित होगा। अतः सर्वसाधारण को सचेत किया जाता है कि रेलवे लाइन के निकट नहीं आवें और मवेशियों को भी दूर ही रखें। साथ ही समपारों (लेवल क्रासिंग) को पार करते समय भी विशेष सावधानी रखें एवं ट्रेन की स्थिति देख कर ही रेल लाईन पार करें।

इसकी अवहेना करने पर यदि किसी भी प्रकार की दुर्घटना होती है तो इसके लिए रेल प्रशासन जिम्मेवार नहीं होगा।

पीआर/02237/सीओएन/अभि./एन/23–24/48 मुख्य अभि./कॉन/सेंट्रल/पूमरे/हाजीपुर

## सूचना एवं प्रसारण सचिव के रूप में संजय जाजू ने संभाला कार्यभार

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। आइएएस के वरिष्ठ अधिकारी संजय जाजू ने सोमवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव के रूप में कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने अपूर्व चंद्र की जगह ली है, जिन्हें स्वास्थ्य सचिव नियुक्त किया गया है।**




## कैंसर रोकने के बारे में जागरूक करता है वेदांता एल्युमीनियम

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** विश्व कैंसर दिवस पर भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने कैंसर रोगियों, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं और सहायता प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इस अवसर पर वेदांत समूह की रायपुर स्थित अत्याधुनिक कैंसर सुविधा और भारत के अग्रणी कैंसर देखभाल अस्पतालों में से एक बाल्को मेडिकल सेंटर (बीएमसी) ने छत्तीसगढ़ में कैंसर जागरूकता गतिविधियों की एक श्रृंखला का आयोजन किया, जो रोकथाम, पहचान को बढ़ावा देने पर केंद्रित थी। बीएमसी के प्रयासों को स्तन,



गर्भाशय ग्रीवा और सिर और गर्दन के कैंसर - 3 सबसे आम कैंसर - की स्क्रीनिंग से सुसज्जित मैमोग्राफी वैन के माध्यम से लोगों के दरवाजे तक कैंसर देखभाल लाकर 'केयर गैप को बंद करना' थीम के साथ जोड़ा गया था। भारत में और साथ ही रायपुर के मध्य में एक कीमोथेरेपी डेकेयर सेंटर खोला जा रहा है, ताकि मरीजों को कीमोथेरेपी के लिए दूर न जाना पड़े। गैर सरकारी संगठन हेल्प एज इंडिया के सहयोग से बाल्को द्वारा कोरबा में इसी तरह की गतिविधियों और जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बाल्को मेडिकल सेंटर की चेयरपर्सन ज्योति अग्रवाल ने कहा कि विश्व कैंसर दिवस एक अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है कि कैंसर के खिलाफ लड़ाई न केवल क्लीनिकों और प्रयोगशालाओं में लड़ी जाती है, बल्कि प्रभावित लोगों के दिल और दिमाग में भी लड़ी जाती है।

बीमारी के बारे में जागरूकता पैदा करने में बाल्को मेडिकल सेंटर की भूमिका के बारे में बोलते हुए बीएमसी की चिकित्सा निदेशक डॉ भावना सिरोही ने कहा कि इस विश्व कैंसर दिवस पर, बाल्को मेडिकल सेंटर ने बीमारी के शीघ्र निदान को बढ़ावा देने के लिए कैंसर जागरूकता शिविरों की एक श्रृंखला का आयोजन किया, जिससे इलाज की दर में वृद्धि होगी, जीवन की गुणवत्ता बढ़ेगी और उपचार की लागत और अवधि कम होगी।

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !







## वन्यजीवों की रक्षा के लिए टाटा स्टील मेरामंडली हाफ-मैराथन में 4000 प्रतिभागियों ने भाग लिया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** टाटा स्टील मेरामंडली ने जिला प्रशासन ढेंकनाल और ओडिशा एथलेटिक एसोसिएशन के सहयोग से रविवार को टाटा स्टील मेरामंडली ने हाफ-मैराथन की आयोजन की। यह कार्यक्रम कपिलाश वन्यजीव अभयारण्य के परिधि क्षेत्र में वन्यजीवों की रक्षा के लिए हाफ-मैराथन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को ढेंकनाल के माननीय विधायक सुधीर सामल ढेंकनाल, जिला कलेक्टर मनोरंजन मलिक ढेंकनाल, पुलिस अधीक्षक मदकर संदीप संपत ढेंकनाल, संभागीय वन अधिकारी सुमित कर, चाणक्य चौधरी उपाध्यक्ष वीपी कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील और डीबी सुंदर रमम वीपी, रॉ मैटेरियल्स टाटा स्टील, सुबोध पांडे वीपी ग्राफीन और न्यू मैटेरियल बिजनेस टाटा स्टील और राजीव कुमार वीपी संचालन टाटा ने हरी झंडी दिखायी। हाफ-मैराथन में लगभग 4,000 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें धावकों का उत्साह बढ़ाने और उनकी खेल भावना का समर्थन करने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**